[SSC (Clerk) 1995, CPO 2008]

82. निखिल के पास की राशि का $\frac{1}{4}$ भाग तथा योगेश के पास की राशि का $\frac{1}{6}$ भाग बराबर है। यदि दोनों के पास मिलाकर 600 रु० है, तो उनके पास की राशियों में अन्तर है—

(1) 240 (2) 360

(3) 50 (4) 120

[SSC (Clerk) 1995, RRB 2007]

83. एक व्यक्ति को कुल राशि का $\frac{3}{8}$ भाग मिला तथा उसके भागीदार को शेष का $\frac{3}{8}$ भाग मिला। यदि दोनों भागों का अन्तर 36 रु० हो, तो कुल राशि थी—

(1) 236 रु० (2) 240 रु०

(3) 256 रु० (4) 272 रु०

[Asstt. Grade, 1996]

84. एक मनुष्य की जायदाद का $\frac{1}{3}$ भाग का मूल्य 2,00,000 रु० है। कुल जायदाद के $\frac{2}{5}$ भाग का मूल्य क्या है ?

(1) 200000 रु० (2) 240000 रु०

(3) 220000 रु० (4) 250000 रु०

[CBI 1998, SSC 2005]

85. एक कक्षा के विद्यार्थियों ने पिकनिक की। यह निश्चय किया गया कि कुल खर्च का $\frac{1}{3}$ भाग विद्यालय द्वारा, $\frac{1}{6}$ भाग अध्यापकों द्वारा तथा शेष विद्यार्थियों द्वारा दिया जाएगा। यदि विद्यार्थियों ने 540 रु० की राशि खर्च की तो, अध्यापकों ने कितने रुपये दिए ?

(1) 90 रु० (2) 180 रु०

(3) 1080 रु० (4) 360 रु० **[CBI, 1998]**

86. जब कोई धनराशि 14 लड़कों के बीच बाँटी जाती है, तो हरेक को उस धनराशि से 80 रु० ज्यादा मिलते हैं जो उन्हें तब मिलती जबकि उसी राशि को 18 बच्चों में बराबर बाँटा जाता। वह धनराशि क्या है ?

(1) 5040 रु० (2) 10080 रु०

(3) 7560 रु० (4) आँकड़े अधूरे हैं

(5) इनमें से कोई नहीं

[SBI एसोसिएट्स (P.O.), 1998]

87. एक स्त्री ने अपने माल (जिसमें सेब थे) का $\frac{1}{2}$ माल पहले ग्राहक को बेचा। शेष माल का आधा भाग दूसरे ग्राहक को। फिर बचे माल से आधा माल तीसरे ग्राहक को और पुन: शेष माल का आधा भाग चौथे ग्राहक को बेचा। अब उसके पास 15 सेब बचे। बेचने से पूर्व उसके पास कितने सेब थे ?

(1) 255 (2) 240

(3) 355 (4) 225 **[P.Q., 2001]**

88. एक आदमी अपनी सम्पत्ति पत्नी और दो लड़कों के लिए छोड़ता है। यदि पत्नी को सम्पत्ति का $\frac{1}{3}$ मिलता है और प्रत्येक लड़के को बचे हुए का $\frac{1}{2}$ मिलता है और यदि प्रत्येक लड़के को उसके हिस्से में 4000 रुपये मिलते हैं, तो कुल सम्पत्ति कितनी थी ?

(1) 6000 रु० (2) 12000 रु०

(3) 16000 रु० (4) इनमें से कोई नहीं

[Railway 1994, LIC 2008]

89. किसी वर्ग में कुछ छात्रों की संख्या का $\frac{3}{5}$ भाग लड़कियाँ व शेष लड़के हैं। अगर लड़कियों की संख्या $\frac{2}{9}$ व लड़कों की संख्या का $\frac{1}{4}$ भाग अनुपस्थित हो, तो वर्ग की उपस्थिति क्या है ?

(1) $\frac{6}{45}$ (2) $\frac{16}{49}$

(3) $\frac{23}{27}$ (4) $\frac{23}{30}$ **[MAT, 1997]**

संक्षिप्त उत्तर (*Short Answer*)

1. (4)	**2.** (2)	**3.** (4)	**4.** (4)	**5.** (3)
6. (2)	**7.** (4)	**8.** (4)	**9.** (4)	**10.** (1)
11. (3)	**12.** (3)	**13.** (2)	**14.** (1)	**15.** (3)
16. (4)	**17.** (2)	**18.** (3)	**19.** (2)	**20.** (4)
21. (2)	**22.** (4)	**23.** (3)	**24.** (5)	**25.** (2)
26. (1)	**27.** (4)	**28.** (4)	**29.** (3)	**30.** (3)
31. (1)	**32.** (5)	**33.** (3)	**34.** (4)	**35.** (1)
36. (3)	**37.** (1)	**38.** (3)	**39.** (2)	**40.** (2)
41. (1)	**42.** (1)	**43.** (2)	**44.** (3)	**45.** (3)
46. (4)	**47.** (2)	**48.** (1)	**49.** (4)	**50.** (4)
51. (1)	**52.** (1)	**53.** (4)	**54.** (1)	**55.** (2)
56. (4)	**57.** (1)	**58.** (3)	**59.** (3)	**60.** (3)
61. (2)	**62.** (2)	**63.** (3)	**64.** (3)	**65.** (2)
66. (4)	**67.** (3)	**68.** (2)	**69.** (2)	**70.** (2)
71. (3)	**72.** (1)	**73.** (3)	**74.** (4)	**75.** (2)
76. (2)	**77.** (3)	**78.** (2)	**79.** (2)	**80.** (1)
81. (4)	**82.** (4)	**83.** (3)	**84.** (2)	**85.** (2)
86. (1)	**87.** (2)	**88.** (2)	**89.** (4)	

उत्तर व्याख्यासहित (*Answer with Explanation*)

1. (4) $\frac{216}{360}=\frac{3}{5}$

2. (2) $\frac{86.04}{4000}=0.02151$

3. (4) अंश एवं हर का अन्तर समान है और हर अंश से बड़ा है, अत: वही भिन्न सबसे बड़ा होगा जिसका अंश सबसे बड़ा होगा।

∴ अभीष्ट सबसे बड़ा भिन्न = $\frac{7}{8}$

4. (4) $\frac{1}{3}=0.33,\quad \frac{2}{5}=0.4,\quad \frac{3}{7}=0.428,$

$\frac{3}{5}=0.6$

अत: सबसे बड़ा भिन्न = $\frac{3}{5}$

5. (3) $\frac{5}{8},\frac{7}{12}\Rightarrow 12\times5>7\times8$

अत: $\frac{5}{8}$ बड़ा है

$\frac{5}{8},\frac{9}{14}\Rightarrow 14\times5<9\times8$

अत: $\frac{9}{14}$ बड़ा है

फिर $\frac{9}{14},\frac{12}{19}\Rightarrow 9\times19>12\times14$

अत: $\frac{9}{14}$ बड़ा है

6. (2) $\frac{221}{335}=0.6597,\frac{219}{337}=0.6498$

$\frac{217}{339}=0.6401,\frac{215}{341}=0.63049$

∴ वृहतम भिन्नांश = $\frac{221}{335}$

7. (4) सभी भिन्नों में अंश-हर का अन्तर समान है और हर, अंश से बड़ा है। अत: सबसे छोटा अंश वाला न्यूनतम मान वाला भिन्न है।

∴ अभीष्ट न्यूनतम मान वाला भिन्न = $\frac{2}{3}$

8. (4) $\frac{12}{18}=\frac{2}{3},\frac{15}{65}=\frac{3}{13},\frac{17}{68}=\frac{1}{4},\frac{19}{114}=\frac{1}{6}$

3, 13, 4 एवं 6 का ल॰ स॰ = 156

$\frac{2}{3}=\frac{2\times52}{3\times52}=\frac{104}{156},\frac{3}{13}=\frac{3\times12}{13\times12}=\frac{35}{156}$

$\frac{1}{4}=\frac{1\times39}{4\times39}=\frac{39}{156},\frac{1}{6}=\frac{1\times26}{6\times26}=\frac{26}{156}$

न्यूनतम अंश वाला सबसे छोटा होगा।

∴ न्यूनतम संख्या = $\frac{19}{114}$

9. (4) $\frac{7}{8}=0.875,\frac{1}{3}=0.333$

$\frac{1}{4}=0.25,\frac{23}{24}=0.958$

$\frac{11}{12}=0.917,\frac{17}{24}=0.708$

स्पष्टतया, $0.708<0.875$

तथा $0.708>0.333$

10. (1) $\frac{13}{17}$ तथा $\frac{19}{23}$ को तुलना करने पर,

$\frac{13}{17}, \frac{19}{23} \Rightarrow 299 < 323 \quad \therefore \frac{19}{23}$ बड़ी है।

फिर, $\frac{19}{23}$ तथा $\frac{37}{41} \Rightarrow 779 < 851$

$\therefore \frac{37}{41}$ बड़ी है।

अत: $\frac{37}{41}$ सबसे बड़ी है।

TRICK :
$17 - 13 = 23 - 19 = 41 - 37 = 4$
$\therefore \frac{37}{41} > \frac{19}{23} > \frac{13}{17}$

11. (3) सबसे बड़ा भिन्न = $\frac{13}{15}$

सबसे छोटा भिन्न = $\frac{19}{25}$

अत: योग = $\frac{13}{15} + \frac{19}{25} = \frac{65+57}{75} = \frac{122}{75} = 1\frac{47}{75}$

12. (3) $\frac{5}{8} > \frac{2}{5}$ [$\because$ अंश हर का अन्तर समान है]

$\frac{5}{8}$ और $\frac{7}{12}$ में $5 \times 12 > 7 \times 8$

या, $60 > 56$

$\therefore \frac{5}{8} > \frac{7}{12}$

फिर, $\frac{2}{5}$ और $\frac{7}{12}$ में, $2 \times 12 < 7 \times 5$

या, $24 < 35$

$\therefore \frac{7}{12} > \frac{2}{5}$

अब, $\frac{2}{5}$ और $\frac{1}{3}$ में,

$2 \times 3 > 1 \times 5$ या, $6 > 5$

$\therefore \frac{2}{5} > \frac{1}{3}$

अत: सबसे बड़ा भिन्न = $\frac{5}{8}$

तथा सबसे छोटा भिन्न = $\frac{1}{3}$

$\therefore$ अभीष्ट अन्तर = $\left(\frac{5}{8} - \frac{1}{3}\right) = \frac{7}{24}$

13. (2) $\frac{25}{36} = 0.69, \frac{64}{81} = 0.79$

$\frac{44}{54} = 0.81, \frac{41}{53} = .77$

अर्थात् अवरोही क्रम में व्यवस्थित करने पर

$\frac{44}{54} > \frac{64}{81} > \frac{41}{53} > \frac{25}{36}$

अत: अवरोही क्रम में दूसरे स्थान पर $\frac{64}{81}$ भिन्न है।

14. (1) सभी भिन्नों में अंश-हर का अन्तर समान है और हर, अंश से बड़ा है। अत: बड़ा अंश वाला सबसे बड़ा और छोटा अंश वाला छोटा भिन्न होगा।

$\therefore \frac{7}{9} < \frac{9}{11} < \frac{11}{13}$

15. (3) $\frac{8}{9} = 0.889, \frac{4}{5} = 0.800, \frac{6}{7} = 0.857$

$\therefore$ आरोही क्रम = $\frac{4}{5}, \frac{6}{7}, \frac{8}{9}$

TRICK :
$9 - 8 = 5 - 4 = 7 - 6 = 1$
$\therefore \frac{8}{9} > \frac{6}{7} > \frac{4}{5}$

16. (4) $\because \frac{8}{13} = 0.615, \quad \frac{7}{11} = 0.636,$

$\frac{9}{14} = 0.643, \quad \frac{11}{15} = 0.733$

$\therefore$ आरोही क्रम = $\frac{8}{13} < \frac{7}{11} < \frac{9}{14} < \frac{11}{15}$

17. (2) $15 - 13 = 13 - 11 = 2$

$\therefore \frac{11}{13} < \frac{13}{15}$

फिर, $8 - 7 = 9 - 8 = 1$

$\therefore \frac{7}{8} < \frac{8}{9}$

अब, $\frac{13}{15}$ और $\frac{7}{8}$ में, $13 \times 8 < 15 \times 7$

या, $104 < 105$

$\therefore \frac{13}{15} < \frac{7}{8}$

$\therefore \frac{11}{13} < \frac{13}{15} < \frac{7}{8} < \frac{8}{9}$

18. (3) $14 - 11 = 19 - 16 = 3$

$\therefore \frac{11}{14} < \frac{16}{19}$

फिर, $\frac{11}{14}$ तथा $\frac{16}{21}$ में, $11 \times 21 > 16 \times 14$

या, $231 > 224$

$\therefore \frac{16}{21} < \frac{11}{14}$

$\therefore \frac{16}{21} < \frac{11}{14} < \frac{16}{19}$

19. (2) $\frac{3}{11} > \frac{1}{4} \Rightarrow 3 \times 4 > 1 \times 11$

$\frac{4}{15} > \frac{1}{4} \Rightarrow 4 \times 4 > 1 \times 15$

$\frac{3}{11} > \frac{4}{15} \Rightarrow 15 \times 3 > 4 \times 11$

अत: $q < r < p$

20. (4) $\frac{3}{5} = 0.60, \frac{7}{9} = 0.778, \frac{6}{7} = 0.857$

$\therefore$ अवरोही क्रम इस प्रकार होगा $\frac{6}{7}, \frac{7}{9}, \frac{3}{5}$

TRICK :

$\frac{3}{5}$ और $\frac{7}{9}$ में $\frac{7}{9}$ बड़ा है। क्योंकि दोनों में (हर − अंश) समान है। ऐसे भिन्न में जिसका अंश बड़ा होता है वह भिन्न बड़ा होता है

अब, $\frac{7}{9} < \frac{6}{7} \Rightarrow 49 < 9 \times 6$

$\therefore \frac{6}{7} > \frac{7}{9} > \frac{3}{5}$

21. (2) सभी भिन्नों में अंश-हर का अन्तर समान है और हर, अंश से बड़ा है। अत: बड़ा अंश वाला सबसे बड़ा और छोटा अंश वाला छोटा भिन्न होगा।

$\therefore \frac{9}{13} > \frac{7}{11} > \frac{5}{9}$

22. (4) $\frac{3}{4} = 0.75, \quad \frac{1}{2} = 0.5, \quad \frac{2}{3} = 0.66$

अवरोही क्रम होगा $\frac{3}{4}, \frac{2}{3}, \frac{1}{2}$

TRICK :

सभी भिन्नों में (हर − अंश) समान है, अत: जिसका अंश बड़ा होगा वही भिन्न सबसे बड़ी होगी।

अत: $\frac{3}{4} > \frac{2}{3} > \frac{1}{2}$

23. (3) $\frac{3}{5} = 0.60, \frac{2}{3} = 0.66, \frac{3}{4} = .75$

अत: $\frac{3}{4} > \frac{2}{3} > \frac{3}{5}$

TRICK :

$4 - 3 = 3 - 2 = 1$

$\therefore \frac{3}{4} > \frac{2}{3}$

अब, $\frac{3}{4} > \frac{3}{5}$ [$\because$ अंश समान है।]

$\frac{2}{3} > \frac{3}{5} \Rightarrow 10 > 9$

$\therefore \frac{3}{4} > \frac{2}{3} > \frac{3}{5}$

24. (5) $13 - 11 = 5 - 3 = 11 - 9 = 2$

$\therefore \frac{11}{13} > \frac{9}{11} > \frac{3}{5}$

फिर, $\frac{6}{7}$ तथा $\frac{11}{13}$ में, $6 \times 13 > 11 \times 7$

या, $78 > 77$

$\therefore \frac{6}{7} > \frac{11}{13}$

फिर, $\frac{3}{5}$ तथा $\frac{9}{13}$ में, $3 \times 13 < 9 \times 5$

या, $39 < 45$

$\therefore \frac{9}{13} > \frac{3}{5}$

फिर, $\frac{9}{11}$ तथा $\frac{9}{13}$ में, $9 \times 13 > 9 \times 11$

या, $117 > 99$

$\therefore \frac{6}{7} > \frac{11}{13} > \frac{9}{11} > \frac{9}{13} > \frac{3}{5}$

25. (2) माना कि प्रारम्भिक भिन्न = $\frac{x}{y}$

तब, $\frac{x \text{ का } 115\%}{y \text{ का } 92\%} = \frac{15}{16}$

∴ $\frac{x}{y} = \frac{3}{4}$

26. (1) माना कि मूल भिन्न = $\frac{x}{y}$

तब, $\frac{x \times (100 + 33\frac{1}{3}\%)}{y \times (100 - 66\frac{2}{3}\%)} = \frac{12}{5}$

या, $\frac{x}{y} = \frac{3}{5}$

TRICK :

$33\frac{1}{3}\%$ वृद्धि = $\frac{4}{3}$, $66\frac{2}{3}\%$ कमी = $\frac{1}{3}$

∴ मूल भिन्न = $\frac{12 \times \frac{3}{4}}{5 \times \frac{3}{1}} = \frac{3}{5}$

27. (4) माना कि मूल भिन्न = $\frac{x}{y}$

प्रश्नानुसार, $\frac{x \times \frac{120}{100}}{y \times \frac{90}{100}} = \frac{16}{21}$ या, $\frac{x}{y} = \frac{4}{7}$

28. (4) माना कि मूल भिन्न = $\frac{x}{y}$

∴ प्रश्नानुसार, $\frac{x \times \frac{120}{100}}{y \times \frac{130}{100}} = \frac{9}{13}$

∴ $\frac{x}{y} = \frac{3}{4}$

29. (3) माना कि भिन्न = $\frac{x}{y}$

∴ प्रश्नानुसार, $\frac{x \times \frac{110}{100}}{y \times \frac{120}{100}} = \frac{1}{2}$

∴ $\frac{x}{y} = \frac{6}{11}$

30. (3) माना भिन्न = $\frac{x}{y}$

∴ $x + 2 = y$

तथा $\frac{x-1}{y+1} = \frac{1}{2}$

या, $2x - 2 = y + 1$ या, $2x - y = 3$

∴ $x = 5$ और $y = 7$

अत: अभीष्ट भिन्न = $\frac{5}{7}$

TRICK :

विकल्प से,

$\frac{5}{7}$ अंतर = 2 और $\frac{5-1}{5+1} = \frac{4}{8} = \frac{1}{2}$

31. (1) $\frac{3}{7} = 7 - 3 = 4$ अर्थात् $\frac{3}{7}$

32. (5) माना कि मूल भिन्न = $\frac{x}{y}$

∴ $\frac{x + \frac{1}{4}}{y - \frac{1}{3}} = \frac{33}{64}$

या, $64x + 16 = 33y - 11$

इससे $\frac{x}{y}$ मालूम नहीं हो सकता है।

33. (3) माना कि भिन्न का अंश = x, तब हर = $(11 - x)$

∴ प्रश्नानुसार, $\frac{x+1}{(11-x)-2} = \frac{2}{3}$

∴ $x = 3$ तथा हर = $(11 - 3) = 8$

∴ अभीष्ट भिन्न = $\frac{3}{8}$

34. (4) माना कि भिन्न = $\frac{x}{y}$

∴ प्रश्नानुसार, $\frac{x+4}{y} = \frac{3}{4}$

या, $4x - 3y = -16$ ...(i)

तथा $\frac{x}{y+3} = \frac{1}{3}$

या, $3x - y = 3$ ...(ii)

समी० (i) तथा समी० (ii) से, $x = 5$ तथा $y = 12$

$\therefore$ अभीष्ट भिन्न $= \frac{5}{12}$

35. (1) माना कि भिन्न $= \frac{x}{y}$

तब, $\frac{x+1}{y+1} = \frac{4}{5}$

या, $5x - 4y = -1$ ...(i)

तथा $\frac{x-5}{y-5} = \frac{1}{2}$

या, $2x - y = 5$ ...(ii)

समी० (i) तथा समी० (ii) से,

$x = 7$ तथा $y = 9$

$\therefore$ अभीष्ट भिन्न $= \frac{7}{9}$

36. (3) एक जोड़ने से भिन्न $= \frac{4+1}{9+1} = \frac{5}{10}$

$\frac{5}{10}, \frac{7}{13} = 65 < 70 = \frac{4}{9}$ भिन्न छोटा है।

दो जोड़ने पर, $\frac{4+2}{9+2} = \frac{6}{11}$

$\frac{6}{11}, \frac{7}{13} = 78 > 77$ भिन्न अधिक है।

अतः अंश और हर में जोड़ी जाने वाली संख्या = 2

37. (1) माना कि मूल भिन्न के अंश व हर क्रमशः $3x$ एवं $4x$ हैं, तो प्रश्नानुसार,

$$\frac{3x-9}{4x} = \frac{3x}{4x} \times \frac{2}{3}$$

$\therefore\ x = 9$

$\therefore$ अभीष्ट अंश $= 3x = 27$

38. (3) माना कि अंश व हर क्रमशः $2x$ और $3x$ है।

तो प्रश्नानुसार, $\frac{2x-6}{3x} = \frac{4}{9}$

$\therefore\ x = 9$

$\therefore$ अभीष्ट अंश $= 2x = 18$

39. (2) माना कि प्रारम्भिक भिन्न $= x$

$\therefore$ प्रश्नानुसार, $(x \times x) \div \frac{1}{x} = 15\frac{5}{8}$

या, $x^3 = \frac{125}{8} = \left(\frac{5}{2}\right)^3$

$\therefore\ x = \frac{5}{2} = 2\frac{1}{2}$

40. (2) माना पूर्णांक संख्या = x

$\therefore\ \frac{x}{3} - x = 10$ या, $\frac{-2x}{3} = 10$

$\therefore\ x = \frac{10 \times 3}{-2} = -15$

41. (1) $57 \times \frac{2}{3} - 90 \times \frac{1}{3} = 38 - 30 = 8$

42. (1) $\frac{1}{5} \times 225 - \frac{3}{5} \times 60 = 45 - 36 = 9$

43. (2) $\frac{4}{5}x = 64$

$\therefore\ x = 80$

$\therefore\ \frac{x}{2} = \frac{80}{2} = 40$

44. (3) $\frac{3x}{4} - \frac{2x}{5} = \frac{7x}{20} \Rightarrow \frac{7x}{20} = 28 \quad \therefore\ x = 80$

45. (3) $\because\ \frac{2}{3}$ भाग $= 96$

$\therefore\ \frac{3}{4}$ भाग $= 96 \times \frac{3}{2} \times \frac{3}{4} = 108$

46. (4) माना कि संख्या $= x$

$\therefore\ \frac{3x}{4} = 27$

$\therefore\ x = 36$

$\therefore$ 36 का $\frac{1}{7} = \frac{36 \times 1}{7} = 5.14$

47. (2) माना कि अभीष्ट संख्या $= n$ तो

प्रश्न से, $2n - \frac{7n}{8} = 72$ या, $\frac{16n - 7n}{8} = 72$

या, $9n = 72 \times 8$

$\therefore\ n = \frac{72 \times 8}{9} = 64$

48. (1) माना कि संख्या x है।

$\therefore\ \frac{x}{4} - \frac{x}{5} = 3$ या, $x = 60$

$\therefore$ अभीष्ट अन्तर $= 6 - 0 = 6$

49. (4) $?^2 = 36 \times 576$

∴ $? = \sqrt{36 \times 576} = 144$

50. (4) माना संख्या x है।

∴ $\frac{x}{2} - \frac{x}{3} = \frac{x}{7} + 10$ या, $\frac{x}{6} = \frac{x}{7} + 10$

या, $\frac{x}{6} - \frac{x}{7} = 10$ या, $\frac{x}{42} = 10$

∴ $x = 420$

51. (1) $\left(2\frac{3}{14} + 1\frac{1}{7}\right) - \frac{3}{7} = 3\frac{5}{14} - \frac{3}{7}$

$= 3 + \frac{5}{14} - \frac{3}{7} = 3 - \frac{1}{14}$

$= 2 + 1 - \frac{1}{14} = 2\frac{13}{14}$

52. (1) $3\frac{2}{3} - 3\frac{1}{6} = \frac{1}{2}$

∴ $\frac{1}{2} + \frac{7}{9} = \frac{9+14}{18} = 1\frac{5}{18}$

53. (4) $\left[1 + \frac{1}{1 + \frac{1}{\frac{4}{3}}}\right] \div 1\frac{4}{7} = \left[1 + \frac{1}{\frac{7}{4}}\right] \div \frac{11}{7}$

$= \left[1 + \frac{4}{7}\right] \div \frac{11}{7} = \frac{11}{7} \times \frac{7}{11} = 1$

54. (1) $\frac{4}{5} = 0.80$ तथा $\frac{7}{13} = 0.54$

दिया गया व्यंजन का मान निकालने पर,

$\frac{1}{2} = 0.5, \frac{2}{3} = 0.66, \frac{3}{4} = 0.75$

तथा $\frac{5}{7} = 0.71$

अत: $\frac{1}{2}, \frac{4}{5}$ तथा $\frac{7}{13}$ के बीच स्थित नहीं है।

55. (2) ∵ 30, 8, 11 का ल॰ स॰ = 1320

∴ $\frac{5}{8} = \frac{5 \times 165}{1320} = \frac{825}{1320}$

$\frac{7}{11} = \frac{7 \times 120}{1320} = \frac{840}{1320}$

विकल्प से, $\frac{17}{30} = \frac{17}{1320} \times 44 = \frac{728}{1320}$

∴ 728, 825 और 840 दोनों से छोटा है।

अत: यह गलत है।

पुन: $\frac{19}{30} = \frac{19}{1320} \times 44 = \frac{836}{1320}$

∵ 836, 825 और 840 के बीच स्थित है।

∴ अभीष्ट भिन्न = $\frac{19}{30}$

TRICK :

$8 \Rightarrow 30$

$5 \Rightarrow \frac{30}{8} \times 5 = 18.75$

अत: $\frac{5}{8} = \frac{18.75}{30} < \frac{19}{30}$

∴ $\frac{5}{8} < \frac{19}{30} < \frac{7}{11}$

56. (4) माना कि अभीष्ट भिन्न = x

प्रश्नानुसार, $27 : x = \frac{3}{11} : \frac{5}{9}$

∴ $x = 27 \times \frac{5}{9} \times \frac{11}{3} = 55$

57. (1) $\left(1 - \frac{1}{2}\right)\left(1 - \frac{1}{3}\right)\left(1 - \frac{1}{4}\right) \ldots\ldots \left(1 - \frac{1}{n-1}\right)\left(1 - \frac{1}{n}\right)$

$= \frac{1}{2} \times \frac{2}{3} \times \frac{3}{4} \ldots\ldots \frac{n-2}{n-1} \times \frac{n-1}{n} = \frac{1}{n}$

58. (3) $\left(2 - \frac{1}{3}\right) \times \left(2 - \frac{3}{5}\right) \times \left(2 - \frac{5}{7}\right) \ldots\ldots \left(2 - \frac{999}{1001}\right)$

$= \frac{5}{3} \times \frac{7}{5} \times \frac{9}{7} \times \ldots\ldots \frac{1001}{999} \times \frac{1003}{1001} = \frac{1003}{3}$

59. (3) $\frac{3}{5}$ का व्युत्क्रम = $\frac{5}{3}$ तथा $\frac{7}{3}$ का व्युत्क्रम = $\frac{3}{7}$

इनके योग = $\frac{5}{3} + \frac{3}{7} = \frac{35+9}{21} = \frac{44}{21}$

अत: अभीष्ट व्युत्क्रम = $\frac{21}{44}$

60. (3) छोटी भिन्न = बड़ी भिन्न − अन्तर

$= 16\frac{5}{12} - 12\frac{7}{24} = 4\frac{1}{8}$

61. (2) माना कि बड़ा एवं छोटा भिन्न क्रमशः x एवं y है।

∴ प्रश्नानुसार, $xy = \frac{14}{15}$

तथा $\frac{x}{y} = \frac{35}{24}$

या, $y = \frac{24x}{35}$

∴ $x \times \frac{24x}{35} = \frac{14}{15}$

या, $x^2 = \frac{14 \times 35}{15 \times 24} = \frac{49}{36}$

∴ $x = \frac{7}{6}$

62. (2) माना कि सबसे बड़ा भिन्न = x,
सबसे छोटा भिन्न = y तथा मध्य भिन्न = z

तब, $\frac{x}{y} = \frac{7}{6}$ या, $y = \frac{6x}{7}$

तथा $z = \frac{7}{6} - \frac{1}{3} = \frac{5}{6}$

∵ $x + y + z = \frac{59}{24}$

या, $x + \frac{6x}{7} + \frac{5}{6} = \frac{59}{24}$

∴ $x = \frac{7}{8}$ तब, $y = \frac{6}{7} \times \frac{7}{8} = \frac{3}{4}$

∴ अभीष्ट भिन्न = $\frac{7}{8}, \frac{5}{6}, \frac{3}{4}$

63. (3) माना कि घटाई जाने वाली भिन्न = x

∴ प्रश्नानुसार, $\left(\frac{1}{4} + \frac{1}{7}\right) - x = 3 \times \frac{1}{21}$

या, $x = \frac{1}{4}$

64. (3) $5 + 4 + 7 + 9 + \frac{3}{4} + \frac{4}{5} + \frac{3}{8} + \frac{1}{2}$

$= 25 + 2\frac{17}{40} = 27\frac{17}{40}$

∴ $27\frac{17}{40}$ एक पूर्ण संख्या बनेगी, अगर $\frac{17}{40} + x = 1$

∴ $x = \frac{23}{40}$

65. (2) माना कि अभीष्ट भिन्न = x

तब, प्रश्नानुसार, $x \div \frac{6}{7} = x \times \frac{6}{7} + \frac{13}{70}$

या, $x\left(\frac{7}{6} - \frac{6}{7}\right) = \frac{13}{70}$

∴ $x = \frac{3}{5}$

TRICK :

अभीष्ट भिन्न = $\frac{6 \times 7}{7^2 - 6^2} \times \frac{13}{70} = \frac{3}{5}$

66. (4) माना कि भिन्न = x

∴ प्रश्नानुसार, $\frac{9x}{7} - \frac{7x}{9} = \frac{8}{21}$

∴ $x = \frac{3}{4}$

∴ सही उत्तर = $\frac{7}{9} \times \frac{3}{4} = \frac{7}{12}$

TRICK :

सही उत्तर = $\frac{8}{21} \times \frac{7^2}{9^2 - 7^2} = \frac{8}{21} \times \frac{49}{32} = \frac{7}{12}$

67. (3) माना की पेंसिल की ल० = x से०मी०

∴ $x \times \left(1 - \frac{1}{8}\right) \times \left(1 - \frac{1}{2}\right) = 3\frac{1}{2}$ से०मी०

या, $x \times \frac{7}{8} \times \frac{1}{2} = \frac{7}{2}$ से०मी०

∴ $x = \frac{7 \times 8 \times 2}{2 \times 7 \times 1} = 8$ से० मी०

68. (2) **TRICK :** $\frac{3}{8} + \frac{3}{5} = \frac{15 + 24}{40} = \frac{39}{40}$

शेष = $1 - \frac{39}{40} = \frac{1}{40}$

∴ $\frac{1}{40} = 20$ ∴ $1 = 800$ हेक्टेयर

69. (2) माना कि कुल पूँजी = x
अब, उसके पास पूँजी का कुल भाग

$= \left(x - \frac{5x}{6}\right) + \left(x - \frac{5x}{6}\right) \times \frac{1}{2}$

$= \frac{x}{4}$

70. (2) बाँस का बिना रंगा भाग = $1-\left(\frac{1}{5}+\frac{1}{4}+\frac{1}{3}\right)$

$=\frac{13}{60}$

∴ बिना रंगे भाग की लम्बाई = 65 से० मी०

∴ पूरे बाँस की ल० = $65\div\frac{13}{60}=\frac{65\times60}{13}$

= 300 से० मी० = 3 मी०

71. (3)

TRICK : शेष = $1-\frac{2}{9}=\frac{7}{9}$

दूसरी अधिकतम = $\frac{7}{9}\times\frac{2}{9}=\frac{14}{81}$

∵ $\frac{2}{9}-\frac{14}{81}=8$ रन

∴ $\frac{4}{81}=8$

∴ $1=2\times81=162$ रन

72. (1) माना कि कुल भैंस = x

प्रश्नानुसार, $x-\frac{x}{4}=60$

∴ x = 80

73. (3) टोकरी में शेष सेब = $1-\left(\frac{1}{2}+\frac{1}{3}\right)=\frac{1}{6}$.

प्रश्नानुसार, $\frac{1}{6}=20$

∴ टोकरी में कुल सेब = 20 × 6 = 120

74. (4) पुस्तक का पहले दिन पढ़ा गया भाग = $\frac{3}{8}$

शेष = $1-\frac{3}{8}=\frac{5}{8}$

पुस्तक का दूसरे दिन पढ़ा गया भाग = $\frac{5}{8}\times\frac{4}{5}=\frac{1}{2}$

शेष = $\frac{5}{8}-\frac{1}{2}=\frac{1}{8}$

∵ $\frac{1}{8}$ भाग = 30

∴ सम्पूर्ण भाग = 30 × 8 = 240 पृष्ठ

75. (2) माना पेट्रोल टैंक की क्षमता x लीटर है।

∴ $\frac{3x}{4}-\frac{x}{5}=t$ या, $\frac{15x-4x}{20}=t$

$\frac{3x}{4}-\frac{x}{5}=t\Rightarrow\frac{15x-4x}{20}=t$

∴ $x=\frac{20t}{11}$ लीटर

76. (2) माना कि टीन की क्षमता = x

प्रश्नानुसार, $x\times\frac{3}{5}-6+3=x\times\frac{1}{2}$

या, $\frac{3x}{5}-\frac{x}{2}=3$ या, $x=30$

77. (3) माना बड़ा भाग की लम्बाई x इंच है।

∴ छोटे भाग की लम्बाई = $\frac{2x}{3}$ इंच

∴ $x+\frac{2x}{3}=5\times12=60$

या, $x=36$

∴ छोटे भाग की लम्बाई = $2\times\frac{36}{3}=24$ इंच

78. (2) सोहन और प्रेम की आयु में अनुपात

= 4 : 1 = 12 : 3

सोहन और मीरा की आयु में अनुपात

= $\frac{3}{2}:1=3:2$ या, 12 : 8

∴ सोहन, प्रेम और मीरा की आयु में अनुपात

= 12 : 3 : 8

∴ अभीष्ट भाग = $\frac{8}{3}=2\frac{2}{3}$

79. (2) राम के पेंट करने के बाद शेष भाग = $1-\frac{1}{4}=\frac{3}{4}$

मदन द्वारा पेंट किया गया भाग = $\frac{3}{4}$ का $\frac{1}{8}=\frac{3}{32}$

∴ मदन के पेंट करने के बाद शेष भाग

= $\frac{3}{4}-\frac{3}{32}=\frac{21}{32}$

TRICK :

शेष भाग = $\frac{3}{4}\times\frac{7}{8}=\frac{21}{32}$ भाग

80. (1) माना कार का मूल्य शुरुआत में x रु० था।

∴ पहली वर्ष के अन्त में कार का मूल्य

= $x-\frac{x}{3}=\frac{2x}{3}$ रु०

दूसरे वर्ष के अन्त में कार का मूल्य

$$= \frac{2x}{3} - \left(\frac{2x}{3} \text{ का } \frac{1}{4}\right) = \frac{x}{2} \text{ रु०}$$

और तीसरे वर्ष के अन्त में कार का मूल्य

$$= \frac{x}{2} - \left(\frac{x}{2} \times \frac{1}{5}\right) = \frac{2x}{5} \text{ रु०}$$

∴ अभीष्ट भाग $= \frac{2}{5}$

TRICK :

अभीष्ट भाग $= \frac{2}{3} \times \frac{3}{4} \times \frac{4}{5} \Rightarrow \frac{2}{5}$ भाग

81. (4) बचत = आय – खर्च

$$= 1 - \left[\frac{2}{5} + \frac{3}{20} + \frac{3}{25} + \frac{2}{25} + \frac{1}{25} + \frac{1}{20}\right]$$

$$= 1 - \frac{84}{100} = \frac{16}{100} = \frac{4}{25} \text{ भाग}$$

82. (4) निखिल का $\frac{1}{4}$ = योगेश का $\frac{1}{6}$

निखिल : योगेश

4 : 6

2 : 3

प्रश्नानुसार, [2 + 3] = 600

∴ : [3 – 2] $= \frac{600}{5} = 120$ रु०

83. (3) $\frac{3}{8} - \left(\frac{5}{8} \times \frac{3}{8}\right) = 36$ रु०

या, $\frac{3}{8}\left[1 - \frac{5}{8}\right] = 36$ या, $\frac{3}{8} \times \frac{3}{8} = 36$

∴ कुल भाग $= 1 = \frac{36 \times 8 \times 8}{3 \times 3} = 256$ रु०

84. (2) माना कि कुल जायदाद $= x$ रु०

∴ $x \times \frac{1}{3} = 200000$

या, $x = 3 \times 200000 = 600000$ रु०

∴ कुल जायदाद का $\frac{2}{5}$ भाग $= 600000 \times \frac{2}{5}$

$= 240000$ रु०

85. (2) छात्रों द्वारा किया गया खर्च का भाग

$$= 1 - \left(\frac{1}{3} + \frac{1}{6}\right) = \frac{1}{2}$$

∵ $\frac{1}{2} = 540$

∴ कुल खर्च $= 540 \times 2 = 1080$ रु०

∴ शिक्षकों द्वारा किया गया खर्च

$= 1080 \times \frac{1}{6} = 180$ रु०

86. (1) माना की राशि $= x$ रु०

∴ प्रश्नानुसार, $\frac{x}{14} = \frac{x}{18} + 80$

या, $\frac{x}{14} - \frac{x}{18} = 80$

या, $x = 5040$ रु०

87. (2) **TRICK :** $\frac{1}{2} \times \frac{1}{2} \times \frac{1}{2} \times \frac{1}{2} = 15$

∴ 1 = 240 सेब

88. (2) माना कुल सम्पत्ति x रु० थी।

∴ पत्नी का हिस्सा $= \frac{x}{3}$ रु०

∴ शेष हिस्सा $= x - \frac{x}{3} = \frac{2x}{3}$ रु०

∴ प्रत्येक लड़के का हिस्सा $= \frac{1}{2} \times \frac{2x}{3} = \frac{x}{3}$ रु०

प्रश्नानुसार, $\frac{x}{3} = 4000$

∴ $x = 12000$ रु०

89. (4) माना कि छात्रों की कुल संख्या $= x$

तब, लड़कियों की संख्या $= \frac{3x}{5}$

एवं लड़कों की संख्या $= \frac{2x}{5}$

प्रश्नानुसार, अनुपस्थित छात्रों की संख्या

$$= \frac{3x}{5} \times \frac{2}{9} + \frac{2x}{5} \times \frac{1}{4} = \frac{2x}{15} + \frac{x}{10} = \frac{7x}{30}$$

∴ वर्ग की उपस्थिति $= \left(x - \frac{7x}{30}\right) = \frac{23x}{30}$

CHAPTER 4

दशमलव भिन्न
[DECIMAL FRACTION]

परिचय (*Introduction*)

दशमलव भिन्न — दशमलव युक्त संख्याओं को जब भिन्न के रूप में परिवर्तित किया जाता है, तो हमें दशमलव भिन्न प्राप्त होती है जिसका हर हमेशा 10 की घातों में रहता है। जैसे —

दशमलव युक्त संख्याएँ	→	दशमलव भिन्न
0.3	→	$\frac{3}{10}$
0.03	→	$\frac{3}{100}$
0.003	→	$\frac{3}{1000}$

$$1.03 \rightarrow (1 + .03) \Rightarrow 1+\frac{3}{100} = 1\frac{3}{100}$$

दशमलव की गिनती (Reading a Decimal)

दशमलव युक्त संख्याओं में दशमलव के दाईं ओर की संख्याओं को हमेशा अलग-अलग करके पढ़ा जाता है। जैसे—

4.578 को इस प्रकार पढ़ा जाएगा —
"चार दशमलव पाँच-सात-आठ"

0.003 को इस प्रकार पढ़ा जाएगा —
"शून्य दशमलव शून्य-शून्य-तीन"

438.070 को इस प्रकार पढ़ा जाएगा —
"चार सौ अड़तीस दशमलव शून्य-सात-शून्य"

दशमलव के दाईं तथा बाईं ओर शून्यों का महत्व —

☐ दशमलव के दाईं अथवा बाईं ओर रखी गई शून्यों के बाद अगर कोई अंक नहीं हो, तो उन शून्यों का कोई महत्व नहीं होता है। जैसे —

00000.345 ⇒ .345
435.300000 ⇒ 435.3

लेकिन बाईं ओर के शून्य के पहले या दाईं ओर के शून्य के बाद कोई अंक हो, तो उन सभी शून्य का महत्व होता है। जैसे —

70000.345
435.000003

दशमलव युक्त संख्याओं को भिन्न में बदलना—

नियम — दशमलव युक्त संख्या में दशमलव के बाईं ओर की संख्या को पूर्णांक तथा दशमलव के दाईं ओर की संख्या को अंश के रूप में तथा प्रयोग होने वाले अंकों के बराबर 10 का घात करके हर बना लें। जैसे —

2.25 ⇒ पूर्णांक ⇒ 2
⇒ दशमलव के बाईं ओर की संख्या
⇒ अंश ⇒ 25
⇒ दशमलव के दाईं ओर की संख्या
⇒ हर ⇒ $(10)^2$
⇒ अंश के अंकों के बराबर 10 का घात

इस तरह भिन्न = पूर्णांक $\frac{\text{अंश}}{\text{हर}} \Rightarrow 2\frac{25}{10^2} = 2\frac{1}{4}$

Example : 10.55000 को भिन्न में बदलें।

हल : 10.55000 ⇒ 10.55

$$\Rightarrow 10\frac{55}{(10)^2} = 10\frac{11}{20}$$

Example : 0.34569 को भिन्न में बदलें।

हल : $\frac{34569}{(10)^5} = \frac{34569}{100000}$

Note : यहाँ दशमलव के बाईं ओर कोई संख्या नहीं है। अतः पूर्णांक के रूप में कोई भी संख्या नहीं होगी।

दशमलव भिन्नों को जोड़ना तथा घटाना—

Example : 32.005 + 0.005 + 0.2 + 756 = ?

हल : उपर्युक्त दी गई सभी संख्याओं में दशमलव को आमने-सामने रखकर जोड़ लें।

$$\begin{array}{r}32.005\\0.005\\.2\\756.000\\\hline 788.210\end{array}$$

Example : $324.0357 - 32.759672 = ?$

हल : यहाँ भी दशमलव को आमने-सामने रखकर घटा लें।

$$\begin{array}{r}324.075700\\32.759672\\\hline 291.316028\end{array}$$

दशमलव भिन्नों को गुणा करना —

Example : 2.54×3.656

हल : नियम —I. दोनों संख्याओं में दशमलव का स्थान गिनती कर लेते हैं तथा जोड़ लेते हैं।

$2.54 \Rightarrow$ 2 स्थान

$3.656 \Rightarrow$ 3 स्थान

Note : गिनती हमेशा दाईं ओर से करते हैं।

II. अब सभी संख्याओं में से दशमलव को निकालकर साधारण ढंग से गुणा कर देते हैं।

जैसे—$254 \times 3656 = 928624$

III. अब प्राप्त गुणनफल में दाईं ओर से पाँच स्थान बाद दशमलव लगा देंगे।

अतः $2.54 \times 3.656 = 9.28624$

दशमलव भिन्न को दशमलव भिन्न से भाग देना —

Example : $\dfrac{9.36}{0.004} = ?$

हल : नियम → **I.** हर (दशमलव का स्थान) = 3

अंश (दशमलव का स्थान) = 2

II. हर – अंश = 3 – 2 = 1

III. दशमलव हटाकर साधारण विधि से हल करें।

जैसे — $\dfrac{936}{4} = 234$

IV. अब (+1) के लिए 234 पर एक शून्य रखें।

अत : परिणाम 2340 आया।

Note :

(हर में दशमलव का स्थान —अंश में दशमलव का स्थान)

- ☐ अगर धनात्मक आता है, तो प्राप्त संख्या पर शून्य देंगे।

जैसे — $\dfrac{2.4}{0.0006} = ?$

यहाँ, $4 - 1 = 3$ फिर, $\dfrac{24}{6} = 4$

$\therefore \dfrac{2.4}{0.0006} = 4000$

Note : + 3 के लिए तीन शून्य रखा गया।

- ☐ लेकिन अगर ऋणात्मक आता है, तो उतना ही अंक पहले दशमलव डाला जाएगा।

जैसे — $\dfrac{0.00024}{0.6} = ?$

यहाँ, $1 - 5 = -4$

फिर, $\dfrac{24}{6} = 4$

$\therefore \dfrac{0.00024}{0.6} = 0.0004$

Note :

– 4 के लिए चार अंक पहले दशमलव डाला गया है।

Example : $\dfrac{3.43 \times 0.216 \times 25.6}{0.07 \times 0.08 \times 1.2} = ?$

हल : Step I $\Rightarrow$ दशमलव की गिनती करके

हर – अंश = 5 – 6 = – 1

Step II $\Rightarrow \dfrac{343 \times 216 \times 256}{7 \times 8 \times 12} = 28224$

Step III $\Rightarrow \dfrac{3.43 \times 0.216 \times 25.6}{0.07 \times 0.08 \times 1.2} = 2822.4$

Note :

(– 1) के लिए एक अंक पहले दशमलव दिया गया।

Example : यदि $\dfrac{1}{36.18} = 0.0276$ हो, तो $\dfrac{1}{0.0003618}$ का मान क्या होगा ?

[RRB चण्डीगढ़, 2005]

हल : यहाँ $\dfrac{1}{36.18}$ में दशमलव का स्थान (हर – अंश)

= 2 – 0 = 2

फिर, $\dfrac{1}{0.0003618}$ में दशमलव का स्थान

$= 7 - 0 = 7 \quad \therefore \quad 7 - 2 = 5$

अत: (+ 5) के लिए पाँच शून्य और रखे जाएँगे।

$$\therefore \frac{1}{0.0003618} = 0.0276 \times 100000$$
$$= 2760$$

Example : यदि $\dfrac{1}{36.18} = 0.0276$ हो, तो $\dfrac{1}{3618}$ का मान ज्ञात करें।

हल : यहाँ $\dfrac{1}{36.18}$ में दशमलव का स्थान (हर – अंश)

$= 2 - 0 = 2$

और फिर $\dfrac{1}{3618} \Rightarrow 0 - 0 = 0$

$\therefore \quad 0 - 2 = -2$

$\therefore$ (– 2) के लिए हम परिणाम में 2 अंक पहले दशमलव बैठा देंगे।

$$\therefore \frac{1}{3618} = 0.000276$$

आवर्त्त दशमलव (Recurring Decimal) : ऐसी दशमलव भिन्नें जिनमें दशमलव के बाद एक या अधिक अंकों की लगातार पुनरावृत्ति हो, तो उसे 'आवर्त्त दशमलव भिन्न' कहते हैं। आवर्त्त दशमलव को व्यक्त करने के लिए पुनरावृत्त अंकों के सबसे पहले तथा अन्तिम अंक के ऊपर बिन्दु लगाते हैं या आवृत्त अंकों पर रेखा खींच देते हैं।

जैसे — (i) $\dfrac{5}{3} = 1.6666 \ldots\ldots = 1.\dot{6} = 1.\overline{6}$

(ii) $\dfrac{5}{18} = 0.27777 \ldots\ldots = 0.2\dot{7} = 0.2\overline{7}$

(iii) $\dfrac{3}{7} = 0.428571428571 \ldots\ldots$

$= 0.\dot{4}28571 = 0.\overline{428571}$

आवर्त्त दशमलव भिन्न दो प्रकार के होते हैं :

[A] शुद्ध आवर्त्त दशमलव भिन्न तथा

[B] मिश्रित आवर्त्त दशमलव भिन्न

[A] शुद्ध आवर्त्त दशमलव भिन्न : जिस भिन्न में दशमलव बिन्दु के बाद के सभी अंकों की आवृत्ति हुई हो, उसे शुद्ध आवर्त्त दशमलव भिन्न कहते हैं।

जैसे— $0.\overline{23}$, $0.\overline{428571}$ आदि।

शुद्ध आवर्त्त दशमलव भिन्न को साधारण भिन्न में बदलने के लिए शुद्ध आवर्त्त दशमलव भिन्न को बिना दशमलव बिन्दु के अंश में लिखेंगे और हर में जितने अंकों की आवृत्ति हुई हो उतनी बार 9 लिखेंगे।

जैसे—(i) $0.32\dot{3}23232 \ldots\ldots = 0.\overline{32} = \dfrac{32}{99}$

(ii) $0.428571428572 \ldots\ldots = 0.\overline{428571}$

$= \dfrac{428571}{999999}$

[B] मिश्रित आवर्त्त दशमलव भिन्न : जिस भिन्न में दशमलव बिन्दु के बाद के कुछ अंकों की आवृत्ति हो तथा कुछ अंक अनावर्त्त हो, उसे मिश्रित आवर्त्त दशमलव भिन्न कहते हैं।

जैसे— $0.2\overline{7}, 0.29\overline{56}$ आदि।

मिश्रित आवर्त्त दशमलव भिन्न को साधारण भिन्न में बदलने के लिए दशमलव बिन्दु के बिना बनी संख्या में से अनावर्त्त अंकों को घटाकर अंश में लिखेंगे तथा हर में जितने अंकों की आवृत्ति हो उतनी बार 9 लिखकर उसके आगे उतनी बार शून्य लिखेंगे जितने दशमलव के बाद अनावर्त्त अंक हो।

जैसे— (i) $0.2\overline{7} = \dfrac{(27-2)}{90} = \dfrac{25}{90}$

(ii) $0.29\overline{56} = \dfrac{(2956-29)}{9900} = \dfrac{2927}{9900}$

(iii) $0.3\overline{71} = \dfrac{(371-3)}{990} = \dfrac{368}{990}$

दशमलव भिन्नों में सूत्रों का प्रयोग

Example : सरल कीजिए :

(i) $\dfrac{(7.35 \times 7.35 - 6.2 \times 6.2)}{1.15} = ?$

हल : इस तरह के प्रश्न बीजगणितीय सूत्रों पर आधारित होते हैं।

यह प्रश्न सूत्र $(a^2 - b^2)$ पर आधारित है।

जहाँ $a = 7.35$ और $b = 6.2$ मान लेने पर,

$a^2 - b^2 = (a + b)(a - b)$

$$= \frac{(7.35+6.2)(7.35-6.2)}{(7.35-6.2)} = 13.55$$

Note : $7.35 - 6.2 = 1.15$

(ii) $\left[\frac{1.3\times1.3\times1.3-0.7\times0.7\times0.7}{1.3\times1.3+1.3\times0.7+0.7\times0.7}\right] = ?$

हल : यह प्रश्न सूत्र $\frac{a^3-b^3}{(a^2+ab+b^2)} = a-b$ पर आधारित है।

जहाँ $a = 1.3$ और $b = 0.7$

$\therefore$ परिणाम $= a - b = 1.3 - 0.7 = 0.6$

(iii) $\frac{(0.7891)^3+(1.875)^3}{(0.7891)^2+(1.875)^2-(0.7891)(1.875)}$

हल : यह प्रश्न सूत्र $\frac{a^3+b^3}{(a^2+b^2-ab)} = a+b$ पर आधारित है।

परिणाम $= 0.7891 + 1.875 = 2.6641$

(iv) $[(0.7)^3 + (0.3)^3 + 3 \times 0.7 \times 0.3(0.7 + 0.3)] = ?$

हल : उपर्युक्त प्रश्न सूत्र—

$a^3 + b^3 + 3 \times a \times b \times (a + b) = (a + b)^3$ पर आधारित है।

जहाँ $a = 0.7,\ b = 0.3$

$\therefore$ परिणाम $= (0.7 + 0.3)^3 = (1)^3 = 1$

महत्वपूर्ण प्रश्न (*Important Questions*)

1. $631.39 + 142.412 + 53.0127 = ?$

(1) 836.8147 (2) 827.0869

(3) 826.3629 (4) 826.8147

(5) इनमें से कोई नहीं **[BSRB Kolkata, 1996]**

2. $298.12 + 281.92 + 28.21 + 928 = ?$

(1) 183.75 (2) 1636.18

(3) 1725.13 (4) 153.625

(5) इनमें से कोई नहीं

[Corporation Bank (Special Officer), 2004]

3. $337.62 + 8.591 + 34.4 = ?$

(1) 380.511 (2) 426.97

(3) 380.611 (4) 370.611

[Asstt. Grade (P.T.), 1998]

4. $5.678 + 567,8 + 56.78 = ?$

(1) 630.285 (2) 610.258

(3) 620.258 (4) 630.258

(5) इनमें से कोई नहीं

[BSRB Bangalore (Clerk), 2000]

5. $1376.23 - ? = 841.474 - 149.031$

(1) 685.787 (2) 785.767

(2) 681.387 (4) 683.787

(5) इनमें से कोई नहीं **[BSRB Kolkata, 1996]**

6. $432.4 + 53.6 \div 6.7 = ?$

(1) 438.4 (2) 441.4

(3) 440.4 (4) 439.7

(5) इनमें से कोई नहीं **[RSRB Kolkata, 1996]**

7. $2.002 + 7.9 \{2.8 - 6.3 (3.6 - 1.5) + 15.6\} = ?$

(1) 2.002 (2) 4.2845

(3) 40.843 (4) 42.845

8. $8 + 7.9 - \{2.1 - 6.3 - (2.1 + 0.9) + 15.2\} = ?$

(1) 2.1 (2) 6.3

(3) 7.9 (4) 8.0 **[U.D.C. 1995, Bank 2008]**

9. $0.2 + 0.2 - 0.2 \div 0.2 \times (0.2 \times 0.2)$ को सरल करने पर प्राप्त होगा —

(1) 0.04 (2) 0.36

(3) 0.2 (4) 1 **[U.D.C. 1992, MAT 2007]**

10. $0.02 + 0.1 + 0.121$ का मान है —

(1) .024 (2) 0.204

(3) 0.042 (4) 0.241

[Clerk Grade, 1992]

11. $4 + 0.02 + 8 \div 0.2 + 8 \times 0.02$ का मान होगा —

(1) 40.24 (2) 44.08

(3) 44.28 (4) इनमें से कोई नहीं

[P.O. Exam., 1991]

12. $100 \times 0.2 + 0.01 \times 1000 + 110$ का मान होगा—

(1) 112 (2) 124

(3) 132 (4) इनमें से कोई नहीं

[P.O. Exam., 1991]

13. $4.7 \times 13.23 + 4.7 \times 9.43 + 4.7 \times 77.34 = ?$

(1) 4700 (2) 470

(3) 47 (4) 47000

[BCA 2001, SSC 2008]

14. $2 \times 0.02 \times 0.002 = ?$
(1) 0.00008 (2) 0.000008
(3) 0.0008 (4) 0.008 **[CBI, 1998]**

15. $16.02 \times 0.001 = ?$
(1) 0.1602 (2) 0.001602
(3) 1.6021 (4) 0.01602
(5) इनमें से कोई नहीं **[IBPS (P.O.), 2002]**

16. $1 \times 0.1 \times 0.01 \times 0.001$ का मान है —
(1) 0.00001 (2) 1.00001
(3) 0.000001 (4) 1.1 **[Asstt., 1992]**

17. $0.2 \times 0.003 \times 0.004 \times 0.005 = ?$
(1) 0.000000012
(2) 0.0000012 (3) 0.000012
(4) 0.00012 **[RRB Chennai, 2001]**

18. $0.05 \times 0.09 \times 5 = ?$
(1) 0.005 (2) 0.0225
(3) 0.025 (4) 0.225
(5) इनमें से कोई नहीं **[BSRB Lucknow, 1997]**

19. 7892.35×99.9 का गुणनफल होगा —
(1) 753445.765 (2) 764455.765
(3) 788445.765 (4) इनमें से कोई नहीं
[RRB Mahendru (ASM), 2001]

20. $54.327 \times 357.2 \times 0.0057$ वही है जो है —
(1) $54327 \times 3572 \times 0.0000057$
(2) $5.4327 \times 3.572 \times .57$
(3) $5.4327 \times 3.572 \times 5.7$
(4) इनमें से कोई नहीं
[Hotel Management, 1997]

21. $4.02 \times 3.94 \times 9.10$ में से प्रत्येक को निकटतम सम्पूर्ण संख्या में लिख कर परिणाम का आकलन कीजिए।
(1) 142 (2) 143
(3) 144 (4) 145
[GIC (Development officer) Exam, 2002]

22. $\sqrt{2}$ का दशमलव के तीन स्थान तक मान होगा —
(1) 1.410 (2) 1.412
(3) 1.413 (4) 1.414
[Asstt. 1994, RRB 2009]

23. $\frac{1}{\sqrt{3}}$ का दो दशमलव अंकों तक सही मान है —
(1) 0.33 (2) 0.34
(3) 0.57 (4) 0.58
[Clerk Grade, 1992]

24. 4.8438 को 0.069 से भाग देने पर प्राप्त होता है —
(1) 60.2 (2) 70.2
(3) 69.2 (4) 71.2 **[Asstt. 1994, SSC 2008]**

25. $(0.0256 \div 0.16)$ का दशमलव के दो अंकों तक शुद्ध मान है —
(1) 16.00 (2) 1.60
(3) 0.02 (4) 0.16
[U.D.C. 1994. CBI 2006]

26. $\frac{25.0025}{0.025}$ किसके बराबर है ?
(1) 1.01 (2) 10.1
(3) 101 (4) 1001 **[RRB 1995, SSC 2009]**

27. $\frac{50}{0.2} \div \frac{0.5}{5} = ?$
(1) 2500 (2) 250
(3) 5000 (4) 350 **[Clerical, 1996]**

28. निम्नलिखित में से किसका मान 1 है ?
(1) $\frac{0.404}{404 \times 0.1}$ (2) $\frac{0.404}{40.4 \times 0.1}$
(3) $\frac{0.404}{4.04 \times 0.1}$ (4) $\frac{0.404}{4.04 \times 0.01}$
[Asstt. 1995, RRB 2009]

29. सरल करने पर $\frac{1}{0.04}$ का मान है —
(1) $2\frac{1}{2}$ (2) 25
(3) $\frac{2}{5}$ (4) $\frac{1}{40}$ **[Income Tax, 1992]**

30. $5400 \div 0.9 \div 0.3 = ?$
(1) 0.0002 (2) 20000
(3) 0.02 (4) 2.002
(5) इनमें से कोई नहीं **[IBPS (P.O.), 2002]**

31. $0.0004 \div 0.0001 \times 36.000009$ का आसन्नत: मान निकालें —
(1) 0.10 (2) 1.45
(3) 145 (4) 14.5
(5) 1450 **[Canara Bank, 2005]**

32. $95^{3.7} \div 95^{0.9989} = 95^{x}$ हो, तो x का आसन्नत: मान कितना होगा ?
(1) 1.9 (2) 3
(3) 2.99 (4) 3.6
(5) 2.7

33. $6.5 \div 0.0005 = ?$

(1) 1300 (2) 0.0013

(3) 130 (4) 13000

[RRB ASM (Trivendram), 2001]

34. $0.000033 \div 0.11 = ?$

(1) 0.003 (2) 0.03

(3) 0.0003 (4) 0.30 **[ASM, 1997]**

35. $55.555 \div 0.001 = ?$

(1) 5555.50 (2) 55555.00

(3) 5555.00 (4) 5555.05

(5) इनमें से कोई नहीं **[BSRB Mumbai, 2000]**

36. $0.939 \div 9.39 \div 0.001 = ?$

(1) 0.1 (2) 10

(3) 100 (4) 10000

(5) इनमें से कोई नहीं **[BSRB Jaipur, 1999]**

37. $22.22222 \div 50 = ?$

(1) 0.444444 (2) 0.4444444

(3) 0.44444 (4) 0.0444444

(5) इनमें से कोई नहीं **[BSRB Kolkata, 2000]**

38. $70.007 \div 0.07 = ? \times 10$

(1) 10.01 (2) 1000.1

(3) 100.01 (4) 100.1

(5) इनमें से कोई नहीं

[BSRB Hyderabad, 1999]

39. $\dfrac{0.32\times0.64}{0.016\times0.008}$ का मान है —

(1) 1600 (2) 800

(3) 160 (4) 80

[Clerk Grade 1992, Bank 2005]

40. $\left(\dfrac{6.5\times4.7+6.5\times5.3}{1.3\times7.9-1.3\times6.9}\right) = ?$

(1) 3.9 (2) 39

(3) 34.45 (4) 50 **[ASM 1997, Bank 2007]**

41. $\dfrac{8.4\times4.2\div2.1}{2.1\times4.2\div8.4} = ?$

(1) 1 (2) 1.6

(3) 8 (4) 16

(5) इनमें से कोई नहीं **[BSRB Lucknow, 1997]**

42. $\dfrac{78.4\times10-\sqrt{484}}{13\times11+47+(8)^2} = ?$

(1) 1.18 (2) 3.49

(3) 762 (4) 3 **[P.O. Exam, 1994]**

43. $\sqrt{\dfrac{0.081\times0.484}{0.0064\times6.25}} = ?$

(1) 0.9 (2) 0.99

(3) 9 (4) 99 **[RRB 1992, 2008]**

44. $\dfrac{484.2785\times0.0494\times1.864}{0.0869\times91.481\times98.69}$ का अनुमानित मान होगा —

(1) 0.006 (2) 0.06

(3) 0.6 (4) 6 **[Income Tasx, 1994]**

45. साधारण भिन्न $1\dfrac{5}{100}$ किस दशमलव भिन्न के बराबर है ?

(1) 1.005 (2) 1.05

(3) 0.15 (4) 1.5 **[LIC 2009]**

46. 10.5 का $\dfrac{2}{3}$, 10.05 का $\dfrac{3}{5}$ से कितना अधिक है ?

(1) 0.97 (2) 0.7

(3) 0.7 (4) इनमें से कोई नहीं

[P.O. Exam., 1990]

47. यदि $\sqrt{15} = 3.87$ तो $\sqrt{\dfrac{5}{3}}$ बराबर है —

(1) 0.43 (2) 1.63

(3) 1.89 (4) 1.29 **[R.R.B., 2003]**

48. यदि $\sqrt{2} = 1.4142$ हो, तो $\dfrac{1}{2}\left(\dfrac{\sqrt{2}-1}{\sqrt{2}+1}\right)$ का मान होगा—

(1) 0.085 (2) 0.086

(3) 0.850 (4) 0.860

[GIC (Development officer) Exam, 2002]

49. यदि $\sqrt{4096} = 64$ है, तो $\sqrt{40.96}+\sqrt{0.4096}+\sqrt{0.004096}+\sqrt{0.00004096}$ का दो दशमलव स्थानों तक मान है —

(1) 7.09 (2) 7.10

(3) 7.11 (4) 7.12 **[U.D.C., 2006]**

50. यदि $\sqrt{1936} = 44$ हो, तो $\sqrt{19.36} + \sqrt{0.1936} + \sqrt{0.001936} + \sqrt{0.00001936}$ का मान दशमलव के दो स्थानों तक कितना होगा ?

(1) 4.87 (2) 4.88

(3) 4.89 (4) 4.90

[GIC (Development officer) Exam, 2002]

51. यदि $\sqrt{2916} = 54$, तो $\sqrt{29.16} + \sqrt{0.2916} + \sqrt{0.002916} + \sqrt{0.00002916}$ का मान होगा—

(1) 6.9649 (2) 5.9994

(3) 59.994 (4) 69.994 **[P.O.,2005]**

52. $\frac{1}{1\times2} + \frac{1}{2\times4} + \frac{1}{2\times4\times6}$ का मान दशमलव के तीन अंकों तक क्या है ?

(1) 0.643 (2) 0.642

(3) 0.647 (4) 0.646 **[R.R.B., 2005]**

53. $1 - \frac{1}{1\times2} + \frac{1}{1\times2\times3} - \frac{1}{1\times2\times3\times4} + \frac{1}{1\times2\times3\times4\times5}$ का मान दशमलव के तीन स्थानां तक निकालें—

(1) 0.630 (2) 0.631

(3) 0.632 (4) 0.633

[GIC (Development officer) Exam, 2002]

54. $(0.5)^2$, $\sqrt{0.49}$, $\sqrt[3]{0.008}$, 0.23 में सबसे छोटा है—

(1) $(0.5)^2$ (2) $\sqrt{0.49}$

(3) $\sqrt[3]{0.008}$ (4) 0.23

[Asstt. Grade, 2000]

55. यदि $\frac{17.28 \times x}{3.6 \times 0.2} = 2$ हो, तो x का मान है —

(1) 0.12 (2) $\frac{1}{12}$

(3) 1 (4) 6 **[Asstt. 1995, SSC 2006]**

56. यदि $\frac{15.50 + x}{3.6 \div 0.6} = 5$ हो, तो x का मान है —

(1) 14.50 (2) 15.50

(3) 14.05 (4) 15.05

[Delhi Police 1997, I.B. 2008]

57. व्यंजक (7.98 × 7.98 + 7.98 × x + 0.02 × 0.02) एक पूर्ण वर्ग संख्या होगी यदि x का मान है —

(1) 4.0 (2) 0.4

(3) 0.04 (4) 0.004 **[LDC 1996]**

58. यदि $1.5a = 0.04b$, तो $\frac{b-a}{b+a}$ का मान होगा —

(1) $\frac{7.3}{77}$ (2) $\frac{730}{77}$

(3) $\frac{73}{77}$ (4) इनमें से कोई नहीं

[L.I.C. 1991, CPO 2008]

59. यदि $1.5x = 0.05\,y$, तो $\frac{y-x}{y+x}$ का मान होगा —

(1) 0.856 (2) 0.935

(3) 0.945 (4) इनमें से कोई नहीं

60. यदि $\frac{1}{3.718} = 0.2689$ हो, तब $\frac{1}{0.0003718} = ?$

(1) 2689 (2) 2.689

(3) 26890 (4) 0.2689 **[LIC, 2003]**

61. यदि $\frac{1}{36.18} = 0.0276$, तो $\frac{1}{0.0003618}$ का मान होगा —

(1) 2760 (2) 2.760

(3) 0.0276 (4) 27.60 **[RLY, 2003]**

62. यदि $\frac{1}{6.198} = 0.16134$ हो, तो $\frac{1}{0.0006198}$ का मान है —

(1) 16134 (2) 1613.4

(3) 0.16134 (4) 0.016134

[Asstt. Grade (P.T.), 1997]

63. यदि 13324 ÷ 145 = 91.9, तो 133.24 ÷ 9.19 का मान होगा—

(1) 14.5 (2) .00145

(3) 1.45 (4) 145 **[LDC, 2006]**

64. यदि 4545 ÷ 22.5 = 202, तो 45.45 ÷2.25 का मान क्या होगा ?

(1) 0.0202 (2) 0.202

(3) 2.02 (4) इनमें से कोई नहीं

[P.O. Exam., 1992]

65. दिया हुआ है कि 168 × 32 = 5376, तो 5,376 ÷ 16.8 का मान है —

(1) 32 (2) 3.2

(3) 0.32 (4) 0.032 **[U.D.C., 1992]**

66. यदि 185 × 28 = 5180, तो 51.80 ÷ 18.5 होगा—

(1) 2.8 (2) 28

(3) 280 (4) इनमें से कोई नहीं

[Hotel Management, 1997]

67. यदि 178 ×34 = 6052, तो 6.052 ÷ 17.8 = ?

(1) 34 (2) 0.34

(3) 0.034 (4) इनमें से कोई नहीं

[RRB Bangalore (ASM), 2001]

68. 0.232323 ...... को भिन्न के रूप में लिखने पर निम्न प्राप्त होगा —

(1) $\frac{23}{100}$ (2) $\frac{23}{99}$

(3) $\frac{2}{9}$ (4) $\frac{1}{5}$ [CPO 1998, SSC 2009]

69. जब $0.\overline{47}$ को सरल भिन्न में बदला जाता है, तब मान होगा —

(1) $\frac{47}{90}$ (2) $\frac{46}{90}$

(3) $\frac{46}{99}$ (4) $\frac{47}{99}$ [BSF 1997, RRB 2008]

70. $0.5\overline{7}$ का मान क्या है ?

(1) $\frac{57}{10}$ (2) $\frac{57}{99}$

(3) $\frac{26}{45}$ (4) $\frac{52}{9}$ [Asstt. 1993, MAT 2008]

71. दशमलव $0.08\overline{08}$ को एक साधारण भिन्न के रूप में व्यक्त कीजिए —

(1) $\frac{8}{99}$ (2) $\frac{2}{5}$

(3) $\frac{1}{11}$ (4) $\frac{4}{5}$ [Sub Inspector, 1995]

72. $0.37\dot{5}$ का मान बनावें—

(1) $\frac{172}{900}$ (2) $\frac{169}{450}$

(3) $\frac{179}{450}$ (4) $\frac{162}{450}$

[SSC Combined Graduate Level Exam., 2002]

73. $2.1\overline{36} = ?$

(1) $\frac{47}{220}$ (2) $\frac{68}{495}$

(3) $2\frac{11}{27}$ (4) $2\frac{3}{22}$ [LIC 2003, IB 2008]

74. $0.\overline{2}+0.\overline{5}+0.\overline{6}+0.\overline{8} = ?$

(1) $2.\overline{1}$ (2) $2.\overline{2}$

(3) $2.\overline{3}$ (4) इनमें से कोई नहीं

[CBI 2009]

75. $0.\overline{6}+0.\overline{7}+0.\overline{8} = ?$

(1) $2.\overline{1}$ (2) 2.1

(3) 3.5 (4) $2.\overline{3}$ [LDC 1996]

76. $0.\overline{6}+0.\overline{7}+0.\overline{8}+0.\overline{3}$ का मान क्या है ?

(1) $2\frac{3}{10}$ (2) $2\frac{33}{100}$

(3) $2\frac{2}{3}$ (4) $2.\overline{35}$

[Income Tax 1988, SSC 2009]

77. $0.\dot{2}+0.\dot{3}+0.\dot{4}+0.\dot{9}+0.\overline{39}$ का मान है—

(1) $0.\overline{57}$ (2) $1\frac{20}{33}$

(3) $2\frac{13}{39}$ (4) $2\frac{13}{33}$

[Delhi Police, 1997]

78. $0.\overline{63}+0.\overline{37}+0.\overline{80} = ?$

(1) $1.\overline{80}$. (2) $1.\overline{81}$

(3) $1.\overline{79}$ (4) 1.83

[SSC Graduate Level Exam, 2004]

79. $0.34\overline{67}+0.13\overline{33}$ का मान क्या है ?

(1) 0.48 (2) $0.48\overline{01}$

(3) $0.\overline{48}$ (4) $0.4\overline{8}$

[SSC (Graduate level Exam), 2000]

80. $8.\dot{1}+2.1\dot{6}\dot{4}+16.0\dot{3}\dot{2} = ?$

(1) $26.\dot{3}0\dot{8}$ (2) $26.3\dot{0}\dot{8}$

(3) $26.2\dot{9}\dot{6}$ (4) $26.\dot{2}9\dot{6}$

[Asstt. Grade Exam., 1995]

81. $3.\overline{87}-2.\overline{59}$ का मान होगा ?

(1) 1.20 (2) $1.\overline{2}$

(3) $1.\overline{27}$ (4) $1.\overline{28}$

[GIC (Development officer) Exam, 2002]

82. $3.\overline{36}-2.\overline{05}+1.\overline{33} = ?$

(1) 2.60 (2) $2.\overline{61}$

(3) 2.65 (4) $2.\overline{64}$

[SSC Graduate Level Exam., 2003]

83. $(0.\overline{45} \times 0.1)$ का मान होगा—

(1) 0.045 (2) $0.0\overline{45}$

(3) 0.05 (4) $0.\overline{05}$

84. $\bar{2}.75$ और $\bar{3}.78$ का योग है—

(1) $\bar{5}.53$ (2) $\bar{4}.53$

(3) $\bar{1}.53$ (4) $\bar{1}.03$ [Asstt. 1993, SSC 2008]

85. $\bar{3}.9+\bar{5}.7=?$

(1) $\bar{9}.6$ (2) $\bar{8}.6$

(3) $\bar{7}.6$ (4) $\bar{1}.6$

[Asstt. Grade (P.T.), 1997]

86. $$\frac{(2.5)^2-(1.5)^2}{2.5+1,5}=?$$

(1) 0 (2) 1

(3) 2 (4) 3 [RRB 1996, Bank 2009]

87. $$\frac{7.84\times7.84-2.16\times2.16}{7.84-2.16}\div0.5$$ का मान क्या है ?

(1) 20 (2) 5

(3) 4 (4) 6

88. $$\frac{5.4\times5.4-3.6\times3.6}{5.4+3.6}=?$$

(1) 5.4 (2) 1.8

(3) 3.6 (4) 9.00

[Asstt, Grade (P.T.), 1998]

89. $$\frac{(67.542)^2-(32.458)^2}{75.458-40.374}=?$$

(1) 1 (2) 10

(3) 100 (4) इनमें से कोई नहीं

[Hotel Management 1997, Bank 2008]

90. $$\frac{0.25\times0.25-0.24\times0.24}{0.49}=?$$

(1) 0.1 (2) 0.0006

(3) 0.49 (4) 0.01

[RRB Ajmer (ASM), 2001]

91. $$\frac{(0.5)^4-(0,4)^4}{(0.5)^2+(0.4)^2}$$ का मान है—

(1) 0.9 (2) 0.09

(2) 9.009 (4) 0.08

[RRB Bhopal, 2001] [BPSC, 2003]

92. $$\frac{0.2\times0.2+0.8\times0.8+2\times0.16}{0.2+0.8}$$ का मान है—

(1) 0.2 (2) 0.8

(3) 1.0 (4) शून्य

[Asstt. 1995, RRB 2008]

93. $$\frac{0.2\times0.2+0.02\times0.02-0.4\times0.02}{0.36}$$ को सरल करने पर प्राप्त होता है—

(1) 9.0 (2) 0.9

(3) 0.09 (4) 0.009 **[U.D.C., 1995]**

94. $$\frac{(27.5-19.3)^2+(19.3+27.5)^2}{(19.3)^2+(27.5)^2}=?$$

(1) 1 (2) 2

(3) 3 (4) 4 [Railway 1992, Bank 2008]

95. $$\frac{(0.87)^3+(0.13)^3}{(0.87)^2+(0.13)^2-(0,87)(0.13)}$$ का मान होगा—

(1) 0.13 (2) 0.74

(3) 0.87 (4) 1

[Income Tax 1988, SSC 2007]

96. $$\frac{(0.5)^3+(0.6)^3}{(0.5)^2-(0.3)+(0.6)^2}$$ का मान है—

(1) 0.11 (2) 0.33

(3) 1.1 (4) 3.3

[Clerk Grade 1992, CBI 2008]

97. $$\frac{(0.637)^3+(1.363)^3}{(0.637)^2-(0.637)(1.363)+(1.363)^2}$$ का मान होगा—

(1) 0.9 (2) 1

(3) 2 (4) 2.6

[Delhi Police 1997, I.B. 2008]

98. $$\frac{(4.7)^3+0.027}{(4.7)^2-1.41+0.09}=?$$

(1) 4.727 (2) 1.41

(3) 5 (4) 6

[Asstt. Grade (P.T.), 1998, MAT 2009]

99. $$\frac{(8.6)^3+(1.4)^3}{8.6\times8.6-8.6\times1.4+1.4\times1.4}=?$$

(1) 1000 (2) 7.2

(3) 10 (4) 1

[MAT 1997, RRB 2008]

100. $$\frac{1.75\times1.75\times1.75+1.25\times1.25\times1.25}{1.75\times1.75-1.75\times1.25+1.25\times1.25}$$ बराबर है—

(1) 1 (2) 0.50

(3) 2 (4) 3

[Clerk Grade 1992, SSC 2007]

101. $\dfrac{5.7\times5.7\times5.7+2.3\times2.3\times2.3}{5.7\times5.7+2.3\times2.3-5.7\times2.3}$ का मान होगा—

(1) 2.3 (2) 3.4
(3) 5.7 (4) 8.0 **[C.B.I. 1990, Bank 2008]**

102. $\dfrac{8.85\times8.85\times8.85+1.15\times1.15\times1.15}{8.85\times8.85+1.15\times1.15-8.85\times1.15}=?$

(1) 1.15 (2) 7.70
(3) 8.85 (4) 10

[Delhi Police 1997, C.E.T. 2008]

103. $\dfrac{(8.5)^3-(7.3)^3}{(8.5)^2+(8.5)(7.3)+(7.3)^2}$ का मान कितना होगा ?

(1) 1.6 (2) 1.4
(3) 1.3 (4) 1.2

[SSC Combined Graduate Level Exam., 2002]

104. $\dfrac{(2.3)^3-0.027}{(2.3)^2+0.69+0.09}=?$

(1) 0 (2) 1.6
(3) 2 (4) 3.4

[Asstt. Grade (P.T.), 1997]

105. $\dfrac{0.8\times0.8\times0.8-0.5\times0.5\times0.5}{0.8\times0.8+0.8\times0.5+0.5\times0.5}$ को सरल करने पर परिणाम आता है—

(1) 0.8 (2) 0.4
(3) 0.3 (4) 0.13

[Income Tax 1994, SSC 2009]

106. $\dfrac{(0.55)^2+(0.07)^2+(0.027)^2}{(0.055)^2+(0.007)^2+(0.0027)^2}=?$

(1) 10 (2) 100
(3) 10000 (4) 0.1

[CPO 1998, MBA 2008]

107. $\sqrt{\dfrac{(0.1)^2+(0.01)^2+(0.009)^2}{(0.01)^2+(0.001)^2+(0.0009)^2}}$ का मान है—

(1) 10^2 (2) 10
(3) 0.1 (4) 0.01

[SSC Combined Graduate Level Exam., 2000]

108. $(0.98)^3+(0.02)^3+3\times0.98\times0.02-1$ का मान है—

(1) 1.98 (2) 1.09
(3) 1 (4) 0

[SSC Combined Graduate Level Exam., 2000]

109. $(1.27)^3+3\,(1.23)^2\times1.27+3\,(1.27)^2\times1.23+(1.23)^3$ का मान होगा —

(1) 15.625 (2) 150.02
(3) 1 (4) 2

110. $(2.3)^3-3\,(2.3)^2\times(0.3)+3\,(2.3)\,(0.09)-(0.3)^3$ का मान होगा —

(1) 2 (2) 1
(3) 3 (4) 8 **[SSC 2009]**

111. सरल कीजिए :-

$$\frac{(1.5)^3+(4.7)^3+(3.8)^3-3\times1.5\times4.7\times3.8}{(1.5)^2+(4.7)^2+(3.8)^2-1.5\times4.7-4.7\times3.8-3.8\times1.5}$$

(1) 0 (2) 1
(3) 10 (4) 30 **[Asstt. Grade, 2000]**

112. $\dfrac{(1.7)^3+(2.5)^3+(6.8)^3-3\times1.7\times2.5\times6.8}{(1.7)^2+(2.5)^2+(6.8)^2-1.7\times2.5-2.5\times6.8-1.7\times6.8}$ का मान होगा —

(1) 11 (2) 12
(3) 14 (4) 15

113. यदि $a=4.965$, $b=2.343$ और $c=2.622$ हो, तो $a^3-b^3-c^3-3\,abc$ का मान है —

(1) −2 (2) −1
(3) 0 (4) 9.93

[SSC Graduate Level Exam., 2002]

संक्षिप्त उत्तर
(Short Answer)

1. (4)	**2.** (5)	**3.** (3)	**4.** (4)	**5.** (4)
6. (3)	**7.** (4)	**8.** (3)	**9.** (2)	**10.** (4)
11. (4)	**12.** (4)	**13.** (2)	**14.** (1)	**15.** (4)
16. (3)	**17.** (1)	**18.** (2)	**19.** (3)	**20.** (3)
21. (3)	**22.** (4)	**23.** (4)	**24.** (2)	**25.** (4)
26. (4)	**27.** (1)	**28.** (3)	**29.** (2)	**30.** (2)
31. (3)	**32.** (5)	**33.** (4)	**34.** (3)	**35.** (2)
36. (3)	**37.** (2)	**38.** (3)	**39.** (1)	**40.** (4)

41. (4)	**42.** (4)	**43.** (2)	**44.** (2)	**45.** (2)
46. (1)	**47.** (4)	**48.** (2)	**49.** (3)	**50.** (3)
51. (2)	**52.** (4)	**53.** (4)	**54.** (3)	**55.** (2)
56. (1)	**57.** (3)	**58.** (3)	**59.** (2)	**60.** (1)
61. (1)	**62.** (2)	**63.** (1)	**64.** (4)	**65.** (3)
66. (1)	**67.** (2)	**68.** (2)	**69.** (4)	**70.** (3)
71. (1)	**72.** (2)	**73.** (4)	**74.** (3)	**75.** (4)
76. (3)	**77.** (4)	**78.** (2)	**79.** (2)	**80.** (2)
81. (4)	**82.** (4)	**83.** (2)	**84.** (2)	**85.** (3)
86. (2)	**87.** (1)	**88.** (2)	**89.** (3)	**90.** (4)
91. (2)	**92.** (3)	**93.** (3)	**94.** (2)	**95.** (4)
96. (3)	**97.** (3)	**98.** (3)	**99.** (3)	**100.** (4)
101. (4)	**102.** (4)	**103.** (4)	**104.** (3)	**105.** (3)
106. (2)	**107.** (2)	**108.** (4)	**109.** (1)	**110.** (4)
111. (3)	**112.** (1)	**113.** (3)		

उत्तर व्याख्यासहित
(Answer with Explanation)

1. (4) ? $= 631.39 + 142.412 + 53.0127$

$= 773.802 + 53.0127 = 826.8147$

2. (5) ? $= 298.12 + 281.92 + 28.21 + 928$

$= 1536.25$

3. (3) $337.62 + 8.591 + 34.4 = 380.611$

4. (4) $5.678 + 567.8 + 56.78 = 630.258$

5. (4) ? $= 1376.23 + 149.031 - 841.474$

$= 1525.261 - 841.474 = 683.787$

6. (3) ? $= 432.40 + 53.60 \div 6.7$

$= 432.40 + 8 = 440.40$

7. (4) $2.002 + 7.9\ \{2.8 - 6.3(3.6 - 1.5) + 15.6\}$

$= 2.002 + 7.9\ \{2.8 - 6.3 \times 2.1 + 15.6\}$

$= 2.002 + 7.9\ \{2.8 - 13.23 + 15.6\}$

$= 2.002 + 7.9\ \{5.17\}$

$= 2.002 + 40.843 = 42.845$

8. (3) $8 + 7.9 - \{2.1 - 6.3 - (2.1 + 0.9) + 15.2\}$

$= 8 + 7.9 - \{2.1 - 6.3 - 3.0 + 15.2\}$

$= 15.9 - 8.0 = 7.9$

9. (2) $0.2 + 0.2 - 0.2 \div 0.2 \times (0.2 \times 0.2)$

$= 0.2 + 0.2 - 0.2 \div 0.2 \times 0.04$

$= 0.2 + 0.2 - 0.2 \times \frac{1}{0.2} \times 0.04$

$= 0.2 + 0.2 - 0.04 = 0.4 - 0.04$

$= 0.36$

10. (4) $0.02 + 0.1 + 0.121 = 0.241$

11. (4) ? $= 4 + 0.02 + (8 \div 0.2) + 8 \times 0.02$

$= 4.02 + 40 + 0.16 = 44.18$

12. (4) ? $= 100 \times 0.2 + 0.01 \times 1000 + 110$

$= 20 + 10 + 110 = 140$

13. (2) $4.7 \times 13.23 + 4.7 \times 9.43 + 4.7 \times 77.34$

$= 4.7\ (13.23 + 9.43 + 77.34)$

$= 4.7 \times 100.00 = 470$

14. (1) दशमलव स्थानों का योग $= 5$

तथा $2 \times 2 \times 2 = 8$

∴ अभीष्ट गुणनफल $= 0.00008$

15. (4) $16.02 \times 0.001 = 0.01602$

16. (3) $1 \times 0.1 \times 0.01 \times 0.001 = 0.000001$

17. (1) $2 \times 3 \times 4 \times 5 = 120,$

दशमलव स्थानों का योग $= 10$

∴ अभीष्ट गुणनफल $= 0.0000000120$

18. (2) ? $= 0.05 \times 0.09 \times 5 = 0.0225$

19. (3) 7892.35×99.9

$= 7892.35\ (100 - 0.1)$

$= 789235 - 789.235 = 788445.765$

20. (3) दिए गए गुणनफल में संख्याओं के दशमलव स्थानों का योग 8 है।

21. (3) $4.02 \times 3.94 \times 9.10 = 4 \times 4 \times 9 = 144$

22. (4)

102.(4) समान अंकों से बनने वाली छः अंकों की संख्या 111111, 222222, 333333, 444444 इत्यादि हैं। चूँकि संख्या 111111, 7, 11 तथा 13 से पूर्ण रूप से विभक्त है । अत: इस तरह की सभी छः अंकों वाली संख्याएँ जो कि समान अंकों से बनी है प्रत्येक 7, 11 तथा 13 से पूर्ण रूप से विभक्त होगी।

103.(4) ऐसी संख्या जिसका हर अंक 9 है तथा जो 13 से पूर्णत: विभाजित है, 999999 है ।

अत: अभीष्ट संख्या $=\frac{999999}{13}=76923$

104.(3) ऐसी संख्या जिसका हर अंक 5 है तथा जो 13 से पूर्णत: विभाजित है, 555555 है ।

अत: अभीष्ट संख्या $=\frac{555555}{13}=42735$

105.(1) कोई भी संख्या जो शून्य के दोनों ओर एक अंकों वाली समान संख्या से घिरकर बनती है हमेशा 101 से विभाजित होती है ।

106.(3) माना दो अंकों वाली संख्या $= 10x + y$

$\therefore$ 4 अंकों वाली संख्या

$$= (10x + y) \times 100 + (10x + y)$$
$$= (10x + y)(100 + 1)$$
$$= (10x + y)(101)$$

अत: ऐसी संख्या सदैव 101 से विभाज्य होगी ।

107.(2) $\because$ $180 = 1 \times 80, 2 \times 90, 3 \times 60,$
$4 \times 45, 5 \times 36, 6 \times 30,$
$9 \times 20, 10 \times 18, 12 \times 15$

$\therefore$ कुल गुणनखंडों की संख्या = 18

TRICK :

$\because$ $180 = 2^2 \times 3^2 \times 5^1$

$\therefore$ अभीष्ट संख्या

$$= (2 + 1) \times (2 + 1) \times (1 + 1) = 18$$

108.(1) $2^{96+1} = (2^{32})^3 + (1)^3$

$$= (2^{32} + 1)\left[(2^{32})^2 - 2^{32} \times 1 + 1^2\right]$$

$[\because\ a^3 + b^3 = (a + b)(a^2 - ab + b^2)]$

$\therefore$ $2^{96} + 1$, $2^{32} + 1$ से विभाज्य है ।

109.(3) First Term $= 1^5 - 1 = 0$

Second Term

$2^5 - 2 = 2(2^4 - 1) = 2 \times 15 = 30$

Third Term

$3^5 - 3 = 3(3^4 - 1) = 3 \times 80 = 240$

Fourth Term

$4^5 - 4 = 4(4^4 - 1) = 4 \times 255 = 1020$

यहाँ स्पष्ट है कि First, Second, Third और Fourth Term आदि सभी 30 से पूर्णत: विभाजित हैं, अत: सबसे बड़ी संख्या 30 है ।

110.(4) माना कि $m = 3$ और $n = 1$, तो

$m^2 - n^2 = 3^2 - 1^2 = 9 - 1 = 8$

अत: $(m^2 - n^2)$ तरह की सभी संख्याएँ 8 से विभाजित होगी ।

111.(3) माना $n = 3$, तो $n(n^2 - 1) = 3(3^2 - 1)$
$= 3 \times 8 = 24$

अर्थात् $n(n^2 - 1)$ तरह की सभी संख्याएँ 24 से विभाजित होंगी ।

112.(3) माना सम संख्या $n = 2$

$\therefore$ $2(2^2 + 20) = 2 \times 24 = 48$

ऐसी संख्या हमेशा 48 से विभाजित होगी ।

113.(3) $a = 2m$ तथा $b = 2n$

$\therefore$ $a^2 - b^2 = (2m)^2 - (2n)^2$
$= 4(m^2 - n^2)$

अत: $a^2 - b^2$, में 4 एक Factor है ।

114.(1) माना कि $m = 1$

तब $1[1 + 2][1 + 4] = 15$

जो 3 से पूर्णत: विभाजित है ।

फिर माना कि $m = 2$

तब, $2[2 + 2][2 + 4] = 48$

जो भी 3 से पूर्णत: विभाजित है ।

115.(1) सबसे छोटा धन पूर्णांक $n = 1$ लेने से,

$5^{2n+2} - 24n - 25$
$= 5^4 - 24 \times 1 - 25$
$= 625 - 24 - 25 = 576$

n के अन्य पूर्णांक मान लेने से भी संख्याएँ 576 से पूर्णत: विभाजित हो जाएगी ।

116.(4) $\because$ $x^n - 1$
$= (x - 1)(x^{n-1} + x^{n-2} + x^{n-3} + ... + 1)$

अब, $x = 7$ तथा $n = 19$ रखने पर,

$7^{19} - 1$

$= (7-1)(7^{18}+7^{17}+7^{16}+\ldots+1)$

$= 6(7^{18}+7^{17}+7^{16}+\ldots+1)$

अत: $(7^{19}-1)$ सदैव 6 से विभाजित होगा ।

117.(2) प्रदत्त संख्या $= 4^{61}+4^{62}+4^{63}+4^{64}$

$= 4^{61}[1+4+4^2+4^3]$

$= 4^{60}\times 4\times[1+4+16+64]$

$= 4^{60}\times 4\times 85 = 4^{60}\times 34\times 10$

अत: संख्या 10 से विभाज्य है ।

118.(2) $6*24 = 6+24+\sqrt{24\times 6}$

$= 30+12 = 42$

119.(4) $\because\ x*y = (x+2)^2(y-2)$

$\therefore\ 7*5 = (7+2)^2(5-2)$

$= 81\times 3 = 243$

120.(2) $(3*4)-(2*3)$

$= (3+4+12)-(2+3+6) = 8$

121.(2) $9*11 = (9)^2+(11)^2-9\times 11$

$= 81+121-99 = 103$

122.(4) $$\frac{\left[(0.027)^{2/3}-(0.008)^{2/3}[0.027-0.008]\right]}{(0.027)^{1/3}-(0.008)^{1/3}}$$

$$=\frac{[0.09-0.04][0.019]}{(0.3)-(0.2)}$$

$$=\frac{0.05\times 0.019}{0.1}=0.0095$$

123.(1) $a*b = 2a-3b+ab.$

तब, $3*5 = 2\times 3-3\times 5+3\times 5$

$= 6-15+15 = 6$

तथा $5*3 = 2\times 5-3\times 3+3\times 5$

$= 10-9+15 = 16$

$\therefore\ 3*5+5*3 = 6+16 = 22$

124.(2) $(1*2)*3 = (1+6\times 2)+6\times 3$

$= 13+18 = 31$

125.(3) $5*7 = (5\times 7)+7 = 42$

126.(3) $8*2 = 8+2+\frac{8}{2}=14$

127.(1) $4\Delta 3=-4+3-(-2)=-4+3+2=1$

128.(4) $$\frac{50}{x}=\frac{x}{\frac{25}{2}}$$

या, $x^2=50\times\frac{25}{2}$

$\therefore\ x=25$

129.(4) विकल्प की सहायता से, $5\frac{7}{9}\times 2\frac{1}{13}$

$$=\frac{52}{9}\times\frac{27}{13}=12$$

130.(1) अनेक विषम संख्याओं के गुणनफल में एक भी शून्य नहीं होती है ।

131.(2) $5\times 10\times 15\times 20\times 25\times 30\times 35\times 40\times 45\times 50$

$= 5\times 10\times 15\times 2\times 10\times 25\times 3\times 10\times 35\times 4\times 10\times 5\times 9\times 5\times 10$

$= 5\times 30\times 75\times 140\times 225\times 100000$

$= 5\times 3\times 75\times 14\times 225\times 10000000$

$= 3\times 70\times 75\times 225\times 10000000$

$= 3\times 7\times 75\times 225\times 100000000$

अत: कुल शून्य (0) की संख्या = 8

132.(4) 125

133.(2) दो क्रमागत पदों का योग = 0

प्रथम पद का योग = 4

$\therefore$ 63 पदों का योग $= 2\times 31+1$ पद

$= 2\times 0+4 = 4$

134.(4) यहाँ हम देखते हैं कि हर 3 पद का योग शून्य होता है, अत: 50 पद में से 48 पद ऐसे होंगे जिसका योग शून्य होगा ।

$\therefore$ अंतिम दो पद $= 1+2 = 3$

135.(4) $$\frac{1}{1.2}+\frac{1}{2.3}+\frac{1}{3.4}+\ldots.+\frac{1}{n(n+1)}$$

$$=\left(\frac{1}{1}-\frac{1}{2}\right)+\left(\frac{1}{2}-\frac{1}{3}\right)+\left(\frac{1}{3}-\frac{1}{4}\right)+\ldots+\left(\frac{1}{n}-\frac{1}{n+1}\right)$$

$$=\frac{1}{1}-\frac{1}{n+1}=\frac{n+1-1}{n+1}=\frac{n}{n+1}$$

136.(1) व्यंजक $$=\frac{1}{9}+\frac{1}{6}+\frac{1}{12}+\frac{1}{20}+\frac{1}{30}+\frac{1}{42}+\frac{1}{56}+\frac{1}{72}$$

$$=\frac{1}{9}+\left(\frac{1}{2}-\frac{1}{3}\right)+\left(\frac{1}{3}-\frac{1}{4}\right)+\left(\frac{1}{4}-\frac{1}{5}\right)$$

$$+\left(\frac{1}{5}-\frac{1}{6}\right)+\left(\frac{1}{6}-\frac{1}{7}\right)+\left(\frac{1}{7}-\frac{1}{8}\right)+$$
$$\left(\frac{1}{8}-\frac{1}{9}\right)=\frac{1}{2}$$

137.(4) व्यंजक

$$=\frac{1}{30}+\frac{1}{42}+\frac{1}{56}+\frac{1}{72}+\frac{1}{90}+\frac{1}{110}$$
$$=\left(\frac{1}{5}-\frac{1}{6}\right)+\left(\frac{1}{6}-\frac{1}{7}\right)+\left(\frac{1}{7}-\frac{1}{8}\right)+$$
$$\left(\frac{1}{8}-\frac{1}{9}\right)+\left(\frac{1}{9}-\frac{1}{10}\right)+\left(\frac{1}{10}-\frac{1}{11}\right)$$
$$=\frac{1}{5}-\frac{1}{11}=\frac{6}{55}$$

138.(2) $$\frac{3}{1^2.2^2}+\frac{5}{2^2.3^2}+\frac{7}{3^2.4^2}+\frac{9}{4^2.5^2}+$$
$$\frac{11}{5^2.6^2}+\frac{13}{6^2.7^2}+\frac{15}{7^2.8^2}+\frac{17}{8^2.9^2}+\frac{19}{9^2.10^2}$$
$$=1-\frac{1}{4}+\frac{1}{4}-\frac{1}{9}+\frac{1}{9}-\frac{1}{16}+\frac{1}{16}-\frac{1}{25}$$
$$+\frac{1}{25}-\frac{1}{36}+\frac{1}{36}-\frac{1}{49}+\frac{1}{49}-\frac{1}{64}+$$
$$\frac{1}{64}-\frac{1}{81}+\frac{1}{81}-\frac{1}{100}$$
$$=1-\frac{1}{100}=\frac{99}{100}$$

139.(2) अभीष्ट योगफल $=2\times\frac{49\times(49\times1)}{2}+50$

$= 2500$

140.(1) $1+2+3+...+20=\frac{20\times21}{2}=210$

तथा $1 + 2 + 3 + ... + 10 = 55$

$\therefore$ $11 + 12 + 13 + .. + 20$

$= (210 - 55) = 155$

TRICK :

$11 + 12 + 13 + ... + 20$

$=\frac{10}{2}[11+20]=155$

141.(4) $51 + 52 + 53 + ... + 100$

$= (1 + 2 + 3 + ... + 100) -$

$(1 + 2 + 3 + ... + 50)$

$$=\frac{100\times(100+1)}{2}-\frac{50\times(50+1)}{2}$$

$= 5050 - 1275 = 3775$

142.(2) $(2^2 + 4^2 + 6^2 + ... 20^2)$

$= 2^2 (1^2 + 2^2 + 3^2 + ... 10^2)$

$= 2^2 \times 385 = 1540$

143.(1) $(2^2 + 4^2 + 6^2 + ... 40^2)$

$= 2^2 (1^2 + 2^2 + 3^2 + ... + 20^2)$

$= 4 \times 2870 = 11480$

144.(2) $4 + 32 + 108 + ... + 4000$

$= 4 (1 + 8 + 27 + ... + 1000)$

$= 4 (1^3 + 2^3 + 3^3 + ... + 10^3)$

$= 4 \times 3025$

$= 12100$

145.(2) $(0.11)^3 + (0.22)^3 + ... + (0.99)^3$

$= (0.11)^3 (1^3 + 2^3 + ... + 9^3)$

$$=\left(\frac{11}{100}\right)^3\times2025$$

$$=\frac{11\times11\times11}{100\times100\times100}\times2025$$

$= 2.695275 = 2.695$

146.(3) $$\frac{1}{4}\times\frac{2}{6}\times\frac{3}{8}\times\frac{4}{10}\times\frac{5}{12}\times\frac{6}{24}\times....\times\frac{31}{64}=\frac{1}{2^x}$$

या, $\frac{1}{2^{30}}\times\frac{1}{64}=\frac{1}{2^x}$

या, $\frac{1}{2^{30}}\times\frac{1}{2^6}=\frac{1}{2^x}$

या, $\frac{1}{2^{36}}=\frac{1}{2^x}$

$\therefore$ $x = 36$

147.(2) $$\left(1-\frac{1}{3}\right)\left(1-\frac{1}{4}\right)\left(1-\frac{1}{5}\right)...\left(1-\frac{1}{n}\right)$$

$$=\frac{2}{3}\times\frac{3}{4}\times\frac{4}{5}\times....\times\frac{n-1}{n}=\frac{2}{n}$$

148.(4) $$\left(1-\frac{1}{2}\right)\left(1-\frac{1}{3}\right)\left(1-\frac{1}{4}\right)\left(1-\frac{1}{5}\right)...\left(1-\frac{1}{m}\right)$$

$$=\frac{1}{2}\times\frac{2}{3}\times\frac{3}{4}\times\frac{4}{5}\times....\times\frac{m-1}{m}$$

$$=\frac{1}{m}$$

149.(3) $\left(1-\frac{1}{3}\right)\left(1-\frac{1}{4}\right)\left(1-\frac{1}{5}\right)\ldots\left(1-\frac{1}{99}\right)\left(1-\frac{1}{100}\right)$

$=\frac{2}{3}\times\frac{3}{4}\times\frac{4}{5}\times\ldots\times\frac{98}{99}\times\frac{99}{100}$

$=\frac{2}{100}=\frac{1}{50}$

150.(3) $\left(1-\frac{1}{2}\right)\left(1-\frac{1}{3}\right)\left(1-\frac{1}{4}\right)\ldots\left(1-\frac{1}{8}\right)$

$=\frac{1}{2}\times\frac{2}{3}\times\frac{3}{4}\times\ldots\times\frac{7}{8}=\frac{1}{8}$

151.(4) $\left(2-\frac{1}{3}\right)\left(2-\frac{3}{5}\right)\left(2-\frac{5}{7}\right)\ldots\left(2-\frac{997}{999}\right)$

$=\frac{5}{3}\times\frac{7}{5}\times\frac{9}{7}\times\ldots\times\frac{1001}{999}$

$=\frac{1001}{3}$

152.(3) $\left(1+\frac{1}{2}\right)\left(1+\frac{1}{3}\right)\left(1+\frac{1}{4}\right)\ldots\left(1+\frac{1}{120}\right)$

$=\frac{3}{2}\times\frac{4}{3}\times\frac{5}{4}\times\ldots\times\frac{121}{120}$

$=\frac{121}{2}=60.5$

153.(1) $x+\frac{1}{x}=a$

या, $x^2+\frac{1}{x^2}=x^2+\frac{1}{x^2}+2x\times\frac{1}{x}-2x\times\frac{1}{x}$

$=\left(x+\frac{1}{x}\right)^2-2$

$=\ a^2-2$

154.(1) $a+\frac{1}{a}=\frac{a^2+1}{a}$

अब, $a=0.9$ रखने पर,

$\frac{(0.9)^2+1}{0.9}=\frac{0.81+1}{0.9}=\frac{1.81}{0.9}=2.011$

इसी प्रकार, $a=0.1$ रखने पर,

$\frac{(0.1)^2+1}{0.1}=\frac{0.01+1}{0.1}=\frac{1.01}{0.1}=10.1$

अतः $a+\frac{1}{a}$ का मान 2 से अधिक होगा ।

155.(4) $\because\ \left(x-\frac{1}{x}\right)^3=x^3-\frac{1}{x^3}-3\left(x-\frac{1}{x}\right)$

या, $\left(x-\frac{1}{x}\right)^3=14-3\left(x-\frac{1}{x}\right)$

या, $\left(x-\frac{1}{x}\right)^3+3\left(x-\frac{1}{x}\right)-14=0$

माना $\left(x-\frac{1}{x}\right)=A$

$\therefore\ A^3+3A-14=0$

$A=2$ रखने पर समी॰ का मान शून्य होता है

$\therefore\ \left(x-\frac{1}{x}\right)=2$

156.(2) $x^4+\frac{1}{x^4}=727$

या, $x^4+\frac{1}{x^4}+2=727+2=729$

या, $\left(x^2+\frac{1}{x^2}\right)^2=729$

या, $x^2+\frac{1}{x^2}=27$

फिर, $x^2+\frac{1}{x^2}-2=27-2$

या, $\left(x-\frac{1}{x}\right)^2=25$

या, $\left(x-\frac{1}{x}\right)=5$

$\therefore\ \left(x^3-\frac{1}{x^3}\right)=\left(x-\frac{1}{x}\right)\left(x^2+\frac{1}{x^2}+1\right)$

$=(5)(27+1)$

$=5\times 28=140$

157.(3) $(64)^2-(36)^2=20z$

या, $(64+36)(64-36)=20z$

या, $z=\frac{100\times 28}{20}=140$

158.(3) $4k=42^2-38^2$

$=(42+38)(42-38)=80\times 4$

$\therefore\ k=80$

159.(3) $a+b=kc,\ b+c=ka$ तथा $a+c=kb$

∴ $2(a+b+c)=k(a+b+c)$

अत: $k=2$

160.(2) माना $\frac{a}{3}=\frac{b}{4}=\frac{c}{7}=k$

तब, $a=3, b=4$ तथा $c=7$

∴ $\frac{3+4+7}{7}=\frac{14}{7}=2$

161.(1) व्यंजक $=\frac{a^2-b^2-c^2-2bc}{a^2+b^2-2ab-c^2}$

$$=\frac{a^2-(b+c)^2}{(a-b)^2-c^2}$$

$$=\frac{(a-b-c)(a+b+c)}{(a-b-c)(a-b+c)}$$

$$=\frac{0.25-0.05+0.5}{0.25+0.05+0.5}$$

$$=\frac{0.70}{0.80}=\frac{7}{8}$$

162.(3) ∵ $a+b+c=0$

या, $a+b=-c$

दोनों तरफ वर्ग करने पर,

$a^2+b^2+2ab=c^2$

या, $a^2+b^2=c^2-2ab$

∴ $\frac{a^2+b^2+c^2}{c^2-ab}=\frac{c^2-2ab+c^2}{c^2-ab}$

$$=\frac{2(c^2-ab)}{c^2-ab}=2$$

163.(3) $\frac{2a+b}{a+4b}=3$

या, $2a+b=3a+12b$

या, $\frac{a}{b}=-11$

तब, $\frac{a+b}{a+2b}=\frac{\frac{a}{b}+1}{\frac{a}{b}+2}$

$$=\frac{-11+1}{-11+2}=\frac{-10}{-9}=\frac{10}{9}$$

164. (3) ∵ $\frac{x}{y}=\frac{3}{4}$

$2x+3y=2\frac{x}{y}+3=2\times\frac{3}{4}+3=\frac{9}{2}$

तथा $3y-2x=3-2\frac{x}{y}=3-2\times\frac{3}{4}=\frac{3}{2}$

∴ अभीष्ट अनुपात

$$=\frac{2x+3y}{3y-2x}=\frac{\frac{9}{2}}{\frac{3}{2}}=\frac{9}{3}=\frac{3}{1}=3:1$$

TRICK :

माना कि $x=3$ तथा $y=4$ है ।

∴ $(2x+3y):(3y-2x)$

$=(2\times3+3\times4):(3\times4-2\times3)$

$=18:6=3:1$

165.(3) $\left(\frac{6}{7}+\frac{y-x}{y+x}\right)$, जहाँ $x=3, y=4$

$$=\left(\frac{6}{7}+\frac{4-3}{4+3}\right)=\frac{6}{7}+\frac{1}{7}=\frac{7}{7}=1$$

166.(3) $\frac{a}{b}=\frac{4}{3}$

तब, $a=4$ एवं $b=3$

प्रश्नानुसार, $\frac{6\times4+4\times3}{6\times4-5\times3}=\frac{36}{9}=4$

167.(3) $\frac{a}{b}=\frac{7}{8}$

तब, $a=7$ एवं $b=8$

प्रश्नानुसार, $\left(\frac{14}{23}-\frac{2\times8-7}{2\times8+7}\right)$

$$=\frac{14}{23}-\frac{9}{23}=\frac{5}{23}$$

168. (4) **TRICK :**

$x=3, y=1$

∴ $\frac{a-3}{b-1}=3$

प्रश्नानुसार,

$a-3=3b-3 \Rightarrow \frac{a}{b}=\frac{3}{1}$

169.(3) $\frac{x^2+y^2}{x^2-y^2}=\frac{\left(\frac{x}{y}\right)^2+1}{\left(\frac{x}{y}\right)^2-1}$ [y^2 से भाग देने पर]

$$=\frac{\left(\frac{6}{5}\right)^2+1}{\left(\frac{6}{5}\right)^2-1}=\frac{\frac{61}{25}}{\frac{11}{25}}=\frac{61}{11}$$

TRICK : $x=6, y=5$

$$\therefore \frac{6^2+5^2}{6^2-5^2}=\frac{61}{11}$$

170.(3) $\frac{a}{a^2-9}-\frac{a}{3+a}-\frac{a}{3-a}$

$$=\frac{a}{(3+a)(a-3)}-\frac{a}{a+3}+\frac{a}{a-3}$$

$$=\frac{a-a^2+3a+a^2+3a}{(a+3)(a-3)}=\frac{7a}{a^2-9}$$

171.(4) $\frac{a-x}{a}+\frac{2a-x}{2a}=\frac{3a-x}{3a}$

या, $1-\frac{x}{a}+1-\frac{x}{2a}=1-\frac{x}{3a}$

या, $\frac{x}{a}+\frac{x}{2a}-\frac{x}{3a}=1+1-1$

या, $\frac{7x}{6a}=1$ $\therefore x=\frac{6a}{7}$

172.(2) $x+1=\frac{1}{x-1}$ या, $x^2-1=1$

या, $x^2=2$ $\therefore x=\sqrt{2}$

173.(2) $\frac{x+1}{8}=\frac{3.75}{7}$

$$x+1=\frac{3.75\times 8}{7}=\frac{30}{7}$$

$$\therefore x=\frac{30}{7}-1=3\frac{2}{7}$$

174.(1) $\frac{a}{b+c}=\frac{1}{3}$ या, $a=\frac{b+c}{3}$

तथा $\frac{c}{a+b}=\frac{5}{7}$

या, $7c=5a+5b$

या, $7c=5\times\frac{b+c}{3}+5b$

या, $21c=5b+5c+15b$

या, $c=\frac{20b}{16}=\frac{5b}{4}$

अब, $\frac{b}{c+a}=\frac{b}{\frac{5b}{4}+\frac{3b}{4}}=\frac{1}{2}$

TRICK :

$c=5$

$a:(b+c)$

$1:3$

या, $3:9\ [4+5]$

$\therefore b=4$

अब, $b:(c+a)=4:(5+3)=1:2$

175.(4) $\frac{1}{1+x+y^{-1}}=\frac{1}{1+x+\frac{1}{y}}=\frac{y}{y+xy+1}$

$$=\frac{y}{y+z^{-1}+1}\left[\because xyz=1, \therefore xy=z^{-1}\right]$$

तथा $\frac{1}{1+z+x^{-1}}=\frac{1}{1+z+\frac{1}{x}}$

$$=\frac{x}{x+xz+1}=\frac{xy}{y+z^{-1}+1}=\frac{z^{-1}}{y+z^{-1}+1}$$

$$\therefore \frac{1}{1+x+y^{-1}}+\frac{1}{1+y+z^{-1}}+\frac{1}{1+z^{-1}+x^{-1}}$$

$$=\frac{y}{y+z^{-1}+1}+\frac{1}{1+y+z^{-1}}+\frac{z^{-1}}{y+z^{-1}+1}$$

$$=\frac{y+1+z^{-1}}{y+z^{-1}+1}=1$$

TRICK :

$xyz=1$

माना $x=1, y=1$ तथा $z=1$

$$\therefore \frac{1}{1+1+1^{-1}}+\frac{1}{1+1+1^{-1}}+\frac{1}{1+1+1^{-1}}$$

$$=\frac{3}{3}=1$$

176.(3) $(a-b)-(c+d)=6$

या, $(a-b-c-d)=6$ ....(i)

फिर, $(c-d)-(a+b)=3$

या, $(c-d-a-b)=3$ ....(ii)

समी० (i) व (ii) से,

$2(a-c)=3$ या, $a-c=1.5$

177.(1) $\frac{777777}{11} = 70707$

178.(2) प्रत्येक मित्र को कुल 90 रुपये भेंट में देना होगा।

∴ कुल धन $= 90 \times 10$

$= (9 \times 10 \times 10)$ रुपया

TRICK :
Man × Contribution × (Man – 1)
= 10 × 10 × 9 रुपया

179.(4) 5300 + 10 = 5310 सेमी॰

300 + 54 = 354 सेमी॰

∴ टुकड़ों की संख्या $= \frac{5310}{354} = 15$

180.(5) (1) $\frac{1}{k}(a-b)$ (2) $\frac{k(a-b)}{k^2} = \frac{1}{k}(a-b)$

(3) $\frac{(a-b)}{k}$ (4) $\frac{1}{k}(a-b)$

अत: सभी का मान बराबर है ।

181.(3) [1 .... 9] + [10 .... 99] + [100 ... 350]

= 9 + 90 × 2 + 251 × 3 = 942 अंक

182.(3) $\frac{9|3-5|-5|4|\div 10}{-3(5)-2\times 4\div 2}$

$= \frac{9\times 2-5\times 4\div 10}{-15-2\times 2}$

$= \frac{18-5\times\frac{4}{10}}{-15-4}$

$= \frac{16}{-19} = -\frac{16}{19}$

183.(4) $3.75 \times 10^{-7} = 0.000000375$

$3\frac{3}{4}\times 10^{-7} = 3.75\times 10^{-7}$

$= 0.000000375$

$375 \times 10^{-9} = 0.000000375$

तथा $\frac{3}{8}\times 10^{-7} = 0.375\times 10^{-7}$

$= 0.0000000375$

∴ $\frac{3}{8}\times 10^{-7}$,

0.000000375 के तुल्य नहीं है ।

□

MUST READ
for
SURE SUCCESS
BANK, SSC, RLY., MBA etc.
A TEXT BOOK OF
NON-VERBAL REASONING
By SAGIR AHMAD
Published by : TIMES PUBLICATION
3-B, Gulab Place, Arya Kumar Road, Machhuatoli
PATNA – 4 # Mob. : 9431222094, 9334593034

CHAPTER 13

संख्या पद्धति

[NUMBER SYSTEM]

परिचय (*Introduction*)

यदि किसी संख्या के इकाई का अंक x और दहाई का अंक y हो, तो वह संख्या $= 10y + x$ । इस संख्या के अंकों को उलटने से बनी संख्या $= 10x + y$ । जैसे—54 में इकाई का अंक 4 और दहाई का अंक 5 है।

अतः संख्या $= 10y + x = 10 \times 5 + 4 = 54$

उसी प्रकार उलटने से बनी संख्या $= 10 \times 4 + 5 = 45$

[1] यदि किसी दो अंकों की संख्या और उसके अंकों को उलटने से बनी संख्या को जोड़ा जाए, तो प्राप्त संख्या सदैव 11 का गुणज होगी। इस परिस्थिति में उस संख्या के अंकों का योग

$$= \frac{\text{संख्याओं का योग}}{11}$$

☐ जबकि संख्या के अंकों का अन्तर ज्ञात नहीं किया जा सकेगा।

उदाहरण : यदि दो अंकों की संख्या और उस को उलटने से बनी संख्या का योग 99 है, तो संख्या के अंकों का योग क्या होगा ?

(1) 18	(2) 15
(3) 9	(4) 8

(5) इनमें से कोई नहीं

उत्तर : (3) माना कि इकाई का अंक $= x$,

तथा दहाई का अंक $= y$

$$\therefore \text{ प्रश्न से, } 10y + x + 10x + y = 99$$

$$11y + 11x = 99$$

$$\therefore \quad y + x = \frac{99}{11} = 9$$

$$\boxed{\textbf{TRICK : } ? = \frac{99}{11} = 9}$$

[2] दो अंकों की किसी संख्या और उसके अंकों को उलटने से प्राप्त संख्या का अन्तर सदैव 9 का गुणज होगा। इस परिस्थिति में उस संख्या के अंकों का अन्तर

$$= \frac{\text{संख्याओं का अन्तर}}{9}$$

☐ जबकि अंकों का योगफल ज्ञात नहीं किया जा सकेगा।

उदाहरण : दो अंकों की किसी संख्या और उसके अंकों को उलटने पर बनी संख्या का अन्तर 63 है, तो उस संख्या के अंकों का अन्तर क्या होगा ?

(1) 7	(2) 6

(3) 4

(4) ज्ञात नहीं किया जा सकता

(5) इनमें से कोई नहीं

उत्तर : (1) माना कि इकाई का अंक $= x$

तथा दहाई का अंक $= y$

$$\therefore \text{ प्रश्न से, } 10y + x - (10x + y) = 63$$

$$9(y - x) = 63$$

$$\therefore \quad y - x = 7$$

$$\boxed{\textbf{TRICK : } ? = \frac{63}{9} = 7}$$

नोट : संख्या सम्बन्धी प्रश्नों को विकल्पों से हल करना ही उचित है। सैद्धान्तिक दृष्टि से हल करने पर काफी समय लगता है। विकल्प विधि में विकल्पों को लेकर उनको प्रश्न की शर्तों पर जाँचा जाता है।

[3] यदि कोई संख्या अपने $\frac{x}{y}$ वें भाग से z अधिक है, तो वह संख्या $= \frac{yz}{y - x}$

उदाहरण : यदि कोई संख्या अपने $\frac{1}{3}$ से 18 अधिक है, तो वह संख्या होगी—

(1) 45	(2) 27
(3) 38	(4) 65

(5) 68

उत्तर : (2)

$$\boxed{\textbf{TRICK : } ? = \frac{18 \times 3}{3 - 1} = 27}$$

oursmanboob

[4] यदि किसी संख्या को $\frac{x}{y}$ से गुणा (या भाग) देने के बजाए $\frac{x}{y}$ से भाग (या गुणा) दिया जाए जिससे प्राप्त परिणाम वास्तविक परिणाम से z अधिक (या कम) प्राप्त हो, तो वह संख्या होगी :

$$\frac{xy}{y^2 \text{ और } x^2 \text{ का अन्तर}} \times z$$

[जहाँ $z =$ वास्तविक परिणाम से जितना अधिक या कम प्राप्त हो।]

उदाहरण : एक छात्र को दी गई संख्या को $\frac{8}{17}$ से गुणा करने को कहा गया। परन्तु भूलवश उसने उस संख्या को $\frac{8}{17}$ से भाग दे दिया तथा वास्तविक परिणाम से 225 अधिक प्राप्त किया। दी गई संख्या कौन-सी है ?

(1) 8 (2) 64
(3) 136 (4) 134
(4) इनमें से कोई नहीं

उत्तर : (3)

TRICK :

$$? = \frac{8\times17}{17^2-8^2}\times225 = \frac{136}{225}\times225$$

[5] दो आंकों की संख्या के अंकों का योग x है। जब अंकों के स्थान को पटल दिया जाता है, तो परिणामी संख्या मूल संख्या से y अधिक हो जाता है, तो

(i) मूल संख्या $= \frac{11x-y}{2}$

(ii) इकाई अंक $= \frac{9x+y}{18}$

(iii) दहाई अंक $= \frac{9x-y}{18}$

उदाहरण : दो अंकों की संख्या के अंकों का योग 13 है। जब अंकों के स्थान को पलट दिया जाता है, तो परिणामी संख्या मूल संख्या से 27 अधिक हो जाता है। मूल संख्या क्या है ?

हल : माना कि संख्या $= 10x + y$ जहाँ कि y इकाई अंक तथा x दहाई अंक है।

अंकों का स्थान पलटने पर प्राप्त संख्या $= 10y + x$

प्रश्नानुसार, $10y + x - (10x + y) = 27$

या, $y - x = 3$ ....(i)

तथा $x + y = 13$ ...(ii)

समी॰ (i) + समी॰ (ii) से, $x = 5$ तथा $y = 8$

मूल संख्या $= 10 \times 5 + 8 = 58$

TRICK :

मूल संख्या $= \frac{11\times13-27}{2} = \frac{116}{2} = 58$

नोट : अगर अंकों को पलटने से परिणामी संख्या मूल संख्या से कम हो जाए, तो मान ऋणात्मक लेंगे।

[6] (i) n व्यक्तियों के समूह में जब हरेक व्यक्ति हरेक को उपहार दे, तो इस तरह उपहारों की कुल संख्या $= n(n-1)$

TRICK : Man × Contribution × (Man – 1)

(ii) n व्यक्तियों के समूह में जब सब एक-दूसरे से हाथ मिलाए, तो कुल हाथ मिलाई $= \frac{n(n-1)}{2}$

इसी तरह n टीमों के दरम्यान मैच खेली जाए, तो कुल मैचों की संख्या $= \frac{n(n-1)}{2}$

उदाहरण : किसी पार्टी में 15 व्यक्ति शामिल हुए और सब ने एक-दूसरे को उपहार भेंट किया, तो कुल कितने उपहार हुए ?

हल : उपहारों की अभीष्ट संख्या $= 15 \times (15 - 1)$
$= 210$

उदाहरण : किसी लॉज में 8 व्यक्तियों का आगमन एक साथ हुआ। अगर सब ने एक-दूसरे से हाथ मिलाया, तो कुल कितनी बार हाथ मिलाए गए होंगे ?

हल : हाथ मिलाई की अभीष्ट संख्या

$$= \frac{8\times(8-1)}{2} = 28$$

महत्वपूर्ण प्रश्न *(Important Questions)*

1. यदि किसी संख्या का 23 गुणा, 621 है, तो वह संख्या है—

(1) 17 (2) 27
(c) 37 (4) 47
(5) इनमें से कोई नहीं **[Clerk Grade 2008]**

2. एक लड़के को $2^5 . 9^2$ लिखने को कहा गया, किन्तु उसने .2592 लिखा। $2^5 . 9^2$ तथा 2592 के मानों में संख्यांतर है—

(1) 0 (2) 1
(3) 2 (4) 3
(5) इनमें से कोई नहीं [क्लर्क ग्रेड 1992, R.R.B. 2009]

3. यदि किसी संख्या के $\frac{1}{5}$ की दो तिहाई की तीन चौथाई 24 है, तो वह संख्या क्या है ?
(1) 250 (2) 240
(3) 120 (4) 480
(5) इनमें से कोई नहीं
[BSRB Kolkata (Clerk), 1996]

4. किसी संख्या के चौथाई का तीसरा भाग 25 होता है। वह संख्या क्या है ?
(1) 60 (2) 80
(3) 160 (4) 300
(5) इनमें से कोई नहीं **[CBI, 1998]**

5. किसी संख्या के एक-तिहाई के एक चौथाई का दो-तिहाई 6 है, तो वह संख्या क्या है ?
(1) 108 (2) 144
(3) 96 (4) 78
(5) इनमें से कोई नहीं **[Canara Bank, 2004]**

6. अगर किसी संख्या के दो-तिहाई के एक-पंचमांश का तीन-चौथाई 15 हो, तो वह संख्या क्या है ?
(1) 75 (2) 125
(3) 150 (4) 300
(5) इनमें से कोई नहीं [बैंक क्लर्क, 1996, SSC 2007]

7. एक संख्या के $\frac{1}{2}$, $\frac{1}{4}$ तथा $\frac{1}{8}$ भागों का योग 28 है। वह संख्या है—
(1) 30 (2) 32
(3) 34 (4) 36

8. यदि किसी संख्या के एक-चौथाई का एक-तिहाई भाग 15 है, तो उस संख्या का $\frac{3}{10}$ वाँ भाग होगा—
(1) 35 (2) 36
(c) 45 (4) 54
[Asstt, Grade 1997, C.P.O. 2008]

9. यदि एक संख्या का $\frac{3}{4}$ भाग 60 है, तो उस संख्या का आधा भाग क्या होगा ?
(1) 30 (2) 40
(3) 80 (4) 60
[CBI 1998, I.B. 2009]

10. यदि किसी संख्या का 1/4, 72 है, तो उस संख्या का 2/3 क्या होगा ?
(1) 54 (2) 196
(3) 192 (4) 64
(5) इनमें से कोई नहीं **[MAT, 2001]**

11. एक संख्या का दो-तिहाई 96 है, तो उस संख्या का तीन/चौथाई क्या होगा ?
(1) 48 (2) 72
(3) 108 (4) 192
(5) इनमें से कोई नहीं [पी॰ओ॰ 1990, Bank 2008]

12. अगर किसी संख्या के एक-चौथाई के $\frac{3}{5}$ के दो-तिहाई 34 है, तो उस संख्या का 20% कितना होगा ?
(1) 51 (2) 68
(3) 102 (4) 72
(5) इनमें से कोई नहीं [पी॰ओ॰ 1995, SSC 2009]

13. अगर एक संख्या और उसके सप्तांश में अन्तर 42 हो, तो वह संख्या क्या होगी ?
(1) 6 (2) 42
(3) 49 (4) तय नहीं कर सकते
(5) इनमें से कोई नहीं [पी॰ओ॰, 1994]

14. दो अंकों वाली संख्या का $\frac{1}{3}$ उसके $\frac{1}{5}$ से 5 अधिक है। दोनों अंकों के बीच अंतर कितना है ?
(1) 60 (2) 45
(3) 75
(4) ज्ञात नहीं कर सकते
(5) इनमें से कोई नहीं [पी॰ओ॰ 1992, Bank 2007]

15. किसी संख्या का दो-तिहाई उसी संख्या के $\frac{7}{3}$ से घटाया जाए, तो परिणाम संख्या से 2 अधिक होगा। वह संख्या क्या है ?
(1) 42 (2) 21
(3) 9 (4) 3 [RRB 1997, H.M. 2009]

16. किसी संख्या का $\frac{1}{5}$ उसी संख्या के $\frac{1}{7}$ से 10 अधिक है। वह संख्या क्या है ?
(1) 125 (2) 150
(3) 175 (4) 200
[SSC Graduate Level (PT), 1999]

17. यदि किसी संख्या का आधा उसके तिहाई से 8 अधिक है, तो वह संख्या बताएँ—
(1) 36 (2) 48
(3) 52 (4) 60 **[EPFO, 1999]**

18. इस प्रकार की संख्या बताएँ जिसका तृतीय उसके पाँचवें से 16 बड़े हो—
(1) 120 (2) 80
(3) 70 (4) 40
(5) इनमें से कोई नहीं **[R.R.B., 1996]**

19. यदि किसी संख्या में से 33 घटाया जाता है, तो वह घटकर अपने $\frac{5}{8}$ के बराबर हो जाती है, वह संख्या क्या है ?
(1) 99 (2) 88
(3) 66 (4) 128
(5) इनमें से कोई नहीं
[BSEB Kolkata (Clerk), 1996]

20. एक संख्या का $\frac{1}{3}$ भाग उस संख्या के अगली संख्या के $\frac{1}{4}$ भाग से 1 बड़ा है। वह संख्या है—
(1) 10 (2) 24
(3) 15 (4) 27 **[CBI, 1998]**

21. यदि किसी संख्या का आधा और उसके पाँचवें भाग का योग उस संख्या के तिहाई भाग से $7\frac{1}{3}$ अधिक हो, तो संख्या निम्न है—
(1) 15 (2) 18
(3) 20 (4) 30
[CPO 1998, I. B. 2009]

22. यदि किसी संख्या के आधे, तिहाई तथा चौथाई भागों का योग, संख्या से 4 बढ़ जाता है, तो वह संख्या क्या होगी ?
(1) 24 (2) 36
(3) 72 (4) 84
(5) इनमें से कोई नहीं **[NABARD 1999, CPO 2005]**

23. किसी संख्या के 6 गुने से जब 5 घटाया जाता है, तो उत्तर उसी संख्या के दोगुने से 7 अधिक आता है। वह संख्या क्या है ?
(1) 7 (2) 15
(3) 9 (4) 4
(5) इनमें से कोई नहीं **[CET, 2005]**

24. किसी संख्या का $\frac{3}{7}$ उस संख्या के 40% से 12 अधिक है। उस संख्या का 60% कितना होगा ?
(1) 148 (2) 210
(3) 152 (4) 248
(5) इनमें से कोई नहीं **[RBI 1996, SSC 2009]**

25. जब किसी संख्या के $\frac{7}{8}$ में से उस संख्या का 60% घटाया जाता है, तो जो शेष बचता है वह 55 का $\frac{3}{5}$ है। वह संख्या कितनी है ?
(1) 460 (2) 440
(3) आँकड़े अपर्याप्त हैं
(4) 120 (5) इनमें से कोई नहीं
[P.O. 1996, SSC 2005]

26. यदि कोई संख्या 4 से भाग देने पर अपने से 21 कम हो जाती है, तो वह संख्या होगी—
(1) 18 (2) 20
(3) 28 (4) 38 **[U.D.C., 1993]**

27. यदि किसी संख्या के 75% में 75 जोड़ा जाता है, तो वही संख्या प्राप्त होती है। वह संख्या है—
(1) 400 (2) 300
(3) 60 (4) 50
(5) इनमें से कोई नहीं **[असिस्टेंट ग्रेड 1993, SSC 2007]**

28. जब एक संख्या में 6 जोड़ा जाता है तथा योग को 8 से गुणा किया जाता है, तो वही परिणाम प्राप्त होता है जब 26 को 10 गुना किया जाता है तथा प्राप्त परिणाम में 12 जोड़ा जाता है, तो वह संख्या ज्ञात करें।
(1) 24 (2) 30
(3) 36 (4) इनमें से कोई नहीं
[GEET, 1997]

29. किसी संख्या में उसका 17 गुना जोड़ने पर योग 162 हो, तो वह संख्या क्या है ?
(1) 13 (2) 9
(3) 7 (4) 18 **[BCA, 2001]**

30. किस संख्या को स्वयं में 10 बार जोड़ने पर 264 प्राप्त होता है ?
(1) 20 (2) 22
(3) 24 (4) 25 **[U.D.C., 1993]**

31. किसी संख्या के आधा करने पर उसकी 100 से कमी उतनी है जितनी उस संख्या का 100 से अधिक का आधा है। वह संख्या क्या है ?
(1) 132 (2) 400/3
(3) 110 (4) 150
(5) इनमें से कोई नहीं
[होटल मैनेजमेंट 1992, RRB 2003]

32. जब किसी संख्या को 16 से गुणा किया जाता है, तो गुणनफल दूसरी संख्या का 80 प्रतिशत हो जाता है। पहली और दूसरी संख्या में क्या अनुपात है ?

(1) 20 : 1 (2) 1 : 16
(3) 1 : 20 (4) 1 : 10
(4) इनमें से कोई नहीं **[P.O. 1996, H.M. 2008]**

33. किसी संख्या का 40% जब दूसरी संख्या में जोड़ा जाता है, तो दूसरी संख्या अपने मूल से 1.2 गुणा बढ़ जाती है। पहली और दूसरी संख्या के बीच क्या अनुपात है ?

(1) 3 : 1 (2) 1 : 3
(3) 2 : 1 (4) आँकड़े अधूरे हैं
(5) इनमें से कोई नहीं **[P.O. 1996, SSC 2009]**

34. किसी संख्या को 11 से गुणा किया जाता है तथा गुणनफल में 11 जोड़ा जाता है। यदि इस प्रकार प्राप्त संख्या 13 से पूर्णत: विभाजित है, तो छोटी से छोटी आरंभिक संख्या होगी—

(1) 12 (2) 22
(3) 26 (4) 53
(4) इनमें से कोई नहीं **[यू.डी.सी., 1994]**

35. पाँच अंकों की बड़ी से बड़ी संख्या जो 736 द्वारा पूर्णतया विभक्त हो, होगी—

(1) 99360 (2) 99366
(3) 99466 (4) 99999
(5) इनमें से कोई नहीं **[क्लर्क ग्रेड 1992, RRB 2008]**

36. 100 और 1000 के बीच किसी संख्या के अंकों का योग, संख्या में से घटा दिया जाए, तो अंतर सदैव विभाजित होगा—

(1) 12 से (2) 9 से
(3) 6 से (4) 2 से
(5) इनमें से कोई नहीं **[असिस्टेंट ग्रेड 1995, H.M. 2007]**

37. तीन क्रमागत संख्याओं का योग बीचवाली संख्या से 332 अधिक है। यह बीच का अंक कौन-सा है ?

(1) 164 (2) 166
(3) तय नहीं कर सकते
(4) इनमें से कोई नहीं **[बैंक क्लर्क 1995, Bank 2006]**

38. एक संख्या किसी अन्य संख्या से 155 अधिक है और उन संख्याओं का योग 547 है। बड़ी संख्या है—

(1) 392 (2) 374
(3) 351 (4) 196
[Sub Inspector, 1995]

39. दो संख्याओं का योग 22 है। एक संख्या का पाँच गुना, दूसरी संख्या के छ: गुने के बराबर है। उनमें से बड़ी संख्या निम्न है—

(1) 10 (2) 12
(3) 15 (4) 16
[CPO 1998, CBI 2006]

40. दो संख्याओं का योग 78 है। पहली संख्या के 5 गुने तथा दूसरी संख्या के 3 गुने का योग 318 है। दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए।

(1) 28 (2) 30
(3) 36 (4) 18 **[CBI 1998, 2006]**

41. दो संख्याएँ इस प्रकार हैं कि पहली के तीन गुने और दूसरी के दुगुने का योग 34 है। पहली का तीन गुने और दूसरी के पाँच गुने का योग 58 है। दोनों संख्याओं का योग है।

(1) 17 (2) 14
(3) 24 (4) 16
(5) इनमें से कोई नहीं **[एम.ए.टी. 1995, RRB 2009]**

42. 24 के दो भाग किए जाते हैं कि पहले भाग का 7 गुणा तथा दूसरे भाग का 5 गुणा मिलाकर 146 हो जाता है। पहला भाग क्या है ?

(1) 13 (2) 11
(3) 17 (4) 7
(5) इनमें से कोई नहीं **[असिस्टेंट ग्रेड 1991, SSC 2006]**

43. दो संख्याओं का योग पहली संख्या का $\frac{28}{25}$ है, तो दूसरी संख्या पहली संख्या की है—

(1) 12% (2) 14%
(3) 16% (4) इनमें से कोई नहीं
[Hotel Management, 1997]

44. तीन संख्याओं का औसत 135 है, सबसे बड़ी संख्या 180 है तथा अन्य दोनों संख्याओं का अन्तर 25 है। सबसे छोटी संख्या क्या है ?

(1) 130 (2) 125
(3) 80 (4) 100
[MAT 1995, SSC 2003]

45. तीन संख्याओं में पहली संख्या दूसरी संख्या की दुगुनी परंतु तीसरी संख्या की आधी है। यदि तीनों संख्याओं का औसत 56 है, तो वे संख्याएँ हैं—

(1) 48, 86, 24 (2) 48, 24, 96
(3) 96, 4, 48 (4) 96, 48, 24
(5) इनमें से कोई नहीं
[आयकर विभाग 1988, I.B. 2004]

46. तीन संख्याओं का औसत $23\frac{1}{3}$ है। पहली संख्या दूसरी की आधी और तीसरी की दुगुनी है। दूसरी संख्या है—

(1) 10 (2) 20

(3) 40 (4) 70

[Asstt Grade 1996, H.M. 2007]

47. 10 पुस्तकों का औसत मूल्य 12 रु० है जबकि इनमें से 8 का औसत मूल्य 11.75 रु० है। शेष दो पुस्तकों में से एक का मूल्य दूसरे के मूल्य से 60% अधिक है। इन दो पुस्तकों का अलग-अलग मूल्य है—

(1) 8 रु०, 12 रु० (2) 10 रु०, 16 रु०
(3) 5 रु०, 7.50 रु० (4) 12 रु०, 14 रु०

[Asstt, Grade, 1997]

48. वह छोटी से छोटी संख्या जिससे 2028 को गुणा करने पर पूर्ण वर्ग संख्या प्राप्त होती है—

(1) 2 (2) 3
(3) 4 (4) 13
(5) इनमें से कोई नहीं **[Asstt, Grade 1996, RRB 2005]**

49. उस न्यूनतम संख्या, जिससे 1800 को गुणा करने पर एक पूर्ण धन संख्या प्राप्त हो, के अंकों का योग होगा—

(1) 2 (2) 3
(3) 6 (4) 8

[SSC Graduate Level (PT), 2004]

50. यदि किसी संख्या को उसके वर्ग में से घटाने पर 272 प्राप्त होता है, तो वह संख्या है—

(1) 24 (2) 14
(3) 17 (4) 22

[Asstt. Grade, 1995]

51. यदि किसी संख्या के वर्ग के दूने में से उस संख्या का 17 गुना घटाया जाता है, तो शेषफल 84 बचता है। वह संख्या क्या है ?

(1) 10 (2) 11
(3) 12 (4) 13
(5) इनमें से कोई नहीं **[बैंक क्लर्क, 1996]**

52. यदि किसी पूर्ण धनात्मक संख्या का वर्ग उस संख्या के 10 गुने में से घटाया जाता है, तो शेष 9 बचते हैं। वह संख्या क्या है ?

(1) 9 (2) – 8
(3) 7 (4) 8 **[MBA, 2001]**

53. किसी प्राकृत संख्या के वर्ग के तिगुने में से उस संख्या के चार गुने को घटाने पर प्राप्त संख्या उस संख्या से 50 अधिक है। वह संख्या है—

(1) 4 (2) 5
(3) 10 (4) 6

[SSC Graduate Level (PT), 2003]

54. दो लगातार संख्याओं को ज्ञात करो जिनका गुणनफल छोटी संख्या के वर्ग से 9 अधिक है—

(1) 8, 9 (2) 7, 8
(3) 9, 10 (4) 10, 11

[MBA, 2001]

55. किसी प्राकृत संख्या के धन में से उसका वर्ग घटाने पर परिणाम 48 प्राप्त होता है। संख्या होगी—

(1) 6 (2) 5
(3) 4 (4) 8

[Income Tax 1996, SSC 2003]

56. किसी प्राकृत संख्या के घन से उसका वर्ग घटाने पर 100 प्राप्त होता है। वह संख्या है—

(1) 25 (2) 16
(3) 6 (4) 5
(5) इनमें से कोई नहीं **[Asstt. Grade, 1996]**

57. एक संख्या का धन एक अन्य संख्या के धन का 8 गुना है। यदि संख्याओं के धनों का योग 243 हो, तो उन संख्याओं का अन्तर होगा—

(1) 3 (2) 4
(3) 6 (4) इनमें से कोई नहीं

[Hotel Management 1997, SSC 2005]

58. एक वर्ग में प्रत्येक विद्यार्थी उतना ही पैसा देता है जितना कि वर्ग में विद्यार्थियों की संख्या है। यदि शिक्षक ने 13 रु० दिया जिससे कुल राशि 49 रु० हो गयी, तो बताएँ वर्ग में कितने विद्यार्थी थे ?

(1) 60 (2) 69
(3) 36
(4) ज्ञात नहीं कर सकते
(5) इनमें से कोई नहीं **[पी० ओ० 1998, SSC 2005]**

59. सिपाहियों के एक दल में कुल 194581 सिपाही हैं, उसका अधिकारी चाहता है कि उतनी ही कतारें बनाई जाए जितनी एक कतार में सिपाही हैं। इसके बावजूद 100 सिपाही बच जाते हैं, तो प्रत्येक कतार में सिपाहियों की संख्या क्या है ?

(1) 451 (2) 444
(3) 441 (4) 442 **[MAT, 2003]**

60. एक गोदाम की क्षमता 4000 बैग स्टोर करने की है। उसमें 31 बैग और जोड़ कर उसको स्टोर किया गया। स्टोर करने में उतने ही ट्रक खेप लेकर आये जितना कि हरेक ट्रक की क्षमता थी। हरेक ट्रक से कितने वेग उतार कर रखे गये ?

(1) 62 (2) 63
(3) 64 (4) आँकड़े अधूरे हैं
(5) इनमें से कोई नहीं **[P.O. 1996, RRB 2009]**

61. यदि किसी संख्या के दो लगातार गुणजों का अन्तर 25 हो, तो वह संख्या होगी—

(1) 150 (2) 75
(3) 20 (4) 25

[U.D.C. 1994, MAT 2007]

62. दो लगातार धनात्मक संख्याएँ निकालें जिनके वर्गों का योग 761 है ?

(1) 17, 18 (2) 18, 19
(3) 19, 20 (4) 20, 21
(5) इनमें से कोई नहीं **[L.I.C., 1996]**

63. यदि दो लगातार धनात्मक संख्याओं के वर्गों का अन्तर 167 है, तो छोटी संख्या निम्नलिखित में से कौन-सी होगी ?

(1) 81 (2) 82
(3) 83 (4) आँकड़े अपर्याप्त
(5) इनमें से कोई नहीं

[BSRB Mumbai (Clerk), 1999]

64. दो संख्याओं के वर्गों का योग 386 है। यदि एक संख्या 5 है, तो दूसरी होगी—

(1) 18 (2) 19
(3) 15 (4) 20

[SSC Graduate Level (PT) 2004, RRB 2009]

65. दो संख्याओं का गुणनफल 9375 है तथा बड़ी संख्या को छोटी से भाग देने पर भागफल 15 है। संख्याओं का योग होगा—

(1) 395 (2) 380
(3) 400 (4) 425

[SSC Graduate Level, 2004]

66. दो धनात्मक संख्याओं का गुणनफल 11520 है और उनका भागफल $\frac{9}{5}$ है। दोनों संख्याओं का अन्तर ज्ञात कीजिए—

(1) 60 (2) 64
(3) 74 (4) 70

[SSC Graduate Level, 2002]

67. दो धनात्मक संख्याओं का गुणनफल 2500 है। यदि एक संख्या दूसरी संख्या की चार गुनी है, तो दोनों संख्याओं का योग है—

(1) 25 (2) 125
(3) 225 (4) 250

[SSC Graduate Level, 2002]

68. यदि एक संख्या दूसरी संख्या की 80% है और इनके वर्गों के योग का चार गुना 656 है, तो संख्याएँ हैं—

(1) 4, 5 (2) 8, 10
(3) 16, 20 (4) इनमें से कोई नहीं

[Hotel Management 1997, RRB 2009]

69. दो संख्याओं में 5 का अन्तर है। यदि उनका गुणनफल 336 हो, तो उन संख्याओं का योग है—

(1) 21 (2) 28
(3) 37 (4) 51

[SSC Graduate Level (PT), 1999]

70. दो संख्याओं का गुणनफल 192 है। अगर इन दो संख्याओं के बीच अन्तर 4 हो, तो इन संख्याओं का योग क्या होगा ?

(1) 28 (2) 26
(3) 32 (4) आँकड़े अपर्याप्त हैं
(5) इनमें से कोई नहीं

[BSRB Patna (Clerk) 1998, SSC 2008]

71. दो अंकों वाली संख्या का योग 7 है तथा गुणनफल 12 है, तो उनका अंतर क्या होगा ?

(1) 3 (2) 4
(3) 1 (4) ज्ञात नहीं कर सकते
(5) इनमें से कोई नहीं **[पी.ओ. 1992, RRB 2009]**

72. दो संख्याओं का योग 10 है तथा उनका गुणनफल 20 है। उनके विलोम का योग होगा—

(1) $\frac{1}{10}$ (2) $\frac{1}{2}$
(3) 1 (4) 2

[U.D.C. 1995, I.B. 2007]

73. दो संख्याओं का गुणनफल 192 है और इन दोनों संख्याओं का योग 28 है। उनमें से कौन-सी संख्या छोटी है ?

(1) 16 (2) 14
(3) 12 (4) 18
(5) इनमें से कोई नहीं

[BSRB Kolkata (P.Q.) 1999, Delhi Police 2008]

74. यदि दो संख्याओं का अन्तर 3 और उनके वर्गों का अन्तर 39 हो, तो उनमें से बड़ी संख्या होगी ?

(1) 8 (2) 9
(3) 12 (4) 13

[Asstt. Grade 1994, SSC 2006]

75. दो संख्याओं का योग 60 है और उनका अन्तर 5 है। उनके वर्गों का अन्तर होगा—

(1) 300 (2) 60
(3) 55 (4) 5

[Clerk Grade, 1991]

76. दो संख्याओं के वर्गों का योग 250 है तथा वर्गों का अन्तर 88 है, वे संख्याएँ हैं—

(1) 10, 12 (2) 8, 14
(3) 7, 15 (4) इनमें से कोई नहीं

[AAO, 1995]

77. दो धनात्मक संख्याओं का अन्तर 3 है। यदि उनके वर्गों का योग 369 हो, तो उन संख्याओं का योग है—

(1) 81 (2) 33
(3) 27 (4) 25

[SSC Graduate Level (PT), 2003]

78. दो संख्याओं का योग 22 तथा उनके वर्गों का योग 404 है, तो उनका गुणनफल होगा—

(1) 40 (2) 80
(3) 44 (4) 88
(5) इनमें से कोई नहीं **[असिस्टेंट ग्रेड 1995, ASM 2007]**

79. पहली 20 विषम संख्याओं का योग है—

(1) 381 (2) 600
(3) 425 (4) 625
(5) इनमें से कोई नहीं **[दिल्ली पुलिस, 1995]**

80. 3 के तीन क्रमागत गुणजों का योग 90 है, तो सबसे बड़ी संख्या होगी—

(1) 24 (2) 27
(3) 33 (4) 39 **[BPSC, 2002]**

81. तीन क्रमागत सम संख्याओं का योग 48 है। सबसे बड़ी संख्या है—

(1) 16 (2) 18
(3) 20 (4) 22

[Sub-Insp., 1995]

82. तीन क्रमागत सम संख्याओं का योग 114 है। उनमें से बीच वाली संख्या क्या है ?

(1) 38 (2) 40
(3) 42 (4) आँकड़े अधूरे हैं
(5) इनमें से कोई नहीं

[BSRB Jaipur (Clerk), 1997]

83. यदि तीन क्रमागत विषय संख्याओं का योग 51 है, तो तीनों में से अल्पतम संख्या होगी—

(1) 17 (2) 15
(3) 9 (4) 21

[RRB Bangalore 1999, RRB 2008]

84. तीन क्रमागत विषम संख्याओं का योग 153 है। उनमें सबसे छोटी संख्या है—

(1) 49 (2) 47
(3) 43 (4) 41

85. तीन क्रमागत विषम प्राकृत संख्याओं का योग 87 है। इन संख्याओं में सबसे छोटी संख्या है—

(1) 29 (2) 31
(3) 23 (4) 27

[SSC Graduate Level, 2002]

86. तीन क्रमागत विषम संख्याओं का औसत मान $x + 1$ है। अगर पहले और तीसरे का गुणनफल 165 है, तो दूसरी संख्या क्या होगी ?

(1) 11 (2) 13
(3) 15 (4) 17
(5) इनमें से कोई नहीं **[P.O. 1996, H.M. 2008]**

87. तीन क्रमागत विषय संख्याओं में पहली दो का योग तीसरी संख्या से 33 ज्यादा है, तो दूसरी कितनी है ?

(1) 35 (2) 39
(3) 37 (4) 33
(5) इनमें से कोई नहीं

[BSRB Delhi (P.O.), 1998]

88. तीन विषम लेकिन क्रमागत संख्याओं का योग इनमें से पहली संख्या से 20 अधिक है। बीच वाली संख्या क्या है ?

(1) 7 (2) 9
(3) 11 (4) आँकड़े अधूरे हैं
(5) इनमें से कोई नहीं **[S.B.I. (P. O.) 1997, Bank 2008]**

89. लगातार 6 विषम संख्याओं का योग सबसे बड़ी संख्या के दो गुने से 38 अधिक है। इन छः संख्याओं का योग ज्ञात करें—

(1) 42 (2) 50
(3) 57 (4) 60
(5) 72 **[RRB 1995, 2005]**

90. तीन क्रमागत विषम संख्याओं में से बीच वाली संख्या तथा तीन क्रमागत सम संख्याओं में से भी बीच वाली दोनों संख्याओं का अंतर 7 है। इन तीनों विषम संख्याओं और तीनों सम संख्याओं के योगों के बीच कितना अंतर है ?

(1) 28 (2) 14
(3) 35 (4) आँकड़े अधूरे हैं
(5) इनमें से कोई नहीं **[P.O. 1997, SSC 2008]**

91. चार अभाज्य संख्याओं को उनके परिणाम के आधार पर आरोही क्रम में लिखा गया है। प्रथम तीन का गुणनफल 385 है तथा अन्तिम तीन का 1001 है। दी गई सबसे बड़ी अभाज्य संख्या है—

(1) 11 (2) 13
(3) 17 (4) 19
(5) इनमें से कोई नहीं **[दिल्ली पुलिस, 1995]**

92. यदि एक दो अंकों की संख्या एवं अंक पलटने पर बनी संख्या का योग 88 है, तो उस संख्या के अंकों का योग क्या होगा ?
(1) 8 (2) 10
(3) 6 (4) 7
(5) इनमें से कोई नहीं **[पी॰ओ॰, 1994]**

93. किसी दो अंकों की एक संख्या और अंकों के स्थान परिवर्तन से बनने वाली संख्या का अंतर 54 है। इस संख्या के दोनों अंकों का अंतर क्या होगा ?
(1) 4 (2) 6
(3) 1 (4) कोई नहीं
[बैंक क्लर्क, 1995]

94. दो अंकों की एक संख्या और उन दोनों अंकों को आपस में अदल-बदल देने से बनी संख्या में 45 का अन्तर है। उस संख्या के दोनों अंकों में कितना का अन्तर है ?
(1) 6 (2) 5
(3) 7 (4) आँकड़े अधूरे हैं
(5) इनमें से कोई नहीं **[SBI, 1997]**

95. दो अंकों की एक संख्या और उस संख्या के अंकों को अदल-बदल देने से बनी संख्या में अन्तर 27 है। उस संख्या के दोनों अंकों का योग क्या है ?
(1) 3 (2) 6
(3) 9
(4) ज्ञात नहीं किया जा सकता
(5) इनमें से कोई नहीं **[पी॰ ओ॰, 1994]**

96. दो अंकों की एक संख्या और उस संख्या के दोनों अंकों को अदल-बदल देने से बनी संख्याओं के बीच में जो अंतर है वह उस संख्या के दोनों अंकों के बीच के अन्तर का $\frac{1}{9}$ है। इस संख्या के दोनों अंकों का योग क्या है ?
(1) 10 (2) 8
(3) 12 (4) आँकड़े अधूरे हैं
(5) इनमें से कोई नहीं **[P.O. 1996, RRB 2007]**

97. दो अंकों की एक संख्या और इकाई की जगह के अंकों में अन्तर 20 है। वह निश्चित ही निम्न में से कौन-सी संख्या हो सकती है ?
(1) 21 (2) 22
(3) 23 (4) आँकड़े अधूरे हैं
(5) इनमें से कोई नहीं **[SBI 1997, CBI 2009]**

98. दो अंकों की संख्या के दोनों अंकों का योग उन दोनों अंकों के बीच में अन्तर से 6 अधिक है। निश्चित रूप से वह संख्या क्या है ?
(1) 36 (2) 63
(3) 48 (4) आँकड़े अधूरे हैं
(5) इनमें से कोई नहीं
[BSRB Chennai (PO), 1998]

99. दो अंकों की एक संख्या के अंकों का योग उस संख्या की $\frac{1}{7}$ भाग है। निम्नलिखित में से कौन ऐसी संख्या हो सकती है—
(1) 24 (2) 42
(3) 36 (4) आँकड़े अपर्याप्त हैं
(5) इनमें से कोई नहीं
[Bank Clerk 1996, Clerk Grade 2003]

100. दो अंकों की एक संख्या के दोनों अंकों का योग 7 है और उनका गुणनफल 18 है। यदि इकाई के स्थान पर वाला अंक दहाई वाले स्थान पर के अंक से बड़ा हो, तो संख्या क्या है ?
(1) 92 (2) 29
(3) 18 (4) आँकड़े अपर्याप्त हैं
(5) इनमें से कोई नहीं
[BSRB Kolkata (Clerk), 1996]

101. यदि किसी दो अंकों की संख्या में इकाई का अंक दहाई के अंक से 2 अधिक है और संख्या और अंकों के योग का गुणनफल 144 है, तो संख्या है—
(1) 46 (2) 42
(3) 26 (4) 24 **[CPO, 2003]**

102. दो अंकों की किसी संख्या के अंकों का योग 10 है। यदि संख्या में 18 घटा दें, तो संख्या के अंक पलट जाते हैं। संख्या है—
(1) 46 (2) 64
(3) 74 (4) 47
(5) इनमें से कोई नहीं **[असिस्टेंट ग्रेड 1995, RRB 2008]**

103. दो अंकों की संख्या के अंकों का योगफल 16 है तथा जब संख्या में 18 जोड़ दिया जाता है तो संख्या के अंक उलट जाते हैं, तो वह संख्या है ?
(1) 60 (2) 69
(3) 79 (4) 89 **[रेलवे, 2006]**

104. जब दो अंकों वाली संख्या के दोनों अंकों को आपस में बदल दिया जाता है, तो प्राप्त नई संख्या, वास्तविक संख्या से 36 अधिक है। यदि वास्तविक संख्या के दोनों अंकों का योग 12 है, तो वास्तविक संख्या क्या है ?

(1) 39 (2) 57
(3) 48 (4) 75
(5) इनमें से कोई नहीं
[Vijaya Bank (P.O.), 2004]

105. दो अंकों की एक संख्या और उसी संख्या के दोनों अंकों के योग के बीच अनुपात 4 : 1 है। अगर इकाई का अंक दहाई के अंक से तीन अधिक है, तो वह संख्या है ?
(1) 24 (2) 63
(3) 36 (4) ज्ञात नहीं कर सकते
(5) इनमें से कोई नहीं **P.O., 1963]**

106. यदि दो अंकों की कोई संख्या अपने अंकों के योग का k गुणा है, तो अंकों का स्थान पलटकर बनानेवाली संख्या अपने अंकों के योग का कितने गुणी होगी ?
(1) $9-k$ (2) $10-k$
(3) $11-k$ (4) $k-1$
(5) इनमें से कोई नहीं **[क्लर्क ग्रेड, 1994]**

107. एक दो अंकों की संख्या अंकों के योग की चार गुनी तथा अंकों के गुणनफल की तीन गुनी है। संख्या है—
(1) 64 (2) 48
(3) 24 (4) 12
(5) इनमें से कोई नहीं **[रेलवे, 2006]**

108. किसी लड़के को एक संख्या में 5/11 से गुणा करने को कहा गया लेकिन उसने 5/11 से भाग कर दिया और इस प्रकार उसका उत्तर सही उत्तर से 192 अधिक आया। सही उत्तर है—
(1) 50 (2) 55
(3) 60 (4) 65
[Asstt. Grade, 1997]

109. एक लड़के को किसी संख्या में $\frac{8}{17}$ से गुणा करने के लिए कहा गया। गुणा के स्थान पर उसने संख्या को $\frac{8}{17}$ से भाग दिया तथा परिणाम उस संख्या से 225 अधिक पाया जो उस संख्या को $\frac{8}{17}$ से गुणा करन पर कम मिलता। संख्या होगी—
(1) 8 (2) 64
(3) 17 (4) 136
(5) इनमें से कोई नहीं **[आयकर विभाग, 1989]**

110. किसी प्रश्न में, एक संख्या को $\frac{3}{4}$ से गुणा करने की अपेक्षा एक विद्यार्थी ने उसको $\frac{4}{3}$ से गुणा किया और इस प्रकार उसका उत्तर सही उत्तर से 49 अधिक आया। सही उत्तर है—
(1) 49 (2) 63
(3) 84 (4) 112 **[CPO, 1998]**

111. एक विद्यार्थी स किसी संख्या को $\frac{3}{2}$ से गुणा करने के लिए कहा गया, परन्तु उस संख्या को $\frac{3}{2}$ से भाग दे दिया। उसका परिणाम सही उत्तर से 10 कम था। वह संख्या थी—
(1) 10 (2) 12
(3) 15 (4) 20
[SSC Graduate Level, 2002]

112. किसी छात्र को किसी संख्या का $\frac{1}{15}$ करने को कहा गया, परन्तु उसने $\frac{1}{3}$ कर दिया जिससे उसका उत्तर पहले की तुलना में 16 अधिक आया। संख्या ज्ञात कीजिए—
(1) 80 (2) 60
(3) 75 (4) 90
[RRB Gorakhpur, 2004]

113. एक विद्यार्थी को किसी परीक्षा में दी गई संख्या का $\frac{5}{16}$ प्राप्त करना था। गलती से उसने दी गई संख्या का $\frac{5}{6}$ ज्ञात किया। यदि उसका उत्तर सही उत्तर से 50 अधिक हो, तो अभीष्ट संख्या है—
(1) 144 (2) 192
(3) 96 (4) 84
[Asstt. Grade, 1998]

114. किसी लड़के से एक संख्या को $\frac{7}{8}$ से गुणा करने को कहा गया। उसने संख्या को $\frac{17}{8}$ से गुणा कर दिया। इस प्रकार उसका उत्तर सही रा 30 अधिक आया। संख्या थी—
(1) 3 (2) 8
(3) 21 (4) 24
(5) इनमें से कोई नहीं **[क्लर्क ग्रेड, 1994]**

115. एक लड़के ने किसी संख्या को 25 से गुणा करने के लिए कहा गया। किन्तु उसने बदले में 52 से उस संख्या में गुणा कर दिया जिससे उसका उत्तर अपेक्षित और सही उत्तर से 324 अधिक आ गया। वह संख्या कौन-सी थी ?

(1) 12 (2) 15
(3) 25 (4) 32 **[LDC, 1996]**

116. एक विद्यार्थी को किसी संख्या को 7 से भाग करने को कहा गया, किन्तु उसने संख्या को 7 से गुना कर दिया। यदि इस प्रकार उसका उत्तर 7 आया हो, तो सही उत्तर होना चाहिए—

(1) 1 (2) 7
(3) $\frac{1}{7}$ (4) 49
(5) इनमें से कोई नहीं **[LIC, 2005]**

117. किसी परीक्षा में अभ्यर्थी को उत्तीर्ण होने के लिए कुल अंकों के $\frac{3}{4}$ अंक प्राप्त करना आवश्यक है। किसी अभ्यर्थी ने कुल अंकों के $\frac{2}{3}$ अंक प्राप्त किए तथा वह 10 अंकों से अनुत्तीर्ण हो गया। परीक्षा के कुल अंक कितने हैं ?

(1) 120 (2) 100
(3) 90 (4) 80
(5) इनमें से कोई नहीं **[असिस्टेंड ग्रेड, 1995]**

118. किसी परीक्षा में एक विद्यार्थी प्रत्येक सही उत्तर के लिए 4 अंक प्राप्त करता है तथा एक गलत उत्तर के लिए 1 अंक खो देता है। यदि वह 60 प्रश्न हल करता है तथा 130 अंक प्राप्त करता है, तब वह कितने प्रश्नों का सही उत्तर देता है ?

(1) 35 (2) 38
(3) 40 (4) 42 **[AAO, 2003]**

119. किसी परीक्षा में प्रत्यक सही उत्तर के लिए 1 अंक दिया जाता है तथा प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1 अंक काट लिया जाता है। यदि किसी परीक्षार्थी ने उस परीक्षा में पूछे गए सभी 20 प्रश्नों के उत्तर दिए हों तथा उसके प्राप्तांक 8 हों, तो उसके द्वारा सही उत्तर दिए गए प्रश्नों की संख्या थी—

(1) 16 (2) 14
(3) 12 (4) 8 **[CPO, 2003]**

120. सुधीर प्रत्येक सही हल किए प्रश्न के लिए 3 अंक प्राप्त करता है और प्रत्येक गलत हल किए प्रश्न के लिए 2 अंक खोता है। वह 30 प्रश्न हल करता है और 40 अंक प्राप्त करता है। सही हल किए गए प्रश्नों की संख्या है—

(1) 25 (2) 20
(3) 15 (4) 14
(5) इनमें से कोई नहीं

[Asstt, Grade 1997, SSC 2005]

121. एक परीक्षार्थी किसी परीक्षा में 100 प्रश्नों को हल करता है। सही उत्तर के लिए प्रति प्रश्न +4 अंक तथा गलत उत्तर के लिए प्रति प्रश्न –1 अंक दिए जाते हैं। यदि परीक्षार्थी को 260 अंक प्राप्त हुए, तो 100 प्रश्नों को बनाने में उसके कितने सही उत्तर हैं ?

(1) 65 (2) 72
(3) 28 (4) 80 **[Realway, 2006]**

122. एक परीक्षार्थी ने 250 प्रश्नों के उत्तर दिए। प्रत्येक सही उत्तर पर उसको 2 अंक प्राप्त होते हैं, परन्तु एक गलत उत्तर पर 1 अंक काट लिया जाता है। यदि उसने 20% प्रश्नों के गलत उत्तर दिए हों, तो उसे कुल कितने अंक मिलेंगे ?

(1) 350 (2) 400
(3) 280 (4) 300 **[MBA, 2001]**

123. भैसों तथा बत्तखों के एक समूह में सिरों की संख्या के दोगुने से 24 अधिक पैर हैं। भैसों की संख्या समूह में कितनी है ?

(1) 6 (2) 8
(3) 10 (4) 12
(5) इनमें से कोई नहीं **[RRB, 2002]**

124. जब कोइ धनराशि 12 आदमियों के बीच बराबर बाँटी गयी तो हरेक को उस धनराशि से 200 रु॰ ज्यादा मिला जो कि उन्हें तब मिलती अगर वह धनराशि 16 व्यक्तियों के बीच बराबर बाँटी गयी होती। धनराशि कितनी थी ?

(1) 8,400 रु॰ (2) 9,600 रु॰
(3) 12,400 रु॰ (4) आँगड़े अधूरे हैं
(5) इनमें से कोई नहीं **[P.P. 1996, CBI 2007]**

125. यदि एक राशि 12 लड़कों के बीच बराबर-बराबर बाँटी गई, तो प्रत्येक को 20 लड़कों में बराबर बाँटने पर जितनी राशि मिलती है, उससे 60 रु॰ अधिक मिली। वह राशि क्या थी ?

(1) 1440 रु॰ (2) 1600 रु॰
(3) 1800 रु॰ (4) आँकड़े अपर्याप्त हैं
(5) इनमें से कोई नहीं **[RBI 1996, SSC 2008]**

126. जब कोई धनराशि 14 लड़कों के बीच बाँटी जाती है तो हरेक को उस धनराशि से 80 रु॰ ज्यादा मिलते हैं जो उन्हें तब मिलती जबकि उसी राशि को 18 बच्चों में बराबर बाँटा जाता। वह धनराशि क्या है ?

(1) 5040 रु॰ (2) 10080 रु॰
(3) 7560 रु॰
(4) आँकड़े अधूरे हैं (5) इनमें से कोई नहीं

[SBI Associates, 1998]

joursmahboob

127. आठ परिवारों ने कुछ आम बराबर-बराबर संख्या में बाँट कर खाए। अगर वे ही आम दस परिवारों के बीच वितरित हुए होते तो प्रति परिवार के मिलने वाले आम की संख्या में आठ की कमी आ जाती कुल कितने आम खाए जाने के लिए उपलब्ध थे ?

(1) तय नहीं कर सकते
(2) 240 (3) 320
(4) 160 (5) इनमें से कोई नहीं

[BSRB Bangalore (P.O.), 1997]

128. एक व्यक्ति ने 1000 रुपए अपने मित्रों में बराबर-बराबर बाँटे। यदि उसके पास 5 मित्र और होते, तो प्रत्येक को 10 रु० कम मिलते। उसके कितने मित्र थे ?

(1) 20 (2) 30
(3) 40 (4) 50 **[BPSC, 2002]**

129. किसी कक्षा के बच्चों को 1080 पेन्सिलें इस प्रकार बाँटी गई कि प्रत्येक को बराबर-बराबर मिलीं। यदि बच्चों की संख्या 12 कम होती, तो प्रत्येक बच्चे को 3 पेन्सिल अधिक मिलती। प्रत्येक बच्चे को कितनी पेन्सिलें मिलीं ?

(1) 18 (2) 15
(3) 12 (4) 16
(5) इनमें से कोई नहीं **[BSRB Kolkata, 2001]**

130. एक व्यक्ति ने 380 रुपए में कुछ संख्या में समान वस्तुएँ खरीदी। यदि प्रत्येक वस्तु के लिए उसने एक रुपया अधिक दिया होता, तो एक वस्तु कम खरीद पाता। वस्तुओं की वास्तविक कीमत प्रति वस्तु क्या थी ?

(1) 25 रु० (2) 19 रु०
(3) 35 रु० (4) 18 रु०
(5) 16 रु० **[RRB, 2002]**

131. बाल-दिवस के अवसर पर 250 बच्चों को बराबर संख्या में चॉकलेट बाँटे जाने थे, परन्तु उस दिन 75 बच्चे अनुपस्थित हो गए परिणामस्वरूप प्रत्येक बच्चे को 3 चॉकलेट अधिक मिले, तो कुल कितने चॉकलेट बाँटे गए ?

(1) 2520 (2) 1750
(3) 1550 (4) 2500
(5) इनमें से कोई नहीं

[RBI Officers Grade 'B', 2004]

132. शिक्षक दिवस के दिन एक स्कूल में 190 बच्चों के बीच समान मात्रा में मिठाई बाँटी जानी थी। शिक्षक दिवस के दिन वास्तव में 70 बच्चे अनुपस्थित थे, अतः प्रत्येक बच्चे को 14 मिठाइयाँ अतिरिक्त मिलीं। उस दिन प्रत्येक बच्चे को कितनी मिठाइयाँ मिलीं ?

(1) 16 (2) 24
(3) 14 (4) 20
(5) इनमें से कोई नहीं **[PNB, 2005]**

133. स्कूल के हॉल में 460 छात्र कतार में और स्तम्भों में इस तरह बैठे थे कि प्रत्येक स्तम्भ में बैठे हुए छात्रों की संख्या, प्रत्येक कतार में बैठे हुए छात्रों की संख्या से 3 से अधिक थी। प्रत्येक स्तम्भ में कितने छात्र थे ?

(1) 20 (2) 23
(3) 24
(4) निश्चित नहीं किया जा सकता
(5) इनमें से कोई नहीं

[Corporation Bank, 2002]

134. एक कक्षा के बच्चों में समान संख्या में मुफ्त नोट बुकें बाँटी गई थीं। प्रत्येक बच्चे को मिली नोट बुक की संख्या, बच्चों की कुल संख्या का आठवाँ भाग थी। यदि बच्चों की संख्या आधी होती, तो प्रत्येक बच्चे को 16 नोट बुक मिलती। कुल कितने नोटबुक बाँटी गई ?

(1) 432 (2) 640
(3) 256 (4) 512
(5) इनमें से कोई नहीं

[Andhra Bank (P.O.), 2003]

135. किसी स्कूल के प्रत्येक सेक्शन में विद्यार्थियों की संख्या 24 है। नए विद्यार्थियों के नामांकन के बाद 3 नया सेक्शन शुरू किया गया। अब सेक्शनों की कुल संख्या 16 है तथा प्रत्येक सेक्शन में 21 विद्यार्थी हैं। कितने नए विद्यार्थियों का नामांकन हुआ ?

(1) 24 (2) 14
(3) 48 (4) 114
(5) इनमें से कोई नहीं **[पी० ओ० 1992, SSC 2008]**

136. किसी बैंक के मैनेजर के ट्रांसफर होने पर फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। प्रत्येक पुरुष कर्मचारी ने उतना चन्दा दिया जितनी महिला कर्मचारी थी तथा प्रत्येक महिला कर्मचारी ने महिला कर्मचारी की संख्या का आधा चन्दा दिया। यदि कुल कर्मचारी 60 थे तथा चन्दा 1600 रु० इकट्ठा हुआ, तो बैंक में पुरुष कर्मचारियों की संख्या कितनी थी ?

(1) 20 (2) 45
(3) 15 (4) इनमें स कोई नहीं

[MBA, 2001]

137. पाँच मेहमान किसी पार्टी से होकर एक दूसरे के साथ हाथ मिलाकर अपने-अपने घर गए। इस प्रकार पाँचों मेहमान के हाथ मिलाने की कुल संख्या (जबकि कोई दो व्यक्ति एक से अधिक बार हाथ ना मिलाए) है—

(1) 5 (2) 6

(3) 10 (4) 15

[Asstt. Grade, 1998]

138. किसी समारोह में प्रत्येक अतिथि अन्य सभी अतिथियों से सिर्फ एक बार हाथ मिलाता है। यदि कुल 66 बार हाथ मिलाए गए, तो उस समारोह में कितने अतिथि थे ?

(1) 33 (2) 22

(3) 12 (4) 13

(5) 11 **[MBA, 2001]**

139. 1000 व्यक्तियों के एक समूह में 760 हिन्दी बोल सकते हैं तथा 530 अंग्रेजी बोल सकते हैं, तो हिन्दी व अंग्रेजी दोनों बोलने वालों की संख्या है—

(1) 290 (2) 300

(3) 310 (4) 230 **[BPSC, 2002]**

140. 26 व्यक्तियों के समूह में 8 चाय पीते हैं लेकिन कॉफी नहीं पीते तथा 16 व्यक्ति चाय पीते हैं। उन व्यक्तियों की संख्या, जो कॉफी पीते हैं, लेकिन चाय नहीं पीते, होगी—

(1) 8 (2) 10

(3) 16 (4) 18

[कर्मचारी राज्य बीमा निगम, 1997]

141. एक विद्यालय में 25 अध्यापक हैं जो गणित अथवा भौतिकी पढ़ाते हैं। इनमें 15 भौतिकी तथा 3 भौतिकी एवं गणित दोनों पढ़ाते हैं। कितने अध्यापक गणित पढ़ाते हैं।

(1) 13 (2) 11

(3) 15 (4) 10

[Intelligence Bureau, 1997]

142. 25 छात्रों वाले क्लास में 12 के पास अर्थशास्त्र था, 8 ने अर्थशास्त्र लिया पर इतिहास नहीं लिया, तो अर्थशास्त्र और इतिहास लेने वालों की संख्या होगी—

(1) 8 (2) 4

(3) 7 (4) 13 **[BPSC, 2002]**

143. एक कक्षा में 60 छात्र हैं। उनमें से 35 छात्र गणित पढ़ते हैं। 20 छात्र गणित एवं रसायन विज्ञान दोनों पढ़ते हैं, केवल रसायन विज्ञान पढ़ने वाले छात्रों की संख्या होगी—

(1) 40 (2) 35

(3) 25 (4) 15

[RRB Chandigarh, 2002]

144. राजीव ने एक दिन एक किताब का $\frac{3}{8}$ हिस्सा पढ़ा। बाकी किताब का $\frac{4}{5}$ हिस्सा दूसरे दिन पढ़ा। अब किताब के 30 पृष्ठ बच गए। यह बताइए कि किताब के कुल पृष्ठ कितने थे ?

(1) 240 (2) 360

(3) 1200 (4) 120

(5) इनमें से कोई नहीं **[रेलवे 1995, SSC 2009]**

145. राम एक पुस्तक का $\frac{3}{8}$ एक दिन में तथा $\frac{1}{2}$ दूसरे दिन पढ़ता है। यदि पुस्तक के 30 पृष्ठ पढ़े जाने शेष हों, तो पुस्तक में कुल कितने पृष्ठ हैं ?

(1) 160 (2) 190

(3) 240 (3) 270

(5) इनमें से कोई नहीं **[R.R.B. 1996, MBA 2007]**

79. किसी महाविद्यालय के चुनाव में एक प्रत्याशी जिसे कुल पड़ने वाले मतों का 40% मत मिली, अपने प्रतिद्वन्द्वी से 160 मतों से हार गया, यह मानते हुए कि चुनाव में केवल दो ही प्रत्याशी थे, कुल पड़ने वाले मत थे ?

(1) 900 (2) 800
(3) 700 (4) 600
(5) इनमें से कोई नहीं **[UDC 1991 IB 2008]**

80. पिछले चुनाव में किसी निर्वाचन क्षेत्र में दो प्रत्याशियों के बीच सीधी टक्कर हुई। एक प्रत्याशी 40% वोट पाने के बा भी 10000 मतों से पराजित हुआ। कुल वैध मतों की संख्या क्या थी ?

(1) 40000 (2) 50000
(3) 60000 (4) 70000
[RRB Guwahati, 1997]

81. किसी चुनाव में केवल दो प्रत्याशी हैं। जिस प्रत्याशी को कुल पड़ने वाले वैध मतों का 62% मत मिले, वह 144 मतों की अधिकता से जीत गया। वैध मतों की कुल संख्या है—

(1) 500 (2) 700
(3) 1000 (4) 600
[Delhi Police, 1997]

82. एक चुनाव में केवल दो प्रत्याशी थे। विजयी प्रत्याशी को कुल मतों के 62% मत प्राप्त हुए और उसने 288 मत अधिक प्राप्त किए थे। विजयी प्रत्याशी को कुल कितने मत प्राप्त हुए थे ?

(1) 456 (2) 744
(3) 912 (4) 1200
(5) इनमें से कोई नहीं
[RRB Mumbai Exam, 2004]

83. एक चुनाव में दो उम्मीदवार थे, जिसमें कुल मतदाताओं की संख्या में से 5% ने चुनाव में भाग नहीं लिया। विजयी उम्मीदवार जिसे 48% मत मिला, 4000 मतों से विजयी होता है। हारे हुए उम्मीदवार को कुल कितना मत प्राप्त होता है ?

(1) 72000 (2) 144000
(3) 188000 (4) 250000
(5) इनमें से कोई नहीं **[Delhi Police, 2003]**

84. दो उम्मीदवारों के बीच हुए चुनाव में, एक को वैध मतों का 55% मिलता है। अवैध मतों की कुल संख्या कुल मतों का 20% है। यदि कुल मतों की संख्या 7500 हो, तब दूसरे उम्मीदवार को मिलने वाले वैध मतों की संख्या है—

(1) 2700 (2) 2900
(3) 3000 (4) 3100
(5) इनमें से कोई नहीं
[RRB Patna (ASM) 1997, CPO 2007]

58. दो प्रत्याशियों के बीच हुए चुनाव में 75% मतदाताओं ने अपने मत डाले, जिनमें से 2% मत अवैध घोषित कर दिए गए। एक प्रत्याशी ने 9261 मत प्राप्त किए जो वैध मतों के 75% थे। इस चुनाव में पंजीकृत मतदाताओं की कुल संख्या थी—

(1) 16000 (2) 16400
(3) 16800 (4) 18000
[SSC Graduation Level, 2003]

86. एक परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए 40% अंक चाहिए। एक छात्र ने 178 अंक प्राप्त किया और 22 अंकों से अनुत्तीर्ण हो गया। परीक्षा में कुल प्राप्तांक ज्ञात करें।

(1) 450 (2) 500
(3) 520 (4) 600
(5) इनमें से कोई नहीं **[Asstt. Grade, 1990]**

87. एक उम्मीदवार को कुल अंकों का 30% प्राप्त करना है। उसने कुल अंकों का 25% प्राप्त किया तथा 40 अंकों से अनुत्तीर्ण हो गया। अधिकतम अंक है—

(1) 1500 (2) 500
(3) 800 (4) 1000
[RRB Ahmedabad 1997, H.M. 2009]

88. एक परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए 36% अंकों की आवश्यकता थी। एक छात्र जिसने 20% अंक हासिल किया 12 अंकों से अनुत्तीर्ण घोषित कर दिया गया। तो बताएँ की पूर्णांक क्या था ?

(1) 100 (2) 225
(3) 80 (4) 75
(5) इनमें से कोई नहीं **[MBA, 2000]**

89. एक विद्यार्थी को पास होने के लिए कुल अंकों का 33% प्राप्त होने आवश्यक है। उसने कुल अंकों का 25% प्राप्त किया और 40 अंकों से फेल हो गया। कुल अंकों की संख्या है—

(1) 800 (2) 300
(3) 500 (4) 1000
[CPO, 2003]

90. एक विद्यार्थी जिसे 20% अंक प्राप्त होते हैं, 30 अंकों से अनुत्तीर्ण होता है। एक अन्य विद्यार्थी जिसे 32% अंक प्राप्त होता है उत्तीर्ण होने के लिए निर्धारित अंकों में से 42 अंक अधिक प्राप्त करता है। अधिकतम अंक ज्ञात कीजिए—

(1) 480 (2) 500
(3) 600 (4) 800
(5) इनमें से कोई नहीं **[Asstt. Grade, 1992]**

91. एक परीक्षा में किसी प्रत्याशी ने 30% अंक प्राप्त किए और वह 6 अंकों से फेल हो गया। अन्य प्रत्याशी ने 40% अंक प्राप्त किए और पास होने वाले न्यूनतम अंकों से 6 अंक अधिक प्राप्त किए। अधिकतम अंक है—

(1) 150 (2) 120
(3) 100 (4) 180

[SSC Graduation Level, 2003]

92. किसी परीक्षा में एक प्रत्याशी ने 30% अंक प्राप्त किए और 25 अंकों से फेल हो गया। उसी परीक्षा में दूसरे प्रत्याशी ने 40% अंक प्राप्त किए और पास होने के अंकों से 25 अंक अधिक प्राप्त किए। पास होने के अंकों का प्रतिशत है—

(1) 38% (2) 36%
(3) 35% (4) $33\frac{1}{3}\%$

[Asstt. Grade, 1997]

93. एक परीक्षा में हरि को कुल अंकों के 80% से 8 अंक कम प्राप्त होता है और रवि को कुल अंकों का 70% से 5 अंक अधिक प्राप्त होता है। रवि को प्राप्त अंकों की संख्या ज्ञात करें, जबकि दोनों के प्राप्तांकों का अंतर 2 है।

(1) 9 (2) 110
(3) 130 (4) 140
(5) इनमें से कोई नहीं **[Income Tax, 1998]**

94. किसी विद्यालय में 75% विद्यार्थी पास हुए तथा 20 फेल हुए। किसी दूसरे विद्यालय से पहले विद्यालय की अपेक्षा 20 विद्यार्थी अधिक परीक्षा में बैठे तथा पहले विद्यालय क अपेक्षा 10 विद्यार्थी अधिक पास हुए। दूसरे विद्यालय में विद्यार्थियों की प्रतिशतता जो पास हुए हैं—

(1) 60% (2) 70%
(3) 75% (4) 85%
(5) इनमें से कोई नहीं

[Income Tax 1990, CET 2007]

95. एक पुस्तक के 50% पेज सफेद हैं। शेष के 40% पेज हरे हैं तथा शेष बचे 150 पेज पीले हैं, तो बताइए पुस्तक में हरे रंग के कितने पृष्ठ हैं ?

(1) 100 (2) 250
(3) 150 (4) 500
(5) इनमें से कोई नहीं

[LDC 1998, RRB 2009]

96. हरीलाल ने 40% मशीनरी में, 25% बिल्डिंग में, 15% कच्चे सामान में तथा 5% परीक्षा में खर्च किया। यदि उसके पास 1305 रु॰ बचे हों, तो उसके पास कुल कितना धन था ?

(1) 6500 रु॰ (2) 7225 रु॰
(3) 8700 रु॰ (4) 13900 रु॰

[RRB Muzaffarpur (ASM), 1997]

97. राधा अपने वेतन का 40% भोजन पर, 20% मकान किराए पर, 10% मनोरंजन पर तथा 10% परिवहन पर व्यय करती है। यदि माह के अन्त मं उसकी बचत 1500 रु॰ है, तो उसका मासिक वेतन है (रुपए में)—

(1) 8000 (2) 7500
(3) 6000 (4) 10000

[SSC Graduation Level, 2003]

98. एक व्यापारी अपनी पूँजी का 50% अपने कार्यकर्त्ताओं के वेतन पर तथा पूँजी का $33\frac{1}{3}\%$ वस्तुओं की खरीद पर व्यय करता है। यदि उसके पास 6000 रु॰ नकद बचे हों, तो उसकी पूँजी है।

(1) 11000 रु॰ (2) 24000 रु॰
(3) 36000 रु॰ (4) 48000 रु॰
(5) इनमें से कोई नहीं **[UDC 1991, I.B., 2008]**

99. एक व्यक्ति अपने वेतन का 5% वेलफेयर सोसायटी को दान देता है, 12% R.D. में जमा करता है और यदि अब उसके पास 2490 रु॰ बचते हैं, तो उसका मासिक वेतन कितना है ?

(1) 3000 रु॰ (2) 8300 रु॰
(3) 73201 रु॰ (5) इनमें से कोई नहीं

[MBA, 2001]

100. किसी लाइब्रेरी में 40% पुस्तकें अंग्रेजी में, शेष पुस्तकों में से 40% हिन्दी में और शेष पुस्तकें क्षेत्रीय भाषाओं में है। हिन्दी में यदि कुल पुस्तकें 4800 हों, तो लाइब्रेरी में कुल कितनी पुस्तकें होंगी ?

(1) 12000 (2) 24000
(3) 28000 (4) 20000

[Metro Rail, 2002]

101. किसी पुस्तकालय में 20% पुस्तकें अंग्रेजी भाषा में तथा शेष की 50% पुस्तकें हिन्दी भाषा में है। यदि शेष 900 पुस्तकें अन्य क्षेत्रीय भाषा में है, तो पुस्तकालय में कुल कितनी पुस्तकें हैं ?

(1) 4000 (2) 2250
(3) 2000 (4) 2800
(5) इनमें से कोई नहीं **[RRB, 2006]**

102. स्वाति अपनी आय का 40% खाने पर, 25% घर के किराये पर 15% मनोरंजन पर तथा 5% आवागमन किराये पर व्यय करती है। यदि मास के अन्त में उसकी बचत 1200 रु० हो, तो उसकी मासिक आय है—

(1) 4000 (2) 6000
(3) 8000 (4) 10,000
(5) इनमें से कोई नहीं **[Clerk Crade, 1993]**

103. एक औरत ने कुछ नारंगी खरीदी जिसमें 13% नारंगी सड़ गए। बचे हुए नारंगी का 75% बच्चों को बाँटने के बाद उस औरत के पास 261 नारंगी बच गये, तो उसके द्वारा खरीदे गए नारंगियों की संख्या होगी—

(1) 1000 (2) 1100
(3) 1200 (4) 1500
(5) इनमें से कोई नहीं **[CBI, 2005]**

104. एक व्यक्ति अपनी प्रारम्भिक शेष राशि का 20% निकाल कर, फिर 500 रु० जमा करता है तथा शेष राशि का 8% फिर निकाल लेता है। यदि उसके खाते में अब 4140 रु० बचे हों, तो उसकी प्रारंभिक शेष राशि थी—

(1) 4020 रु० (2) 5000 रु०
(3) 5020 रु० (4) 6000 रु०
[BSF 1997, CBI, 2008]

105. एक व्यक्ति जो अपनी आय का $66\frac{2}{3}\%$ खर्च करता है, वह प्रतिमास 120 रु० बचाता है। उसका व्यय प्रति मास (रु० में) है—

(1) 120 (2) 240
(3) 300 (4) 360 **[BSF, 1997]**

106. एक गृहिणी ने एक पोशाक सेल में खरीदकर 2.50 रु० बचाए। यदि उसने 25 रु० खर्च किए हों, तो इस सौदे में उसकी बचत लगभग कितने प्रतिशत थी ?

(1) 8% (2) 9%
(3) 10% (4) 11% **[BSF, 1997]**

107. आमिर अपनी आय का 20% अपने परिवार पर खर्च करता है। शेष में से 50% वह चिकित्सा, परिवहन और बच्चों की शिक्षा पर खर्च करता है। वह प्रतिमास 800 रु० की बचत करता है। उसकी मासिक आय क्या है ?

(1) 5000 रु० (2) 3500 रु०
(3) 2000 रु० (4) 2500 रु०
(5) इनमें से कोई नहीं
[RRB Bhopal (TC), 1996]

108. चैताली अपनी मासिक आय का 20% भोजन पर खर्च करने के बाद शेष धनराशि का एक-चौथाई बच्चों की शिक्षा पर और शेष धन का 50% परिवहन व स्वास्थ्य पर खर्च करने के बाद प्रतिमाह 1500 रुपए बचा लेती है। उसकी मासिक आय कितनी है ?

(1) 5000 रु० (2) 10000 रु०
(3) 25000 रु० (4) 15000 रु०
(5) इनमें से कोई नहीं
[BSRB Baroda (Clerk), 1997]

109. डॉन अपने वेतन का 30% घरेलू वसतुओं पर खर्च करता है। शेष वेतन का 25% शिक्षा व यातायात प्रत्येक पर खर्च करता है। शेष राशि 5250 रु० को बैंक खाते में जमा करता है। घरेलू वस्तुओं पर खर्च की गई राशि कितनी थी ?

(1) 7875 रु० (2) 4575 रु०
(3) 7580 रु० (4) 4750 रु०
(5) इनमें से कोई नहीं
[Corporation Bank (Clerk), 2002]

110. एक लड़के द्वारा अपने जेबखर्च का 80% एक साथी को तथा बची हुई राशि का 6% दूसरे साथी को देने के उपरान्त, उसके पास 47 पैसे शेष रहते हैं। आरम्भ में लड़के के पास कितना जेबखर्च था ?

(1) 2 रु० (2) 2.50 रु०
(3) 5 रु० (4) 10 रु०
[SSC Graduation Level, 2004]

111. एक व्यक्ति अपने वेतन का 30% भोजन पर खर्च करता है तथा 3% दान देता है। यदि उसके इन दोनों पर 231 रु० खर्च किए, तो उसका वेतन कितना है ?

(1) 1250 रु० (2) 700 रु०
(3) 630 रु० (4) 940 रु०
[MAT, 2004]

112. नमन अपने वेतन पर 40% खाने, यातायात और आकस्मिक खर्चों पर 5 : 3 : 2 में क्रमश: लगाता है। शेष वेतन का 15% बच्चे की शिक्षा पर लगाता है। शेष

वेतन का आधा मकान का मासिक किराया देने में चला जाता है अगर उसका मासिक खाने का बिल 1440 रु० आकस्मिक खर्चों से जयादा हो, तो वह घर किराए पर सलाना क्या खर्च करता है ?

(1) 3060 रु० (2) 12000 रु०
(3) 36720 रु० (4) तय नहीं कर सकते
(5) इनमें से कोई नहीं

[BSRB Bangalore (P.O.), 1996]

113. खाद्य सामग्रियों की कीमतों में 10% और अन्य उपभोग्य वस्तुओं की कीमतों में 15% की वृद्धि दर्ज की गई है। यदि एक कर्मचारी के खाद्य-सामग्रियों और अन्य वस्तुओं पर खर्चे का अनुपात 2 : 5 हो, तब यह मानते हुए कि उसका वर्तमान वेतन 3500 रु० है, उसके वेतन में कितने की वृद्धि की जानी चाहिए ताकि वह अपने उपभोग के सार को पूर्ववत् बनाए रख सके ?

(1) 300 रु० (2) 350 रु०
(3) 375 रु० (4) 475 रु० **[LDC, 1996]**

114. एक क्लर्क की मासिक आय 8420 रु० है। यदि वह अपनी मासिक आय का निश्चित प्रतिशत भाग बचत करता है जिसके तहत 10 महीनों में उसकी कुल बचत राशि 421 रु० होती है, तो बतावें कि वह अपनी आय का कितना प्रतिशत प्रतिमाह बचत करता है ?

(1) 4.0 (2) 0.4
(3) 5.0 (4) 0.5
(5) इनमें से कोई नहीं

[BSEB Patna (Clerk), 1999]

115. मेरे खर्च और बचत के बीच अनुपात 3 : 4 है। यदि यह अनुपात 4 : 3 करना हो, तब खर्च में कितने प्रतिशत वृद्धि करनी होगी ?

(1) 25 (2) 35.55
(3) 26.66 (4) 33.33

[Metro Rail, 2002]

116. एक कारखाने में, प्रत्येक श्रमिक का वेतन 22 : 25 के अनुपात में बढ़ाया जाता है, परन्त् श्रमिकों की संख्या को $26\frac{2}{3}\%$ घटाया जाता है। पूरे वेतन की राशि मं प्रतिशत वृद्धि अथवा ह्रास है—

(1) $21\frac{3}{4}\%$ वृद्धि (2) $21\frac{3}{4}\%$ ह्रास
(3) $16\frac{2}{3}\%$ (4) $16\frac{2}{3}\%$ ह्रास

[RRB Kolkata 2001, SSC 2006]

117. एक लम्बे की जनसंख्या 133575 से बढ़कर 138918 हो गयी है। जनसंख्या में वृद्धि का प्रतिशत है—

(1) 2.5 (2) 3.0
(3) 3.5 (4) 4
(5) इनमें से कोई नहीं **[Clerk Grade, 1991]**

118. वर्तमान जन्म दर प्रति हजार 32 है, जबकि तदनुरूप मृत्यु दर 11 प्रति हजार है। जनसंख्या वृद्धि के रूप में प्रतिशत वृद्धि दर होगी—

(1) 0.021% (2) 0.0021%
(3) 21% (4) 2.1%

[RRB Mumbai (ASM) 1999, H.M. 2004]

119. अफनान की आमदनी 25% बढ़ती है और शताब्दी की आमदनी $1\frac{1}{2}$ गुनी हो जाती है। वृद्धि के पूर्व अफनान की कुल आमदनी कितनी थी ?

(1) 120 रु० (2) 1875 रु०
(3) 3750 रु०
(4) निर्धारित नहीं किया जा सकता

[RRB Patna, 2001]

120. यदि आयकर 19% बढ़ जाए तो नेट आय 1% कम हो जाती है। आयकर की दर प्रतिशत ज्ञात करें—

(1) 5% (2) $5\frac{5}{9}\%$
(3) 18% (4) 20%

[RRB Mahendru Ghat, 2001]

121. कमीशन की दर 4 प्रतिशत से 5 प्रतिशत बढ़ने पर भी किसी दलाल की आय अपरिवर्तित रहती है। व्यवसाय में एकाएक कमी का प्रतिशत है—

(1) 1 (2) 8
(3) 20 (4) 80

[RRB Muzaffarpur, 2003]

122. किसी प्रदर्शनी के अन्दर जाने की टिकट 1 रुपया थी। बाद में यह दर 25% घटा दी गई जिसके कारण टिकटों की बिक्री 20% अधिक हो गई। प्रदर्शनी में आने वालों की संख्या में प्रतिशत वृद्धि ज्ञात कीजिए—

(1) 54 (2) 57
(3) 60 (4) 66

[Delhi Police 1997, IB, 2008]

123. एक प्रदर्शनी में प्रवेश टिकट 5 रु० का था। बाद में इसे 20% कम कर दिया। परिणामस्वरूप टिकटों की बिक्री धनराशि बढ़कर 44% अधिक हो जाती है। दर्शकों की संख्या में कितने प्रतिशत वृद्धि हुई ?

(1) 80% (2) 50%
(3) 25% (4) 75%

[RRB Chandigarh, 2004]

124. रेलगाड़ी के भाड़े में 16% की वृद्धि होने के फलस्वरूप यात्री ट्रैफिक में 6% की कमी आ गई। फिर भी स्टेशन का दैनिक संचय 5424 रु० अधिक बढ़ा हुआ रहा। भाड़े में वृद्धि से पूर्व स्टेशन का दैनिक संचय कितना था ?

(1) 66000 रु० (2) 60000 रु०
(3) 64000 रु० (4) 68000 रु०

[RRB Mumbai (ASM), 1999]

125. A का वेतन B के वेतन का 25% है। B के वेतन C के वेतन का 40% है। यदि तीनों के मासिक वेतन का योग 12000 रु० हो तो A का मासिक वेतन क्या होगा ?

(1) 8000 रु० (2) 3200 रु०
(3) 6000 रु० (4) 800 रु०
(5) इनमें से कोई नहीं **[Delhi Police, 2004]**

126. A के वेतन का 30%, B के वेतन के $\frac{3}{5}$ के 20% क बराबर है। यदि B का वेतन 2400 रु० हो, तो A का वेतन क्या है ?

(1) 1880 रु० (2) 1000 रु०
(3) 2160 रु० (4) 960 रु०

[RRB Muzaffarpur, 1997]

127. A की आय B की आय से 20% कम है और A की आय C की आय से 10% कम है। यदि C की आय 180 रु० हो, तो A की आय होगी—

(1) 130 रु० (2) 162 रु०
(3) 129.60 रु० (4) 126 रु०
(5) इनमें से कोई नहीं **[Asstt. Grade, 1991]**

128. A की आय B की आय से 20% कम है और B की आय C की आय से 10% कम है। यदि C की आय 180 रुपए हो, तो A की आय होगी—

(1) 130 रु० (2) 162 रु०
(3) 129.60 रु० (4) 126 रु० **[BSF, 1997]**

129. A की आय B की आय से 20% कम है तथा B की आय C की आय से 10% कम है यदि C की आय 3600 रु० हो, तो A की आय क्या होगी ?

(1) 2600 रु० (2) 3240 रु०
(3) 2592 रु० (4) 2520 रु०
(5) इनमें से कोई नहीं **[Delhi Police, 2004]**

130. अजय के वेतन 30% शैलेन्द्र के वेतन का $\frac{3}{5}$ भाग क 20% के बराबर हो बाद शैलेन्द्र का वेतन 2000 रु० हो, तो

(1) 960 रु० (2) 2140 रु०
(3) 1000 रु० (4) 1360 रु०
(5) इनमें से कोई नहीं

131. एक परीक्षा में A, B से 10% अंक प्राप्त करता है और B, C से 10% अंक कब प्राप्त करता है। यदि A कुल 810 अंक प्राप्त करता है, तो C द्वारा प्राप्तांक निम्न है—

(1) 840 (2) 900
(3) 960 (4) 1000

[CPO 1998, IB, 2005]

132. A की 5% आय B की 15% आय के बराबर है तथा B की 10% आय C की 20% आय के बराबर है। यदि C की आय 2000 रु० है, तो A, B तथा C की कुल आय होगी—

(1) 6000 रु० (2) 14000 रु०
(3) 18000 रु० (4) 20000 रु०

[RRB Mumabi (ASM), 1999]

133. A के वेतन का 30% B के वेतन के $\frac{3}{5}$ के 20% क बराबर है। यदि B का वेतन 2400 रु० हो, तो A का वेतन होगा—

(1) 2160 रु० (2) 1880 रु०
(3) 1000 रु० (4) 960 रु०

[RRB Mumabi (ASM) 1999, MBA 2008]

134. C की आय B की आय से 20% अधिक है और B की आय A की आय से 25% अधिक है। C की आय, A की आय से कितने प्रतिशत अधिक है ?

(1) 150% (2) 50%
(3) 25% (4) 35%

[SSC Graduation Level, 1999]

135. A अगर B से 20% अधिक है जबकि C से 20% कम, तो B, C से कितना प्रतिशत कम है ?

(1) $33\frac{1}{3}\%$ (2) 50%
(3) 40% (4) 44%
(5) इनमें से कोई नहीं **[Clerk Grade, 2002]**

136. 3 लीटर चीनी के घोल में 40% चीनी है। इस घोल में

एक लीटर पानी मिला दिया जाय। नए घोल में चीनी का प्रतिशत है—

(1) $6\frac{2}{3}\%$ (2) $13\frac{1}{3}\%$

(3) 15% (4) 30%

[Asstt Grade, 1997]

137. 6 लीटर घोल में से, जिसका 4% चीनी है, 1 लीटर पानी भाप बनकर उड़ जाता है। शेष घोल में चीनी का प्रतिशत है—

(1) $1\frac{4}{5}\%$ (2) $3\frac{3}{5}\%$

(3) $4\frac{4}{5}\%$ (4) $9\frac{3}{5}\%$ **[LDC, 1996]**

138. 48 मिलीलीटर अल्कोहल में कितना पानी मिलाया जाए जिससे 25% अल्कोहल का विलयन बन जाए ?

(1) 48 मिली० (2) 64 मिली०

(3) 144 मिली० (4) 192 मिली०

[MAT, 2002]

139. 300 ग्राम चीनी के घोल में 40% चीनी है। इसमें कितने ग्राम चीनी और मिलाई जाए कि नए घोल में 50% चीनी हो जाए ?

(1) 40 ग्राम (2) 50 ग्राम

(3) 60 ग्राम (4) 80 ग्राम

[VLW, 2002]

140. किसी 400 मिली० विलयन में, जिसमें 15% अल्कोहल है, कितना शुद्ध अल्कोहल मिलाया जाए, ताकि प्राप्त मिश्रण में अल्कोहल की सान्द्रता 32% हो जाए ?

(1) 60 मिली० (2) 100 मिली०

(3) 128 मिली० (4) 68 मिली०

[SSC Graduation Level, 2003]

141. 30 लीटर मिश्रण में जिसमें 90% अल्कोहल है कितना पानी मिलाएँ कि अल्कोहल 80% हो जाए–

(1) 3.5 लीटर (2) 2.75 लीटर

(3) 6.5 लीटर (4) 3.75 लीटर

[Federal Bank (P.O.), 2003]

142. 15% सान्द्रता वाले 800 मिली० घोल को 32% सान्द्रता वाले घोल में परिवर्तित करने के लिए कितनी शुद्ध अल्कोहल मिलानी चाहिए ?

(1) 150 मिली० (2) 200 मिली०

(3) 320 मिली० (4) 480 मिली०

[SSC 1997, RRB 2009]

143. दूध और पानी के 40 लीटर मिश्रण में 10% पानी है। कितना पानी और डाला जाए कि नए मिश्रण में पानी 20% हो जाए ?

(1) 4 लीटर (2) 5 लीटर

(3) 6.5 लीटर (4) 7.5 लीटर

(5) इनमें से कोई नहीं **[SSC, 2003]**

144. 50% अल्कोहल की मात्रा वाले 9 ग्राम शेविंग लोशन में कितने ग्राम पानी मिलाया जाए कि लोशन में अल्कोहल की मात्रा 30% हो जाए ?

(1) 4 (2) 5

(3) 6 (4) 4

(5) इनमें से कोई नहीं **[Asstt. Grade, 1992]**

145. एल्कोहल तथा पानी का 5 लीटर घोल है जिसकी सान्द्रता 20% है। इस घोल में एक लीटर पानी डाल देने पर नये घोल की सान्द्रता क्या होगी ?

(1) $12\frac{1}{2}\%$ (2) $16\frac{2}{3}\%$

(3) 24% (4) 16%

(5) इनमें से कोई नहीं **[MAT 2004, RRB 2009]**

146. 15 लीटर मिश्रण में 20% अल्कोहल तथा शेष पानी है। यदि इसमें 3 लीटर पानी और मिला दिया जाए, तो नए मिश्रण में कितने प्रतिशत अल्कोहल होगी ?

(1) 17 (2) $16\frac{2}{3}$

(3) $18\frac{1}{2}$ (4) 15

(5) इनमें से कोई नहीं **[Clerk. Grade, 1990]**

147. यदि किसी अयस्क में 15% ताँबा है, तो 72 किग्रा० ताँबा प्राप्त करने के लिए कितने अयस्क की आवश्यकता होगी ?

(1) 600 किग्रा० (2) 300 किग्रा०

(3) 480 किग्रा० (4) 500 किग्रा०

(5) इनमें से कोई नहीं **[MAT 1998, MAT 2006]**

148. एक मकान मालिक अपने घर की पेंटिंग कराना चाहता है। उसे बतलाया गया कि उसे 25 कि० ग्रा० पेंट की आवश्यकता होगी। यह मानते हुए कि 15% बर्बाद होगा और पेंट 2 कि० ग्रा० के टिनों में उपलब्ध हो, तो घर की रंगाई के लिए जरूरी टिनों की संख्या होगी—

(1) 15 (2) 12

(3) 10 (4) 20

[LDC 1996, SSC 2008]

149. एक पानी की टंकी में नमक भार के अनुसार 5% है, टंकी के 40 लीटर पानी में x लीटर ताजा पानी जाता है और इस प्रकार कुल घोल में नमक 2% रह जाता है, तो x का मान है—

(1) 40 (2) 50
(3) 55 (4) 60
(5) इनमें से कोई नहीं **[Income Tax, 1997]**

150. यदि पानी में 20% एल्कोहल के 6 लीटर विलयन को पानी में 60% एल्कोहल के 4 लीटर विलयन से मिलाया जाए, तो मिश्रण में एल्कोहल कितने प्रतिशत है ?

(1) 60% (2) 78%
(3) 40% (4) 36%
(5) इनमें से कोई नहीं **[MAT 1995, SSC 2008]**

151. किसी विद्यालय में 600 छात्र हैं, उनमें से प्रत्येक अंग्रेजी अथवा हिन्दी अथवा दोनों पढ़ता है, यदि 75% अंग्रेजी तथा 45% हिन्दी पढ़ते हैं, तब दोनों पढ़नेवालों की संख्या–

(1) 48 (2) 60
(3) 80 (4) 120
(5) इनमें से कोई नहीं

[RRB Patna (ASM), 1997]

152. किसी बैंक की अधिकारी भर्ती परीक्षा में जितने अभ्यर्थी लिखित परीक्षा में सफल हुए उनमें से 70% दक्षता परीक्षा में उत्तीर्ण हुए तथा 65% साक्षात्कार में। यदि 27% दोनों परीक्षाओं में असफल हुए और 278 दोनों परीक्षाओं में सफल हुए हों, तो लिखित परीक्षा में कितने अभ्यर्थी सफल हुए थे ?

(1) 400 (2) 350
(4) 450 (4) इनमें से कोई नहीं

[RRB Muzaffarpur (ASM), 1997]

153. एक परीक्षा में 35% परीक्षार्थी एक विषय में असफल होते हैं तथा 42% परीक्षार्थी दूसरे विषय, जबकि 15% दोनों विषयों में असफल होते हैं। अगर 2500 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए हों, तो कितने परीक्षार्थी एक विषय में सफल हुए लेकिन दोनों विषयों में नहीं ?

(1) 325 (2) 1175
(3) 2125 (4) इनमें से कोई नहीं

[GEET 1997, RRB 2008]

154. किसी पार्टी में 78% व्यक्ति कॉफी एवं 65% व्यक्ति सॉफ्ट ड्रिंक पीते हैं। 27% व्यक्ति कुछ नहीं पीते हैं एवं 248 व्यक्ति कॉफी व सॉफ्ट ड्रिंक दोनों पीते हैं। पार्टी में कुल कितने व्यक्ति उपस्थित थे ?

(1) 300 (2) 400
(3) 500 (4) 600 **[MAT, 1997]**

155. एक परीक्षा में कुल विद्यार्थियों का 35% हिन्दी में, 45% अंग्रेजी में तथा 20% दोनों में फेल हुए। दोनों विषयों में पास होने वाले विद्यार्थियों का प्रतिशत है—

(1) 20 (2) 30
(3) 40 (4) 80

[RRB Mumbai (ASM), 1999]

156. किसी विद्यालय में परीक्षार्थियों का 85% बंगला में उत्तीर्ण हुए, 70% गणित में एवं 65% दोनों विषयों में उत्तीर्ण हुए। यदि कुल परीक्षार्थियों की संख्या 60 है, तो दोनों विषयों में अनुत्तीर्ण परीक्षार्थी की संख्या है—

(1) 6 (2) 9
(3) 13 (4) 26

[RRB Kolkata, 2001]

157. किसी परीक्षा में परीक्षार्थियों के 52% अंग्रेजी में असफल एवं 42% गणित में असफल रहे। यदि 17% अंग्रेजी एवं गणित दोनों में अनुत्तीर्ण हुए, तो दोनों विषयों में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों का प्रतिशत है—

(1) 17% (2) 23%
(3) 40% (4) 6%

[RRB Kolkata, 2001]

158. एक सर्वे में 30% लोगों के पास सेलुलर टेलीफोन पाया गया और 75% लोगों के पास पर्सनल कम्प्यूटर पाया गया। यदि 25% लोगों के पास सेलुलर टेलीफोन और पर्सनल कम्प्यूटर दोनों हैं, तो लोगों का वह प्रतिशत जिनके पास सेलुलर टेलीफोन या पर्सनल कम्प्यूटर या दोनों हों, होगा—

(1) 60% (2) 80%
(3) 75% (4) 70%

[RRB Gorakhpur, 2002]

159. एक शहर के 90% जनता के पास मोटरकार है। 15% के पास मोटर साइकिल है। सबके पास कम-से-कम एक या दोनों हैं, ता कितने % मोटर साइकिल वालों के पास कार है ?

(1) 25% (2) $33\frac{1}{3}\%$
(3) 30% (4) $40\frac{2}{3}\%$
(5) $15\frac{7}{8}\%$ **[RRB Kolkata, 2001]**

160. किसी परीक्षा में 65% छात्र अंग्रेजी में पास हुए और 56% गणित में। 25% दोनों विषयों में फेल हुए। यदि 414 दोनों विषयों में पास हुए, तो कुल छात्र कितने थे ?

(1) 900 (2) 800
(3) 1000 (4) 700 **[MAT, 2004]**

161. 40% लोग समाचार-पत्र x पढ़ते हैं। 50% लोग समाचार-पत्र y पढ़ते हैं और 10% लोग दोनों समाचार-पत्र पढ़ते हैं। कितने प्रतिशत लोग दोनों में से कोई भी समाचार-पत्र नहीं पढ़ते ?

(1) 10% (2) 15%
(3) 20% (4) 25%

[RRB Gorakhpur, 2001]

162. किसी परीक्षा में 52% परीक्षार्थी विज्ञान में फेल हुए तथा 40% अंग्रेजी में फेल हुए। यदि 27% परीक्षार्थी दोनों विषयों में फेल हुए हों, तो उनकी प्रतिशतता जो दोनों विषयों में पास हुए हैं होगी—

(1) 35% (2) 48%
(3) 60% (4) 63%
(5) इनमें से कोई नहीं

163. किसी शहर की जनसंख्या 10 लाख है। जिसमें 52% पुरुष है तथा शेष महिलाएँ हैं। यदि पुरुष जनसंख्या का 20% और महिला जनसंख्या का 5% साक्षर हों, तो शहर में कुल कितने लोग साक्षर हैं ?

(1) 128000 (2) 12800
(3) 250000 (4) 2500
(5) इनमें से कोई नहीं **[Asstt. Grade, 1988]**

164. किसी गाँव की जनसंख्या का $\frac{5}{9}$ भाग पुरुष है। यदि 30% पुरुष विवाहित हों, तो अविवाहित स्त्रियों की संख्या कुल जनसंख्या की कितने प्रतिशत होगी ?

(1) 70% (2) 40%
(3) $27\frac{7}{9}\%$ (4) 20%
(5) इनमें से कोई नहीं **[Asstt. Grade, 1992]**

165. किसी शहर में 40% अशिक्षित हैं तथा 60% गरीब। धनी व्यक्तियों में 10% अशिक्षित हैं, तो गरीब जनसंख्या का कितना प्रतिशत अशिक्षित है ?

(1) 36% (2) 40%
(3) 60% (4) इनमें से कोई नहीं

[GEET, 1997]

166. किसी शहर की कुल जनसंख्या का 35% प्रवजक हैं, जिसमें से 20% ग्रामीण हैं। स्थानीय जनसंख्या का 48% महिला वर्ग है जबकि यही वर्ग ग्रामीण और शहरी प्रवजक के लिए क्रमशः 30% और 40% हैं। अगर शहर की जनसंख्या 728400 है, तो महिलाओं की संख्या बताएँ—

(1) 324138 (2) 509940
(3) 349680 (4) इनमें से कोई नहीं

[GEET 1997, MAT 2009]

167. एक कम्पनी के 75% कर्मचारी कुशल कारीगर की श्रेणी में आते हैं और बाकी अकुशल कारीगरों की। इनमें से 80% पहली वाली और 20% दूसरे वाली श्रेणी के कर्मचारी स्थायी हैं। यदि अस्थायी कर्मचारियों की संख्या 63 है, तो कम्पनी के कुल कर्मचारियों की संख्या बताएँ—

(1) 150 (2) 196
(3) 260 (4) 180
(5) इनमें से कोई नहीं **[RRB Mumbai, 1995]**

168. एक बाजार सर्वेक्षण में 20% ने उत्पाद A के प्रति अभिरुचि दिखाई तथा 60% ने उत्पाद B के प्रति। शेष व्यक्तियों की अभिरुचि का निश्चय नहीं हो पाया है। यदि उत्पाद B के प्रति अभिरुचि रखनेवालों तथा जिनकी अभिरुचि अनिश्चित है, के मध्य अन्तर 720 था, तो इस सर्वेक्षण में कितने व्यक्तियों को रखा गया ?

(1) 3600 (2) 1800
(3) 1440 (4) आँकड़े अपर्याप्त हैं

[RRB Mumbai(ASM), 1999]

169. एशिया प्रशान्त क्षेत्र में कराए गए एक सर्वेक्षण से ज्ञात हुआ कि 75% भारतीय बच्चे दो घंटे से अधिक टी०वी० कार्यक्रम देखते हैं। यदि सर्वेक्षण में 5700 बच्चों को शामिल किया गया हो और उनमें 48% बच्चे भारतीय हों, तो कुल कितने भारतीय बच्चे दो घंटे से अधिक टी० वी० कार्यक्रम देखते हैं ?

(1) 2736 (2) 2320
(3) 2060 (4) 2042
(5) इनमें से कोई नहीं

[BSRB Mumbai (Clerk), 1999]

170. शताब्दी एक्प्रेस गाड़ी में 500 सीटें हैं। इनमें से 10% अधिशासी (Executive) वर्ग के लिए हैं तथा शेष चेयर कार हैं। एक यात्रा के दौरान रेलगाड़ी की क्षमता का 85% सीटें बुक हुईं। यदि अधिशासी क्षमता की 96% सीटें बुक हुईं, तो यात्रा के दौरान कितनी चेयर कार सीटें खाली रहीं ?

(1) 75 (2) 73
(3) 71 (4) इनमें स कोई नहीं

[MAT 2002, SSC 2008]

171. किसी परीक्षा में पाँच प्रश्न हल करने का निर्देश दिया गया, 5% परीक्षार्थियों ने सभी पाँच प्रश्न को हल किया तथा 5% परीक्षार्थियों ने किसी भी प्रश्न को हल नहीं किया। तब शेष परीक्षार्थियों के 25% ने केवल एक प्रश्न तथा 20% परीक्षार्थियों ने चार प्रश्न हल किए थे। यदि कुल परीक्षार्थियों के $24\frac{1}{2}\%$ ने दो प्रश्न हल किए तथा 200 परीक्षार्थियों ने तीन प्रश्न हल किए, तो परीक्षा में कुल कितने परीक्षार्थी सम्मिलित हुए थे ?

(1) 600 (2) 800
(3) 1000 (4) 700

[RRB Bhopal 2001, CET, 2008]

172. किसी संगठन के कुल कर्मचारियों, जो पदोन्नति प्रक्रिया में शामिल हुए थे, में से 35% साक्षात्कार के लिए चुन लिए गए थे। साक्षात्कार में से 20 प्रतिशत को पदोन्नति मिली। यदि 378 कर्मचारियों को पदोन्नति मिली हो, तो इस प्रक्रिया में कितने कर्मचारी शामिल हुए थे ?

(1) 2520 (2) 1080
(3) 1890 (4) 5400
(5) इनमें से कोई नहीं

[Corporation Bank (Clerk), 2002]

173. किसी विद्यालय में 20% छात्र 8 वर्ष से कम उम्र के हैं तथा 8 वर्ष के छात्रों की संख्या के $\frac{2}{3}$ भाग 8 वर्ष से अधिक की उम्र के हैं और इनकी संख्या 48 है। विद्यालय में छात्रों की कुल संख्या कितनी है ?

(1) 72 (2) 120
(3) 80 (4) 150
(5) इनमें से कोई नहीं

[Federal Bank (P.O.), 2003]

174. प्रसाद की मासिक आय अनाम की मासिक आय से 25% अधिक है। अनाम की मासिक आय भूषण की मासिक आय से 75% कम है। यदि प्रसाद और भूषण की मासिक आय में 26125 रु० का अन्तर है, तो अनाम की मासिक आय क्या है ?

(1) 8000 रु० (2) 16000 रु०
(3) 9500 रु० (4) आँकड़े अपर्याप्त हैं
(5) इनमें से कोई नहीं

[RRB Officer Grade 'B', 2004]

175. किसी नगर की जनसंख्या 12000 है। यदि पुरुषों की जनसंख्या में 6% वार्षिक वृद्धि होती हो तथा स्त्रियों की जनसंख्या में 8% वृद्धि होती हो, तो वर्ष के अन्त में कुल जनसंख्या 12800 हो जाती है। नगर में पुरुषों की संख्या ज्ञात कीजिए–

(1) 8000 (2) 7500
(3) 7200 (4) 6500.

[Delhi Police 1997, IB 2006]

176. किसी शहर की जनसंख्या 8000 थी। एक वर्ष में पुरुषों की जनसंख्या में 10% तथा स्त्रियों की जनसंख्या में 8% की वृद्धि हुई, लेकिन कुल जनसंख्या में 9% वृद्धि हुई। शहर में पुरुषों की संख्या थी–

(1) 6000 (2) 5000
(3) 4500 (4) 4000 **[BSF, 1997]**

177. एक आदमी की आय 5% प्रतिवर्ष बढ़ती है। यदि उसकी आय इस समय 620 रु० हो, तो आज से दो वर्ष बाद उसकी आय क्या होगी ?

(1) 672.25 रु० (2) 683.55 रु०
(3) 762.33 रु० (4) 636.25 रु०
(5) इनमें से कोई नहीं **[LIC, 2006]**

178. किसी नगर की आबादी 5% प्रतिवर्ष बढ़ती है, तो 3 वर्ष के अन्त में उसकी आबादी क्या होगी जबकि उसकी शुरू की आबादी 8000 हो ?

(1) 8840 (2) 9261
(3) 8331 (4) 1085
(5) इनमें से कोई नहीं **[RRB, 2005]**

179. एक कस्बे की जनसंख्या 64000 है। प्रतिवर्ष 10% की दर से निरन्तर वृद्धि हो, तो 3 वर्ष बाद जनसंख्या में वृद्धि कुल कितनी हुई ?

(1) 19200 (2) 21184
(3) 46656 (4) 85184
(5) इनमें से कोई नहीं **[IB., 2003]**

180. एक गाँव की जनसंख्या 10% वार्षिक दर से घटती है। यदि वर्तमान में जनसंख्या 4000 हो, तो 2 वर्ष बाद गाँव की जनसंख्या क्या होगी ?

(1) 3200 (2) 3248
(3) 3108 (4) 3240
(5) इनमें से कोई नहीं **[PO 1993, SSC 2005]**

181. एक शहर की आबादी प्रतिवर्ष 4% बढ़ जाती है। यदि वर्ष से प्रारम्भ में आबादी 120000 हो, तो वर्ष के अन्त में आबादी क्या होगी ?

(1) 144400 (2) 122200
(3) 124800 (4) 140000

[CBI 1998, MAT 2008]

182. एक मशीन का मूल्य प्रतिवर्ष 20% कम होता जाता है। यदि मशीनरी 62500 रु० में खरीदी गई है, तो तीसरे वर्ष के अन्त में उसका मूल्य क्या होगा ?

(1) 25000 रु० (2) 28000 रु०
(3) 32000 रु० (4) 35000 रु०

[RRB Mahendru Ghat, 2002]

183. एक राज्य की लोक संख्या में प्रत्येक वर्ष में 10% की वृद्धि होती है। यदि 1998 में लोकसंख्या 18 लाख थी, तो 2000 में लोकसंख्या कितनी थी ? (लाखों में)

(1) 21.6 (2) 21.78
(3) 19.8 (4) 20.16
(5) इनमें से कोई नहीं **[RBI, 2003]**

184. किसी जनपद में रहने वाले व्यक्तियों की संख्या 64000 है। यदि यह जनसंख्या $2\frac{1}{2}$% वार्षिक की दर स बढ़ती है, तो 3 वर्ष बाद वहाँ रहने वाले व्यक्तियों की संख्या हो जाएगी—

(1) 70000 (2) 69200
(3) 68921 (4) 68911

[SSC Graduation Level, 2003]

185. किसी शहर की जनसंख्या वर्ष में 4 प्रतिशत बढ़ती है, परन्तु प्रवजन के कारण वर्ष में $\frac{1}{2}$ प्रतिशत घटती है, तीन वर्षों में कितने प्रतिशत की वृद्धि होगी ?

(1) 10 (2) 9.8
(3) 10.5 (4) 10.8

[RRB Muzaffarpur, 2003]

186. एक फ्लैट का बाजार मूल्य प्रतिवर्ष 10% बढ़ता है। उसका वर्तमान बाजार मूल्य 1996500 रु० है, तो तीन वर्ष पूर्व उसका मूल्य क्या था ?

(1) 1525000 रु० (2) 1565500 रु०
(3) 1525600 रु० (4) 1565000 रु०
(5) इनमें से कोई नहीं

[INDIAN BANK (PO), 2004]

187. एक नगर की तीन वर्ष पहले जनसंख्या 160000 थी। यदि यह अन्तिम तीन वर्ष में 3%, 2.5% और 5% बढ़ी हो, तो उस नगर की वर्तमान जनसंख्या कितनी है ?

(1) 176800 (2) 177366
(3) 176432 (2) 178234

[MAT, 2004]

188. एक नगर की वर्तमान जनसंख्या 44100 है तथा वार्षिक जन्म-दर तथा मृत्यु दर क्रमशः 10% और 5% है। दो वर्ष पूर्व नगर की जनसंख्या कितनी थी ?

(1) 40000 (2) 36000
(3) 32000 (4) इनमें से कोई नहीं

[MBA, 2001]

189. किसी नगर की 4 वर्ष की उत्तरोत्तर जनगणना में क्रमशः 20% की वृद्धि, 20% की वृद्धि, 20% की कमी और 20% की कमी हो जाती है। 4 वर्षों में जनसंख्या में निबल परिवर्तन का प्रतिशत लगभग है—

(1) –7.84 (2) +7.84
(3) 0 (4) –16

[RRB Bhopal, 2001]

190. किसी फ्लैट का मूल्य 500000 रु० है। यदि प्रतिवर्ष इसका मूल्य 10% घट जाता है, तो कितने समय बाद इसका मूल्य 364500 रु० रह जाएगा ?

(1) 3 वर्ष (2) 4 वर्ष
(3) 5 वर्ष (4) 6 वर्ष **[MAT, 2004]**

191. 133100 रु० की लागत से एक भवन 72900 मूल्य वाली भूमि पर बनाया गया। कितने वर्ष पश्चात् दोनों के मूल्य बराबर हो जाएँगे। यदि भूमि का मूल्य 10% प्रतिवर्ष बढ़ता है तथा भवन का मूल्य 10% प्रतिवर्ष घटता हो ?

(1) $1\frac{1}{2}$ वर्ष (2) 2 वर्ष
(3) $2\frac{1}{2}$ वर्ष (4) 3 वर्ष

[RRB Mumbai (ASM) 1999, CPO 2006]

192. एक कस्बे की वर्तमान जनसंख्या 8000 है। यदि जनसंख्या वृद्धि 5% प्रति वर्ष, तब कस्बे की जनसंख्या कितने वर्षों बाद 9261 होगी ?

(1) 6 वर्ष (2) 5 वर्ष
(3) 4 वर्ष (4) 3 वर्ष

[RRB Guwahati 1997, LIC 2008]

193. एक पात्र में शुद्ध दूध है। उसमें 20% दूध के बदले पानी मिला दिया जाता है और यह प्रक्रिया तीन बार दुहराई जाती है। तीसरी प्रक्रिया के बाद शुद्ध दूध है—

(1) 40.0% (2) 50.0%
(3) 51.2% (4) 58.8%

[LDC 1996, RRB 2009]

194. चीनी के मूल्य में 10% कमी हो जाने के कारण दुकानदार 2250 रु० में 25 कि० ग्रा० चीनी अधिक प्राप्त करता है। चीनी मूल्य प्रति कि० ग्रा० पहले कितना था ?

(1) 8 रु०　　(2) 9 रु०
(3) 10 रु०　　(4) 11 रु०　**[CPO, 1998]**

195. चावल के मूल्य में 20% की कमी होने से एक व्यक्ति 385 रुपये में 3.5 कि० ग्रा० चावल और खरीद लेता है। चावल का प्रारंभिक मूल्य प्रति कि० ग्रा० है—
(1) 20 रु०　　(1) 22.50 रु०
(3) 25 रु०　　(4) 27.50 रु
[SSC Graduate Level, 2003]

196. सेब के मूल्य में 25% कमी होने पर एक ग्राहक 240 रु० में 2 कि० ग्रा० सेब अधिक खरीद सकता है, तो सेबों का घटा मूल्य क्या है ?
(1) 35 रु०　　(2) 45 रु०
(3) 40 रु०　　(4) 30 रु०　**[MAT, 2004]**

197. यदि किसी वस्तु x के मूल्य में 30% की कमी कर दी जाए तो एक गृहणी को 20 रु० में वस्तु x की 6 किलोग्राम मात्रा अधिक मिलती है। x वस्तु के मूल्य में कमी होने से पहले प्रति किलोग्राम मूल्य क्या था ?
(1) $2\frac{1}{2}$ रु०　　(2) $3\frac{1}{3}$ रु०
(3) $1\frac{3}{7}$ रु०　　(4) इनमें से कोई नहीं
[MAT 1995, SSC 2008]

198. यदि A की ऊँचाई B की ऊँचाई से 10% अधिक है तो B की ऊँचाई A की ऊँचाई से कितना प्रतिशत कम है?
(1) 10%　　(2) $10\frac{1}{9}\%$
(3) $10\frac{1}{11}\%$　　(4) $9\frac{1}{11}\%$
(5) इनमें से कोई नहीं　**[R.R.B., 2002]**

199. यदि Y का मान X के मान से 20% अधिक है तो X का मान Y के मान से कितना कम होगा ?
(1) 16%　　(2) $16\frac{1}{3}\%$
(3) $16\frac{2}{3}\%$　　(4) $16\frac{3}{5}\%$
(5) इनमें से कोई नहीं　**[Asstt. Grade, 1991]**

200. A की आय B की आय से 10% अधिक है। B की आय A की आय से कितने प्रतिशत कम है ?
(1) $11\frac{1}{9}$　　(2) 10
(3) $9\frac{1}{11}$　　(4) 5
[Delhi Police 1997, RRB 2008]

201. राम की आय मोहन की आय से 20% कम है। मोहन की आय राम की आय से कितना अधिक है ?
(1) 16.66%　　(2) 18%
(3) 20%　　(4) 25%
(5) इनमें से कोई नहीं　**[Clerk Grade, 2003]**

202. A की तनख्वाह B से 50% कम है। B की तनख्वाह A से कितना प्रतिशत अधिक है ?
(1) $33\frac{1}{3}\%$　　(2) 50%
(3) 75%　　(4) 100%
(5) इनमें से कोई नहीं　**[G.I.C., 2004]**

203. यदि x का मान y के मान से 25% कम हो, तो y का मान x के मान से अधिक है—
(1) $33\frac{1}{3}\%$　　(2) 25%
(3) 75%　　(4) $66\frac{2}{3}\%$
[SSC Graduate Level, 1999]

204. चीनी के मूल्य में 20% की वृद्धि के कारण किसी परिवार द्वारा चीनी के उपभोग को कितने प्रतिशत घटाया जाए, जिससे उस परिवार के खर्च पर कोई प्रभाव न पड़े?
(1) $22\frac{1}{3}\%$　　(2) $64\frac{1}{3}\%$
(3) $16\frac{2}{3}\%$　　(4) 50%
[RRB Guwahati 1997, CET 2008]

205. चाय के मूल्य में 25% की वृद्धि हो जाती है, तो उसके खपत में कितने प्रतिशत की कमी की जाए कि खर्च में कोई परिवर्तन न हो ?
(1) 25%　　(2) $16\frac{1}{3}\%$
(3) 20%　　(4) $33\frac{1}{3}\%$
(5) इनमें से कोई नहीं　**[B.S.R.B., 2009]**

206. यदि कपड़े का मूल्य 25% बढ़ जाए, तो एक मनुष्य कितने प्रतिशत अपनी आवश्यकताओं में कटौती करे कि उसे अपना खर्च 10% बढ़ाना पड़े ?
(1) 10%　　(2) 12%
(3) 14%　　(4) 11%
(5) इनमें से कोई नहीं　**[L.I.C. 2005, RRB 2009]**

207. अगर मूल्यों में 30% की वृद्धि की जाए, तो बजट को समान रखने पर खपत में कितने प्रतिशत की कमी होगी?

yousmahboob

(1) 30% (2) $16\frac{2}{3}\%$

(3) $23\frac{1}{13}\%$ (4) 25% **[MAT, 1997]**

208. मोहन के वेतन में 10% की कटौती कर दी गई । उसके वेतन को पुनः उसी मूल राशि पर करने के लिए वेतन में वृद्धि करनी होगी–

(1) 10% (2) 11%

(3) $11\frac{1}{9}\%$ (4) 12.5%

(5) इनमें से कोई नहीं **[Subordinate, 2005]**

209. यदि चीनी का प्रति किलो मूल्य 6 रु० से बढ़कर 7.50 रु० प्रति किलो हो जाए, तो एक व्यक्ति अपने चीनी की खपत में कितने प्रतिशत कमी करे कि चीनी पर खर्च में कोई अन्तर न हो ?

(1) 15% (2) 20%

(3) 25% (4) 30%

(5) इनमें से कोई नहीं **[Clerk Grade, 1992]**

210. यदि किसी त्रिभुज के आधार में 10% वृद्धि कर दी जाए, तथा उसके क्षेत्रफल में कोई परिवर्त्तन नहीं आये, तो उसकी ऊँचाई में कितने प्रतिशत कमी करनी होगी ?

(1) $9\frac{1}{11}\%$ (2) 12%

(3) $13\frac{1}{9}\%$ (4) 10%

(5) इनमें से कोई नहीं **[Delhi Police, 1993]**

211. यदि चीनी के मूल्य में 25% की वृद्धि की जाए, तो एक गृहणी को कितने प्रतिशत का उपभोग कम कर देना चाहिए ताकि उसको चीनी पर अधिक खर्च न पड़े ?

(1) 10% (2) 20%

(3) 30% (4) 25%

(5) इनमें से कोई नहीं

[Sub. Inspector of Police, 1998]

212. अफनान अपनी आमदनी का 10% बचाती थी । लेकिन दो वर्ष बाद जब उसकी आमदनी 20% बढ़ी तो वह उतना ही बचा सकी, जितना कि पहले बचाती थी। उसका खर्चा कितने प्रतिशत बढ़ा ?

(1) 22% (2) $22\frac{2}{9}\%$

(3) $23\frac{1}{3}\%$ (4) 24%

[CPO 1998, H.M. 2007]

213. एक धन को 5 गुणा करने के स्थान पर गलती से 5 से भाग दे दिया गया । सही आधार पर की गई त्रुटि का प्रतिशत है–

(1) 17 (2) 83

(3) 96 (4) 3

(5) इनमें से कोई नहीं **[R.R.B., 2003]**

214. एक विद्यार्थी ने किसी संख्या को $\frac{5}{3}$ से गुणा करने के स्थान पर इसे $\frac{3}{5}$ से गुणा कर दिया । परिकलन में त्रुटि प्रतिशत कितनी है ?

(1) 44% (2) 34%

(3) 54% (4) 64%

[SSC Graduate Level, 1999]

215. यदि किसी वर्ग की भुजा 25% बढ़ा दी जाए, तो उसका क्षेत्रफल कितना बढ़ जाएगा ?

(1) 25% (2) 55%

(3) 40.50% (4) 56.25%

(5) इनमें से कोई नहीं **[Asstt. Grade, 1993]**

216. किसी आयत की लम्बाई 20% बढ़ाया जाता है तथा उसकी चौड़ाई 20% कम किया जाता है । उस प्रकार उसके क्षेत्रफल में कमी होगी ?

(1) 0.8% (2) 1.2%

(3) 4% (4) 8%

(5) इनमें से कोई नहीं **[U.D.C., 1993]**

217. एक मकान के कारीडोर की चौड़ाई यदि 50% बढ़ा दी जाए और लम्बाई 10% घटा दिया जाए, तो उसके क्षेत्रफल में क्या परिवर्त्त होगा ?

(1) 30% बढ़ जाएगा (2) 30% घट जाएगा

(3) 35% बढ़ जाएगा (4) 40% घट जाएगा

(5) इनमें से कोई नहीं **[MAT, 2003]**

218. किसी वृत्त की त्रिज्या में 50% कमी कर दी जाए, तो उसका क्षेत्रफल कम होगा–

(1) 25% (2) 50%

(3) 75% (4) 100%

(5) इनमें से कोई नहीं **[Clerk Grade, 1997]**

219. एक वर्ग की लम्बाई व चौड़ाई का कमश 40% तथा 30% वृद्धि करने पर नये आयत का क्षेत्रफल इस वर्ग क्षेत्रफल से कितना अधिक होगा ?

(1) 62% (2) 82%

(3) 42% (4) इनमें से कोई नहीं

[I.B. 2001, P.O. 2008]

220. यदि किसी वर्ग की भुजा 50% बढ़ा दी जाए, तो परिणामी वर्ग के क्षेत्रफल तथा दिए गए वर्ग के क्षेत्रफल में क्या अनुपात होगा ?

(1) 9 : 4 (2) 4 : 5
(3) 4 : 9 (4) 5 : 4
(5) इनमें से कोई नहीं **[S.S.C., 2002]**

221. एक आयत की लम्बाई 30% बढ़ा दी गई तथा चौड़ाई 20% कम कर दी गई । नये आयत का क्षेत्रफल कितने प्रतिशत अधिक या कम होगा ?

(1) 4% अधिक (2) 4% कम
(3) कोई बदलाव नहीं (4) इनमें से कोई नहीं

222. एक वर्ग की लम्बाई तथा चौड़ाई में क्रमशः 10% तथा 20% की बढ़ोतरी की जाती है । परिणामी आयत का क्षेत्रफल दिए गए वर्ग के क्षेत्रफल से कितना अधिक होगा ?

(1) 15.5% (2) 30%
(3) 32% (4) इनमें से कोई नहीं

[SSC, 2009]

223. यदि किसी गोले की त्रिज्या को दुगुना कर दिया जाए, तो उसके पृष्ठ-क्षेत्रफल में कितने प्रतिशत वृद्धि होगी ?

(1) 200% (2) 300%
(3) 700% (4) 400%

[CPO 1998, R.R.B. 2007]

224. यदि किसी वृत्त की त्रिज्या को दुगुना कर दिया जाए, तो उसके क्षेत्रफल में निम्न वृद्धि होगी—

(1) 100% (2) 200%
(3) 300% (4) 400% **[CPO, 1998]**

225. यदि एक धन के किनारे को 25% बढ़ाया जाए, तो इसके पृष्ठीय क्षेत्रफल में होनेवाली प्रतिशत वृद्धि होगी—

(1) 25% (2) 50%
(3) 48.75% (4) 56.25%

[RRB Mumbai (ASM), 1999]

226. यदि किसी वर्ग की सम्मुख भुजाओं के जोड़ों को क्रमशः 40% तथा 30% बढ़ाया जाए, तो परिणामी आयत का क्षेत्रफल, वर्ग के क्षेत्रफल से कितना अधिक होगा ?

(1) 42% (2) 62%
(3) 82% (4) 75% **[MAT, 2004]**

227. यदि किसी संख्या में 10% बढ़ोतरी की जाए और फिर 10% कमी की जाए, तो संख्या के मान में—

(1) कोई परिवर्तन नहीं होगा
(2) 0.1% बढ़ोतरी होगी
(3) 1% की बढ़ोतरी होगी
(4) 1% की कमी होगी
(5) इनमें से कोई नहीं **[Asstt Grade, 1991]**

228. एक वस्तु के मूल्य में p% वृद्धि कर दी जाती है, बढ़े हुए मूल्य को p% कम कर देने पर इसका मूल्य 1 रु० हो जाता है । वस्तु का प्रारंभिक मूल्य क्या है ?

(1) 1 रु० (2) $\left(\frac{1-p}{100}\right)^2$ रु०

(3) $\frac{\sqrt{1-p^2}}{100}$ रु० (4) $\left(\frac{10000}{10000-p^2}\right)$ रु०

[CBI 1990, MAT 2008]

229. यदि पंखों के मूल्य में 20% कमी आई तथा उनकी बिक्री 40% बढ़ गई हो, तो बिक्री पर रुपयों में क्या प्रभाव पड़ेगा ?

(1) 12% की कमी (2) 12% की वृद्धि
(3) 30% की वृद्धि (4) 20% की वृद्धि
(5) इनमें से कोई नहीं **[Bank P.O. 1997, LIC 2009]**

230. एक प्रदर्शनी देखने के प्रवेश शुल्क में 25% कमी के फलस्वरूप दैनिक उपस्थिति में 30% की वृद्धि हो जाती है । इससे रोज के कुल प्रवेश शुल्क पर क्या प्रभाव पड़ेगा ?

(1) $2\frac{1}{2}$% की कमी (2) $2\frac{1}{2}$% की वृद्धि
(3) 2% की कमी (4) 2% की वृद्धि
(5) इनमें से कोई नहीं

[BSRB Patna (Clerk), 2000]

231. किसी व्यक्ति के वेतन में पहले 20% की वृद्धि की गई और फिर उसमें 20% की कमी की गई । उसके वेतन में परिवर्तन है–

(1) 4% कमी (2) 4% वृद्धि
(3) 2% कमी (4) 20% वृद्धि

[SSC Graduate Level, 2002]

232. किसी व्यक्ति के दैनिक उत्पादकता का $33\frac{1}{3}\%$ एक दूसरे व्यक्ति की दैनिक उत्पादकता के 50% के बराबर है। यदि दूसरा व्यक्ति एक दिन में 1500 पेय बना लेता है, तो पहले व्यक्ति की उत्पादकता पेयों के बनाने के रूप में भिन्न है।

(1) 500 (2) 1000
(3) 2000 (4) 2250
(5) इनमें से कोई नहीं **[UDC 1991, RRB 2008]**

233. प्रथम प्रकार के तरल में 20% पानी है तथा दूसरे प्रकार के तरल में 35% पानी है। एक गिलास को 10 भाग प्रथम प्रकार का तरल तथा 4 भाग दूसरे प्रकार का तरल लेकर भरा जाता है। गिलास में भरे गए तरल में पानी का प्रतिशत है–

(1) 37 (2) $24\frac{2}{7}$
(3) 40 (4) 20
[Delhi Police 1991, I.B. 2007]

234. एक परीक्षा में प्रश्न पत्र में n प्रश्न थे। एक विद्यार्थी ने पहले 20 प्रश्नों में 15 प्रश्नों का और शेष प्रश्नों में से एक-तिहाई प्रश्नों का सही उत्तर दिया। सभी प्रश्नों के अंक समान है। यदि उस विद्यार्थी ने 50% अंक प्राप्त किए हों, तो n का मान है–

(1) 20 (2) 40
(3) 50 (4) 100
(5) इनमें से कोई नहीं **[UDC 1992, LIC 2008]**

235. एक मकड़ी किसी खम्भे की लम्बाई का $62\frac{1}{2}\%$ पहले घंटे में चढ़ती है तथा अगले घंटे में शेष ऊँचाई का $12\frac{1}{2}\%$ चढ़ती है। यदि खम्भे की ऊँचाई 192 मी॰ है, तो दूसरे घंटे में उसने कितनी दूरी तय की ?

(1) 3 मी॰ (2) 5 मी॰
(3) 7 मी॰ (4) 9 मी॰ **[BSF, 1997]**

236. A, B से 40% अधिक है, B, C से 20% कम है, तब A : C बराबर है–

(1) 28 : 25 (2) 26 : 25
(3) 3 : 2 (4) 3 : 1 **[BSF, 1997]**

237. दो संख्याएँ 2 : 3 के अनुपात में है। यदि छोटी संख्या के 20% को 20 में जमा करने पर जो प्राप्त होता है वह बड़ी संख्या के 10% को 25 में योग करने के बरारबर हो, तो छोटी संख्या है–

(1) 100 (2) 160
(3) 180 (4) 200
[BSF 1997, H.M. 2009]

238. किसी एक वित्तीय वर्ष में अफनान को कुल 6400 रुपए आयकर के रूप में भुगतान करना पड़ा। आयकर की अदाएगी कुल वार्षिक आय के 8% वार्षिक की दर से की गई थी। आलोच्य वर्ग में अफनान की कुल आय कितनी थी ?

(1) 1 लाख रु॰ (2) 80000 रु॰
(3) 64000 रु॰ (4) 72000 रु॰
(5) इनमें से कोई नहीं
[BSRB Mumbai (Clerk), 1999]

239. एक कामगार सालाना 105000 रु॰ कमाता है। यदि उसे 60000 रु॰ के ऊपर की आय पर आय के 20% कर के अतिरिक्त 1000 रु॰ अदा करने पड़ते हैं, तो उसे कुल कितना कर अदा करना होगा ?

(1) 9050 रु॰ (2) 9100 रु॰
(3) 12000 रु॰ (4) 9000 रु॰
(5) इनमें से कोई नहीं
[BSRB Patna (Clerk), 2000]

240. यदि कर्मचारी का वेतन 12000 रु॰ बढ़ा दिया जाए तथा आयकर की दर 12% से 10% कर दी जाए, तो इसका परिणामी यह होता है कि जितना वह आयकर पहले देता था उतना ही अब देता है। यदि वेतन का 20% दोनों दशाओं में कर मुक्त है, तो उसकी वर्तमान आय कितनी है ?

(1) 66000 रु॰ (2) 72000 रु॰
(3) 60000 रु॰ (4) इनमें से कोई नहीं
[MBA 2001, CBI 2008]

241. एक विक्रेता को कुल बिक्री पर $5\frac{1}{2}\%$ कमीशन और 10000 रु॰ से अधिक बिक्री पर $\frac{1}{2}\%$ बोनस प्राप्त होता है। यदि उसकी कुल आय 1990 रु॰ थी, तो उसकी कुल बिक्री (रुपयों में) थी—

(1) 30000 (2) 32000
(3) 34000 (4) 35000
[CPO, 2003]

संक्षिप्त उत्तर
(Short Answer)

1. (2)	2. (4)	3. (2)	4. (4)	5. (3)
6. (3)	7. (2)	8. (1)	9. (1)	10. (2)
11. (1)	12. (3)	13. (4)	14. (4)	15. (2)
16. (1)	17. (3)	18. (3)	19. (3)	20. (2)
21. (1)	22. (4)	23. (2)	24. (1)	25. (2)
26. (1)	27. (3)	28. (2)	29. (5)	30. (2)
31. (1)	32. (4)	33. (2)	34. (2)	35. (2)
36. (3)	37. (4)	38. (4)	39. (4)	40. (3)
41. (2)	42. (3)	43. (4)	44. (1)	45. (2)
46. (1)	47. (4)	48. (1)	49. (4)	50. (2)
51. (4)	52. (1)	53. (1)	54. (4)	55. (3)
56. (2)	57. (3)	58. (1)	59. (4)	60. (4)
61. (1)	62. (1)	63. (3)	64. (3)	65. (4)
66. (4)	67. (4)	68. (2)	69. (2)	70. (3)
71. (4)	72. (2)	73. (5)	74. (4)	75. (2)
76. (4)	77. (1)	78. (4)	79. (2)	80. (2)
81. (4)	82. (2)	83. (3)	84. (1)	85. (3)
86. (2)	87. (3)	88. (4)	89. (3)	90. (3)
91. (2)	92. (3)	93. (2)	94. (2)	95. (1)
96. (3)	97. (2)	98. (3)	99. (1)	100. (4)
101. (2)	102. (3)	103. (3)	104. (2)	105. (2)
106. (2)	107. (3)	108. (1)	109. (5)	110. (2)
111. (2)	112. (3)	113. (4)	114. (4)	115. (4)
116. (4)	117. (4)	118. (4)	119. (4)	120. (1)
121. (3)	122. (3)	123. (1)	124. (2)	125. (4)
126. (4)	127. (2)	128. (3)	129. (3)	130. (5)
131. (4)	132. (3)	133. (4)	134. (2)	135. (1)
136. (4)	137. (3)	138. (3)	139. (3)	140. (2)
141. (4)	142. (2)	143. (2)	144. (3)	145. (2)
146. (2)	147. (3)	148. (1)	149. (4)	150. (4)
151. (4)	152. (1)	153. (2)	154. (2)	155. (3)
156. (1)	157. (2)	158. (2)	159. (2)	160. (1)
161. (3)	162. (1)	163. (1)	164. (3)	165. (3)
166. (1)	167. (4)	168. (2)	169. (5)	170. (2)
171. (2)	172. (4)	173. (4)	174. (3)	175. (1)
176. (4)	177. (2)	178. (2)	179. (2)	180. (4)
181. (3)	182. (3)	183. (2)	184. (3)	185. (4)
186. (5)	187. (2)	188. (1)	189. (1)	190. (1)
191. (4)	192. (4)	193. (3)	194. (3)	195. (4)
196. (4)	197. (3)	198. (4)	199. (3)	200. (3)
201. (4)	202. (4)	203. (1)	204. (3)	205. (3)
206. (2)	207. (3)	208. (3)	209. (2)	210. (1)
211. (2)	212. (2)	213. (3)	214. (4)	215. (4)
216. (3)	217. (3)	218. (3)	219. (2)	220. (1)
221. (1)	222. (3)	223. (2)	224. (3)	225. (4)
226. (3)	227. (4)	228. (4)	229. (2)	230. (1)
231. (1)	232. (4)	233. (2)	234. (3)	235. (4)
236. (1)	237. (1)	238. (2)	239. (5)	240. (3)
241. (3)				

उत्तर व्याख्यासहित
(Answer with Explanation)

1. (2) $\frac{25}{100}\times\frac{25}{100}=0.0625$

2. (4) 300 का 25% का 20%

$=300\times\frac{25}{100}\times\frac{20}{100}=15$

3. (2) ? का $11\frac{1}{2}\%=46$

या, $?=46\times\frac{2\times100}{23}=400$

4. (4) 30 कि॰ ग्रा॰ का 10% = ? कि॰ ग्रा॰ का 40%

या, $?=\frac{30\times10}{40}=7.5$

5. (3) 3000 का ?% = 2350 का 36% + 1120 का 45%

या, $3000\times\frac{?}{100}=2350\times\frac{36}{100}+1120\times\frac{45}{100}$

या, $30\times ?=846+504=1350$

$\therefore$ $?=45$

6. (3) $\sqrt{?}+280$ का 55% = 272 का $\frac{5}{8}$

या, $\sqrt{?}=154=170$

या, $\sqrt{?}=170-154=16$

$\therefore$ $?=(16)^2=256$

7. (2) 2420 का 14% + 111.2 = 450

$\therefore$ $?=\frac{450}{100}=4\frac{1}{2}$

8. (1) माना $x\%$ है ।

प्रश्नानुसार, 5% का $x\%=3\%$

$\therefore$ $x=\frac{3}{100}\times\frac{100}{5}\times100=60\%$

9. (1) $a\times\frac{8}{100}=b\times\frac{4}{100}$

या, $a=\frac{1}{2}b$

$\therefore$ a का 20% = $a\times\frac{20}{100}$

$=\frac{1}{2}b\times\frac{20}{100}=b$ का 10%

10. (2) $x\times\frac{40}{100}\times\frac{40}{100}=40$

$\therefore\ x=$

11. (1) $x\times\frac{90}{100}=y\times\frac{30}{100}=x\times\frac{p}{100}\times\frac{30}{100}$

या, $\frac{9}{10}=\frac{3}{1000}p$

$\therefore\ p=\frac{1000\times9}{10\times3}=300$

12. (3) $\because$ a का $x\%=b$ का $y\%$

या, $b=a$ का $\frac{x}{y}$

$\therefore$ b का $z\%=a$ का $\frac{x}{y}$ का $z\%=a$ का $\frac{xz}{y}\%$

13. (4) y का $x\%+x$ का $y\%=\frac{y\times x}{100}+\frac{xy}{100}$

$=\frac{2xy}{100}=xy$ का 2%

14. (4) $\because$ y का $90\%=x$

$\therefore\ y=\frac{100x}{90}$

माना कि y, x का $z\%$ है, तो x का $z\%=y$

या, $\frac{xz}{100}=\frac{100x}{90}$

या, $z=\frac{100x}{90}\times\frac{100}{x}$

$=\frac{1000}{9}=111\frac{1}{9}\%$

15. (2) $\therefore$ अभीष्ट प्रतिशत $=\frac{y}{2x}\times100$

$=\frac{y\times100}{2\times y\times80}\times100$

$=\frac{125}{2}\%=62\frac{1}{2}\%$

16. (1) $(x-y)\times\frac{50}{100}=(x+y)\times\frac{30}{100}$

या, $2x=8y$

या, $x=4y$

$\therefore$ अभीष्ट प्रतिशत $=\frac{y}{x}\times100$

$=\frac{y}{4y}\times100=25\%$

17. (3) $\because$ 1400 का $x\%=119$

या, $x=\frac{119\times100}{1400}=8.5$

18. (3) $240\times\frac{11}{2}=x\times\frac{150}{100}$

या, $x=\frac{240\times11\times100}{2\times150}=880$

19. (3) 350 का $x\%=21$

या, $x=21\times\frac{100}{350}=6$

20. (2) $\frac{25}{2}$ का $x\%=150$

या, $x=\frac{150\times100\times2}{25}=1200$

21. (1) माना कि संख्या $=x$

प्रश्नानुसार, $\frac{x\times200}{100}=90$ या, $x=45$

$\therefore$ x का $40\%=45\times\frac{40}{100}=18$

TRICK : $\because$ $200\%=90$

$\therefore\ 40\%=\frac{90}{200}\times40=18$

22. (4) संख्या $=120\times\frac{100}{20}=600$

$\therefore$ 600 का $120\%=600\times\frac{120}{100}=720$

23. (2) माना कि संख्या $=x$

$\therefore\ \left(x\times\frac{50}{100}\right)-\left(x\times\frac{35}{100}\right)=39$

या, $x=260$

$\therefore$ संख्या का $115\%=260\times\frac{115}{100}=299$

24. (1) माना कि संख्या $=x$

$\therefore\ \left(x\times\frac{50}{100}\right)-\left(x\times\frac{35}{100}\right)=12$

या, $x=80$

25. (2) माना कि संख्या $= x$

$\therefore \quad \left(x - \frac{16x}{100}\right) = 42$

या, $x = 50$

26. (1) माना कि संख्या x है, तो $x \times \frac{35}{100} = 63$

$\therefore \quad x = \frac{63 \times 100}{35} = 180$

27. (3) माना कि संख्या x है ।

$\therefore$ (x का 40%) का 16% = 8

या, $\frac{x \times 40}{100} \times \frac{16}{100} = 8$

$\therefore \quad x = \frac{100 \times 100 \times 8}{40 \times 16} = 125$

28. (2) माना कि संख्या $= x$

$\therefore \quad x \times \frac{2}{9} \times \frac{3}{7} \times \frac{1}{3} = 16$

या, $x = 504$

अत: $504 \times \frac{25}{100} = 126$

TRICK : $16 \times \frac{9}{2} \times \frac{7}{3} \times \frac{3}{1} \times \frac{25}{100} = 126$

29. (5) माना कि संख्या $= x$

तब, $x \times \frac{30}{100} \times \frac{15}{100} = 18$ या, $x = 400$

30. (2) संख्या $= \frac{36 \times 8}{72} = 4$

31. (1) माना कि संख्या $= x$

$\therefore$ 40 का 15% − x का 25% = 2

या, $\frac{40 \times 15}{100} - \frac{x \times 25}{100} = 2$

या, $6 - \frac{x}{4} = 2$ या, $\frac{x}{4} = 6 - 2 = 4$

$\therefore \quad x = 4 \times 4 = 16$

32. (4) 50 का 20% $= 50 \times \frac{1}{5} = 10$

$\therefore$ अभीष्ट संख्या = 50 + 10 = 60

33. (2) माना कि संख्या $= x$

$\therefore \quad x + 24 = x + \frac{x \times 20}{100}$

या, $x + 24 = \frac{120x}{100}$ या, $x = 120$

इस संख्या का 120% $= 120 \times \frac{120}{100} = 144$

TRICK :

$\because \quad 20\% = 24$

$\therefore \quad 120\% = \frac{24}{20} \times 120 = 144$

34. (2) माना कि संख्या $= x$

$\therefore \quad x - 40 = x \times \frac{60}{100}$

या, $x - \frac{3}{5}x = 40$ या, $x = 100$

TRICK :

$\because \quad (100 - 60)\% = 40$

$\therefore \quad 100\% = 100$

35. (2) माना कि संख्या x है ।

$\therefore \quad x - \frac{40x}{100} = 30$

$\therefore \quad \frac{60x}{100} = 30$

$\therefore \quad x = \frac{30 \times 100}{60} = 50$

36. (3) माना कि संख्या $= x$

$\therefore \quad \frac{50x}{100} - 50 = 50$

या, $x = 200$

37. (4) अंतिम परिणाम = [x का 108%] का 108%

$= x \times \frac{108 \times 108}{100 \times 100} = 1.1664x$

अत: अभीष्ट उत्तर = 1.1664

38. (4) $x + x \times 5\% = x + \frac{x}{20} = \frac{21x}{20} = 1.05x$

$\therefore$ गुणज = 1.05

39. (4) **TRICK :** प्रतिशत कमी $= \frac{4}{5} \times 100 = 80\%$

40. (3) $2m$ का $2m\% = \frac{2m \times 2m}{100} = \frac{4m^2}{100}$

$\therefore \quad \frac{4m^2}{100} = 1$

या, $m^2 = 100/4 \quad \therefore \quad m = 5$

41. (2) 65 का $\frac{4}{5}=52$ तथा 119 का $\frac{5}{7}=85$

∴ अभीष्ट प्रतिशत

$$=\frac{(85-52)}{85}\times100=38.82\%$$

42. (3) 24.2 का 20% $=24.2\times\frac{12}{100}=2.904$

14.2 का 10% $=14.2\times\frac{10}{100}=1.12$

= 1.484

∴ अभीष्ट अन्तर = (2.904 – 1.42)

= 1.484

43. (4) $\left(600 \text{ रु॰ का } \frac{5}{6}\right)-\left(600 \text{ रु॰ का } \frac{5}{6}\%\right)$

$$=\left(\frac{600\times5}{6}\right)-\left(\frac{600\times5}{6\times100}\right)$$

= (500 – 5) रु॰ = 495 रु॰

44. (1) अभीष्ट प्रतिशत $=\frac{35 \text{ रु॰}}{75 \text{ रु॰}}\times100=46\frac{2}{3}\%$

45. (2) अभीष्ट प्रतिशत $=\frac{2}{24}\times100=\frac{25}{3}\%$

46. (1) अभीष्ट प्रतिशत $=\frac{4 \text{ घंटा } 30 \text{ मिनट}}{24 \text{ घंटा}}\times100$

$$=\frac{\frac{9}{2}}{24}\times100=18\frac{3}{4}\%$$

47. (4) माना कि तीसरी संख्या = 100

तब, पहली संख्या = (100 – 25) = 75

तथा, दूसरी संख्या = (100 – 20) = 80

∴ अभीष्ट प्रतिशत $=\frac{75}{80}\times100=93.75\%$

48. (1)

TRICK :

पहली	दूसरी	तीसरी
100	150	100

अभीष्ट मान $=\frac{120}{100}\times100=120\%$

49. (4) माना कि तीसरी संख्या = 100

∴ पहली संख्या = 130

तथा दूसरी संख्या = 150

∴ अभीष्ट संख्या

$$=\frac{130}{150}\times100=86\frac{2}{3}\%$$

50. (2) माना कि व्यक्ति का वेतन = x रु॰

∴ पहले पुत्र का वेतन $=\frac{70x}{100}=\frac{7x}{10}$ रु॰

तथा दूसरे पुत्र का वेतन $=\frac{63x}{100}$ रु॰

∴ अभीष्ट प्रतिशत

$$=\left(\frac{7x}{10}-\frac{63x}{100}\right)\times\frac{10}{7x}\times100=10\%$$

TRICK : $\frac{(37-30)}{(100-30)}\times100=10\%$

51. (4) माना कि तीसरी संख्या 100 है ।

∴ पहली संख्या = 28 तथा

दूसरी संख्या = 70

∴ अभीष्ट प्रतिशत $=\frac{28}{70}\times100=40\%$

52. (1) माना कि संख्याएँ क्रमशः x तथा y हैं ।

∴ $x+y=\frac{28}{25}x$ या, $y=\frac{3x}{25}$

∴ अभीष्ट प्रतिशत $=\frac{3x}{25\times x}\times100=12\%$

53. (1) माना तीसरी संख्या 100 है ।

∴ पहली संख्या = 100 का 20% = 20

तथा दूसरी संख्या = 100 का 50% = 50

∴ पहली और दूसरी संख्याओं का अनुपात

= 20 : 50 = 2 : 5

54. (4) माना कि संख्या x तथा y है, तब

x का 5% + y का 4%

= (x का 6% + y का 8%) $\times\frac{2}{3}$

या, $5x+4y=(6x+8y)\times\frac{2}{3}$

या, $3x=4y$

∴ $\frac{x}{y}=\frac{4}{3}=4:3$

55. (3) लड़कों की संख्या = (1200 – 660) = 540

∴ लड़कों का प्रतिशत $=\frac{540}{1200}\times100$

= 45%

56. (2) माना कि कुल विद्यार्थी $= x$

$\therefore$ लड़के $= x$ का $60\% = \frac{3x}{5}$ तथा लड़की

$$= \left(x - \frac{3x}{5}\right) = \frac{2x}{5}$$

प्रश्नानुसार, $\frac{2x}{5} = 972$ या, $x = 2430$

$\therefore$ लड़के $= \frac{3}{5} \times 2430 = 1458$

TRICK :

$\because$ $(100 - 60)\% = 972$

$\therefore$ $60\% = 972 \times \frac{60}{40} = 1458$

57. (3) माना कि कुल विद्यार्थी $= x$

$\therefore$ लड़कों की संख्या $= x \times \frac{60}{100} = \frac{3x}{5}$

$\therefore$ लड़कियों की संख्या $= \left(x - \frac{3x}{5}\right) = \frac{2x}{5}$

प्रश्नानुसार,

$\frac{2x}{5} = 300$ या, $x = 750$

$\therefore$ लड़कों की संख्या $= (750 - 300)$
$= 450$

TRICK :

$\because$ $(100 - 60)\% = 300$

$\therefore$ $60\% = 450$

Example : दो वस्तुओं का क्रय मूल्य 2100 रु॰ तथा विक्रय मूल्य समान है । उसमें से एक को 30% लाभ तथा दूसरे को 20% हानि पर बेचा गया । हानि पर बेचे गये वस्तु का क्रय मूल्य क्या होगा ?

हल : यहाँ $x = 30, y = -20$ हानि

अतः हानि वाले वस्तु का क्रय मूल्य

$$=\frac{100+30}{200+30-20}\times2100=\frac{130}{210}\times2100$$

= 1300 रु॰

Example : दो वस्तुओं का सम्मिलित क्रय मूल्य 1500 रु॰ है तथा विक्रय मूल्य समान है । यदि एक को 20% हानि पर तथा दूसरे को 30% हानि पर बेचा गया । 30% हानि पर बेचे जाने वाले वस्तु का क्रय मूल्य ज्ञात करें ।

हल : यहाँ $x = -20, y = -30$

$$\therefore \text{ अभीष्ट क्रय मूल्य } =\frac{100-20}{200-30-20}\times1500$$

$$=\frac{80}{150}\times1500=800 \text{ रु॰}$$

[10] अगर कोई व्यक्ति x रु॰ में y वस्तुओं के भाव से कुछ वस्तुएँ खरीदता है तथा उन्हें y रु॰ में x के भाव से बेचता है, तो

(a) $x > y$ के लिए, प्रतिशत हानि $=\frac{x^2-y^2}{x^2}\times100$

और (b) $x < y$ के लिए,

प्रतिशत लाभ $=\frac{y^2-x^2}{x^2}\times100$

Example : कुछ नारंगी 11 रु॰ में 10 के भाव से खरीदकर 10 रु॰ में 11 के भाव से बेचा गया । प्रतिशत लाभ अथवा हानि ज्ञात करें ।

हल : यहाँ $x = 11, y = 10$

$\because$ $x > y$, अतः हानि होगी ।

$$\text{प्रतिशत हानि } =\frac{(11)^2-(10)^2}{(11)^2}\times100$$

$$=\frac{2100}{121}=17\frac{43}{121}\%$$

Example : यदि राम 10 रु॰ में 15 के भाव से कुछ आम खरीद कर 15 रु॰ में 100 के भाव से बेच देता है। प्रतिशत लाभ अथवा हानि ज्ञात करें ।

हल : प्रतिशत लाभ $=\frac{(15)^2-(10)^2}{(10)^2}\times100$

$$=\frac{125}{100}\times100=125\%$$

[11] यदि x वस्तु का क्रय मूल्य $= y$ वस्तु का विक्रय मूल्य, तो प्रतिशत लाभ अथवा हानि

$$=\frac{x-y}{y}\times100$$

निष्कर्ष धनात्मक हो, तो लाभ होगा, निष्कर्ष ऋणात्मक हो, तो हानि होगी ।

Example : यदि 58 वस्तुओं का क्रय मूल्य 50 वस्तुओं के वि॰ मू॰ के बराबर है, तो प्रतिशत लाभ या हानि क्या है ?

हल : $?=\frac{58-50}{50}\times100=16\%$

चूँकि निष्कर्ष धनात्मक है, अतः लाभ होगा ।

Example : यदि 50 वस्तुओं का वि॰ मू॰ 40 वस्तुओं के क्रय मूल्य के बराबर है, तो प्रतिशत लाभ अथवा हानि ज्ञात करें ।

हल : $?=\frac{40-50}{50}\times100=-20\%$

चूँकि निष्कर्ष ऋणात्मक है, अतः हानि होगा ।

[12] किसी वस्तु को z रु॰ में बेचने पर उससे वि॰ मू॰ का $x\%$ लाभ होता है । वस्तु का क्रय मूल्य होगा

$$=\frac{100-x}{100}\times z$$

Example : किसी वस्तु को 80 रु॰ में बेचने पर उस पर वि॰ मू॰ का 25% लाभ होता है । वस्तु का क्रय मूल्य क्या होगा ?

हल : **TRICK :** $?=\frac{100-25}{100}\times80=\frac{3}{4}\times80$ $= 60$ रु॰

[13] अगर कोई दुकानदार $m\%$ अधिक कीमत अपने क्र॰ मू॰ पर अंकित करने के बाद नकद भुगतान करने वालों को $n\%$ छूट दे, तो

लाभ या हानि $\%=m-n-\frac{mn}{100}$

अगर मान 'धनात्मक' आए तो लाभ होगा और ऋणात्मक मान आए तो हानि होगी ।

Example : किसी वस्तु का अंकित मूल्य क्रय मूल्य से 10% अधिक है । अंकित मूल्य पर 10% की छूट दी जाती है। इस प्रकार की बिक्री में दुकानदार को क्या होगा ?

[SSC Graduate Level (PT), 2004]

हल : **TRICK :** $10-10-\frac{10\times10}{100}=-1\%$

ऋणात्मक मान आया, अतः हानि होगी ।

[14] (a) किसी वस्तु को $x\%$ रु॰ में बेचने से होने वाले प्रतिशत लाभ का मान क्रय मूल्य के बराबर हो, तो वस्तु का क्रय मूल्य $=10\times\sqrt{x+25}-50$

Example : एक व्यक्ति एक वस्तु को 75 रु॰ में बेचता है और उसे इस पर उतने प्रतिशत लाभ होता है जितना कि उस वस्तु का रु॰ में क्रय मूल्य है, तो वस्तु का क्रय मूल्य क्या होगा ? **[SSC, 2003, BPSC, 2003]**

हल :

TRICK : अभीष्ट क्र॰ मू॰

$=10\times\sqrt{75+25}-50=50$ रु॰

(b) किसी वस्तु को x रु॰ में बेचने से होने वाले प्रतिशत हानि का मान क्रय मूल्य के बराबर हो, तो वस्तु का क्रयमूल्य $=10\times\sqrt{25-x}+50$

Example : एक व्यक्ति एक वस्तु को 24 रु॰ में बेचता है और उसे इस पर उतने प्रतिशत हानि होती है जितना कि उस वस्तु का रु॰ में क्रय मूल्य है, तो वस्तु का क्रय मूल्य क्या होगा ?

हल :

TRICK : अभीष्ट क्र॰ मू॰

$=10\times\sqrt{25-24}+50=60$ रु॰

[15] अगर कोई दुकानदार 1 किलोग्राम की जगह पर x ग्राम का झूठे बाट इस्तेमाल करके किसी सामान को उसके क्रय मूल्य पर ही बेचता है, तो उसका प्रतिशत लाभ

$$=\frac{1000-x}{x}\times100$$

Example : एक दुकानदार दावा करता है कि वह लागत मूल्य पर सामान बेचता है । वह एक किलोग्राम के बाट

के स्थान पर वजन 900 ग्राम देता है, तो उसका लाभ का प्रतिशत क्या है ? **[BPSC, 2003]**

हल :

TRICK : प्रतिशत लाभ $=\frac{1000-900}{900}\times100$

$=\frac{100}{9}\%=11\frac{1}{9}\%$

[16] कुछ वस्तुओं को x रु॰ में a के भाव से खरीदा जाए तथा उतनी ही वस्तुओं को x रु॰ में b के भाव से खरीदा जाए और कुल वस्तुओं को x रु॰ में $\frac{a+b}{2}$ के भाव से बेच दिया जाए, तो प्रतिशत हानि ही होगी, जिसका मान $=\left(\frac{a-b}{a+b}\right)^2\times100$

Example : कुछ नारंगियों को रुपए में 12 के भाव से खरीदा गया तथा उतने ही नारंगियों को रुपए में 8 के भाव से खरीदा गया और कुल नारंगियों को रुपए में 10 के भाव से बेच दिया गया, तो प्रतिशत लाभ या हानि क्या है ?

हल :

TRICK : हानि% $=\left(\frac{12-8}{12+8}\right)^2\times100=4\%$

[17] किसी वस्तु को x रु॰ में बेचने पर उतनी ही हानि होती है जितना कि y रु॰ में बेचने पर लाभ होता है, तो क्र॰ मू॰ $=\frac{x+y}{2}$

Example एक व्यक्ति किसी वस्तु को 1800 रु॰ में बेचता है, तो उसे उतने ही रुपए की हानि होती है जितना उस वस्तु को 2000 रु॰ में बेचने पर उसे लाभ प्राप्त होता है। वस्तु का क्रय मूल्य क्या होगा ?

हल :

TRICK : क्र॰ मू॰ $=\frac{1800+2000}{2}=1900$ रु॰

[18] यदि किसी वस्तु को x रु॰ में बेचने से प्राप्त लाभ उसे y रु॰ में बेचने पर उठाए गए हानि का n गुना हो, तो वस्तु का क्रय मूल्य $=\frac{x+ny}{n+1}$

Example : किसी वस्तु को 2400 रु॰ में बेचने पर प्राप्त लाभ उसे 1600 रु॰ में बेचने पर उठाए गए हानि का तिगुना है, तो वस्तु का क्रय मूल्य क्या है ?

हल :

TRICK : अभीष्ट क्र॰ मू॰ $=\frac{2400+3\times1600}{3+1}$

$=1800$ रु॰

[19] प्रति रुपया x वस्तु खरीदने पर $y\%$ लाभ या हानि हो, तो विक्रय मूल्य की दर $=x\times\frac{100}{100\pm y}$

नोट : लाभ के लिए (+), हानि के लिए (–) का इस्तेमाल करें ।

Example : एक व्यक्ति रुपए में 4 के भाव से नारंगी खरीदा । अब वह रुपए में किस भाव से उसे बेचे जिससे कि उसे 25% का लाभ हो जाए ?

हल :

TRICK : $4\times\frac{100}{100+25}=\frac{16}{5}$

$=3.20$ नारंगी/रु॰

[20] प्रति रुपया x वस्तु बेचने पर $y\%$ लाभ या हानि हो, तो क्रय मूल्य की दर $=x\times\frac{100\pm y}{100}$

Example : एक दुकानदार रुपए में 5 के भाव से नींबू बेचा और उसे 20% का लाभ प्राप्त हुआ । वह रुपए में किस भाव से नींबू खरीदा था ?

हल : **TRICK :** $5\times\frac{100+20}{100}=6$ नींबू/रु॰

[21] प्रति रु॰ x वस्तु बेचने पर $y\%$ लाभ या हानि हो, तो $z\%$ लाभ के लिए विक्रय मूल्य की दर

$=x\times\frac{100\pm y}{100+z}$

Example : 1 रु॰ के 20 की दर से बटन बेचने पर एक व्यक्ति को 4% हानि होती है । 20% लाभ कमाने के लिए एक रुपए के कितने की दर से इन्हें बेचा जाना चाहिए?

हल : **TRICK :** $=20\times\frac{100-4}{100+20}=16$ बटन/रु॰

महत्वपूर्ण प्रश्न (*Important Questions*)

1. रानी ने 700 रु० का अंगूर खरीदी और 840 रु० में बेच दिया। उसे कितना प्रतिशत लाभ हुआ ?

(1) 10% (2) 20%

(3) 30% (4) इनमें से कोई नहीं

[R.R.B., 2005]

2. मुझे 70 रुपये पर 70 पैसे लाभ प्राप्त होता है। मेरा लाभ प्रतिशत है–

(1) 10% (2) 7%

(3) $\frac{1}{10}$% (4) 1%

(5) इनमें से कोई नहीं **[Income Tax, 1992]**

3. एक व्यक्ति ने एक घड़ी 500 रु० में खरीदी और 30% की हानि पर बेच दी। घड़ी का विक्रय मूल्य क्या है ?

(1) 300 रु० (2) 450 रु०

(3) 350 रु० (4) इनमें से कोई नहीं

[Clerk Grade, 2003]

4. एक साइकिल 750 में खरीदी गई, यदि उसे 16% लाभ पर बेचा जाता, तो साइकिल का वि० मू० है—

(1) 630 रु० (2) 650 रु०

(3) 850 रु० (4) 870 रु०

(5) इनमें से कोई नहीं **[Asstt. Grade, 1991]**

5. जब कोई वस्तु 44 रु० में बेची गई तो उस पर 10% लाभ हुआ। लागत मूल्य कितना था ?

(1) 39.60 रु० (2) 41 रु०

(3) 40 रु० (4) तय नहीं कर सकते

(5) इनमें से कोई नहीं **[Bank Clerk, 1995]**

6. एक वस्तु को 36 रु० में बेचने से 20% हानि होती है, वस्तु का लागत मूल्य बताएँ।

(1) 16 रु० (2) 28.80 रु०

(3) 41 रु० (4) इनमें से कोई नहीं

[P.O., 1989] [P.O., 1991]

7. एक रेडियो 15% लाभ पर बेचा गया। यदि वह 600 रु० में बेचा जाता तो 20% का लाभ होता, तो रेडियो का लागत मूल्य क्या है ?

(1) 500 रु० (2) 552 रु०

(3) 570 रु० (4) इनमें से कोई नहीं

[P.O. 1991, RRB 2008]

8. एक इलेक्ट्रिक आयरन 15% लाभ पर बेचा गया। यदि वह 600 रु० में बेचा गया होता, तो 20% लाभ होता। पहले इलेक्ट्रिक आयरन कितने में बेचा गया था ?

(1) 500 रु० (2) 540 रु०

(3) 575 रु० (4) 600 रु०

(5) इनमें से कोई नहीं **[Asstt. Grade, 1993]**

9. किसी वस्तु का क्रय मूल्य 380 रु० है, लाभ क्रय मूल्य का 20% है जबकि पैकिंग पर व्यय वि० मू० के 5% के बराबर है, उसका वि० मू० है–

(1) 510 रु० (2) 456 रु०

(3) 450 रु० (4) 480 रु०

(5) इनमें से कोई नहीं **[UDC 1995, IB 2008]**

10. एक वस्तु को 450 रु० में बेचने पर मुझे 20% की हानि होती है। 20% लाभ प्राप्त करने के लिए मुझे वह वस्तु कितने रुपए में बेचनी चाहिए ?

(1) 600 रु० (2) 625 रु०

(3) 675 रु० (4) 680 रु०

[LIC 2003, H.M. 2009]

11. एक वस्तु को 240 रु० में बेचने पर किसी व्यक्ति को 10% की हानि होती है। वह उसे किस मूल्य पर बेचे कि उसको 20% का लाभ हो ?

(1) 264 रु० (2) 288 रु०

(3) 300 रु० (4) 320 रु०

[SSC 2003, RRB 2009]

12. 16.80 रु० प्रति खिलौने के भाव से बेचने पर एक व्यक्ति को 10% हानि होती है। 20% का लाभ पाने के लिए वह खिलौना किस भाव से बेचे ?

(1) 22.40 रु० (2) 20.40 रु०

(3) 19.20 रु० (4) 18.40 रु०

(5) इनमें से कोई नहीं **[Delhi Police, 1995]**

13. चावल को 5.40 रु० प्रति किग्रा० की दर से बेचने पर 10% का घाटा होता है, तो 20% लाभ कमाने के लिए किस दर से बेचे जाएँ ?

(1) 7.20 रु (2) 7.02 रु०

(3) 7 रु० (4) इनमें से कोई नहीं

[P. O. 1988, S.S.C. 2009]

14. एक वस्तु को 19.50 रु० में बेचने पर एक दुकानदार

30% लाभ कमाता है । 40% लाभ कमाने के लिए वह विक्रय मूल्य में कितना वृद्धि करे ?

(1) 3.00 रु० (2) 2.00 रु०
(3) 1.75 रु० (4) 1.50 रु०
(5) इनमें से कोई नहीं **[Asstt. Grade, 1992]**

15. किसी फल विक्रेता ने 80 रु० में 100 संतरे खरीदे । यदि उनमें से 20 संतरे सड़े हुए हैं, तो उसे 25% लाभ प्राप्त करने के लिए शेष संतरे किस कीमत पर बेचने चाहिए?

(1) 1 रु० प्रति संतरा
(2) 1.20 रु० प्रति संतरा
(3) 1.25 रु० प्रति संतरा
(4) 1.50 रु० प्रति संतरा
(5) इनमें से कोई नहीं

[U.P. Subordinate, 1996]

16. एक दुकानदार 8 दर्जन अंडे 2 रु० के 3 के हिसाब से खरीदता है । स्थानान्तरण में 16 अंडे टूट जाते हैं । वह प्रति अंडा किस भाव से बेचे कि उसे अंडों की टूट के बावजूद 30 % का लाभ हो ?

(1) 1.48 रु० (2) 1.46 रु०
(3) 1.44 रु० (4) 1.04 रु०
(5) इनमें से कोई नहीं **[Clerk Grade, 1994]**

17. एक अण्डे बेचने वाला 6 दर्जन अण्डे 1 रु० के 3 के भाव से खरीदता है । आधे दर्जन अण्डे ले जाने में टूट जाते हैं । तब भी 10% लाभ कमाने के लिए वह प्रति अण्डा किस दर से बेचेगा ?

(1) 37 पैसा (2) 39 पैसा
(3) 40 पैसा (4) 35 पैसा

[RRB Ranchi, 2003]

18. एक व्यक्ति ने कुछ संतरे एक रुपए में तीन की दर से खरीदे और उतने ही संतरे एक रुपए में दो की दर से खरीदे । उन पर 20% लाभ प्राप्त करने के लिए वह उन्हें प्रति दर्जन कितने रुपए की दर से बेचे ?

(1) 4 रु० (2) 5 रु०
(3) 6 रु० (4) 7 रु०
(5) इनमें से कोई नहीं **[UDC 1993, SSC 2008]**

19. रामू एक पुराना स्कूटर 4700 रु० में खरीदता है और 800 रु० उसकी मरम्मत पर खर्च करता है । यदि वह स्कूटर को 5800 रु० में बेचता है, तो उसका प्रतिशत लाभ ज्ञात कीजिए—

(1) 30% (2) 10%
(3) $5\frac{5}{11}\%$ (4) $4\frac{4}{7}\%$

[RRB Mumbai, 2003]

20. शंकर बाबू ने 7200 रु० लगाकर एक पेपर सीट खरीदा तथा खरीदारी के दौरान 200 रु० ट्रान्सपोर्ट पर खर्च हुआ, 600 रु० लगाकर 330 बक्से बनवाए एवं प्रत्येक बक्से को 28 रु० प्रति बक्सा की दर से बेच दिया, तो प्रतिशत लाभ बताएँ–

(1) 40 (2) 60
(3) 180 (4) इनमें से कोई नहीं

[P.O. 1991, RRB 2009]

21. मोहन ने 500 रुपए में 10 कुर्सियाँ खरीदा । वह मरम्मत कराकर उसे 500 रु० प्रति जोड़ा कुर्सी की दर से बेच दिया । जिससे उसे 100 रु० प्रति कुर्सी की दर से लाभ हुआ, तो बताएँ कुर्सियों की मरम्मत में कितना खर्च लगा ?

(1) 1500 रु० (2) 1000 रु०
(3) 250 रु० (4) इनमें से कोई नहीं

[P.O. 1991, SSC 2007]

22. विजय 80 रु० रीम की दर से 120 रीम कागज खरीदा। खरीदारी के दौरान 280 रु० ट्रांसपोर्ट में खर्च किया, 40 पैसा प्रति रीम की दर से चुँगी दिया, 72 रु० कुली को दिया । उसके बाद 8% लाभ कमाने के लिए कागज को किस दर से बेचेगा ?

(1) 90 रु० (2) 87.48 रु०
(3) 89 रु० (4) इनमें से कोई नहीं

[M.B.A., 2001]

23. राम ने 50 पीस कलम तैयार किया । प्रति कलम लागत मूल्य 10 रु० आता है । वह विक्रय एजेन्ट को 5 रु० प्रति पीस देता है तथा सेल्समैन को 1 रु० प्रति पीस देता है, तो बताओ 30% लाभ कमाने के लिए किस दर से बेचेगा ?

(1) 14.43 रु० (2) 16.48 रु०
(3) 20.80 रु० (4) इनमें से कोई नहीं

[P.O. 1988, MAT 2008]

24. किसी बिल्डर ने कोई भूखण्ड 80 लाख रुपए में खरीदा और उस पर भूमिगत सहित पाँच मंजिली बिल्डिंग बनाई। वह प्रत्येक फ्लैट को कितनी कीमत पर बेचे कि उसे भूखण्ड पर किए गए निवेश का 25% लाभ हो, हर मंजिल पर पाँच फ्लैट हैं ?

(1) 50,000 रु॰ (2) 4,00,000 रु॰
(3) 5,00,000 रु॰ (4) 20,00,00 रु॰
(5) इनमें से कोई नहीं

[Bank P.O. 1995, I.B. 2008]

25. एक व्यवसायी ने एक जमीन का टुकड़ा 16000000 रु॰ में खरीदा। इसके बाद वह उस टुकड़े के क्रय मूल्य की 280% धनराशि 28 फ्लैट बनाने में खर्च करता है। वह प्रत्येक फ्लैट को कितने में बेचे जिससे उसे कुल 25% का लाभ प्राप्त हो ?
(1) 1500000 रु॰ (2) 2500000 रु॰
(3) 1800000 रु॰ (4) 2000000 रु॰
(5) इनमें से कोई नहीं

[IBPS Junior Subordinate, 2002]

26. विजय ने प्रति कार 100000 रु॰ की दर से 20 कारें खरीदी तथा प्रति स्कूटर 30000 रु॰ की दर से 40 स्कूटर खरीदी। उसने स्कूटर की कीमत का 5% और कार की कीमत का 1% क्रमशः हर कार और हर स्कूटर पर एक्सेसरीज फीट कराने में खर्च किया। उसने फिर स्कूटर को उनके लागत मूल्य के 20% लाभ पर बेच दिया। वह अगर सभी कारों और स्कूटरों पर किए गए खर्च का 10% लाभ कमाना चाहता है, तो प्रत्येक कार का विक्रय मूल्य कितना रखना चाहिए ?
(1) 104800 रु॰ (2) 108400 रु॰
(3) 100800 रु॰ (4) 108000 रु॰
(5) इनमें से कोई नहीं **[M.B.A., 2004]**

27. अतिया ने एक पुरानी मोटर साइकिल 9600 रुपये में खरीदी और उसकी कीमत का 20% खर्च करके उसकी मरम्मत करा ली। अगर अब वह 2,880 रुपया उसकी कीमत पर शुद्ध लाभ के रूप में कमाना चाहती है, तो उसे उस मोटर साइकिल खरीदी कीमत में कितना प्रतिशत और जोड़ देना चाहिए ?
(1) 48 (2) 96
(3) 100 (4) 50
(5) इनमें से कोई नहीं **[Bank P.O., 1996]**

28. किसी व्यापारी ने एक पुरानी साइकिल 480 रु॰ में खरीदी। उसने उस कीमत का 20% उस साइकिल की मरम्मत में खर्च किया। अगर वह उस पर 144 रुपये विशुद्ध लाभ के रूप में अर्जित करना चाहता है, तो उसे साइकिल की खरीद कीमत कितने प्रतिशत और बढ़ा देना चाहिए ?
(1) 50% (2) 48%
(3) 96% (4) 100%
(5) इनमें से कोई नहीं

[Bank P.O. 1994, I.B. 2008]

29. जब 3360 रु॰ की कोई वस्तु बेची गई, तो जो लाभ हुआ वह उस हानि की धनराशि का ठीक दो गुना था जोकि तब होता जबकि उस वस्तु को 2400 रुपया में बेचा जाता। वस्तु की खरीद मूल्य क्या थी ?
(1) 2720 रु॰ (2) 2880 रु॰
(3) 960 रु॰ (4) आँकड़े अधूरे हैं
(5) इनमें से कोई नहीं

[Bank P.O. 1996, RRB 2007]

30. एक व्यक्ति को एक घोड़ा 8000 रुपए में बेचने से कुछ हानि होती है। यदि वह 9800 रु॰ में बेचता, तो उसका लाभ उसकी हानि के दुगुने के बराबर होता। घोड़े का क्रय मूल्य क्या है ?
(1) 7200 रु॰ (2) 8500 रु॰
(3) 8600 रु॰ (4) 8900 रु॰
(5) इनमें से कोई नहीं **[Income Tax, 1994]**

31. किसी वस्तु को 1060 रु॰ में बेचने पर लाभ उस हानि से, तो उस वस्तु को 95 रु॰ में बेचने से होती है, 20% अधिक है। 20% लाभ कमाने के लिए वह वस्तु कितने में बेची जाएगी ?
(1) 980 रु॰ (2) 1080 रु॰
(3) 1200 रु॰ (4) 2100 रु॰

[LDC 1996, SSC 2009]

32. किसी खिलौने को 450 रु॰ में बेचने से हुआ लाभ, 320 रु॰ में बेचने पर हुई हानि से 30 रु॰ अधिक है। खिलौने का क्रय मूल्य क्या है ?
(1) 350 रु॰ (2) 370 रु॰
(3) 400 रु॰ (4) 420 रु॰ **[CBI, 1994]**

33. किसी वस्तु को 475 रु॰ में बेचने से प्राप्त लाभ 335 रु॰ में बेचने से प्राप्त राशि हानि से 10 रु॰ अधिक है। वस्तु का लागत मूल्य क्या होगा ?
(1) 400 रु॰ (2) 390 रु॰
(3) 405 रु॰ (4) आँकड़े अपर्याप्त हैं
(5) इनमें से कोई नहीं **[Bank P.O., 1994]**

34. किसी वस्तु को 560 रु॰ में बेचने से हुई हानि, 720 रु॰ में बेचने पर हुए लाभ से 50 रु॰ अधिक है। वस्तु का क्रय मूल्य क्या है ?

ourmahboob

(1) 625 रु॰ (2) 600 रु॰
(3) 650 रु॰ (4) 665 रु॰

[Delhi Police, 2008]

35. एक दुकानदार को एक घड़ी को 200 रुपए में बेचने पर उतना ही हानि होती है जितना 250 रुपये में बेचने पर लाभ होता है। घड़ी का क्रय मूल्य क्या है ?

(1) 220 रु॰ (2) 225 रु॰
(3) 230 रु॰ (4) 240 रु॰
(5) इनमें से कोई नहीं **[Delhi Police, 1995]**

36. किसी वस्तु को 69 रु॰ की अपेक्षा 78 रु॰ में बेचने से लाभ प्रतिशत दुगुना है। इस वस्तु का क्रय मूल्य क्या है ?

(1) 51 रु॰ (2) 55.50 रु॰
(3) 60 रु॰ (4) इनमें से कोई नहीं

[C.B.I., 2003]

37. राजेन्द्र ने अपनी घड़ी 5% हानि पर बेची। यदि वह इसको 27 रु॰ अधिक में बेचता है, तो उसको 7% लाभ होता। घड़ी का क्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

(1) 220 रु॰ (2) 225 रु॰
(3) 250 रु॰ (4) 275 रु॰

[MAT, 2004]

38. एक वस्तु 12.5% लाभ पर बेची जाती है। यदि उस वस्तु को 5% हानि पर बेचा जाता है, तो विक्रय मूल्य 9.80 रु॰ कम हो जाता है। वस्तु का क्रय मूल्य है—

(1) 58 रु॰ (2) 56 रु॰
(3) 54 रु॰ (4) 46 रु॰
(5) इनमें से कोई नहीं **[Income Tax, 1995]**

39. उस वस्तु का क्रय मल्य (रु॰ में) जिसे 5% लाभ पर बेचने पर 5% हानि पर बेचने से 8 रु॰ अधिक मिलता, होगा—

(1) 96 (2) 84
(3) 80 (4) 75
(5) इनमें से कोई नहीं **[UDC 1994, RRB 2008]**

40. एक वस्तु 5% लाभ में बेचने पर 5% हानि में बेचने की तुलना में 15 रु॰ अधिक प्राप्त होते हैं। वस्तु का क्रय मूल्य क्या है ?

(1) 200 रु॰ (2) 150 रु॰
(3) 80 रु॰ (4) 64 रु॰
(5) इनमें से कोई नहीं **[Asstt. Grade, 1992]**

41. किसी वस्तु को 20% लाभ पर बेचा जाता है। यदि इसे 25% लाभ पर बेचा जाता, तो 35 रु॰ अधिक मिलते। वस्तु का क्रय मूल्य होगा—

(1) 650 रु॰ (2) 700 रु॰
(3) 750 रु॰ (4) 800 रु॰

[SSC Graduation Level (PT), 2004]

42. 5% तथा $7\frac{1}{2}\%$ के लाभ पर एक हीटर बेचने पर वि॰मू॰ में अंतर 1.25 रु॰ है। हीटर का क्रय मूल्य है—

(1) 45 रु॰ (2) 50 रु॰
(3) 52.50 रु॰ (4) 53.75 रु॰
(5) इनमें से कोई नहीं

[Income Tax 1990, SSC 2006]

43. यदि किसी वस्तु को 10% लाभ तथा 15% के लाभ पर क्रमशः बेचने पर अन्तर 20 रु॰ है, तो दोनों वि॰ मू॰ क्रमशः हैं—

(1) 420 रु॰ तथा 440 रु॰
(2) 440 रु॰ तथा 460 रु॰
(3) 460 रु॰ तथा 440 रु॰
(4) 400 रु॰ तथा 420 रु॰
(5) इनमें से कोई नहीं **[Clerk Grade, 1994]**

44. एक मेज को 40 रु॰ की अपेक्षा 30 रु॰ में बेचने से 5% अधिक हानि होती है। मेज का क्रय मूल्य क्या है ?

(1) 250 रु॰ (2) 210 रु॰
(3) 200 रु॰ (4) 225 रु॰
(5) इनमें से कोई नहीं **[Railway 1991, CBI 2008]**

45. एक वस्तु को 960 रु॰ की अपेक्षा 1200 रु॰ में बेचने पर 30% अधिक लाभ होता है। वस्तु का क्रय मूल्य क्या है ?

(1) 1000 रु॰ (2) 800 रु॰
(3) आँकड़े अपर्याप्त हैं (4) इनमें से कोई नहीं

[Bank P.O. 1995, SSC 2009]

46. एक दुकानदार 30 रु॰ अंकित मूल्य वाले एक बैडमिंटन के रैकेट को 15% की कटौती पर बेचता है तथा प्रत्येक रैकेट के साथ 1.50 मूल्य की चिड़िया मुफ्त में देता है। फिर भी उसे 20% का लाभ होता है। प्रति रैकेट उसका क्रय मूल्य है—

(1) 21 रु॰ (2) 21.25 रु॰
(3) 20 रु॰ (4) 19.75 रु॰

[SSC Graduation Level (PT), 2004]

47. 1100 रु॰. अंकित मूल्य वाली एक साइकिल को

10% बट्टा देने के बाद एक दुकानदार को 10% का लाभ होता है। साइकिल का क्रय मूल्य है—
(1) 1100 रु॰ (2) 900 रु॰
(3) 1089 रु॰ (4) 891 रु॰ [SSC, 2003]

48. किसी घड़ी के अंकित मूल्य पर 10% छूट देने के बाद घड़ी का मूल्य 1080 रु॰ है। यदि छूट न दी जाती, तो दुकानदार को 20% लाभ होता। घड़ी का क्रयमूल्य क्या है ?
(1) 1000 रु॰ (2) 1200 रु॰
(3) 1296 रु॰ (4) इनमें से कोई नहीं
[S.S.C., 2004]

49. एक व्यापारी अपनी वस्तुओं का अंकित मूल्य इस प्रकार रखता है कि नकद खरीद पर 12.5% बट्टा देकर भी उसे 20% लाभ होता है। यदि वस्तुओं का क्र॰ मू॰ 140 रु॰ हो, तो उनका अंकित मूल्य है—
(1) 162 रु॰ (2) 172 रु॰
(3) 192 रु॰ (4) 198 रु॰
[SSC 1997, H.M. 2008]

50. एक दुकानदार ने टी॰ वी॰ सेट 8% छूट के साथ 17,940 रु॰ में बेचा और 19.6% लाभ अर्जित किया। यदि उसने छूट नहीं दी होती, तो उसने कितने प्रतिशत लाभ अर्जित किया होता ?
(1) 25% (2) 26.4%
(3) 24.8% (4) तय नहीं कर सकते
(5) इनमें से कोई नहीं
[ECGC Mumbai (P.O.), 2003]

51. एक उत्पादक ने एक ऐनक किसी थोक विक्रेता को 18% लाभ पर बेची। थोक विक्रेता एक दुकानदार को वही ऐनक 20% लाभ पर बेचा। दुकानदार ने वही ऐनक एक ग्राहक को 30.09 रु॰ में बेचकर 25% लाभ कमाया, तो उत्पादक के ऐनक का लागत मूल्य था—
(1) 15 रु॰ (2) 16 रु॰
(3) 17 रु॰ (4) 18 रु॰
(5) इनमें से कोई नहीं **[U.D.C., 1995]**

52. *A* एक रेडियो *B* को 20% लाभ पर बेचता है। *B* उसे *C* को 25% लाभ पर बेचता है। यदि *C* ने रेडियो का मूल्य 225 रुपये दिए, तो *A* ने रेडियो का क्या मूल्य दिया ?
(1) 120 रु॰ (2) 150 रु॰
(3) 175 रु॰ (4) 200 रु॰
(5) इनमें से कोई नहीं
[Asstt. Grade 1992, RRB 2008]

53. राम ने एक गाय रहीम को 20% लाभ पर बेच दिया तथा रहीम ने इसे राबर्ट को 25% लाभ पर बेच दिया। यदि राबर्ट ने 900 रु॰ दिए हों, तो राम ने गाय कितने में खरीदी ?
(1) 600 रु॰ (2) 700 रु॰
(3) 750 रु॰ (4) 800 रु॰ [CDS, 1995]

54. *A* ने एक रेडियो खरीदा तथा इसकी मरम्मत पर 110 रु॰ खर्च किया। तब, *A* ने यह रेडियो *B* को 20% लाभ पर बेचा, B ने इसे *C* को 10% हानि पर बेच दिया तथा *C* ने इसे 10% लाभ पर 1188 रु॰ में बेच दिया। *A* ने रेडियो कितने रुपये में खरीदा ?
(1) 850 रु॰ (2) 890 रु॰
(3) 930 रु॰ (4) 950 रु॰
[Hotel Management, 1992]

55. अरुण ने एक वस्तु बाबू को 10% लाभ पर बेची। बाबू ने भी उसे 10% लाभ पर चन्दर को 60.50 रु॰ में बेच दिया। अरुण ने वस्तु को कितने में खरीदा था ?
(1) 54.45 रु॰ (2) 55.00 रु॰
(3) 50.00 रु॰ (4) 56.50 रु॰
(5) इनमें से कोई नहीं
[Asstt. Grade 1991, H.M. 2009]

56. *A* के पास एक 10000 की लागत का मकान है। उसने *B* को 10% लाभ पर बेच दिया। पुनः *B* ने उसे वापिस *A* को 10% हानि पर बेच दिया। इस लेन-देन में *A* को कुल कितना लाभ हुआ ?
(1) कुछ नहीं (2) 1000 रु॰
(3) 1100 रु॰ (4) 2000 रु॰
(5) इनमें से कोई नहीं
[Delhi Police, 1950] [SSC, 1998]

57. *A* ने अपना 10 लाख रु॰ का मकान *B* को 10% हानि पर बेच दिया। *B* ने वापिस इसे *A* को 10% लाभ पर बेच दिया। इस लेन-देन में—
(1) *A* को न लाभ हुआ न हानि
(2) *A* को 90000 रु॰ की हानि हुई
(3) *A* को 20000 रु॰ की हानि हुई
(4) *B* को 110000 रु॰ का लाभ हुआ
[NDA 1994, CPO 2008]

58. एक रेडियो 16% के लाभ पर बेचा गया। यदि उसे 10% कम पर खरीदा गया होता और 14 रु॰ कम पर बेचा जाता, तो 25% लाभ होता। रेडियो का क्रय मूल्य है—

(1) 250 रु० (2) 375 रु०
(3) 400 रु० (4) 500 रु०

[LDC 1996, CEF 2009]

59. रीना ने एक वस्तु 25% लाभ पर बेची। यदि उसने उसे 20% अधिक पर खरीदी होती तथा 10 रु० अधिक में बेची होती, तो उसे $7\frac{1}{2}\%$ लाभ होता। वस्तु का क्रय मूल्य है—

(1) 100 रु० (2) 125 रु०
(3) 175 रु० (4) 250 रु०
(5) इनमें से कोई नहीं **[Income Tax, 1990]**

60. एक व्यक्ति ने एक वस्तु खरीद कर 10% हानि पर बेच दी। यदि वह इसे 20% कम में खरीदता तथा 55 रु० अधिक पर बेचता, तो उसे 40% लाभ होता। वस्तु का क्रय मूल्य क्या है ?

(1) 200 रु० (2) 225 रु०
(3) 250 रु० (4) इनमें से कोई नहीं

[Income Tax, 1993]

61. एक व्यक्ति ने एक घोड़ा खरीदकर उसे 10% के लाभ पर बेच दिया। यदि उसने उस घोड़े को 20% कम में खरीदकर 10 रु० अधिक में बेचा होता, तो उसे 40% लाभ होता। घोड़े का क्रय मूल्य बताइए।

(1) 500 रु० (2) 250 रु०
(3) 400 रु० (4) 225 रु०
(5) इनमें से कोई नहीं **[C.B.I., 2005]**

62. एक आदमी ने एक टेलिविजन सेट 10% लाभ पर बेचा। यदि वह इसे 20% कम में खरीदता और 100 रु० अधिक मूल्य में बेचता, तो उसे 40% को आमदनी होती। तो बताएँ की टेलीविजन का क्रय मूल्य क्या था ?

(1) 6000 रु० (2) 6500 रु०
(3) 5000 रु० (4) 5500 रु०
(5) इनमें से कोई नहीं **[Asstt. Grade, 1988]**

63. एक वस्तु को किसी मूल्य पर बेचने पर एक व्यक्ति को 20% का लाभ होता है। यदि वह उसे दुगुने मूल्य पर बेचे, तो कितने प्रतिशत लाभ होगा ?

(1) 40% (2) 140%
(3) 100% (4) 120%

[SSC Graduation Level (PT), 2004]

64. एक व्यक्ति किसी वस्तु को एक निश्चित मूल्य पर बेचा और 10% का लाभ कमाया। यदि वह वस्तु को दुगुने मूल्य पर बेचता, तो उसे कितना प्रतिशत का लाभ होता ?

(1) 20% (2) 60%
(3) 100% (4) 120%
(5) इनमें से कोई नहीं

[Asstt. Grade, 1993]

65. दो दर्जन केलों का क्रयमूल्य 32 रु० है। 18 केलों को 12 रु० प्रति दर्जन के भाव से बेचने के बाद दुकानदार ने शेष केले 4 रु० प्रति दर्जन के भाव से बेचे। सौदे में प्रतिशत हानि है—

(1) 25.2% (2) 32.4%
(3) 36.5% (4) 37.5% **[SSC, 2003]**

66. एक व्यापारी ने 50 टोकरी टमाटर जिसमें प्रत्येक में 15 किग्रा० टमाटर है प्रति टोकरी 50 रु० में खरीदा। उसने 400 किग्रा० टमाटर 4 रु० प्रति किग्रा० तथा 300 किग्रा० 3 रु० प्रति किग्रा० के भाव से बेचा। बाकी के टमाटर खराब हो गए। सौदे में कितने प्रतिशत लाभ अथवा हानि हुई ?

(1) 12% लाभ (2) 16% हानि
(3) 4% हानि (4) न लाभ न हानि
(5) इनमें से कोई नहीं **[U.D.C. 1991, LIC 2008]**

67. आलोक 25 किग्रा० चावल 6 रु० किग्रा० की दर से तथा 35 किग्रा० चावल 7 रु० किग्रा० की दर से खरीदता है। वह दोनों को मिलाकर 6.75 रु० किग्रा० की दर से बेचता है। उसे कितने का लाभ या हानि हुआ ?

(1) 16 रु० लाभ (2) 16 रु० हानि
(3) 20 रु० लाभ (4) इनमें से कोई नहीं

[RRB Patna, 1997]

68. एक बनिया (पंसारी) 26 किग्रा० चाय, जिसका भाव 20 रु० प्रति किग्रा० है, के साथ 30 किग्रा० चाय जिसका भाव 36 रु० प्रति किग्रा० है, मिलाता है। वह मिश्रण को 30 रु० प्रति किग्रा० के भाव से बेचता है। उसका लाभ प्रतिशत है—

(1) 5% (2) 6%
(3) 7% (4) 8%

[SSC 1997, RRB 2009]

69. एक व्यक्ति ने कुछ संतरे 10 रु० प्रति दर्जन के भाव से खरीदे और उतने ही संतरे 8 रु० प्रति दर्जन के भाव से खरीदे। उसने उन संतरों को 11 रु० प्रति दर्जन के भाव से बेचकर 120 रु० लाभ कमाया। उसके द्वारा खरीदे गए संतरों की कुल संख्या थी।

(1) 30 दर्जन (2) 40 दर्जन
(3) 50 दर्जन (4) 60 दर्जन

[LDC 1996, MAT 2008]

70. एक आदमी द्वारा निश्चित संख्या में कुछ वस्तुओं को 1 रु० में 10 के भाव से खरीदा गया, जबकि उतनी ही वस्तुओं को फिर 1 रु० में 20 के भाव से खरीदा गया। तत्पश्चात् कुल वस्तुओं को 2 रु० में 30 के भाव से बेच दिया गया, तो उस वस्तु पर कितने % लाभ या हानि हुई ?

(1) $11\frac{1}{9}\%$ हानि (2) $11\frac{1}{9}\%$ लाभ
(3) $\frac{50}{3}\%$ हानि (4) $\frac{100}{3}\%$ लाभ

[S.S.C., 2006]

71. एक दुकानदार ने कुछ चावल 10 रु० प्रति कि० ग्रा० की दर से तथा 100 कि० ग्रा० 11 रु० प्रति कि० ग्रा० की दर से खरीदा। दोनों प्रकार को मिलाकर उसने मिश्रण को 12 रु० प्रति कि० ग्रा० की दर से बेचकर 300 रु० लाभ कमाया। उसने 10 रु० प्रति कि० ग्रा० की दर से कितने चावल मिलाए थे ?

(1) 110 कि० ग्रा० (2) 90 कि० ग्रा०
(3) 100 कि० ग्रा० (4) 120 कि० ग्रा०
(5) इनमें से कोई नहीं **[Bank Clerk, 1997]**

72. एक व्यक्ति ने पेंसिलों का एक बक्सा 9 रु० की 7 पेन्सिलों के भाव से खरीदा। उसने उन पेन्सिलों को 11 रु० की 8 पेन्सिलों के भाव से बेच दिया। उस सौदे में उसे 10 रु० लाभ हुआ। बक्से में कितनी पेन्सिलें थीं ?

(1) 100 (2) 112
(3) 114 (4) 115 **[SSC, 1997]**

73. चमनलाल ने 48 रु० प्रति दर्जन की दर से 20 दर्जन किताबें खरीदी। उसने 8 दर्जन किताबों को 10% लाभ पर तथा शेष 12 दर्जन किताबों को 20% लाभ पर बेच दिया। तो उसे कुल पर कितने प्रतिशत का लाभ हुआ ?

(1) 15% (2) 7.68%
(3) 16% (4) 19.5%
(5) इनमें से कोई नहीं **[P.O., 1993]**

74. एक दुकानदार ने कुछ वस्तुओं की खरीद मूल्य 500 रु० अदा किया तथा उनका $\frac{3}{4}$ भाग उसने 12% हानि पर तथा शेष भाग 8% लाभ पर बेच दिया। पूरे सौदे में उसे क्या प्राप्त हुआ ?

(1) 8% लाभ (2) 8% हानि
(3) 4% हानि (4) 7% हानि **[I.B., 2005]**

75. एक व्यक्ति वस्तु x के 5 अदद और वस्तु y के 10 अदद 1600 रु० में खरीदता है। वह x वस्तु के अददों को 15% लाभ पर और y वस्तु के अददों को 10% हानि पर बेचता है। इस प्रकार उसे कुल 90 रु० का लाभ होता है। x वस्तु के एक अदद का क्रय मूल्य है—

(1) 200 रु० (2) 150 रु०
(3) 100 रु० (4) 90 रु०
(5) इनमें से कोई नहीं **[Income Tax, 1995]**

76. 10 रु० में 11 वस्तुएँ खरीदी जाती हैं, लेकिन 11 रु० में 10 वस्तुएँ बेची जाती हैं, तो बताएँ कि इस सौदे में लाभ या हानि प्रतिशत क्या होगा ?

(1) $12\frac{1}{2}\%$ लाभ (2) $12\frac{1}{2}\%$ हानि
(3) 18% हानि (4) 21% लाभ

[C.E.T., 2005]

77. एक व्यक्ति ने दो रडियो में से प्रत्येक को 5000 रु० में बेचकर सौदे में न तो लाभ और न ही हाति पाई। यदि उसने एक रेडियो 25% लाभ पर बेचा हो, तो दूसरा रेडियो उसने कितने प्रतिशत हानि पर बेचा ?

(1) $16\frac{2}{3}\%$ (2) $18\frac{2}{9}\%$
(3) 25% (4) $26\frac{2}{3}\%$

[LDC 1996, CPO 2006]

78. एक व्यापारी ने 25% लाभ पर एक टेबुल को 450 में बेचा और उसने एक दूसरी टेबुल को 10% हानि पर बेचा और इस तरह उसे पूरे सौदे में न तो हानि न तो लाभ होता है। बताएँ कि उसके दूसरे टेबुल का मूल्य क्या था ?

(1) 540 रु० (2) 360 रु०
(3) 900 रु० (4) इनमें से कोई नहीं

[L.I.C., 2002]

79. एक दुकानदार ने दो रेडियोसेट प्रत्येक 792 रु० की दर से बेचे। इस तरह उसे एक पर 10% का लाभ तथा दूसरे पर 10% की हानि होती है। तब उसे

(1) न लाभ न हानि (2) 1% का लाभ

yourshahboob

(3) 1% की हानि (4) 5% का लाभ
(5) इनमें से कोई नहीं **[Railway, 1995]**

80. एक व्यापारी दो वस्तुओं में से प्रत्येक को 6000 रु० में बेचता है। पहली वस्तु को बेचने पर उसे 20% का लाभ होता है तथा दूसरी वस्तु को बेचने पर 20% की हानि होती है। उसका शुद्ध लाभ या हानि प्रतिशत क्या है ?
(1) 5% लाभ (2) 4% लाभ
(3) 5% हानि (4) 4% हानि
[SSC, 2003]

81. एक घोड़े व एक गाय में से प्रत्येक 12000 रु० में बेचा। यदि घोड़े पर 20% लाभ तथा गाय पर 20% हानि हुई हो, तो पूरे प्रकरण में उसे क्या मिला ?
(1) न लाभ न हानि (2) 1000 रु० हानि
(3) 1000 रु० लाभ (4) 2000 रु० लाभ

82. एक व्यापारी ने दो मोटर साइकिल प्रत्येक 9000 रु० में खरीदा। यदि एक को 10% लाभ पर तथा दूसरे को 10% हानि पर बेचता है तो लाभ अथवा हानि प्रतिशत होगा ?
(1) कोई लाभ हानि नहीं
(2) 1% लाभ (3) 1% हानि
(4) इनमें से कोई नहीं **[R.R.B., 2003]**

83. 8000 रु० में दो इलेक्ट्रॉनिक म्यूजिक सिस्टम खरीदे गये। पहले को 40% लाभ से बेचा गया तथा दूसरे को 40% हानि से बेचा गया। यदि दोनों मामलों में विक्रय मूल्य समान हों, तो दोनों म्यूजिक सिस्टम का क्रय मूल्य कितना था ?
(1) 2400 रु०, 5600 रु०
(2) 3000 रु०, 5000 रु०
(3) 4000 रु०, 5000 रु०
(4) 3500 रु०, 4500 रु०
[RRB Chandigarh, 2004]

84. एक व्यक्ति ने दो बकरियाँ 1008 रु० में खरीदीं। इनमें से एक को उसने 20% की हानि पर तथा दूसरी को 44% के लाभ पर बेच दिया। यदि दोनों बकरियाँ एक ही मूल्य पर बेची गई हों, तो जो बकरी हानि पर बेची गई उसका क्रय मूल्य था—
(1) 648 रु० (2) 360 रु०
(3) 568 रु० (4) 440 रु०
[SSC Graduation Level (PT), 2004]

85. एक फेरीवाला 1 रुपया में 5 नींबू बेचकर 40% लाभ उठाता है। उसने एक रुपये में कितने नींबू खरीदे ?
(1) 6 (2) 7
(3) 8 (4) 9
(5) इनमें से कोई नहीं **[Delhi Police, 1995]**

86. एक रुपये में तीन के हिसाब से टाफियाँ खरीदी जाती हैं। 50% लाभ प्राप्त करने के लिए उन्हें बेचना पड़ेगा, एक रुपए की—
(1) 2 टॉफियाँ (2) 5 टॉफियाँ
(3) 4 टाफियाँ (4) 1 टाफियाँ
(5) इनमें से कोई नहीं **[Clerk Grade, 1992]**

87. मैंने 5 पैसे प्रति पेंसिल की दर से एक दर्जन पेंसिल खरीदी, बताएँ कि 20% लाभ प्राप्त करने के लिए एक पेंसिल को कितने में बेचना होगा ?
(1) 6 पैसे प्रति पेंसिल
(2) 4.5 पैसे प्रति पेंसिल
(3) 4.75 पैसे प्रति पेंसिल
(4) इनमें से कोई नहीं **[G.I.C., 1998]**

88. 40 रु० के 45 आम बेचने से एक फल विक्रेता को 20% हानि होती है। वह 24 रु० के कितने आम बेचे कि उसे 20% लाभ हो ?
(1) 16 (2) 18
(3) 20 (4) 22
[Asstt. Grade, 1992]

89. टॉफियों को 1 रु० में 20 के भाव से बेचने पर एक व्यक्ति को 4% हानि होती है। 20% लाभ पाने के लिए वह 1 रु० की कितनी टॉफियाँ बेचेगा ?
(1) 16 टॉफियाँ (2) 20 टॉफियाँ
(3) 25 टॉफियाँ (4) 64 टॉफियाँ
(5) इनमें से कोई नहीं **[Clerk Grade, 1991]**

90. 1 रुपये की 12 की दर से टॉफी बेचने पर एक व्यक्ति को 20% हानि होती है। 20% लाभ कमाने के लिए एक रुपए की कितनी बेची जानी चाहिए ?
(1) 5 (2) 8
(3) 10 (4) 15
(5) इनमें से कोई नहीं **[C.D.S., 1989]**

91. एक बेईमान दुकानदार एक किग्रा० के स्थान पर 800 ग्राम बट्टा का प्रयोग करता है तथा अपनी वस्तुओं को क्रय मूल्य पर बेचने का दावा करता है, उसका लाभ है—

(1) 20% (2) 21%
(3) 24% (4) 25%
(5) इनमें से कोई नहीं [UDC 1994, RRB 2005]

92. एक बेईमान व्यापारी अपना माल लागत मूल्य पर बेचता है। लेकिन कम तौलकर 25% का लाभ कमाता है। एक किलोग्राम वजन तौलने के लिए कितने वजन का बाट वह काम में लाता है ?

(1) 750 ग्राम (2) 800 ग्राम
(3) 825 ग्राम (3) 725 ग्राम
(5) इनमें से कोई नहीं **[Railway 1995, 2008]**

93. एक दुकानदार अपने सामान को क्रय मूल्य पर बेचता है, परन्तु एक किग्रा॰ के स्थान पर 900 ग्राम का बाट प्रयोग करता है। उसका प्रतिशत लाभ क्या है ?

(1) 9% (2) $11\frac{1}{9}\%$
(3) $9\frac{1}{11}\%$ (4) 10%
(5) इनमें से कोई नहीं **[Railway, 1991]**

94. एक व्यापारी किसी वस्तु को 6% हानि पर बेचने का दावा करता है, किन्तु 900 ग्राम बाट का प्रयोग करता है। उसका वास्तविक लाभ प्रतिशत है—

(1) $5\frac{1}{9}\%$ (2) 6%
(3) $4\frac{4}{9}\%$ (4) 4%
(5) इनमें से कोई नहीं **[Asstt, Grade, 1995]**

95. एक बेईमान व्यापारी अपने सामानों को 4% हानि पर बेचने का दावा करता है। लेकिन वह एक किलोग्राम के स्थान पर 840 ग्राम बाट का प्रयोग करता है। बताएँ कि उसे कितना प्रतिशत लाभ होगा ?

(1) $14\frac{2}{7}\%$ (2) $42\frac{2}{7}\%$
(3) $33\frac{1}{3}\%$ (4) $12\frac{1}{2}\%$
(5) इनमें से कोई नहीं **[S.S.C., 2003]**

96. जयराम ने 300 किग्रा॰ चावल 900 रु॰ प्रति क्विंटल की दर से खरीदा। कुल मात्रा का $\frac{2}{3}$ उसने 10% लाभ पर बेच दिया, अब वह बचा हुआ चावल प्रति किलोग्राम किस दाम पर बेचे कि उसे कुल सौदे में औसतन 15% लाभ हो ?

(1) 10.35 रु॰ (2) 11.25 रु॰
(3) 10.60 रु॰ (4) इनमें से कोई नहीं
[Bank P.O., 1993]

97. कमलेश 25% की छूट पर एक सामान खरीदता है। 660 रु॰ में बेचकर वह 10% का लाभ कमाता है। बताएँ उस सामान का मूल दाम क्या था ?

(1) 600 रु॰ (2) 700 रु॰
(3) 800 रु॰ (4) इनमें से कोई नहीं
[P.O. 1991, SSC 2007]

98. मंजु एक टी॰ वी॰ 20% कमीशन पर खरीदी। यदि वह उसे 25% कमीशन पर खरीदी होती तो 500 रु॰ का बचत होती, तो टी॰ वी॰ का लागत मूल्य बताएँ—

(1) 5000 रु॰ (2) 1600 रु॰
(3) 12,000 रु॰ (4) इनमें से कोई नहीं
[P.O. 1991, LIC 2008]

99. एक दुकानदार अपनी वस्तुओं पर क्रय मूल्य से 20% अधिक का मूल्य अंकित करता है। उन वस्तुओं के $\frac{3}{4}$ भाग वह अंकित मूल्य पर बेचता है। शेष वस्तु को अंकित कूल्य के 50% पर बेचता है। इस व्यापार में उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात करें ?

(1) 5% (2) 10%
(3) $33\frac{1}{3}\%$ (4) $11\frac{1}{9}\%$
(5) इनमें से कोई नहीं **[R.R.B., 2006]**

100. 33 मीटर कपड़ा बेचने पर एक व्यक्ति को 11 मी॰ कपड़े के वि॰ मू॰ के बराबर लाभ हुआ। सौदे में लाभ है—

(1) 50% (2) 20%
(3) 70% (4) 30%
(5) इनमें से कोई नहीं **[Asstt. Grade, 1995]**

101. एक व्यक्ति ने 27 टेबुल 5940 रु॰ में खरीदा। उन्हें उसने ऐसे भाव पर बेचा कि उसे 5 टेबुलों के विक्रय मूल्य के बराबर लाभ हुआ। सौदे में होनेवाले लाभ की प्रतिशतता है—

(1) 22% (2) $22\frac{4}{13}\%$

(3) $22\frac{8}{11}\%$ (4) 25%

(5) इनमें से कोई नहीं **[Income Tax, 1990]**

102. 45 कलमों को बेचने पर 5 कलमों के विक्रय मूल्य के बराबर हानि होती है। उसका हानि प्रतिशत क्या है ?

(1) 10% (2) $22\frac{1}{2}\%$

(3) $16\frac{2}{3}\%$ (4) इनमें से कोई नहीं

[MAT, 2002]

103. 56 वस्तुओं को बेचने पर 14 वस्तुओं के वि० मू० के बराबर लाभ प्रापत होता है, तो लाभ प्रतिशत होगा ?

(1) $10\frac{2}{3}\%$ (2) $11\frac{1}{9}\%$

(3) $9\frac{1}{11}\%$ (4) $33\frac{1}{3}\%$

(5) इनमें से कोई नहीं **[Clerk Grade, 1997]**

104. 17 गेन्दों को 720 रु० में बेचने पर 5 गेन्दों के क्रयमूल्य के बराबर हानि होती है, तो एक गेन्द का क्रयमूल्य ज्ञात करें।

(1) 45 रु० (2) 50 रु०

(3) 60 रु० (4) 55 रु० **[RRB, 2005]**

105. 4 कुर्सियों का वि० मू० 5 कुर्सियों के लागत मूल्य के समान है। लाभ का प्रतिशत क्या होगा ?

(1) 20% (2) 25%

(3) 30% (4) 35%

(5) इनमें से कोई नहीं **[Railway, 1995]**

106. यदि 9 पुस्तकों का क्र०मू० 8 पुस्तकों के वि०मू० के समान है, तो इस प्रकार—

(1) $11\frac{1}{9}\%$ हानि (2) $11\frac{1}{9}\%$ लाभ

(3) $12\frac{1}{2}\%$ लाभ (4) कोई लाभ या हानि नहीं

(5) इनमें से कोई नहीं **[UDC 1992, HM 2008]**

107. यदि 12 टेबुल का क्रय मूल्य 16 टेबुल के वि० मू० के बराबर है, तो प्रतिशत हानि होगी—

(1) 15% (2) 20%

(3) 25% (4) 30%

(5) इनमें से कोई नहीं **[Asstt, Grade, 1993]**

108. यदि 12 वस्तुओं का क्रय मूल्य 9 वस्तुओं के वि० मू० के तुल्य है, तो लाभ प्रतिशत है—

(1) 25% (2) 30%

(3) $33\frac{1}{3}\%$ (4) 67.7%

(5) इनमें से कोई नहीं **[Asstt. Grade, 1992]**

109. यदि 110 आम बेचने पर 120 आमों का क्रय मूल्य प्राप्त हो जाता है, तो लाभ प्रतिशत होगा—

(1) $11\frac{1}{9}\%$ (2) $9\frac{1}{9}\%$

(3) $10\frac{10}{11}\%$ (4) $9\frac{1}{11}\%$

(5) इनमें से कोई नहीं

[Income Tax 1992, I.B. 2009]

110. 40 वस्तुओं का वि० मू० 50 वस्तुओं के क्रय मूल्य के बराबर है, तो लाभ या हानि का प्रतिशत बतायें—

(1) 25% हानि (2) 25% लाभ

(3) 20% हानि (4) इनमें से कोई नहीं

[P.O. 1989, RRB 2008]

111. यदि 16 घड़ियों का वि० मू० 20 घड़ियों के क्रय मूल्य के बराबर है, तो लाभ प्रतिशत है—

(1) 30% (2) 20%

(3) 32% (4) 25%

(5) इनमें से कोई नहीं **[Asstt, Grade, 1991]**

112. एक थोकविक्रेता एक खुदरा विक्रेता को 27 कलमों के मूल्य पर 30 कलमें देता है। यदि खुदरा विक्रेता उसे अंकित मूल्य पर ही बेचता है, तो उसे क्या लाभ होगा ?

(1) 11% (2) 10%

(3) $11\frac{1}{9}\%$ (4) $9\frac{1}{11}\%$ **[RRB, 2006]**

113. चटर्जी ने एक कार खरीदी और उसकी मूल कीमत पर 15% छूट उसे विक्रेता से मिली। उसने उसे फिर खरीद मूल्य के 20% लाभ पर बेच दिया, उसे उस कार के मूल्य पर कितना प्रतिशत लाभ हुआ ?

(1) 2% (2) 12%

(3) 5% (4) 17%

(5) इनमें से कोई नहीं **[Bank P.O., 1996]**

114. सोमेश ने एक माइक्रोवेव ओवन खरीदा और उसकी

वास्तविक कीमत से 10% कम अदा किया उसने जो कीमत चुकाई थी उससे 30% लाभ पर उसने बेच दिया, सोमेश ने वास्तविक कीमत के लिहाज से कितने प्रतिशत लाभ अर्जित किया—

(1) 32% (2) 117%
(3) 20% (4) 17%
(5) इनमें से कोई नहीं **[Bank P.O., 1994]**

115. एक व्यापारी एक घड़ी को उसके अंकित मूल्य के 10% छूट पर खरीदा तथा फिर उसके अंकित मूल्य में 50% की वृद्धि कर बेच दिया, तो बताएँ कितना प्रतिशत लाभ प्राप्त हुआ ?

(1) $6\frac{2}{3}\%$ (2) $33\frac{1}{3}\%$
(3) $49\frac{2}{3}\%$ (4) $66\frac{2}{3}\%$ **[MBA, 2001]**

116. सुबोध ने एक रेडियो अंकित मूल्य के 20% छूट पर खरीदा। उसने उसको जितने में खरीदा था उससे 30% लाभ पर बेच दिया, उसको अंकित मूल्य पर कितने प्रतिशत लाभ हुआ ?

(1) 4% (2) 8%
(3) 10% (4) इनमें से कोई नहीं
[P.O., 1992]

117. पंकज ने अंकित मूल्य से 20% छूट पर एक बेग खरीदा। यदि वह अपने क्रय मूल्य का 150% में बेग बेचता है, तो उसे क्रय मूल्य पर 50 रु॰ का लाभ होता है। बेग का अंकित मूल्य होगा—

(1) 125 रु॰ (2) 150 रु॰
(3) 175 रु॰ (4) तय नहीं कर सकते
(5) इनमें से कोई नहीं **[Bank P.O., 1993]**

118. एक वाशिंग मशीन का मौलिक मूल्य 6000 रुपए है। यदि उस पर 20% छूट देने के बाद उसके मूल्य में सेवा संविदा के लिए 10% वृद्धि कर दी जाए, तो दुकान पर उसका कितना मूल्य होगा ?

(1) 5400 रु॰ (2) 5280 रु॰
(3) 5100 रु॰ (4) 4200 रु॰
(5) इनमें से कोई नहीं **[Income Tax, 1994]**

119. अजय 25% कमीशन पर एक रेडियो खरीदा। वह उसे 40% मूल्य बढ़ाकर बेच दिया। बतायें नया वि॰मू॰ पुराने मूल्य से कितना प्रतिशत अधिक है ?

(1) 12.5 (2) 5.0
(3) 4.0 (4) इनमें से कोई नहीं
[P.O. 1991, RRB 2009]

120. उदय ने एक टेपरिकार्डर उसके वि॰ मू॰ के $\frac{9}{10}$ मूल्य में खरीद कर इसे वि॰ मू॰ के 8% अधिक में बेच दिया। उसका लाभ कितने प्रतिशत है ?

(1) 8% (2) 10%
(3) 18% (4) 20%
(5) इनमें से कोई नहीं **[P.O. 1987, MAT 2008]**

121. लिखित मूल्य पर 20% छूट देने पर 60% लाभ प्राप्त होता है। यदि छूट को 5% बढ़ा दिया जाए, तो लाभ प्रतिशत क्या होगा ?

(1) 25% (2) 50%
(3) $33\frac{1}{3}\%$ (4) $16\frac{2}{3}\%$
(5) इनमें से कोई नहीं **[Delhi Police, 2005]**

122. एक व्यापारी अपने माल का मूल्य क्रय मूल्य से 20% अधिक अंकित करता है। यदि वह अंकित मूल्य पर 5% का बट्टा देता है, तो वह कितने प्रतिशत लाभ अर्जित करता है ?

(1) 14% (2) 16%
(3) 18% (4) 20% **[SSC, 2003]**

123. एक व्यापारी की कीमतें क्रय मूल्य से 20% अधिक हैं। वह ग्राहकों को क्रय मूल्य पर कितना छूट दे कि व्यापारी को 8% लाभ हो ?

(1) 12% (2) 10%
(3) 6% (4) 4%
(5) इनमें से कोई नहीं **[Asstt. Grade, 1992]**

124. एक विक्रेता नकद खरीद पर 5% छूट देने की घोषणा करता है, बताएँ कि वह अपने क्रय मूल्य से वस्तु पर कितना ज्यादा मूल्य अंकित करें कि उसे इस वस्तु को बेचने पर 14% लाभ प्राप्त हो ?

(1) $33\frac{1}{3}\%$ (2) 25%
(3) 20 % (4) इनमें से कोई नहीं

125. किसी वस्तु के क्रय मूल्य में कितने प्रतिशत बढ़ाकर उसका मूल्य अंकित किया जाए कि ग्राहक को 5% कटौती देकर भी 33% लाभ हो ?

(1) 48% (2) 43%
(3) 40% (4) 38%
(5) इनमें से कोई नहीं [Clerk Grade, 1992]

126. किसी वस्तु का वि॰ मू॰ 39 रु॰ है। यदि उसका क्रय मूल्य तथा प्रतिशत लाभ की मात्रा बराबर हो, तो वस्तु का क्रय मूल्य (रु॰ में) है—
(1) 25 (2) 30
(3) 35 (4) 37
(5) इनमें से कोई नहीं [Clerk Grade, 1993]

127. किसी व्यापारी ने अपनी वस्तुओं को 75 रु॰ में बेचकर उतना ही प्रतिशत लाभ पाया जितना क्रय मूल्य था। वस्तु का क्रय मूल्य था—
(1) 60 रु॰ (2) 70 रु॰
(3) 40 रु॰ (4) 50 रु॰
(5) इनमें से कोई नहीं [I. B., 2004]

128. एक वस्तु को 270 रु॰ में बेचने पर उतना ही हानि हुई जितना कि 10% लाभ पर बेचने से लाभ होता है। वस्तु का लागत मूल्य क्या होगा ?
(1) 90 रु॰ (2) 110 रु॰
(3) 363 रु॰ (4) 300 रु॰
(5) इनमें से कोई नहीं [P.O. 1989, SSC 2009]

129. एक वस्तु बेचने पर क्रय मूल्य के $\frac{1}{4}$ के बराबर लाभ होता है। यदि वह 375 रु॰ में बेचा जाता, तो इसका लागत मूल्य बतायें।
(1) 325 रु॰ (2) 300 रु॰
(3) 281.75 रु॰ (4) इनमें से कोई नहीं
[P.O. 1989, SSC 2007]

130. यदि किसी वस्तु का विक्रय मूल्य उसके क्रयमूल्य का $\frac{8}{5}$ गुना है, तो उस पर लाभ प्रतिशत है—
(1) 120% (2) 160%
(3) 40% (4) 60% [SSC, 2002]

131. यदि एक वस्तु का वि॰ मू॰ क्र॰ मू॰ का $\frac{4}{3}$ गुना है, तो लाभ प्रतिशत है—
(1) $33\frac{1}{3}\%$ (2) $25\frac{1}{4}\%$
(3) $20\frac{1}{2}\%$ (4) $20\frac{1}{4}\%$
(5) इनमें से कोई नहीं
[Asstt, Grade 1992, CET 2006]

132. यदि किसी वस्तु का क्रय मूल्य, विक्रय मूल्य का $\frac{5}{7}$ भाग है, तो प्रतिशत लाभ या हानि होगा—
(1) 40 % लाभ (2) 30 % हानि
(3) 25 % लाभ (4) 20 % हानि
(5) इनमें से कोई नहीं [L.I.C., 2005]

133. एक चावल व्यापारी बेचने में 20% कम वजन तौलता है और साथ ही खरीद दर से 10% अधिक विक्रय मूल्य घोषित करता है, तो कुल प्रतिशत लाभ बताएँ।
(1) 10% (2) 14%
(3) 37.5% (4) 30%
[Clerk Grade, 2004]

134. टी॰ वी॰ के मूल्य में 30% की वृद्धि हो गयी तथा उसके संख्या में 20% की कमी हो गयी, तो बिक्री पर क्या प्रभाव पड़ेगा ?
(1) 4% हानि (2) 8% हानि
(3) 4% लाभ (4) 4% लाभ
(5) इनमें से कोई नहीं
[Bank P.O. 1994, RRB 2008]

135. रहीम 21 रु॰ में 3 किग्रा॰ के भाव से आम खरीदा और 50 रु॰ में 5 किग्रा॰ के भाव से उसे बेच दिया। यदि वह 102 रु॰ लाभ कमाना चाहता है, तो उसे कितना आम बेचना चाहिए ?
(1) 34 किग्रा॰ (2) 52 किग्रा॰
(3) 26 किग्रा॰ (4) 32 किग्रा॰
(5) इनमें से कोई नहीं [Asstt. Grade, 1993]

136. *A* जो अपनी वस्तुओं को 5% लाभ पर बेचता है, की दैनिक बिक्री 2100 रुपये होती है तथा *B* जो अपनी वस्तुओं को 15% लाभ पर बेचता है, की दैनिक बिक्री 345 रुपये होती है। *A* का दैनिक लाभ (रुपये में) *B* की तुलना में कितना अधिक है ?
(1) 40 (2) 45
(3) 55 (4) 75
(5) इनमें से कोई नहीं
[Delhi Police 1995, H.M. 2007]

137. एक आदमी ने कुछ संतरे 2.85 रुपए में मोल लिए। उनमें से कुछ संतरे 1.52 रु० में बिना लाभ के बेच दिए। अब उस आदमी के पास कम-से-कम कितने संतरे हैं ?

(1) 7 (2) 8
(3) 10 (4) 5
(5) इनमें से कोई नहीं **[C.E.T., 2006]**

138. एक बढ़ई कुछ फर्नीचर की सामग्रियाँ खरीदकर उसे प्रति 8 रु० की दर से बेच देता है जिस कारण उसे 100 रु० की हानि होती है। यदि वह उसे प्रति 10 रु० के भाव से बेचता है तो 200 रु० का लाभ होता। तो बताएँ कि वह कितनी सामग्रियाँ खरीदा था ?

(1) 150 (2) 100
(3) 200 (4) 175 **[RRB, 2007]**

139. रूपा 3 साड़ी खरीदी जिसमें प्रत्येक साड़ी के अंकित मूल्य पर उसे 15% की छूट मिली। वह एक साड़ी को 20% के लाभ पर तथा शेष साड़ी को 15% के लाभ पर बेच दी। यदि एक साड़ी का न्यूनतम मूल्य 1000 रुपए है, तो उसे दो साड़ी बेच कर कितने रुपए का लाभ प्राप्त हुआ ?

(1) 1297.50 रु० (2) 347.82 रु०
(3) 850 रु० (4) 297.50 रु०

140. अशोक 20% कमीशन पर कुछ खिलौना खरीद कर उसे अंकित मूल्य पर बेचता है। एक खिलौना का अंकित मूल्य 40 रु० है। उसे कुल 240 रु० की बचत होती है, तो बताइए कितना खिलौना खरीदा था ?

(1) 8 (2) 12
(3) 30 (4) इनमें से कोई नहीं
[Delhi Police 2007, P.O. 1992]

141. एक व्यापारी ने एक घड़ी तथा एक दीवार घड़ी 390 रु० में खरीदी। उसने घड़ी को 10% लाभ पर तथा दीवार घड़ी को 15% लाभ पर बेचा। उसे कुल 51.50 रु० लाभ हुआ। घड़ी तथा दीवार घड़ी के मूल्यों में अंतर है ?

(1) 80 रु० (2) 100 रु०
(3) 110 रु० (4) 120 रु०
(5) इनमें से कोई नहीं **[U.D.C., 1992]**

142. यदि विक्रय मूल्य दुगुना हो जाता है, तो लाभ तिगुना हो जाता है। प्रतिशत लाभ है—

(1) $66\frac{2}{3}\%$ (2) 100%
(3) $103\frac{1}{3}\%$ (4) 120% **[RRB, 2009]**

143. एक वस्तु का क्रय मूल्य वि० मू० का 40% है। वि० मू० क्रय मूल्य का कितना प्रतिशत है ?

(1) 40% (2) 60%
(3) 240% (4) 250%
(5) इनमें से कोई नहीं **[Delhi Police, 1990]**

144. 8 किताबें प्रत्येक 200 से 250 रु० के मूल्य पर खरीदे जाते हैं तथा 300 से 425 रु० तक बेचे जाते हैं, तो अधिक से अधिक प्राप्त लाभ होगा—

(1) 250 रु० (2) 400 रु०
(3) ज्ञात नहीं किया जा सकता
(4) इनमें से कोई नहीं **[P.O. 1988, MBA 2008]**

145. क्रय मूल्य पर 20% लाभ वि० मू० पर कितने प्रतिशत लाभ के समान होगा ?

(1) 25% (2) $16\frac{2}{3}\%$
(3) 40% (4) इनमें से कोई नहीं

146. वि० मू० पर 30% का लाभ क्रय मूल्य पर कितने प्रतिशत लाभ के समान होगा ?

(1) $42\frac{6}{7}\%$ (2) $47\frac{2}{7}\%$
(3) 30 % (4) $16\frac{2}{3}\%$
(5) इनमें से कोई नहीं **[RRB, 2004]**

संक्षिप्त उत्तर (Short Answer)

1. (2)	2. (4)	3. (3)	4. (4)	5. (3)
6. (4)	7. (1)	8. (3)	9. (4)	10. (3)
11. (4)	12. (1)	13. (1)	14. (4)	15. (3)
16. (4)	17. (3)	18. (3)	19. (3)	20. (4)
21. (2)	22. (1)	23. (3)	24. (2)	25. (5)
26. (1)	27. (4)	28. (1)	29. (1)	30. (3)
31. (3)	32. (2)	33. (1)	34. (4)	35. (2)

36. (3)	37. (2)	38. (2)	39. (3)	40. (2)
41. (2)	42. (2)	43. (2)	44. (3)	45. (2)
46. (3)	47. (2)	48. (1)	49. (3)	50. (5)
51. (3)	52. (2)	53. (1)	54. (2)	55. (3)
56. (3)	57. (2)	58. (3)	59. (4)	60. (3)
61. (1)	62. (3)	63. (2)	64. (4)	65. (4)
66. (4)	67. (4)	68. (1)	69. (4)	70. (1)
71. (3)	72. (2)	73. (3)	74. (4)	75. (1)
76. (4)	77. (1)	78. (3)	79. (3)	80. (4)
81. (2)	82. (1)	83. (1)	84. (1)	85. (2)
86. (1)	87. (1)	88. (2)	89. (1)	90. (2)
91. (4)	92. (2)	93. (2)	94. (3)	95. (1)
96. (2)	97. (3)	98. (2)	99. (1)	100. (1)
101. (3)	102. (1)	103. (4)	104. (3)	105. (2)
106. (3)	107. (3)	108. (3)	109. (4)	110. (2)
111. (4)	112. (3)	113. (1)	114. (4)	115. (4)
116. (1)	117. (1)	118. (2)	119. (2)	120. (4)
121. (2)	122. (1)	123. (2)	124. (3)	125. (3)
126. (2)	127. (4)	128. (4)	129. (2)	130. (4)
131. (1)	132. (1)	133. (3)	134. (3)	135. (1)
136. (3)	137. (1)	138. (1)	139. (4)	140. (3)
141. (3)	142. (2)	143. (4)	144. (4)	145. (2)
146. (1)				

उत्तर व्याख्यासहित
(Answer with Explanation)

1. (2) लाभ = (840 − 700) रु० = 140 रु०

∴ लाभ % = $\frac{140\times100}{700} = 20\%$

2. (4) लाभ % = $\frac{70}{7000}\times100 = 1\%$

[∵ 70 रु० = 7000 पेसे]

3. (3) अभीष्ट विक्रय मूल्य = $500\times\frac{(100-30)}{100}$

= 350 रु०

4. (4) वि० मू० = 750 का 116% = $\frac{75}{10}\times116$

= 870 रु०

5. (3) लागत मूल्य = $\frac{44\times100}{110} = 40$ रु०

6. (4) **TRICK :**

$\frac{4}{5} = 36 \Rightarrow 1 = 45$ (क्र० मू०)

Note : 20% हानि = $\frac{4}{5}$ (वि० मू०)

7. (1) **TRICK :**

$\frac{6}{5} = 600$

∴ $1 \Rightarrow 500$ (क्रय मूल्य)

8. (3) 120% = 600

∴ 100% = $\frac{600}{120}\times100 = 500$ रु०

अब, 100% = 500 रु०

∴ 115% = $\frac{500\times115}{100} = 575$ रु०

9. (4) माना कि वि० मू० = x रु०

∴ पैकिंग पर व्यय = x का 5% = $\frac{x}{20}$ रु०

फिर, लाभ = 380 रु० का 20% = 76 रु०

अब, कुल लागत मूल्य = $\left(380+\frac{x}{20}\right)$ रु०

प्रश्नानुसार,

$$x-\left(380+\frac{x}{20}\right) = 76$$

या, $x = 480$ रु०

10. (3) अभीष्ट विक्रय मूल्य = $450\times\frac{120}{80}$

= 675 रु०

11. (4) अभीष्ट विक्रयमूल्य = $240\times\frac{120}{90}$

= 320 रु०

12. (1) एक खिलौने का क्र० मू० = $\frac{16.80\times100}{100-10}$

$= \frac{1680}{90} = \frac{56}{3}$ रु०

20% लाभ पर एक खिलौने का वि० मू०

$= \frac{56}{3}\times\frac{120}{100} = 20.40$ रु०

TRICK : $16.80 \times \frac{120}{90} = 22.40$ रु०

13. (1) **TRICK :** $5.40 \times \frac{120}{90} = 7.20$ रु०

14. (4) **TRICK :** 130% = 19.50 रु०

∴ $140\% = \frac{19.50}{130} \times 140$

$= 1.5 \times 14 = 21$ रु०

∴ अभीष्ट वृद्धि $= 21 - 19.50$

$= 1.50$ रु०

15. (3) 100 संतरे का क्रयमूल्य = 80 रु०

शेष संतरों की संख्या $= 100 - 20 = 80$

80 संतरों का वि० मू० $= \frac{80 \times 125}{100}$

$= 100$ रु०

∴ 1 संतरे का वि० मू० $= \frac{100}{80} = 1.25$ रु०

16. (4) 3 अंडे का मू० = 2 रु०

∴ 96 अंडा का मू० $= \frac{2}{3} \times 96$

$= 64$ रु० (क्र०मू०)

बचा हुआ अंडा $= 96 - 16 = 80$

अत: क्र० मू० = 64 रु०, लाभ = 30%

∴ वि० मू० $= \frac{64}{100} \times 130 = 83.20$ रु०

80 अंडे 83.20 रु० में बेचता है।

∴ 1 " " $\frac{80.20}{80}$

$= 1.04$ रु० में बेचे

17. (3) क्र० मू० $= \frac{12 \times 6}{3} = 24$ रु०

वि० मू० $= 24 \times \frac{110}{100} = 26.40$ रु०

आधा दर्जन अंडा टूटने के बाद शेष अंडे

$= [(12 \times 6) - 6] = 66$

∴ 1 अंडा का दाम $= \frac{26.40}{66} = 40$ पैसा

18. (3) माना उसने कुल 12 संतरे खरीदे।

∴ 6 संतरों का मूल्य = 2 रु०

∴ शेष 6 संतरों का मू० = 3 रु०

∴ 12 संतरों का क्रय मू० $= 2 + 3 = 5$ रु०

20% लाभ पर वि० मू० $= \frac{5 \times 120}{100}$

$= 6$ रु०

∴ 12 संतरों का वि० मू० = 6 रु०

19. (3) कुल लागत $= (4700 + 800)$ रु०

$= 5500$ रु०

तथा वि०मू० = 5800 रु०

∴ लाभ प्रतिशत $= \frac{(5800 - 5500}{5500} \times 100$

$= \frac{60}{11} = 5\frac{5}{11}\%$

20. (4) 330 बक्से की लागत $= 7200 + 200 + 600$

$= 8000$ रु०

330 बक्से का वि० मू० $= 330 \times 28$

$= 9240$ रु०

लाभ = $(9240 - 8000)$ रु० = 1240 रु०

∴ लाभ % $= \frac{1240}{8000} \times 100 = 15.5\%$

21. (2) क्र०मू० = 500 रु०

वि०मू० $= 500 \times 5 = 2500$

लाभ $= 100 \times 10 = 1000$ रु०

मरम्मत में खर्च $= 2500 - (500 + 1000)$

$= 1000$ रु०

22. (1) कुल लागत

$= 120 \times 80 + 280 + 120 \times \frac{40}{100} + 72$

$= 10,000$ रु०

120 रीम का वि० मू०

= 10,000 + 10,000 का 8%

$= 10,800$ रु०

प्रति रीम वि० मू० $= \frac{10,800}{120} = 90$ रु०

23. (3) 1 पीस का लागत मूल्य $= 10 + 5 + 1$

$= 16$ रु०

लाभ $= 30\%$

वि० मू० $= 16 + 16$ का $30\% = 20.80$ रु०

24. (2) 25% लाभ प्राप्त करने के लिए कुल राशि

$$= 80 \times \frac{125}{100} = 100 \text{ लाख}$$

कुल फ्लैटों की संख्या $= 5 \times 5 = 25$

$\therefore$ प्रत्येक फ्लैट की कीमत $= \frac{100}{25}$

$= 4$ लाख

25. (5) प्रत्येक फ्लैट की कीमत

$$= \frac{16000000 \times \frac{380}{100} \times \frac{125}{100}}{28}$$

$= 2714285.7$ रु०

26. (1) 20 कारों का मूल्य $= 20 \times 100000$

$= 2000000$ रु०

एक्सेसरीज पर खर्च के बाद कार का मूल्य

$= 2000000 \times \frac{101}{100} = 2020000$ रु०

40 स्कूटरों का मूल्य $= 40 \times 30000$

$= 1200000$ रु०

एक्सेसरीज पर खर्च के बाद स्कूटर का मूल्य

$= 1200000 \times \frac{105}{100} = 1260000$ रु०

20% लाभ पर स्कूटरों का वि० मू०

$= 1260000 \times \frac{120}{100} = 1512000$ रु०

कार तथा स्कूटर का कुल क्र० मू०

$= (2020000 + 1260000)$ रु०

$= 3280000$ रु०

दोनों का कुल वि० मू०

$= 3280000 \times \frac{110}{100} = 3608000$ रु०

$\therefore$ 20 कार का वि० मू०

$= (3608000 - 1512000)$ रु०

$= 2096000$ रु०

$\therefore$ 1 कार का वि० मू० $= \frac{2096000}{20}$

$= 104800$ रु०

27. (4) मरम्मत पर खर्च $= 9600 \times \frac{20}{100} = 1920$ रु०

$\therefore$ अभीष्ट प्रतिशत

$$= \frac{2880 + 1920}{9600} \times 100$$

$$= \frac{4800 \times 100}{9600} = 50\%$$

28. (1) 480 रु० का $20\% = 96$ रु०

$96 + 144 = 240$ रु०

$\therefore$ अभीष्ट प्रतिशत $= \frac{240 \times 100}{480} = 50\%$

29. (1) माना वस्तु का खरीद मूल्य x रुपए है।

$\therefore$ $3360 - x = 2(x - 2400)$

या, $3360 - x = 2x - 4800$

या, $3x = 4800 + 3360$

$\therefore$ $x = \frac{8160}{3} = 2720$ रु०

TRICK :

क्र० मू० $= \frac{3360 + (2400 + 2)}{2 + 1}$

$= 2720$ रु०

30. (3) माना कि x रु० की हानि होती है।

तो, $8000 + x = 9800 - 2x$

$\therefore$ $x = 600$

घोड़े का क्रय मू० $= 8000 + 600$

$= 8600$ रु०

TRICK :

क्र० मू० $= \frac{9800 + (8000 \times 2)}{2 + 1}$

$= 8600$ रु०

31. (3) माना कि हानि $= x$ रु०

$\therefore$ लाभ $= x + x$ का $20\% = 1.2x$ रु०

प्रश्नानुसार,

$950 + x = 1060 - 1.2x$

या, $x = 50$ रु०

$\therefore$ क्र० मू० $= (950 + 50)$ रु०

$= 1000$ रु०

तथा वि० मू० $= 1000 \times \frac{120}{100}$

$= 1200$ रु०

TRICK :

20% अधिक $= \frac{120}{100} = \frac{6}{5}$

$\therefore$ क्र० मू० $= \frac{(1060 \times 5) + (950 \times 6)}{(5 + 6)}$

$= 1000$ रु०

वि० मू० $= 1000 \times \frac{120}{100} = 12000$ रु०

32. (2) माना कि क्रय मूल्य $= x$ रु०

$\therefore$ प्रश्नानुसार,

$(450 - x) - (x - 320) = 30$

या, $770 - 2x = 30$

या, $x = 370$ रु०

33. (1) माना लागत मू० $= x$ रु०

$\therefore$ $475 - x = x - 335 + 10$

$\therefore$ $x = 400$ रु०

TRICK : $\frac{(475 + 335) - 10}{2} = 400$

34. (4) माना कि क्रय मूल्य $= x$ रु०

$\therefore$ प्रश्नानुसार,

$(x - 560) - (720 - x) = 50$

या, $2x - 1280 = 50$

या, $x = 665$ रु०

35. (2) **TRICK :** $\frac{200 + 250}{2} = 225$ रु०

36. (3) माना कि क्र० मू० $= x$ रु०

$\therefore$ $\frac{78 - x}{x} \times 100 = 2 \times \frac{69 - x}{x} \times 100$

या, $x = 60$ रु०

TRICK : $(2 \times 69) - 78 = 60$ रु०

37. (2) माना कि घड़ी का क्रय मूल्य $= 100$ रु०

तब, 5% हानि पर विक्रय मूल्य $= 95$ रु०

7% लाभ पर विक्रयमूल्य $= 107$ रु०

$\therefore$ अन्तर $= (107 - 95)$ रु० $= 12$ रु०

प्रश्नानुसार, $12 = 27$

$\therefore$ $100 = \frac{27}{12} \times 100 = 225$ रु०

TRICK : $(5 + 7)\,\% = 27$ रु०

$\therefore$ $100\% = \frac{27}{12} \times 100 = 225$ रु०

38. (2) यदि क्रय मूल्य x रु०, तो 12.5% लाभ के बाद

वि० मू० $= x$ का $(100 + 12.5)\,\%$

$= x \times \frac{112.5}{100} = \frac{1125x}{1000}$ रु०

5% हानि पर वि० मू० $= \frac{95x}{100}$ रु०

प्रश्नानुसार,

$\frac{1125x}{1000} - \frac{95x}{100} = 9.80$

या, $1125x - 950x = 9.80 \times 1000$

या, $175x = 9800$

$\therefore$ $x = \frac{9800}{175} = 56$ रु०

29. 6 9 11.25 22.50 26.50 ?
(1) 44.50 (2) 66.25
(3) 70.25 (4) 45
(5) इनमें से कोई नहीं
[ALLAHABAD BANK, 2004]

30. 6 42 67 ? 92 96
(1) 77 (2) 82
(3) 70 (4) 67
(5) इनमें से कोई नहीं **[VIJAYA BANK, 2004]**

31. 7 9 16 25 41 66 ?
(1) 107 (2) 82
(3) 132 (4) 99
(5) इनमें से कोई नहीं **[RBI, 2003]**

32. 7 8 18 66 ? 1938
(1) 928 (2) 686
(3) 430 (4) 324
(5) इनमें से कोई नहीं **[VIJAYA BANK, 2004]**

33. 8 11 15 22 33 51 ? 127 203
(1) 80 (2) 53
(3) 58 (4) 69
[DELHI METRO, 2002]

34. 8 9 13 22 ?
(1) 31 (2) 36
(3) 47 (4) 38
(5) इनमें से कोई नहीं
[BOBCARD LTD. (P.O.), 2001]

35. 9 ? 20 31 51 82 133
(1) 13 (2) 18
(3) 12 (4) 15
(5) इनमें से कोई नहीं
[INDIA BANK (P.O., 2003]

36. 10 11 18 38 97.5 295.5 ?
(1) 796 (2) 1186
(3) 889.5 (4) 1037.75
(5) इनमें से कोई नहीं
[CORPORATION BANK, 2004]

37. 13 17 30 47 77 ? 201
(1) 117 (2) 124
(3) 98 (4) 156
(5) इनमें से कोई नहीं
[CORPORATION BANK, 2004]

38. 14 10 28 17 49 ?
(1) 21 (2) 8
(3) 10 (4) 19
(5) इनमें से कोई नहीं
[ALLAHABAD BANK, 2004]

39. 15 40 76 125 ?
(1) 174 (2) 260
(3) 206 (4) 189
(5) इनमें से कोई नहीं **[RBI, 2003]**

40. 15 16 14 17 13 18 ?
(1) 10 (2) 23
(3) 24 (4) 13
(5) इनमें से कोई नहीं **[RBI, 2003]**

41. 15 30 ? 40 8 48
(1) 10 (2) 20
(3) 18 (4) 12
(5) इनमें से कोई नहीं
[ANDHRA BANK, 2002]

42. 18 11 24 14 ?
(1) 32 (2) 26
(3) 30 (4) 34
(5) इनमें से कोई नहीं
[BOBCARD LTD. (P.O.), 2001]

43. 21 25 34 50 ? 111 160
(1) 86 72
(3) 66 59
(5) इनमें से कोई नहीं
[CORPORATION BANK, 2004]

44. 64 36 22 15 ? 9.75
(1) 11.75 (2) 12.5
(3) 11.5 (4) 12.25
(5) इनमें से कोई नहीं **[INDIAN BANK, 2002]**

45. 64 128 92 220 148 404 ?
(1) 332 (2) 296
(3) 276 (4) 260
(5) इनमें से कोई नहीं
[INDIAN BANK (P.O.), 2003]

46. 81 41 42 64.5 ? 330
(1) 131 (2) 118.5
(3) 129 (4) 105.5
(5) इनमें से कोई नहीं **[VIJAYA BANK, 2004]**

47. 114 115 107 134 70 ?
(1) 140 (2) 35
(3) 195 (4) 150
(5) इनमें से कोई नहीं
[INDIAN BANK (P.O.), 2003]

48. 165 162 156 147 ? 120 102
(1) 140 (2) 132
(3) 135 (4) 138
(5) इनमें से कोई नहीं
[CORPORATION BANK, 2004]

संक्षिप्त उत्तर
(*Short Answers*)

1. (1)	**2.** (3)	**3.** (3)	**4.** (1)	**5.** (3)
6. (4)	**7.** (5)	**8.** (2)	**9.** (1)	**10.** (2)
11. (2)	**12.** (5)	**13.** (5)	**14.** (4)	**15.** (1)
16. (3)	**17.** (5)	**18.** (5)	**19.** (1)	**20.** (3)
21. (2)	**22.** (1)	**23.** (2)	**24.** (4)	**25.** (1)
26. (2)	**27.** (5)	**28.** (1)	**29.** (2)	**30.** (5)
31. (1)	**32.** (4)	**33.** (1)	**34.** (4)	**35.** (5)
36. (4)	**37.** (2)	**38.** (5)	**39.** (4)	**40.** (5)
41. (1)	**42.** (3)	**43.** (5)	**44.** (3)	**45.** (5)
46. (1)	**47.** (3)	**48.** (3)		

उत्तर व्याख्यासहित
(*Answer with Explanation*)

1. (1) 1 2 6 33 49 174 210 $\boxed{553}$
$+1^3$ $+2^2$ $+3^3$ $+4^2$ $+5^3$ $+6^2$ $+7^3$
अत:. ? = 553

2. (3) 1 5 11 49 239 $\boxed{1441}$
×2+3 ×3–4 ×4+5 ×5–6 ×6+7
अत: ? = 1441

3. (3) 1 4 15 64 325 $\boxed{1956}$
×2+2 ×3+3 ×4+4 ×5+5 ×6+6
अत: ? = 1956

4. (1) 1 16 44 98 204 $\boxed{414}$
+15 +28 +54 +106 +210
+13 +26 +52 +104
×2 ×2 ×2
अत: ? = 414

5. (3) 1 3 9 31 $\boxed{129}$ 651
×1+2 ×2+3 ×3+4 ×4+5 ×5+6
अत: ? = 129

6. (4) 1 30 136 417 $\boxed{838}$ 839
$\times5+5^2$ $\times4+4^2$ $\times3+3^2$ $\times2+2^2$ $\times1+1^2$
अत: ? = 838

7. (5) 2 21 138 705 $\boxed{3562}$
×5+11 ×5+33 ×5+15 ×5+37
+22 –18 +22
अत: ? = 3562

8. (2) 2 3 6 18 $\boxed{108}$ 1944
×1.5 ×2 ×3 ×6 ×18
अत: ? = 108

9. (1) 2 4 12 48 $\boxed{240}$
×2 ×3 ×4 ×5
अत: ? = 240

10. (2) 2 4 6 10 16 26 $\boxed{42}$
2+4 4+6 6+10 10+16 16+26
अत: ? = 42

11. (2) 2 10 30 68 $\boxed{130}$
+8 +20 +38 +62
+12 +18 +24
अत: ? = 130

12. (5) 2 18 46 98 $\boxed{186}$
+16 +28 +52 +88
+12 +24 +36
अत: ? = 186

13. (5) 2 4 11 37 $\boxed{153}$ 771
×1+2 ×2+3 ×3+4 ×4+5 ×5+6
अत: ? = 153

14. (4) 2 9 30 105 $\boxed{436}$ 2195
×1+7 ×2+12 ×3+15 ×4+16 ×5+15
+5 +3 +1 –1
अत: ? = 436

15. (1) 2 40 180 552 $\boxed{1110}$ 1112
×5+30 ×4+20 ×3+12 ×2+6 ×1+2
अत: ? = 1110

16. (3) 3 6 21 28 55 66 $\boxed{105}$ 120
+3 +15 +7 +27 +11 +39 +15
+4 +4 +4
+12 +12
अत: ? = 105

17. (5) 3 4 12 45 196 $\boxed{1005}$
×1+1² ×2+2² ×3+3² ×4+4² ×5+5²
अत: ? = 1005

18. (5) 3 4 12 45 $\boxed{196}$ 1005
×1+1² ×2+2² ×3+3² ×4+4² ×5+5²
अत: ? = 196

19. (1) 3 21 126 630 2520 7560 $\boxed{15120}$
×7 ×6 ×5 ×4 ×3 ×2
अत: ? = 15120

20. (3) 3 4 16 75 364 $\boxed{1945}$
×1+1³ ×2+2³ ×3+3³ ×4+4³ ×5+5³
अत: ? = 1945

21. (2) 4 2 2 3 6 $\boxed{15}$
$\times\frac{1}{2}$ ×1 ×1.5 ×2 ×2.5
अत: ? = 15

22. (1) 4 8 24 96 480 $\boxed{2880}$
×2 ×3 ×4 ×5 ×6
अत: ? = 2880

23. (2) 4 6 $\boxed{12}$ 30 90 315
×1.5 ×2 ×2.5 ×3 ×3.5
अत: ? = 12

24. (4) 5 6 9 14 21 $\boxed{30}$
+1 +3 +5 +7 +9
अत: ? = 30

25. (1) 5 13 25 41 $\boxed{61}$ 85 113 145
+8 +12 +16 +20 +24 +28 +32
अत: ? = 61

26. (2) 5 $\boxed{3}$ 4 7.5 17 45
×0.5+0.5 ×1+1 ×1.5+1.5 ×2+2 ×2.5+2.5
अत: ? = 3

27. (5) 5 $\boxed{6}$ 15 40 89
+1² +3² +5² +7²
अत: ? = 6

28. (1) 6 9 18 45 $\boxed{135}$
×1.5 ×2 ×2.5 ×3
अत: ? = 135

29. (2) 6 9 11.25 22.50 26.50 $\boxed{66.25}$

$\times 1.5 \quad +(1.5)^2 \quad \times 2 \quad +(2)^2 \quad \times 2.5$

अत: ? = 66.25

30. (5) 6 42 67 $\boxed{83}$ 92 96

$+6^2 \quad +5^2 \quad +4^2 \quad +3^2 \quad +2^2$

अत: ? = 83

31. (1) 7 9 16 25 41 66 $\boxed{107}$

7+9 9+16 16+25 25+41 41+66

अत: ? = 107

32. (4) 7 8 18 66 $\boxed{324}$ 1938

$\times 2-6 \quad \times 3-6 \quad \times 4-6 \quad \times 5-6 \quad \times 6-6$

अत: ? = 324

33. (1) 8 11 15 22 33 51 $\boxed{80}$ 127 203

+3 +4 +7 +11 +18 +29 +47 +76

अत: ? = 80

34. (4) 8 9 13 22 $\boxed{38}$

$+1^2 \quad +2^2 \quad +3^2 \quad +4^2$

अत: ? = 38

35. (5) 9 $\boxed{11}$ 20 31 51 82 133

9+11 11+20 20+31 31+51 51+82

अत: ? = 11

36. (4) 10 11 18 38 97.5 295.5 $\boxed{1037.75}$

$\times 1+1 \quad \times 1.5+1.5 \quad \times 2+2 \quad \times 2.5+2.5 \quad \times 3+3 \quad \times 3.5+3.5$

अत: ? = 1037.75

37. (2) 13 17 30 47 77 $\boxed{124}$ 201

+13 +17 +30 +47 +77

अत: ? = 124

38. (5) 14 10 28 17 49 $\boxed{27.5}$

$\times \frac{1}{2}+3 \quad \times 3-2 \quad \times \frac{1}{2}+3 \quad \times 3-2 \quad \times \frac{1}{2}+3$

अत: ? = 27.5

39. (4) 15 40 76 125 $\boxed{189}$

$+5^2 \quad +6^2 \quad +7^2 \quad +8^2$

अत: ? = 189

40. (5) 15 16 14 17 13 18 $\boxed{12}$

+1 −2 +3 −4 +5 −6

अत: ? = 12

41. (1) 15 30 $\boxed{10}$ 40 8 48

$\times 2 \quad \times \frac{1}{3} \quad \times 4 \quad \times \frac{1}{5} \quad \times 6$

अत: ? = 10

42. (3)

+3

18 11 24 14 $\boxed{30}$

+6 +6

अत: ? = 30

43. (5) 21 25 34 50 $\boxed{75}$ 111 160

$+2^2 \quad +3^2 \quad +4^2 \quad +5^2 \quad +6^2 \quad +7^2$

अत: ? = 75

44. (3) 64 36 22 15 $\boxed{11.5}$ 9.75

−28 −14 −7 −3.5 −1.75

अत: ? = 75

45. (5)

+92 +184

64 128 92 220 148 404 $\boxed{232}$

+28 +56 +84

अत: ? = 232

46. (1) 81 41 42 64.5 $\boxed{131}$ 330

$\times 0.5+0.5 \quad \times 1+1 \quad \times 1.5+1.5 \quad \times 2+2 \quad \times 2.5+2.5$

अत: ? = 131

47. (3) 114 115 107 134 70 $\boxed{195}$

$+1^3 \quad -2^3 \quad +3^3 \quad -4^3 \quad +5^3$

अत: ? = 195

48. (3) 165 162 156 147 $\boxed{135}$ 120 102

−3 −6 −9 −12 −15 −18

अत: ? = 135

□

CHAPTER 33

असमानता

[INEQUALITY]

परिचय (*Introduction*)

इस प्रकार के प्रश्नों में एक द्विघात समीकरण दिया होता है जिसका मान शून्य से बड़ा होता है यानि धनात्मक या छोटा यानि ऋणात्मक होता है। अभ्यर्थियों को यह मालूम करना होता है कि समीकरण में दिए गए चर व्यंजक का कौन-सा मान उसकी असमानता को संतुष्ट करता है।

इसके लिए सबसे पहले दिए गए असमीकरण के संगत समीकरण के मूल का मान (चर व्यंजक) निकालेंगे। इसके बाद उस मान को चिह्न-योजना पर रखेंगे। अधिकतम मान को दाईं तरफ तथा न्यूनतम मान को बाईं तरफ रखेंगे। फिर उस मान के अन्तिम बिन्दु पर कोई भी मान रखकर जाँच करेंगे। अगर मान धनात्मक होता है, तो अन्तिम बिन्दु के बाद धनात्मक चिह्न देंगे और उन दोनों मूलों के मान के बीच में ऋणात्मक चिह्न देंगे। फिर उसी तरह अगर मान ऋणात्मक होता है, तो अन्तिम बिन्दु के बाद ऋणात्मक चिह्न देंगे और उन दोनों मूलों के मान के बीच में धनात्मक चिह्न देंगे।

अब उसके बाद असमीकरण की धनात्मक या ऋणात्मकता कौन-से मान से संतुष्ट होता है, यह जाँच कर लिखेंगे।

चिह्न-योजना (Sign Scheme) लिखने का तरीका

x में किसी व्यंजक का चिह्न-योजना लिखने के लिए सबसे पहले व्यंजक को शून्य के बराबर कर x का मान निकालेंगे। x के जो भी वास्तविक (Real) मान मिलते हैं उसे संख्या रेखा पर लेंगे और काल्पनिक मान को छोड़ देंगे अब x के जितने भिन्न-भिन्न मान मिलेंगे, संख्या रेखा उसमें एक अधिक भाग में बँट जाएगा। यदि x के n भिन्न-भिन्न मिलते हैं, तो संख्या रेखा $(n-1)$ भागों में बँट जाएगा। यदि x का एक भी वास्तविक मान नहीं मिले, तो संख्या रेखा केवल एक ही भाग में बँटेगा। किसी एक भाग में x का कोई एक वास्तविक मान रखकर दिए गए व्यंजक का चिह्न देखेंगे और उसके बाद शेष भागों में व्यंजक का चिह्न एकान्तर रूप से धनात्मक, ऋणात्मक देते जाएँगे। लेकिन अगर x का कोई मान सम बार आए, तो उसके दोनों तरफ समान चिह्न लिखेंगे।

उदाहरण 1 : x के किस मान से असमीकरण $x^2 + 9x > 2x - 12$ सन्तुष्ट होती है ?

हल : संगत समीकरण : $x^2 + 9x = 2x - 12$

या, $x^2 + 9x - 2x + 12 = 0$

या, $x^2 + 7x + 12 = 0$

या, $(x + 4)(x + 3) = 0$

$\therefore \quad x = -4$ या -3

अब, संगत समीकरण के मानों का चिह्न-योजना पर लिखने पर,



फिर, −4 या −3 के अन्तिम बिन्दु पर मान रखेंगे।

माना दाईं तरफ वाली अन्तिम बिन्दु (−3) पर मान (−2) रखा, $(-2 + 4)(-2 + 3) = (2 \times 1) = +2$ आया अर्थात् धनात्मक।

अब, अन्तिम बिन्दु के बाद धनात्मक चिह्न देंगे और दोनों मानों के बीच ऋणात्मक।



चूँकि असमीकरण की धनात्मकता यानि $(x + 4)(x + 3) > 0$ को संतुष्ट करना है।

अत: x का मान −4 से छोटा या −3 से बड़ा रखने पर असमीकरण की धनात्मकता संतुष्ट होती है।

$\therefore \quad x < -4$ या $x > -3$

उदाहरण 2 : x के किस मान से असमीकरण $2x^2 - x - 1 < 0$ सन्तुष्ट होती है ?

हल : संगत समीकरण : $2x^2 - x - 1 = 0$

या, $(2x + 1)(x - 1) = 0$

$\therefore \quad x = -\frac{1}{2}$ या 1

yousmahboob

अब, संगत समीकरण के मानों को चिह्न-योजना पर लिखने पर,



फिर, $-\frac{1}{2}$ या 1 के अन्तिम बिन्दु पर मान रखेंगे।

माना दाईं तरफ वाली अन्तिम बिन्दु (1) पर मान 2 रखा, $(2 \times 2 + 1)(2 - 1) = (5 \times 1) = 5$ अर्थात् धनात्मक।

अब, अन्तिम बिन्दु के बाद धनात्मक चिह्न देंगे और दोनों मानों के बीच ऋणात्मक।



चूँकि असमीकरण की ऋणात्मकता यानि $(2x + 1)(x - 1) < 0$ को सन्तुष्ट करना है।

अतः x का मान $\left(-\frac{1}{2}\right)$ से बड़ा और 1 से छोटा रखने पर असमीकरण की ऋणात्कता संतुष्ट होती है।

$\therefore \quad x > -\frac{1}{2}$ या $x < 1$

महत्वपूर्ण प्रश्न (*Important Questions*)

1. x का कौन-सा मान असमानता $x^2 - x - 6 > 0$ को संतुष्ट करेगा ?

(1) $x < -2$ अथवा $x > 3$
(2) $-2 < x < 3$
(3) $-3 < x < 2$ (4) $x > 2$ अथवा $x < 3$
(5) इनमें से कोई नहीं **[Bank P.O., 2002]**

2. निम्नलिखित में से x का कौन-सा मान $2x^2 + x - 3 < 0$ असमानता की सन्तुष्टि करता है ?

(1) $-\frac{3}{2} < x < 1$ (2) $-1 < x < \frac{3}{2}$
(3) $x > 1$ (4) $x < -\frac{3}{2}$
(5) इनमें से कोई नहीं

[RBI Grade 'B' Officer, 2002]

3. x के किस मान से अमीकरणस $2x^2 + 5x < 3$ सन्तुष्ट होती है ?

(1) $x < -3$ और $x < -\frac{1}{2}$ (2) $-3 < x < \frac{1}{2}$
(3) $-\frac{1}{2} < x < 3$ (4) $\frac{1}{2} < x < 3$
(5) इनमें से कोई नहीं

[Indian Bank (P.O.), 2002]

4. $b^2 + 8b \geq 9b + 14$ की विषमता दूर किया जा सकता है, अगर–

(1) $b \geq 5, b \leq -5$ (2) $b \geq 5, b \leq -4$
(3) $b \geq 6, b \leq -6$ (4) $b \geq 4, b \leq -4$
(5) इनमें से कोई नहीं

5. x का कौन-सा मान $x^2 - 3x + 2 > 2x - 4$ असमानता की सन्तुष्टि करता है ?

(1) $2 < x < 3$ (2) $x > 3$ अथवा $x < 2$
(3) $x \leq 3$ (4) $x \geq -2$
(5) इनमें से कोई नहीं **[M.B.A. 2007]**

6. x का कौन-सा मान असमानता $x^2 + 3x + 2 > 0$ को सन्तुष्ट करेगा ?

(1) $x > -1, x > -2$ (2) $x > -1$ अथवा $x < -2$
(3) $1 < x < 2$ (4) $x < 1$ अथवा $x > 3$
(5) इनमें से कोई नहीं **[M.B.A. 2008]**

7. x का कौन-सा मान असमानता $2x^2 + 5x + 2 > 0$ को सन्तुष्ट करेगा ?

(1) $x > -\frac{1}{2}, x < -2$ (2) $x > -\frac{1}{2}, x > -2$
(3) $x < -\frac{1}{2}, x > 2$ (4) $x < -\frac{1}{2}, x < -2$
(5) इनमें से कोई नहीं **[C.E.T. 2007]**

8. x का कौन-सा मान असमानता $2x^2 - 7x + 6 > 0$ को सन्तुष्ट करेगा ?

(1) $x > -\frac{3}{2}, x < -2$ (2) $x < -\frac{3}{2}, x > -2$
(3) $x < \frac{3}{2}, x < 2$ (4) $x > \frac{3}{2}, x < 2$
(5) इनमें से कोई नहीं **[S.S.C. 2007]**

9. x का कौन-सा मान असमानता $x^2 - 5x + 6 > 0$ को सन्तुष्ट करेगा ?

(1) $x > 3$ या $x < 2$ (2) $x > 2, x < -3$
(3) $2 < x < 3$ (4) $x < -2, x > 3$
(5) इनमें से कोई नहीं **[S.S.C. 2008]**

10. निम्नलिखित में से x का कौन-सा मान $2x^2 - 3x + 1 > 0$ के असमानता की संतुष्टि करता है ?

(1) $-1 < x < -\frac{1}{2}$ (2) $\frac{1}{2} < x < 1$

(3) $x > 1$ या $x < \frac{1}{2}$ (4) $-\frac{1}{2} < x < 1$

(5) इनमें से कोई नहीं

[Bank of Maharashtra (P.O.), 2003]

11. x का कौन-सा मान असमानता $3x^2 - 7x + 2 > 0$ को संतुष्ट करेगा ?

(1) $-\frac{1}{3} < x < -2$ (2) $2 < x > \frac{1}{3}$

(3) $x > 2$ या $x < \frac{1}{3}$ (4) $x < 2$ या $x > \frac{1}{3}$

(5) इनमें से कोई नहीं

12. x का कौन-सा मान असमानता $x^2 - 6x > 7$ को सन्तुष्ट करेगा ?

(1) $7 > x > 1$ (2) $x > 7, x > -1$

(3) $1 < x < -7$ (4) $x > 7$ या $x < -1$

(5) इनमें से कोई नहीं

13. x का कौन-सा मान असमानता $2x^2 + 13x > -15$ को सन्तुष्ट करेगा ?

(1) $x > -\frac{3}{2}$ या $x > -5$ (2) $x < -\frac{3}{2}$ या $x < -5$

(3) $x > -\frac{3}{2}$ या $x < -5$ (4) $x > -\frac{3}{2}$ या $x > -5$

(5) इनमें से कोई नहीं

14. x का कौन-सा मान असमानता $10x^2 - 7x + 1 > -0$ को सन्तुष्ट करेगा ?

(1) $x > \frac{1}{2}$ या $x < \frac{1}{5}$ (2) $\frac{1}{2} > x > \frac{1}{5}$

(3) $x > \frac{1}{2}$ या $x > \frac{1}{5}$ (4) $\frac{1}{2} < x < \frac{1}{5}$

(5) इनमें से कोई नहीं

15. x का कौन-सा मान असमानता $35x^2 - 12x + 1 > 0$ को संतुष्ट करेगा ?

(1) $\frac{1}{5} > x > \frac{1}{7}$ (2) $x > \frac{1}{5}$ या $x < \frac{1}{7}$

(3) $x < \frac{1}{5}$ या $x < \frac{1}{5}$ (4) $x > \frac{1}{5}$ या $x > \frac{1}{7}$

16. निम्नलिखित में से x के किन मानों के लिए असमानता $3(x^2 - 4x + 4) < x$ की पुष्टि हो जाती है ?

(1) $x > 3, x > \frac{4}{3}$ (2) $x > -3, x < -\frac{4}{3}$

(2) $\frac{4}{3} < x < 3$ (4) $\frac{4}{3} \le x \le 3$

(5) इनमें से कोई नहीं **[SBI (P.O.), 2001]**

17. x का कौन-सा मान असमानता $x^2 - 8x + 15 < 0$ को संतुष्ट करेगा ?

(1) $x < -3, x > 2$ (2) $x > 3, x < -2$

(3) $5 > x > 3$ (4) $x < 3$ या $x > -5$

(5) इनमें से कोई नहीं **[C.E.T. 2009]**

18. x का कौन-सा मान असमानता $x^2 - 7x + 12 < 0$ को संतुष्ट करेगा ?

(1) $-4 < x > 3$ (2) $3 < x < 4$

(3) $x < 3$ या $x < 4$ (4) $4 > x > -3$

(5) इनमें से कोई नहीं **[S.S.C. 2008]**

19. x का कौन-सा मान असमानता $x^2 - 3x + 2 < 0$ को संतुष्ट करेगा ?

(1) $2 < x < -1$ (2) $-1 < x < 2$

(3) $x > 2$ या $x < -1$ (4) $1 < x < 2$

(5) इनमें से कोई नहीं **[Bank P.O. 2009]**

20. निम्नलिखित में से x का कौन-सा मान विषमता $x^2 + 4x + 3 < 0$ की तुष्टि करेगा ?

(1) $-3 < x < -1$ (2) $1 < x < 3$

(3) $x < -3$ और $x > -1$

(4) $x = -1$ या -3

(5) इनमें से कोई नहीं **[BANK (P.O. 2003, 2008]**

21. निम्नलिखित में से कौन-सा मान असमानता $2x^3 - 7x < 15$ को संतुष्ट करेगा ?

(1) $-\frac{3}{2} < x < 5$ (2) $x > 5$ या $x < -\frac{3}{2}$

(3) $x < 5$ या $x < -\frac{3}{2}$ (4) $x > 5$ या $x > -\frac{3}{2}$

(5) इनमें से कोई नहीं

[Punjab National Bank Management Trainee, 2003]

22. निम्नलिखित में से कौन-सा असमानता $2x^2 + 7x - 4 < 0$ की तुष्टि करता है ?

(1) $-4 < x < \frac{1}{2}$ (2) $x < \frac{7}{5}$

(3) $\frac{-8}{6} < x < \frac{8}{6}$ (4) $x > \frac{1}{2}$

(5) इनमें से कोई नहीं

[RBI Officers Grade 'B', 2005]

yousmahboob

23. निम्नलिखित में से x का कौन-सा मूल्य असमानता $x^2 + 12 > 7x$ की तुष्टि करेगा ?

(1) $x > 4$ या $x > 3$ (2) $-4 < x < 4$

(3) $-4 < x < 3$ (4) $-3 < x < 3$

(5) इनमें से कोई नहीं

[Indian Overseas Bank (P.O.), 2004]

24. x के निम्नलिखित मूल्यों में से कौन-सा असमानता $3x^2 + x - 2 < 0$ की तुष्टि करेगा ?

(1) $\frac{2}{3} < x < 1$ (2) $-1 < x < \frac{2}{3}$

(3) $x < -1$ तथा $x < \frac{2}{3}$

(4) $x > -1$ तथा $x > \frac{2}{3}$

(5) इनमें से कोई नहीं

[Allahabad Bank (P.O.), 2004]

संक्षिप्त उत्तर
(Short Answer)

1. (1)	**2.** (1)	**3.** (2)	**4.** (2)	**5.** (2)
6. (2)	**7.** (1)	**8.** (5)	**9.** (1)	**10.** (3)
11. (3)	**12.** (4)	**13.** (3)	**14.** (1)	**15.** (2)
16. (3)	**17.** (3)	**18.** (2)	**19.** (4)	**20.** (1)
21. (1)	**22.** (1)	**23.** (5)	**24.** (2)	

उत्तर व्याख्यासहित
(Answer with Explanation)

1. (1) संगत समीकरण : $x^2 - x - 6 = 0$

या, $x^2 - 3x + 2x - 6 = 0$

या, $(x + 2)(x - 3) = 0$

$\therefore$ $x = -2, 3$

चिह्न योजना—



चूँकि असमीकरण $x^2 - x - 6 > 0$ है ।

अतः $x > 3$ या $x < -2$ रहने पर समीकरण की धनात्मकता सन्तुष्ट होगी ।

2. (1) संगत समीकरण : $2x^2 + x - 3 = 0$

या, $2x^2 + 3x - 2x - 3 = 0$

या, $(x - 1)(2x + 3) = 0$

$\therefore$ $x = 1, -\frac{3}{2}$

चिह्न योजना—



चूँकि, असमीकरण $2x^2 + x - 3 < 0$ है ।

अतः $x < 1$ और $x > -\frac{3}{2}$ रहने पर असमीकरण की ऋणात्मकता सन्तुष्ट होगी ।

3. (2) संगत समीकरण : $2x^2 + 5x = 3$

या, $2x^2 + 8x - 3 = 0$

या, $2x^2 + 6x - x - 3 = 0$

या, $(2x - 1)(x + 3) = 0$

$\therefore$ $x = \frac{1}{2}, -3$

चिह्न-योजना—



चूँकि असमीकरण $2x^2 + 5x < 3$ है ।

अतः $x > -3$ और $x < \frac{1}{2}$ रहने पर असमीकरण की ऋणात्मकता सन्तुष्ट होगी ।

4. (2) संगत समीकरण : $b^2 + 8b = 9b + 14$

या, $b^2 + 8b - 9b - 14 = 0$

या, $b^2 - b - 14 = 0$

अतः यह एक द्विघाती समीकरण है ।

$$\therefore \quad b = \frac{-(-1) \pm \sqrt{(-1)^2 - 4.1.(-14)}}{2.1}$$

$$\text{या,} \quad b = \frac{1 \pm \sqrt{1 + 56}}{2}$$

या, $b = 4.27, -3.27$

चिह्न-योजना—


$-\alpha$
धनात्मक
ऋणात्मक
धनात्मक
$+\alpha$
–3.27
4.27

चूँकि असमीकरण $b^2+8b \geq 9b+14$ है ।

अतः $x \geq 4.27$ या $x \leq -3.27$ रहने पर असमीकरण की धनात्मकता सन्तुष्ट होगी ।

5. (2) संगत समीकरण : $x^2-3x+2=2x-4$

या, $x^2-3x+2-2x+4=0$

या, $x^2-5x+6=0$

या, $(x-2)(x-3)=0$

$\therefore \quad x=2, 3$

चिह्न-योजना—


$-\alpha$
धनात्मक
ऋणात्मक
धनात्मक
$+\alpha$
2
3

चूँकि असमीकरण $x^2-3x+2>2x-4$ है ।

अतः $x>3$ या $x<2$ रहने पर असमीकरण की धनात्मकता सन्तुष्ट होगी ।

6. (2) संगत समीकरण : $x^2+3x+2=0$

या, $x^2+2x+x+2=0$

या, $(x+1)(x+2)=0$

$\therefore \quad x=-1, -2$

चिह्न-योजना—


$-\alpha$
धनात्मक
ऋणात्मक
धनात्मक
$+\alpha$
–2
–1

चूँकि असमीकरण $x^2+3x+2>0$ है ।

अतः $x>-1$ या $x<-2$ रहने पर असमीकरण की धनात्मकता सन्तुष्ट होगी ।

7. (1) संगत समीकरण : $2x^2+5x+2=0$

या, $2x^2+4x+x+2=0$

या, $(2x+1)(x+2)=0$

$\therefore \quad x=-\frac{1}{2}, -2$

चिह्न-योजना—


$-\alpha$
धनात्मक
ऋणात्मक
धनात्मक
$+\alpha$
– 2
$-\frac{1}{2}$

चूँकि असमीकरण $2x^2+5x+2>0$ है ।

अतः $x>-\frac{1}{2}$ या $x<-2$ रहने पर असमीकरण की धनात्मकता सन्तुष्ट होगी ।

8. (5) संगत समीकरण : $2x^2-7x+6=0$

या, $2x^2-4x-3x+6=0$

या, $(2x-3)(x-2)=0$

$\therefore \quad x=\frac{3}{2}, 2$

चिह्न-योजना—


$-\alpha$
धनात्मक
ऋणात्मक
धनात्मक
$+\alpha$
$\frac{3}{2}$
2

चूँकि असमीकरण $2x^2-7x+6>0$ है ।

अतः $x>2$ या $x<\frac{3}{2}$ रहने पर असमीकरण की धनात्मकता सन्तुष्ट होगी ।

9. (1) संगत समीकरण : $x^2-5x+6=0$

या, $x^2-3x-2x+6=0$

या, $(x-3)(x-2)=0$

$\therefore \quad x=3, 2$

चिह्न-योजना—


$-\alpha$
धनात्मक
ऋणात्मक
धनात्मक
$+\alpha$
2
3

चूँकि असमीकरण $x^2-5x+6>0$ है ।

अतः $x>3$ या $x<2$ रहने पर असमीकरण की धनात्मकता सन्तुष्ट होगी ।

10. (3) संगत समीकरण : $2x^2-3x+1=0$

या, $2x^2-2x-x+1=0$

या, $(2x-1)(x-1)=0$

$\therefore \quad x=\frac{1}{2}, 1$

चिह्न-योजना—


$-\alpha$
धनात्मक
ऋणात्मक
धनात्मक
$+\alpha$
$\frac{1}{2}$
1

चूँकि असमीकरण $2x^2-3x+1>0$ है ।

अतः $x>1$ या $x<\frac{1}{2}$ रहने पर असमीकरण की धनात्मकता सन्तुष्ट होगी ।

11. (3) संगत समीकरण : $3x^2 - 7x + 2 = 0$

या, $3x^2 - 6x - x + 2 = 0$

या, $(3x - 1)(x - 2) = 0$

$\therefore \quad x = \frac{1}{3}, 2$

चिह्न-योजना—



–α
धनात्मक
ऋणात्मक
धनात्मक
+α
1/3
2

चूँकि असमीकरण $3x^2 - 7x + 2 > 0$ है ।

अत: $x > 2$ या $x < \frac{1}{3}$ रहने पर असमीकरण की धनात्मकता सन्तुष्ट होगी ।

12. (4) संगत समीकरण : $x^2 - 6x = 7$

या, $x^2 - 6x - 7 = 0$

या, $x^2 - 7x + x - 7 = 0$

या, $(x + 1)(x - 7) = 0$

$\therefore \quad x = -1, 7$

चिह्न-योजना—



–α
धनात्मक
ऋणात्मक
धनात्मक
+α
–1
7

चूँकि असमीकरण $x^2 - 6x > 7$ है ।

अत: $x > 7$ या $x < -1$ रहने पर असमीकरण की धनात्मकता सन्तुष्ट होगी ।

13. (3) संगत समीकरण : $2x^2 + 13x = -15$

या, $2x^2 + 13x + 15 = 0$

या, $2x^2 + 10x + 3x + 15 = 0$

या, $(2x + 3)(x + 5) = 0$

$\therefore \quad x = -\frac{3}{2}, -5$

चिह्न-योजना—



–α
धनात्मक
ऋणात्मक
धनात्मक
+α
–5
–3/2

चूँकि असमीकरण $2x^2 + 13x > -15$ है ।

अत: $x > -\frac{3}{2}$ या, $x < -5$ रहने पर असमीकरण की धनात्मकता सन्तुष्ट होगी ।

14. (1) संगत समीकरण : $10x^2 - 7x + 1 = 0$

या, $10x^2 - 5x - 2x + 1 = 0$

या, $(5x - 1)(2x - 1) = 0$

$\therefore \quad x = \frac{1}{5}, \frac{1}{2}$

चिह्न-योजना—



–α
धनात्मक
ऋणात्मक
धनात्मक
+α
1/5
1/2

चूँकि असमीकरण $10x^2 - 7x + 1 > 0$ है ।

अत: $x > \frac{1}{2}$ या, $x < \frac{1}{5}$ रहने पर असमीकरण की धनात्मकता सन्तुष्ट होगी ।

15. (2) संगत समीकरण : $35x^2 - 12x + 1 = 0$

या, $35x^2 - 7x - 5x + 1 = 0$

या, $(7x - 1)(5x - 1) = 0$

$\therefore \quad x = \frac{1}{7}, \frac{1}{5}$

चिह्न-योजना—



–α
धनात्मक
ऋणात्मक
धनात्मक
+α
1/7
1/5

चूँकि असमीकरण $35x^2 - 12x + 1 > 0$ है ।

अत: $x > \frac{1}{5}$ या, $x < \frac{1}{7}$ रहने पर असमीकरण की धनात्मकता सन्तुष्ट होगी ।

16. (3) संगत समीकरण : $3(x^2 - 4x + 4) = x$

या, $3x^2 - 12x + 12 = x$

या, $3x^2 - 12x - x + 12 = 0$

या, $3x^2 - 13x + 12 = 0$

या, $3x^2 - 9x - 4x + 12 = 0$

या, $(3x - 4)(x - 3) = 0$

$\therefore \quad x = \frac{4}{3}, 3$

चिह्न-योजना—



–α
धनात्मक
ऋणात्मक
धनात्मक
+α
4/3
3

चूँकि असमीकरण $3(x^2 - 4x + 4) < x$ है ।

अत: $x > \frac{4}{3}$ और $x < 3$ रहने पर असमीकरण की ऋणात्मकता सन्तुष्ट होगी ।

17. (3) संगत समीकरण : $x^2 - 8x + 15 = 0$

या, $x^2 - 5x - 3x + 15 = 0$

या, $(x - 5)(x - 3) = 0$

$\therefore \quad x = 5, 3$

चिह्न-योजना—


$-\alpha$
धनात्मक
ऋणात्मक
धनात्मक
$+\alpha$
3
5

चूँकि असमीकरण $x^2 - 8x + 15 < 0$ है ।

अत: $x > 3$ और $x < 5$ रहने पर असमीकरण की ऋणात्मकता सन्तुष्ट होगी ।

18. (2) संगत समीकरण : $x^2 - 7x + 12 = 0$

या, $x^2 - 4x - 3x + 12 = 0$

या, $(x - 4)(x - 3) = 0$

$\therefore \quad x = 4, 3$

चिह्न-योजना—


$-\alpha$
धनात्मक
ऋणात्मक
धनात्मक
$+\alpha$
3
4

चूँकि असमीकरण $x^2 - 7x + 12 < 0$ है ।

अत: $x > 3$ और $x < 4$ रहने पर असमीकरण की ऋणात्मकता सन्तुष्ट होगी ।

19. (4) संगत समीकरण : $x^2 - 3x + 2 = 0$

या, $x^2 - 2x - x + 2 = 0$

या, $(x - 2)(x - 1) = 0$

$\therefore \quad x = 2, 1$

चिह्न-योजना—


$-\alpha$
धनात्मक
ऋणात्मक
धनात्मक
$+\alpha$
1
2

चूँकि असमीकरण $x^2 - 3x + 2 < 0$ है ।

अत: $x > 1$ और $x < 2$ रहने पर असमीकरण की ऋणात्मकता सन्तुष्ट होगी ।

20. (1) संगत समीकरण : $x^2 + 4x + 3 = 0$

या, $x^2 + 3x + x + 3 = 0$

या, $(x + 3)(x + 1) = 0$

$\therefore \quad x = -3, -1$

चिह्न-योजना—


$-\alpha$
धनात्मक
ऋणात्मक
धनात्मक
$+\alpha$
–3
–1

चूँकि असमीकरण $x^2 + 4x + 3 < 0$ है ।

अत: $x > -3$ और $x < -1$ रहने पर असमीकरण ऋणात्मकता सन्तुष्ट होगी ।

21. (1) संगत समीकरण : $2x^2 - 7x = 15$

या, $2x^2 - 7x - 15 = 0$

या, $2x^2 - 10x + 3x - 15 = 0$

या, $(2x + 3)(x - 5) = 0$

$\therefore \quad x = -\frac{3}{2}, 5$

चिह्न-योजना—


$-\alpha$
धनात्मक
ऋणात्मक
धनात्मक
$+\alpha$
$-\frac{3}{2}$
5

चूँकि असमीकरण $2x^2 - 7x < 15$ है ।

अत: $x > -\frac{3}{2}$ और $x < 5$ रहने पर असमीकरण की ऋणात्मकता सन्तुष्ट होगी ।

22. (1) संगत समीकरण : $2x^2 + 7x - 4 = 0$

या, $2x^2 + 8x - x - 4 = 0$

या, $(2x - 1)(x + 4) = 0$

$\therefore \quad x = \frac{1}{2}, -4$

चिह्न-योजना—


$-\alpha$
धनात्मक
ऋणात्मक
धनात्मक
$+\alpha$
–4
$\frac{1}{2}$

चूँकि असमीकरण $2x^2 + 7x - 4 < 0$ है ।

अत: $x > -4$ और $x < \frac{1}{2}$ रहने पर असमीकरण की ऋणात्मकता सन्तुष्ट होगी ।

23. (5) संगत समीकरण : $x^2 + 12 = 7x$

या, $x^2 - 7x + 12 = 0$

या, $(x - 4)(x - 3) = 0$

$\therefore \quad x = 4, 3$

चिह्न-योजना—



चूँकि असमीकरण $x^2 + 12 > 7x$ है ।

अत: $x < 3$ और $x > 4$ रहने पर असमीकरण की धनात्मकता सन्तुष्ट होगी ।

24. (2) संगत समीकरण : $3x^2 + x - 2 = 0$

या, $(x + 1)(3x - 2) = 0$

$\therefore \quad x = -1, \frac{2}{3}$

चिह्न-योजना—



चूँकि असमीकरण $3x^2 + x - 2 < 0$ है ।

अत: $x > -1$ और $x < \frac{2}{3}$ रहने पर असमीकरण की ऋणात्मकता सन्तुष्ट होगी ।

□

Must Read for Sure Success

Question Bank

cum

PRACTICE WORK BOOK

for

SSC (Assistant Grade, UDC, LDC, Section Officer, Tax Assistant etc.)
&
RAILWAY (ASM., T.A., C.A., GG, TC, CC etc.)

By **SAGIR AHMAD**

TIMES PUBLICATIONS
PUBLISHERS & DISTRIBUTORS

CHAPTER 34

समय एवं घड़ी
[TIME & CLOCK]

परिचय (Introduction)

परिचय : घड़ी आमतौर पर गोल आकृति की होती है, जिसमें समय बताने के लिए सूइयाँ लगी होती है। सूई तीन तरह के होते हैं–(1) घंटे की सूई (2) मिनट की सूई तथा (3) सेकेण्ड की सूई।

सूइयों का मार्ग वृत्ताकार होता है और यह 60 बराबर भागों में बँटा होता है। मिनट की सूई जितने भागों को पार करती है उतने ही मिनट का समय लेती है।

जब मिनट की सूई 60 मिनट की दूरी तय करती है तब घंटे की सूई 5 मिनट की दूरी तय करती है तथा इस दौरान 60 मिनट का समय लगता है। इस प्रकार मिनट की सूई 60 मिनट में घंटे की सूई से 55 मिनट की अधिक दूरी तय करती है। अत: मिनट की सूई घंटे की सूई से 1 मिनट की अधिक दूरी $\frac{60}{55}$ मिनट में तय करेगी।

सूइयों की प्रवृत्तियाँ

प्रत्येक घंटे दोनों सूइयाँ कुछ निश्चित आपसी संबंध दर्शाते हैं। प्रत्येक घंटे दोनों सूइयाँ :

1. एक बार मिलती है। इस दशा में दोनों सूइयों के बीच 0 मिनट की दूरी होती है।
2. एक बार एक दूसरे के विपरीत होती है। इस हालत में दोनों सूइयों के बीच 30 मिनट की दूरी होती है।
3. दो बार समकोण बनाती है। इस हालत में दोनों सूइयों के बीच की दूरी 15 मिनट के बराबर होती है।
4. दो बार एक ही रेखा में होती है। इस हालत में :
   - (i) दोनों सूइयों के बीच की दूरी 0 मिनट के बराबर होती है।
   - (ii) दोनों सूइयों के बीच की दूरी 30 मिनट के बराबर होती है।

उदाहरण 1. घड़ी में 4 तथा 5 बजे के बीच घंटे व मिनट की सूई कितने बजे मिलती है ?

(1) 4: 20 बजे　　(2) $4:19\frac{3}{7}$ बजे

(3) $4:22\frac{7}{11}$ बजे　　(4) $4:21\frac{9}{11}$ बजे

हल : (4) घड़ी में 4 बजे की स्थिति में मिनट की सूई, घंटे की सूई से 20 मिनट की दूरी से पीछे रहती है।

$$\therefore \text{ मिलने का समय } = 20\times\frac{60}{55}$$

$$= \frac{240}{11} = 21\frac{9}{11} \text{ मिनट}$$

अत: दोनों सूइयाँ 4 बजकर $21\frac{9}{11}$ मिनट पर मिलेंगी।

उदाहरण : 2. 3 और 4 बजे के बीच घंड़ी सूइयाँ कब एक दूसरे के विपरीत होंगी ?

(1) $3:49\frac{1}{11}$ बजे　　(2) 3 : 45 बजे

(3) 3 : 30 बजे　　(4) $3:48\frac{7}{11}$ बजे

हल : (1) सूइयाँ जब एक दूसरे के विपरीत होती हैं तब इनके बीच 30 मिनट की दूरी होती है। 3 बजे दोनों सूइयों के बीच 15 मिनट की दूरी होती है। अत: दोनों सूइयाँ एक दूसरे के विपरीत तब होंगी जब मिनट की सूई घंटे की सूई की अपेक्षा [30 + 15] मिनट तथा 45 मिनट की अधिक दूरी तय करें।

∴ मिनट की सूई द्वारा 45 मिनट की अधिक दूरी तय करने में लगा समय $=45\times\frac{60}{55}=49\frac{1}{11}$ मिनट

अत: दोनों सूइयाँ 3 बजकर $49\frac{1}{11}$ मिनट पर एक दूसरे के विपरीत होंगी।

सूइयों के बीच का कोण

घड़ी की सूइयाँ जब अपने वृत्ताकार मार्ग पर एक पूरा चक्कर लगाती है, तब उन्हें 360° घूमना पड़ता है। यह वत्ताकार मार्ग 60 बराबर भागों में बँटा होता है तथा प्रत्येक भाग $\frac{360°}{60}=6°$ के बराबर होता है। चूँकि प्रत्येक भाग 1 मिनट

की दूरी को व्यक्त करता है । अतः 1 मिनट की दूरी 6° के बराबर होती है ।

महत्त्वपूर्ण बिन्दु

(i) घंटे तथा मिनट की सूई के बीच प्रत्येक 5 मिनट की दूरी पर 30° का कोण बनता है ।

(ii) घंटे की सूई 12 घंटे में 360° का कोण पूरा करती है ।

(iii) मिनट की सूई 60 मिनट में 360° का कोण पूरा करती है।

(iv) प्रत्येक मिनट में घंटे की सूई $\frac{1^\circ}{2}$ का कोण पूरा करती है तथा मिनट की सूई 6° का कोण पूरा करती है ।

उदाहरण 1. 5 बजकर 15 मिनट पर घंड़ी की सूइयों के बीच कितने अंश का कोण होगा ?

(1) 67° (2) $67\frac{1^\circ}{2}$

(3) 68° (4) $68\frac{1^\circ}{2}$

हल : (2) 15 मिनट में मिनट की सूई द्वारा बनाया गया कोण = 15 × 6° = 90°

तथा 5 घंटे 15 मिनट में घंटे की सूई द्वारा बनाया गया कोण

$$=5\frac{15}{60}\times 30^\circ=157\frac{1^\circ}{2}$$

$$\therefore \text{ अभीष्ट कोण } =157\frac{1^\circ}{2}-90^\circ=67\frac{1^\circ}{2}$$

उदाहरण 2. वह समय बताइए जब 4 और 5 बजे के बीच सूइयों के मध्य 30° का कोण होगा ।

(1) $4:16\frac{4}{11}$ बजे (2) $4:20\frac{4}{11}$ बजे

(3) 4 : 30 बजे (4) 5 बजे

हल : (1) ∵ 6° का कोण = 1 मिनट

$$\therefore \text{ 30° का कोण } =\frac{1}{6}\times 30^\circ=5 \text{ मिनट}$$

अतः मिनट की सूई को (20 – 5) = 15 मिनट की अधिक दूरी तय करनी पड़ेगी ।

$$\therefore \text{ अभीष्ट समय } =15\times\frac{60}{55}=\frac{182}{11} \text{ मिनट}$$

$$=16\frac{4}{11} \text{ मिनट}$$

उदाहरण 3. वह कौन-सा समय है, जब 2 और 3 के बीच की सूइयाँ एक दूसरे से 180° कोण बनाती हैं ?

(1) 2 बजकर $43\frac{7}{11}$ मिनट पर

(2) 2 बजकर 30 मिनट पर

(3) 2 बजकर $28\frac{3}{11}$ मिनट पर

(4) 2 बजकर 25 मिनट पर

हल : (1) 180° का कोण तब बनेगा जब दोनों सूइयों के बीच 30 मिनट की दूरी हो । 2 बजे दोनों सूइयों के बीच 10 मिनट की दूरी होती है । अतः मिनट की सूई को (10 + 30) = 40 मिनट की अधिक दूरी तय करनी होगी ।

$$\text{अतः अभीष्ट समय } =40\times\frac{60}{55}$$

$$=\frac{480}{11}=43\frac{7}{11} \text{ मिनट}$$

∴ सूइयाँ 2 बजकर $43\frac{7}{11}$ मिनट पर 180° का कोण बनाएँगी ।

मंद (Slow) एवं तेज (Fast) घड़ियाँ

जब घड़ी द्वारा बताया गया समय तथा वास्तविक समय समान रहता है तब घड़ी न तो मंद रहती है न ही तेज । अगर वास्तविक समय के अनुसार 10 बजा हो और कोई घड़ी 10 बजकर 15 मिनट बताए तो कहा जाएगा कि वह घड़ी 15 मिनट तेज है । अगर उस समय कोई घड़ी 9 बजकर 50 मिनट बताए तो कहा जाएगा कि वह घड़ी 10 मिनट सुस्त है ।

उदाहरण : 1. एक घड़ी प्रत्येक 3 मिनट में 12 सेकेण्ड आगे बढ़ जाती है । यदि उसे रविवार को अपराह्न 3 बजे से सही सेट कर चालू किया, तो मंगलवार को प्रातः 10 बजे क्या समय बताएगी ?

(1) 10 घंटा 2 मिनट 50 सेकेण्ड

(2) 10 घंटा 3 मिनट 2 सेकेण्ड

(3) 10 घंटा 2 मिनट 54 सेकेण्ड

(4) 10 घंटा 2 मिनट 52 सेकेण्ड

[MPPSC (P.T.), 1999]

हल : (4) रविवार अपराह्न 3 बजे से मंगलवार प्रातः 10 बजे तक का समय = 12 + 24 + 7 = 43 घंटे

चूँकि घड़ी 3 घंटे में 12 सेकेण्ड बढ़ती है ।

अतः 43 घंटे में $\frac{12\times 43}{3}=172$ सेकेण्ड बढ़ेगी ।

∴ उसी घड़ी में मंगलवार प्रातः 10 बजे समय होगा 10 घंटा 2 मिनट 52 सेकेण्ड ।

सूइयों की स्थिति में आपसी परिवर्तन

1. घड़ी की सूइयों की आपसी स्थिति में परिवर्तन तभी होगा जब उनके बीच की दूरी $\frac{60}{13}$ मिनट या $4\frac{8}{13}$ मिनट के गुणक में हो ।
2. यह दूरी घंटे की सूई से दक्षिणावर्त (Clockwise) दिशा में मिनट की सूई तक मापी जाती है ।
3. स्थिति परिवर्त्तन की प्रक्रिया में जब सूइयाँ एक दूसरे को n बार पार करती है, तो वे मिलकर $(n + 1) \times 60$ मिनट की दूरी तय करती हैं ।
4. जब सूइयाँ एक दूसरे को n बार पार करके आपसी स्थिति में परिवर्त्तन करे, तो उनके बीच की दूरी $(n+1)\times\frac{60}{13}$ मिनट के बराबर होती है।

उदाहरण : मनोज जी 2 से 3 बजे के बीच कभी घर से निकले और 7 से 8 के बीच घर आ गए । आने पर उन्होंने पाया कि घड़ियों की सूइयों ने आपसी स्थान बदल लिया है । बताएँ कि वह कितने बजे घर से निकले थे ?

(1) 2 बजकर $36\frac{12}{143}$ मिनट
(2) 2 बजकर 36 मिनट
(3) 2 बजकर 37 मिनट
(4) 2 बजकर 35 मिनट

हल : (1) प्रश्न से स्पष्ट है कि प्रस्थान के समय घंटे की सूई 2 तथा 3 के बीच में होगी एवं मिनट की सूई 7 तथा 8 के बीच होगी तथा आगमन के समय घंटे की सूई 7 तथा 8 के बीच में होगी एवं मिनट की सूई 2 तथा 3 के बीच होगी।



इस अवस्था में यदि सूइयों की स्थिति में आपसी परिवर्तन होता है, तो दोनों सूइयाँ 4 बार एक-दूसरे को पार करके तथा 1 बार बिना पार किए पूरा चक्कर लगाएगी । इस तरह कुल 5 चक्कर हुए ।

$\therefore$ घंटे की सूई द्वारा तय दूरी $= 5 \times \frac{60}{13}$

$= \frac{300}{13}$ मिनट

$\therefore$ घंटे तथा मिनट की सूइयों के बीच की दूरी

$= \frac{300}{13}$ मिनट

फिर दो बजे दोनों सूइयों के बीच की दूरी 10 मिनट के बराबर होगी । लेकिन प्रस्थान के समय मिनट की सूई 7 तथा 8 के बीच में थी । अत: मिनट की सूई को यहाँ तक आने के लिए $\left(10+\frac{300}{13}\right)$ मिनट या $\frac{430}{13}$ मिनट अधिक चलना होगा ।

अत: अभीष्ट समय $= \frac{60}{55}\times\frac{430}{13}$

$= 36\frac{12}{143}$ मिनट

$\therefore$ प्रस्थान का समय 2 बजकर $36\frac{12}{143}$ मिनट होगा।

घड़ी से सम्बन्धित अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :

1. प्रत्येक 12 घंटे की घड़ी की सूइयाँ 11 बार आपस में मिलती हैं । अत: 24 घंटे में सूइयाँ 22 बार आपस में मिलेंगी ।
2. प्रत्येक 12 घंटे में घड़ी की सूइयाँ 11 बार तथा 24 घंटे में 22 बार एक दूसरे के विपरीत होंगी । अर्थत् एक ही दिशा में तथा विपरीत दिशा में कुल मिलाकर 44 बार एक सीध में रहती है ।
3. प्रत्येक घंटे में दोनों सूइयाँ दो बार समकोण बनाती है, लेकिन 12 घंटे में दोनों सूइयाँ 22 बार यानि 24 घंटे में दोनों सूइयाँ 44 बार परस्पर समकोण बनाती हैं ।

महत्वपूर्ण प्रश्न *(Important Questions)*

1. घड़ी की सूइयाँ 5 बजकर 15 मिनट पर कितने डिग्री का कोण बनाती है ?

(1) 72.5° (2) 67.5°
(3) 64° (4) 58.5°

[AAO 2003, S.S.C. 2008]

2. 3 बजकर 35 मिनट पर दोनों सूइयों के बीच कितना कोण बनेगा ?

(1) 102.6° (2) 103°
(3) 102.5° (4) 105°

[I.B. 2004, R.B.I. 2009]

3. 2 बजकर 20 मिनट पर दोनों सूइयों के बीच कितना कोण बनेगा ?

(1) 50° (2) 60°
(3) 42° (4) 50.2°

4. एक सही घड़ी सुबह के 8 बजे दर्शाती है। घड़ी की घंटा की सूई दोपहर बाद 2 बजे तक कितनी डिग्री का कोण बनाती है ?
(1) 150° (2) 144°
(3) 168° (4) 180°
[RRB राँची, 2004]

5. घड़ी A प्रत्येक दिन 1 मिनट लेट हो जाती है, जबकि घड़ी B प्रत्येक दिन $1\frac{1}{2}$ मिनट फास्ट हो जाती है। यदि घड़ी B घड़ी A की अपेक्षा 30 मिनट आगे हो, तो घड़ी B को घड़ी A की अपेक्षा 45 मिनट आगे होने में कितने दिन लगेंगे ?
(1) 10 (2) 6
(3) 18 (4) 8
(5) इनमें से कोई नहीं **[BSRB दिल्ली (P.O.), 1999]**

6. एक दिन में घड़ी की दोनों सूइयाँ एक साथ होंगी—
(1) 22 (2) 21
(3) 2 (4) 24
[RRB चण्डीगढ़, 2003]

7. 8 : 50 बजे से 20 मिनट पहले बैठक स्थल पर पहुँचते हुए सतीश को यह मालूम हुआ कि वह 40 मिनट देर से आनेवाले व्यक्ति से तीस मिनट पहले आ गया है। यह बताइए कि बैठक का निर्धारित समय क्या था ?
(1) 8 : 20 (2) 8 : 10
(3) 8 : 05 (4) 8 : 00
[SSC, 2002]

8. मेरी घड़ी सोमवार 2 बजे दोपहर को 3 मिनट पीछे है और बुधवार 2 बजे दोपहर को 5 मिनट आगे है। इसने ठीक समय कब दिखाया ?
(1) मंगलवार 6 बजे सुबह
(2) मंगलवार 8 बजे सुबह
(3) बुधवार 4 बजे सुबह
(4) बुधवार 8 बजे सुबह **[BPSC (PT), 1994]**

9. एक घड़ी क्रमशः एक बजे एक बार, दो बजे दो बार अर्थात् जितना समय होता है, घड़ी भी उतनी बार बजती है। 24 घंटे में घड़ी कितनी बार बजेगी ?
(1) 148 (2) 144
(3) 156 (4) 172

10. दो घड़ियाँ एक साथ 10 बजे बजना प्रारम्भ करती है। पहली घड़ी 18 सेकेण्ड में तथा दूसरी घड़ी 27 सेकेण्ड में बजती है। बताइए पहली घड़ी के छठे प्रहार तथा दूसरी घड़ी के चौथे प्रहार में कितने समय का अन्तर होगा ?
(1) 1 सेकेण्ड (2) 2 सेकेण्ड
(3) 5 सेकेण्ड (4) 0 सेकेण्ड

11. एक कम्पनी के प्रबंध निदेशक ने साक्षात्कार लेने के लिए हॉल में 12 : 30 से 10 मिनट पूर्व प्रवेश किया। वह चेयरमैन से 20 मिनट पूर्व आया था तथा चेयरमैन 30 मिनट विलम्ब से आया था। साक्षात्कार का नियत समय क्या था ?
(1) 12 : 00 (2) 12 : 10
(3) 12 : 20 (4) 12 : 30
[SBI (P.O.), 1999]

12. एक गोष्ठी में 8 : 30 के 15 मिनट पूर्व पहुँचने पर ऐश्वर्या को ज्ञात हुआ कि वह आधा घंटा पहले उस व्यक्ति से आई है, जो गोष्ठी के नियत समय से 40 मिनट देर से पहुँचा है। गोष्ठी का नियत समय क्या था?
(1) 8 : 00 बजे (2) 8 : 05 बजे
(3) 8 : 15 बजे (4) 8 : 45 बजे
[SSC, 1996]

13. किसी कॉन्फ्रेंस हॉल में मीटिंग के लिए डाइरेक्टर 9 : 20 प्रातः घुसे तथा मुख्य अतिथि इसके 30 मिनट बाद घुसे। मुख्य अतिथि मीटिंग प्रारम्भ होने के ठीक समय से 5 मिनट लेट थे। मीटिंग प्रारम्भ होने का ठीक समय क्या था ?
(1) प्रातः 9 : 45 बजे (2) प्रातः 9 : 55 बजे
(3) प्रातः 9 : 50 बजे (4) प्रातः 10 : 45 बजे
(5) इनमें से कोई नहीं **[BSRB क्लर्क, 1996]**

14. एक घड़ी 4 बजे का समय दर्शा रही है। घंटे के सूई के 90° घूमने के बाद क्या समय होगा ?
(1) 8 बजे (2) 7 बजे
(3) 6 बजे (4) इनमें से कोई नहीं
[SI (UP), 2001]

15. एक बस स्टैण्ड से हर 30 मिनट पर दिल्ली के लिए एक बस रवाना होती है। एक पूछताछ क्लर्क ने एक यात्री को बताया कि एक बस 10 मिनट पहले ही छूटी है और अगली बस 9 : 35 पूर्वाह्न पर छूटेगी। पूछताछ क्लर्क ने यात्री को सूचना कितने बजे दी है ?

(1) 9 : 10 पूर्वाह्न (2) 8 : 55 पूर्वाह्न
(3) 9 : 08 पूर्वाह्न (4) 9 : 15 पूर्वाह्न

[RRB गोरखपुर, 1998]

16. 10 और 11 बजे के बीच घड़ी की दोनों सूइयाँ कब आपस में मिलेंगी ?

(1) $10{:}54\frac{6}{11}$ बजे (2) 10 : 55 बजे

(3) 10 : 52 बजे (4) $10{:}53\frac{6}{11}$ बजे

[LIC, 1997]

17. 2 और 3 बजे के बीच घड़ी की सूइयों के बीच कब 5 मिनट की दूरी होगी ?

(1) $2{:}5\frac{5}{11}$ बजे (2) $2{:}16\frac{4}{11}$ बजे
(3) (1) तथा (2) दोनों (4) कोई नहीं

[R.R.B. 2001]

18. 5 तथा 6 बजे के बीच दोनों सूइयाँ कब विपरीत दिशाओं में होंगी ?

(1) 6 बजे

(2) 5 बजकर $55\frac{1}{2}$ मिनट

(3) 6 बजकर 5 मिनट

(4) इनमें से कोई नहीं **[S.S.C. 2003]**

19. एक घड़ी 12 बार बजने में 33 सेकेण्ड का समय लेती है । बताइए 7 बार बजने में कितना समय लेगी ?

(1) 18 (2) 15
(3) 14 (4) 7

20. एक घड़ी 22 सेकेण्ड में 12 बार बजती है । बताइए 8 बार बजने में कितना समय लेगी ?

(1) 30 सेकेण्ड (2) 22 सेकेण्ड
(3) 20 सेकेण्ड (4) 14 सेकेण्ड

21. 10 और 11 बजे के बीच घड़ी की सूइयों द्वारा समकोण बनाने की अवस्थाओं को बताइए।

(1) $5{:}5\frac{5}{11}$ बजे (2) $10{:}5\frac{5}{11}$ बजे

(3) $10{:}38\frac{2}{11}$ बजे

(4) (2) तथा (3) दोनों **[I.B., 2004]**

22. 3 और 4 बजे के बीच कब मिनट वाली सूई घंटे वाली सूई से 4 मिनट पीछे होगी ?

(1) 3 : 12 बजे (2) 3 : 10 बजे
(3) 3 : 25 बजे (4) 3 : 15 बजे

[M.B.A., 2005]

23. 3 और 4 बजे के बीच किस समय घड़ी की मिनट वाली सूई घंटे वाली सूई से 10 मिनट आगे होंगी ?

(1) $3{:}27\frac{4}{11}$ बजे (2) $3{:}27\frac{3}{11}$ बजे

(3) 3 : 30 बजे (4) $3{:}15\frac{2}{11}$ बजे

[R.R.B. 2003, S.S.C. 2008]

24. 11 और 12 बजे के बीच घड़ी की सूइयाँ किसी समय परस्पर 180° का कोण बनाती हैं । बताइए वह समय क्या होगा ?

(1) $11{:}27\frac{3}{11}$ बजे (2) 11 : 30 बजे

(3) $11{:}31\frac{3}{11}$ बजे (4) 11 : 25 बजे

[R.R.B., 2003]

25. 10 और 11 बजे के बीच घड़ी की दोनों सूइयाँ कब एक ही रेखा में होंगी ?

(1) $10{:}54\frac{6}{11}$ बजे (2) $10{:}55\frac{6}{11}$ बजे

(3) $10{:}21\frac{9}{11}$ बजे (4) (1) तथा (3)

[Clerk Grade, 2001]

26. घड़ी की सूइयों की ऐसी कितनी सापेक्ष स्थितियाँ होंगी जिसमें सूइयाँ परिक्रमा के दौरान आपस में स्थान बदल सकें ?

(1) 12 *(2) 16*
(3) 13 *(4) 11*

[L.I.C. 2002, R.R.B. 2008]

27. एक घड़ी प्रति *24* घंटे में *60* मिनट तेज हो जाती है । उसे *10* बजे मिलाया गया । दूसरे दिन सही समय क्या होगा, जब घड़ी *4 P.M.* प्रदर्शित करेगी ?

(1) *2* बजकर *48* मिनट
(2) *2* बजकर *30* मिनट
(3) *3* बजकर *10* मिनट
(4) *4* बजकर *5* मिनट **[Delhi Police, 2003]**

28. एक व्यक्ति को आइने में दीवार घड़ी की तस्वीर दिखाई देती है । तस्वीर में मिनट की सूई *12* पर तथा घंटे की सूई *9* पर दिखाई दे रही है । बताइए कि घड़ी में सही समय क्या हो रहा होगा ?

(1) *8* बजे *(2)* *4* बजे
(3) *5* बजे *(4)* *3* बजे

[S.S.C. 2006, C.B.I. 2009]

29. एक घड़ी को आइने के सामने रखने पर लगता है कि *7* बजकर *12* मिनट हुआ है । घड़ी में सही समय क्या हो रहा होगा ?

yourssmahboob

(1) 4 बजकर 10 मिनट
(2) 4 बजकर 45 मिनट
(3) 4 बजकर 48 मिनट
(4) 4 बजकर 50 मिनट **[R.R.B. 2005]**

30. जॉनी की घड़ी में कुछ दोष आ गया था। जिस समय उसकी घड़ी में 4 बजकर 10 मिनट हो रहा था, उस समय सही समय उसके घड़ी के दर्पण प्रतिबिम्ब के समय के बराबर था। सही समय क्या था ?
(1) 7 बजकर 10 मिनट
(2) 7 बजकर 50 मिनट
(3) 7 बजकर 40 मिनट
(4) 7 बजकर 20 मिनट **[S.S.C. 2004]**

31. एक घड़ी का प्रतिबिम्ब दर्पण में दिखाई दे रहा था। घड़ी में उस समय 5 बजकर 25 मिनट हुआ था। अगर दर्पण में बने घड़ी के प्रतिबिम्ब का किसी दूसरे दर्पण में पुन: प्रतिबिम्ब दिखाई दे, तो इस दूसरे दर्पण में बने घड़ी के प्रतिबिम्ब में क्या समय प्रदर्शित हो रहा होगा ?
(1) 5 बजकर 25 मिनट
(2) 5 बजकर 20 मिनट
(3) 6 बजकर 35 मिनट
(4) 6 बजकर 30 मिनट **[M.B.A., 2003]**

32. रविवार दोपहर 12 बजे मेरी घड़ी 5 मिनट आगे थी तथा लारा की घड़ी 6 मिनट मंद थी। बुधवार शाम को 8 बजे पता चला कि मेरी घड़ी 1 मिनट मंद तथा लारा की घड़ी 3 मिनट तेज हो गई। बताइए मेरी तथा लारा की घड़ियों ने कब समान समय बताया होगा ? (समय की गणना सही समय के सापेक्ष करना है)
(1) मंगलवार सुबह 10 बजकर 40 मिनट पर
(2) मंगलवार शाम 10 बजकर 40 मिनट पर
(3) सोमवार 10 बजे
(4) मंगलवार 10 बजे

33. प्रश्न 32 के आधार पर बताइए कि जब दोनों घड़ियाँ समान समय बताएँगी, तब उन घड़ियों में क्या समय दिख रहा होगा ?
(1) 10 बजकर 41 मिनट
(2) 10 बजकर 40 मिनट 36 सेकेण्ड
(3) 10 बजकर 42 मिनट
(4) इनमें से कोई नहीं

34. एक घड़ी प्रतिदिन 2 मिनट मंद हो जाती है तथा दूसरी घड़ी प्रतिदिन 1 मिनट तेज। दोनों घड़ियाँ 10 जनवरी, 2006 को 12 बजे मिलाई गई। बताइए ये घड़ियाँ (सही समय के अनुसार) कब पुन: समान समय बताएँगी ?
(1) 29 जुलाई
(2) 12 दिसम्बर
(3) 7 सितम्बर
(4) 8 सितम्बर **[S.S.C. 2001]**

35. प्रश्न 34 के आधार पर बताइए कि ये घड़ियाँ जब समान समय बताएँगी, तब उनमें क्या बजा होगा ?
(1) 4 P.M.
(2) 6 P.M.
(3) 3 P.M.
(4) 5 P.M.

36. 2 और 3 बजे के बीच किसी क्षण घड़ी की दोनों सूइयों की जो स्थितियाँ थी, वे 6 तथा 7 बजे के बीच आपस में बदल जाती हैं। बताइए 2 तथा 3 बजे के बीच उस क्षण क्या बजा होगा ?
(1) 2 बजकर $31\frac{7}{143}$ मिनट
(2) 2 बजकर 31 मिनट
(3) सवा दो
(4) इनमें से कोई नहीं **[MAT, 1997]**

संक्षिप्त उत्तर (Short Answer)

1. (2)	2. (3)	3. (1)	4. (4)	5. (2)
6. (1)	7. (1)	8. (2)	9. (3)	10. (1)
11. (2)	12. (2)	13. (1)	14. (2)	15. (4)
16. (1)	17. (3)	18. (1)	19. (1)	20. (4)
21. (4)	22. (1)	23. (2)	24. (1)	25. (4)
26. (3)	27. (1)	28. (4)	29. (3)	30. (2)
31. (1)	32. (2)	33. (2)	34. (3)	35. (1)
36. (1)				

उत्तर व्याख्यासहित (Answer with Explanation)

1. (2)



yourshahboob

5 बजकर 15 मिनट पर घड़ी की सूइयों की स्थिति चित्रानुसार होगी ।

यहाँ $\theta=(\alpha-\beta)$

$$=\left(\frac{360°}{12}\times 5\frac{1}{4}\right)-\left(360°\times\frac{1}{4}\right)$$

$[\because$ 15 मिनट $=\frac{1}{4}$ घंटे$]$

$$=157\frac{1°}{2}-90°=67\frac{1°}{2}=67.5°$$

2. (3) 35 मिनट में मिनट की सूई द्वारा बनाया गया कोण $= 35 \times 6° = 210°$

3 घंटे 35 मिनट में घंटे की सूई द्वारा बनाया गया

कोण $=3\frac{35}{60}\times 30°=107.5°$

$\therefore$ दोनों सूइयों के बीच का अभीष्ट कोण $= 210° - 107.5° = 102.5°$

3. (1) 20 मिनट में मिनट की सूई द्वारा बनाया गया कोण $= 20 \times 6° = 120°$

2 घंटे 20 मिनट में घंटे की सूई द्वारा बनाया गया

कोण $=2\frac{20}{60}\times 30°=70°$

$\therefore$ दोनों सूइयों के बीच का अभीष्ट कोण $= 120° - 70° = 50°$

4. (4)



चूँकि घंटा की सूई 12 घंटे में 360° का कोण बनाती है, अत: सुबह 8 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक 6 घंटा हुआ । अत: घंटे की सूई इस 6 घंटे में 180° का कोण बनाएगी ।

5. (2) घड़ी B, घड़ी A से प्रति घंटा आगे निकला समय

$$=\left(\frac{1}{24}+\frac{1}{16}\right)=\frac{5}{48}\text{ मिनट}$$

$\therefore$ घड़ी B को 15 मिनट आगे बढ़ने में लगा

समय $=\frac{48}{5}\times\frac{15}{24}=6$ दिन

6. (1) दोनों सूइयाँ एक साथ होगी $=\frac{55}{60}\times 24=22$

7. (1) सतीश के पहुंचने का समय $= 8:50 - 0:20$
$= 8:30$

$\therefore$ बैठक का निर्धारित समय
$= 8:30 - (0:40 - 0:30)$
$= 8:20$

8. (2) 48 घंटे के अन्दर समयान्तराल = 8 मिनट
6 घंटे के अन्दर समय-अन्तराल = 1 मिनट
अत: 3 मिनट आगे होने में सोमवार दो बजे से 18 घंटे समय लगेगा । 2 + 18 = 20 बजे यानि मंगलवार सुबह 8 बजे घड़ी ने सही समय दिखाया।

9. (3) 12 घंटे में घड़ी के बजने की संख्या
= 1 + 2 + 3 + 4 + 5 + 6 + 7 + 8 + 9 + 11 + 12
= 78 बार

$\therefore$ 24 घंटे में घड़ी 78×2
= 156 बार बजेगी ।

10. (1) 10 बजे प्रत्येक घड़ी के 10 स्ट्रोक के बीच 9 समय-अन्तराल होंगे ।

प्रथम घड़ी का प्रति समय-अन्तराल लगा समय

$=\frac{18}{9}$ सेकेण्ड $=2$ सेकेण्ड

दूसरी घड़ी का प्रति समय-अन्तराल लगा समय

$=\frac{27}{9}$ सेकेण्ड $=3$ सेकेण्ड

प्रथम घड़ी क 6 प्रहार में लगा समय
$= 2 \times (6 - 1) = 10$ सेकेण्ड

दूसरी घड़ी के 4 प्रहार में लगा समय
$= 3 \times (4 - 1) = 9$ सेकेण्ड

$\therefore$ अभीष्ट अन्तर $= (10 - 9)$ सेकेण्ड
$= 1$ सेकेण्ड

11. (2) प्रबन्ध निदेशक क आने का समय
$= (12:30 - 0:10) = 12:20$
साक्षात्कार का नियत समय
$= 12:20 - (0:30 - 0:20) = 12:10$

12. (2) ऐश्वर्या का बैठक में पहुँचने का समय
$= 8:30 - 0:15 = 8:15$
अत: बैठक का नियत समय
$= 8:15 + 0:30 - 0:40 = 8:05$ बजे

13. (1) मीटिंग प्रारम्भ होने की ठीक समय

$= 9:20 + 0:30 - 0:05 =$ प्रातः 9 : 45 बजे

14. (2) चूँकि घंटे की सूई 1 घंटे में 30° घूमती है । अतः 90° घूमने में 3 घंटे का समय लगेगा ।

15. (4) सूचना देने का समय

$= (9:35 - 0:30) + 0:10 = 9:15$ पूर्वाह्न

16. (1) 10 बजे घंटे तथा मिनट की सूइयों के बीच 50 मिनट की दूरी होती है । [क्योंकि यह दूरी घड़ी की दिशा में ली गई है] । सूइयाँ आपस में तब मिलेंगी, जब मिनट की सूई घंटे की सूई की अपेक्षा 50 मिनट की अधिक दूरी तय करें,

∴ अभीष्ट समय $= 50 \times \frac{60}{55}$ मिनट

$= \frac{600}{11}$ मिनट

$= 54\frac{6}{11}$ मिनट

∴ सूइयाँ 10 बजकर $54\frac{6}{11}$ मिनट पर आपस में मिलेंगी ।

17. (3) दो अवस्थाओं में दोनों सूइयों के बीच की दूरी 5 मिनट होगी ।

(i) जब मिनट की सूई 5 मिनट की अधिक दूरी तय कर लेगी ।

∴ अभीष्ट समय $= 5 \times \frac{60}{55} = 5\frac{5}{11}$ मिनट

∴ 2 बजकर $5\frac{5}{11}$ मिनट पर दोनों सूइयों के बीच 5 मिनट की दूरी होगी ।

(ii) जब मिनट की सूई 15 मिनट की अधिक दूरी तय कर लेगी ।

∴ अभीष्ट समय $= 15 \times \frac{60}{55}$ मिनट

$= \frac{180}{11} = 16\frac{4}{11}$ मिनट

∴ 2 बजकर $16\frac{4}{11}$ मिनट पर भी दोनों सूइयों के बीच 5 मिनट की दूरी होगी ।

18. (1) 5 बजे दोनों सूइयों के बीच की दूरी = 25 मिनट

जब मिनट की सूई 55 मिनट की अधिक दूरी तय करेगी, तब दोनों सूइयाँ विपरीत होंगी ।

∴ अभीष्ट समय $= 55 \times \frac{60}{55}$

= 60 मिनट = 1 घंटा

∴ 6 बजे दोनों सूइयाँ विपरीत होंगी ।

19. (1) प्रति समय-अन्तराल लगा समय

$= \frac{33}{(12-1)} = 3$ सेकेण्ड

∴ 7 बार बजने में लगा समय

$= (7-1) \times 3 = 18$ सेकेण्ड

20. (4) प्रति समय-अन्तराल लगा समय $= \frac{22}{(12-1)} = 2$

∴ 8 बार बजने में लगा समय

$= (8-1) \times 2 = 14$ सेकेण्ड

21. (4) समकोण निम्नलिखित दो अवस्थाओं में बनेगा—

(i) जब मिनट की सूई 5 मिनट की अधिक दूरी तय कर लेगी ।

∴ अभीष्ट समय $= 5 \times \frac{60}{55}$

$= 5\frac{5}{11}$ मिनट

∴ 10 बजकर $5\frac{5}{11}$ मिनट पर दोनों सूइयों के बीच समकोण बनेगा ।

(ii) जब मिनट की सूई $(50-15) = 35$ मिनट की अधिक दूरी तय कर लेगी ।

∴ अभीष्ट समय $= 35 \times \frac{60}{55} = \frac{420}{11}$

$= 38\frac{2}{11}$ मिनट

∴ 10 बजकर $38\frac{2}{11}$ मिनट पर भी दोनों सूइयों के बीच समकोण बनेगा ।

22. (1) जब मिनट की सूई 11 मिनट की अधिक दूरी तय करेगी, तो वह घंटे की सूई से 4 मिनट पीछे होगी।

∴ अभीष्ट समय $= 11 \times \frac{60}{55}$

= 12 मिनट

∴ 3 बजकर 12 मिनट पर मिनट वाली सूई 4 मिनट पीछे होगी ।

23. (2) घंटे की सूई से 10 मिनट आगे होने के लिए मिनट की सूई को 25 मिनट की अधिक दूरी तय करनी पड़ेगी ।

∴ अभीष्ट समय $= 25 \times \frac{60}{55}$

$= \frac{300}{11} = 27\frac{3}{11}$ मिनट

∴ 3 बजकर $27\frac{3}{11}$ मिनट पर मिनट वाली सूई 10 मिनट आगे होगी ।

24. (1) दोनों सूइयों के बीच 180° का कोण तभी बनेगा जब उनके बीच की दूरी 30 मिनट होगा । 11 बजे दोनों सूइयों के बीच घड़ी की दिशा में 55 मिनट की दूरी है । अत: मिनट की सूई को 25 मिनट अधिक दूरी तय करनी होगी ।

∴ अभीष्ट समय $= 25 \times \frac{60}{55}$

$= \frac{300}{11} = 27\frac{3}{11}$ मिनट

∴ 11 बजकर $27\frac{3}{11}$ मिनट पर दोनों सूईयाँ परस्पर 180° का कोण बनाएगी ।

25. (4) घड़ी की सूइयाँ एक ही रेखा में तब होती है जब वे या तो आपस में मिलें या एक-दूसरे के विपरीत हों,

(i) सूइयाँ आपस में तब मिलेंगे जब मिनट की सूई घंटे की सूई की अपेक्षा 50 मिनट की अधिक दूरी तय करेगी ।

∴ अभीष्ट समय $= 50 \times \frac{60}{55}$

$= \frac{600}{11} = 54\frac{6}{11}$ मिनट

∴ 10 बजकर $54\frac{6}{11}$ मिनट पर दोनों सूइयाँ एक ही रेखा में होगी ।

(ii) सूइयाँ एक-दूसरे के विपरीत तब होंगी जब मिनट की सूई $(50 - 30) = 20$ मिनट की अधिक दूरी तय करेगी ।

∴ अभीष्ट समय $= 20 \times \frac{60}{55}$

$= \frac{240}{11} = 21\frac{9}{11}$ मिनट

∴ 10 बजकर $21\frac{9}{11}$ मिनट पर भी दोनों सूईयाँ एक ही रेखा में होगी ।

26. (3) घड़ी की सूइयों में स्थिति परिवर्त्तन तभी सम्भव है जब सूइयों के बीच $\frac{60}{13}$ मिनट या इसके पूर्ण गुणक में दूरी हो । $\frac{60}{13}$ मिनट की दूरी घंटे की सूई द्वारा चली गई दूरी है । साथी ही यह दूरी घंटे की सूई तब चलती है जब दोनों सूइयाँ मिलकर एक चक्कर पूरा करती हैं । इसमें घंटे की सूई 60 मिनट की दूरी तय करती है।

∴ घंटे की सूई $\frac{60}{13}$ मिनट की दूरी तय करती है, तो आपस में स्थिति परिवर्त्तन 1 बार सम्भव होता है ।

∴ घंटे की सूई 1 मिनट की दूरी तय करेगी, तो आपस में स्थिति परिवर्त्तन $\frac{13}{60}$ बार सम्भव होगा ।

∴ घंटे की सूई 60 मिनट की दूरी तय करेगी, तो आपस में स्थिति परिवर्त्तन $\frac{13}{60} \times 60 = 13$ बार सम्भव होगा ।

27. (1) पहले दिन सुबह 10 बजे से दूसरे दिन शाम 4 बजे तक 30 घंटा होगा । यानि तेज घड़ी जब दूसरे दिन शाम को 4 बजे दिखाई देगी तब वह अपने हिसाब से 30 घंटा चल लेगी ।

किन्तु जब तेज घड़ी 25 घंटा प्रदर्शित करेगी तब वास्तविक समय 24 घंटा व्यतीत होगा । अत: जब तेज घड़ी 30 घंटा चलेगी तब वास्तविक समय $\frac{24}{25} \times 30$ घंटा होगा ।

$\frac{24}{25} \times 30$ घंटा $= 28\frac{4}{5}$ घंटा

$= 28$ घंटा 48 मिनट

∴ वास्तविक समय

= सुबह 10 बजे से 28 घंटा 48 मिनट

= 2 बजकर 48 मिनट

28. (4) **29.** (3) **30.** (2) **31.** (1)

32. (2) रविवार दिन के 12 बजे से बुधवार शाम 8 बजे तक का समय = 3 दिन 8 घंटा = 80 घंटे

80 घंटे के दौरान पहली घड़ी (5 + 1) = 6 मिनट मंद हो जाती है तथा दूसरी घड़ी (6 + 3) = 9 मिनट तेज । इस प्रकार दूसरी घड़ी प्रथम घड़ी से (6 + 9) = 15 मिनट आगे है । लेकिन दूसरी घड़ी रविवार 12 बजे प्रथम घड़ी से (5 + 6) = 11 मिनट पीछे थी । चूँकि दूसरी घड़ी तेज चलती है, अत: यह धीरे-धीरे पहली घड़ी से 11 मिनट के अन्तर से कम होती जाएगी ।

जब यह अपने प्रथम अवस्था से 11 मिनट आगे हो जाएगी, तब दोनों घड़ियों के समान समय दिखेगा।

∴ दूसरी घड़ी प्रथम घड़ी से 15 मिनट आगे 80 घंटे में होती है ।

∴ दूसरी घड़ी प्रथम घड़ी से 11 मिनट आगे $\frac{80}{15}\times 11$ घंटे $=58\frac{2}{3}$ घंटे में होगी ।

$58\frac{2}{3}$ घंटे $=2$ दिन $10\frac{2}{3}$ घंटा

∴ दोनों घड़ियाँ मंगलवार शाम 10 बजकर 40 मिनट पर समान समय बताएँगी ।

33. (2) प्रश्न 32 से, 80 घंटे में दूसरी घड़ी 9 मिनट तेज होती है ।

∴ $58\frac{2}{3}$ घंटे में यह $\frac{9}{80}\times 58\frac{2}{3}$ मिनट तेज होगी ।

अर्थात् $6\frac{3}{5}$ मिनट तेज हो जाएगी ।

चूँकि दूसरी घड़ी शुरू में सही समय से 6 मिनट पीछे थी । अत: $58\frac{2}{3}$ घंटे बाद यह सही समय से $\left(6\frac{3}{5}-6\right)=\frac{3}{5}$ मिनट आगे हो जाएगी ।

$\frac{3}{5}$ मिनट $=36$ सेकेण्ड

अत: दोनों घड़ियाँ सही समय से 36 सेकेण्ड अधिक समय दिखाएँगी ।

∵ सही समय = मंगलवार शाम 10 बजकर 40 मिनट

∴ प्रदर्शित समय = मंगलवार शाम 10 बजकर 40 मिनट 36 सेकेण्ड

34. (3) दूसरी घडी प्रथम घड़ी से प्रतिदिन (2 + 1) = 3 मिनट आगे हो जाती है । दोनों घड़ियाँ समान समय तब दिखाएँगी जब दूसरी घड़ी प्रथम घड़ी से 12 घंटा आगे हो जाए ।

∵ दूसरी घड़ी 3 मिनट आगे होती है 1 दिन में

∴ दूसरी घड़ी (12 × 60) मिनट आगे होगी

$\frac{1\times 12\times 60}{3}$ दिन $=240$ दिन में

10 जनवरी, 2006 से 240 दिन

= 7 सितम्बर, 2006

35. (1) 240 दिन में दूसरी घड़ी 240 मिनट = 4 घंटा तेज हो जाएगी । अत: 7 सितम्बर को घड़ियों में वास्तविक समय से 4 घंटा ज्यादा प्रदर्शित होगा ।

∴ प्रदर्शित समय = 4 P.M.

36. (1) सूइयों की स्थिति चित्रानुसार होगी ।



स्थान परिवर्त्तन के बाद जब घंटे की सूई 6 तथा 7 के बीच आएगी तो वह 3 तथा 6 के बीच 3 पूरा खानों को पार करेगी तथा साथ ही 3 से पहले तथा 6 के बाद की दूरी को भी वह पार करेगी । अत: इस प्रक्रिया में सूइयाँ एक दूसरे को पार करके 3 चक्कर लगाएँगी तथा बिना पार किए 1 चक्कर लगाएँगी । इस तरह कुल 4 चक्कर हुए ।

∵ ऐसे 1 चक्कर में घंटे की सूई $\frac{60}{13}$ मिनट चलती है ।

∴ 4 चक्कर में घंटे की सूई $\frac{60}{13}\times 4=\frac{240}{13}$ मिनट चलेगी ।

अत: दोनों सूइयों के बीच की दूरी $=\frac{240}{13}$ मिनट

2 बजे दोनों सूई के बीच की दूरी 10 मिनट होती है । जब मिनट की सूई 12 के निशान से चलकर 6 तथा 7 के बीच की अपनी स्थिति में आई होगी तब तक घंटे की सूई भी 2 के निशान से कुछ आगे बढ़ी होगी । इस तरह 2 के निशान से घंटे की सूई द्वारा चली गई दूरी दोनों सूइयों के लिए उभयनिष्ठ है । अत: मिनट की सूई घंटे की सूई से $\left(10+\frac{240}{13}\right)=\frac{370}{13}$ मिनट की अधिक दूरी चलती है ।

∴ मिनट की सूई द्वारा लिया गया समय

$=\frac{370}{13}\times\frac{60}{55}=31\frac{7}{143}$ मिनट

∴ अभीष्ट समय = 2 बजकर $31\frac{7}{143}$ मिनट

□

CHAPTER 35

कैलेण्डर

[CALENDAR]

परिचय (Introduction)

परिचय : कैलेण्डर दिन, माह एवं वर्ष के बीच पारस्परिक सम्बन्धों को प्रदर्शित करने का साधन है।

कैलेण्डर से सम्बन्धित प्रश्नों में मुख्यत: किसी निश्चित तिथि को पढ़ने वाले दिन का नाम पूछा जाता है। ये प्रश्न तीन प्रकार के होते हैं—

(A) 1 जनवरी सन् 1 को आधार मानकर,
(B) किसी अन्य तिथि को आधार मानकर तथा
(C) दो या दो से अधिक व्यक्तियों द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर कोई निश्चित दिन या तिथि को ज्ञात करना।

(A) 1 जनवरी सन् 1 को आधार मानकर

इस में यह माना जाता है कि 1 जनवरी सन् 1 को सोमवार था। ऐसे प्रश्नों को निम्न प्रकार से हल करते हैं—

(i) इसमें वर्ष का 1 जनवरी को प्रारम्भ होना तथा 31 दिसम्बर को अन्त होना माना जाता है।
(ii) जिस तिथि का दि पूछा जाता है उस तिथि तक विषम दिनों की संख्या मालूम करके दिन का नाम निकालते हैं।

इसके लिए हमें वर्ष, लीप वर्ष, शताब्दी लीप वर्ष तथा कौन-सा महीना कितने दिन का होता है, इसका पता होना चाहिए।

यदि अभीष्ट घटना E हो, तो $E = \{(1, 6), (6, 1), (2, 5), (5, 2), (3, 4), (4, 3)\}$

$n(E) = 6$

अतः $P(E) = \frac{n(E)}{m(S)} = \frac{6}{36} = \frac{1}{6}$

उदाहरण 4. तीन सिक्कों की उछाल में निम्नलिखित घटनाओं को प्रदर्शित करें।

(i) दो पृष्ठ एवं एक शीर्ष आने की घटना

(ii) तीन शीर्ष आने की घटना

इन घटनाओं की प्रायिकताएँ भी निकालें।

हल : तीन सिक्कों की उछाल में sample space

$S = \{H, T\} \times \{H, T\} \times \{H, T\}$

$= \{HHH, HHT, HTH, HTT, THH, THT, TTH, TTT\}$

$n(S) = 8$

(i) दो पृष्ठ एवं एक शीर्ष आने की घटना

$E_1 = \{HTT, THT, TTH\}$

$n(E_1) = 3$

$\therefore \quad P(E_1) = \frac{n(E_1)}{n(S)} = \frac{3}{8}$

(ii) तीन शीर्ष आने की घटना $E_4 = \{HHH\}$

$n(E_2) = 1$

$\therefore \quad P(E_2) = \frac{n(E_2)}{n(S)} = \frac{1}{8}$

उदाहरण 5. 4 सिक्कों को उछाला जाता है, तो 2 शीर्ष आने की क्या प्रायिकता है ?

हल : sample space S में अवयवों की संख्या $n(S) = 2^4$ (क्योंकि हर सिक्के में दो पार्श्व हैं)

यदि 2 शीर्ष आने की घटना = A

तो $n(A) = {}^4C_2 = 6$

अतः अभीष्ट प्रायिकता $P(A) = \frac{n(A)}{n(S)} = \frac{6}{2^4} = \frac{3}{8}$

उदाहरण 6. ताश की एक गड्डी से 4 पत्ते खींचे जाते हैं। इसके विभिन्न प्रकारों में आने की क्या प्रायिकता है ?

हल : ताश की गड्डी में 4 suits होते हैं तथा प्रत्येक suit में 13 पत्ते होते हैं। इनमें किसी suit के 13 पत्तों से 1 आने की घटना में अवयवों की संख्या = ${}^{13}C_1$ इसी प्रकार अन्य suits के लिए भी।

अतः विभिन्न suits के पत्ते आने की घटना में अवयवों की संख्या = ${}^{13}C_1 \times {}^{13}C_1 \times {}^{13}C_1 \times {}^{13}C_1$ (गिनती के गुणन-नियम से);

Sample Space में अवयवों की संख्या = ${}^{52}C_4$

अतः अभीष्ट प्रायिकता $= \frac{{}^{13}C_1 \times {}^{13}C_1 \times {}^{13}C_1 \times {}^{13}C_1}{{}^{52}C_4}$

$$= \frac{13 \times 13 \times 13 \times 13}{\frac{52 \times 51 \times 50 \times 49}{4 \times 3 \times 2}} = \frac{2197}{20825}$$

उदाहरण 7. यदि ताश के 52 पत्तों में से 2 पत्ते यादृच्छया खींचे जाएँ, तो दोनों के एक्का होने की क्या प्रायिकता है ?

हल : यदि 52 पत्तों में से 2 पत्ते खींचने की घटना = S तो $n(s)$ = 52 पत्तों में से 2 पत्ते खींचने के कुल तरीके $= {}^{52}C_2$

फिर, यदि A = 2 एक्का होने की घटना, तो

$n(A)$ = 4 एक्कों में से 2 खींचने के कुल तरीके

$= {}^4C_2$

अतः $P(A) = \frac{n(A)}{n(S)} = \frac{6}{26 \times 51} = \frac{1}{221}$

उदाहरण 8. ताश के 52 पत्तों की गड्डी में से 2 को यदृच्छया खींचा जाता है, तो उनमें एक बादशाह तथा एक बेगम होने की क्या संभावना है ?

हल : यदि 52 पत्तों में से 2 पत्ते खींचने की घटना = S

तो $n(S) = {}^{52}C_2$

फिर, यदि E_1 = एक बेगम आने की घटना

तथा E_2 = एक बादशाह आने की घटना हो, तो

$n(E_1) = {}^4C_1 = n(E_2)$ (क्योंकि 52 पत्तों में 4 बेगम और 4 बादशाह होते हैं)

अब यदि E = एक बेगम और एक बादशाह आने की घटना,

तो $n(E) = n(E_1) \times n(E_2)$ गिनती के गुणन नियम से)

अतः $P(E) = \frac{n(E)}{n(S)} = \frac{n(E_1) \times n(E_2)}{n(s)}$

$$= \frac{{}^4C_1 \times {}^4C_1}{{}^{52}C_2} = \frac{8}{663}$$

उदाहरण 9. ताश के 52 पत्तों में से 4 खींचे जाते हैं। क्या संभावना है कि इनमें एक और केवल एक बेगम हो ?

हल : Sample Sapce में अवयवों की संख्या

$n(S) = {}^{52}C_4$

यदि एक बेगम आने की घटना = A, तो $n(A) = {}^4C_1$

फिर, यदि 3 अन्य पत्ते आने की घटना = B,

तो $n(B) = {}^{48}C_3$

(क्योंकि 4 बेगमों को छोड़कर शेष 48 पत्ते बन जाते हैं)

अतः यदि E = एक बेगम तथा तीन अन्य पत्ते आने की घटना, से

$n(E) = n(A) \times n(B) = {}^4C_1 \times {}^{48|C}{}_3$

अतः $P(E) = \frac{n(E)}{n(S)} = \frac{{}^4C_1 \times {}^{48}C_3}{{}^{52}C_4}$

उदाहरण 10. यदि ताश में 52 पत्तों में से 3 खींचे जाएँ, तो तीनों के बादशाह होने की क्या संभावना है ?

हल : यदि 52 पत्तों में से 3 पत्ते खींचने की घटना = S, तो

$n(S)$ = 52 पत्तों में से 3 पत्ते खींचने के कुल तरीके $= {}^{52}C_3$

फिर, यदि A = 3 बादशाह होने की घटना,

तो $n(A) = {}^4C_3$ (क्योंकि 4 बादशाह से 3 बादशाह खींचने पर ही अनुकूल घटना होती है)

$$\therefore \quad P(A) = \frac{n(A)}{n(S)} = \frac{{}^4C_3}{{}^{52}C_3} = \frac{4}{\frac{52 \times 51 \times 50}{3 \times 2}}$$

$$= \frac{1}{13 \times 17 \times 25} = \frac{1}{5525}$$

उदाहरण 11. 6 लड़के और 6 लड़कियाँ यदृच्छया एक कतार में बैठते हैं। सभी 6 लड़कियों को—

(i) एक साथ बैठने की प्रायिकता निकालें।

(ii) लड़के और लड़कियों के एकान्तर रूप में बैठने की प्रायिकता निकालें।

हल : (i) यदि S sample space हो, तो

$$n(S) = {}^{12}C_{12} = \underline{|12}$$

6 लड़कियों को एक वस्तु मानते हुए कुल 7 वस्तुएँ हो जाती हैं। यदि इन सातों को बैठाने की घटना = E_1, तो

$n(E_1)$ = 7 वस्तुओं के सजावट के कुल तरीके $= {}^7P_7$

फिर लड़कियों को भी आपस में सजाया जा सकता है।

यदि 6 लड़कियों को आपस में सजाने की घटना = E_2

तो $n(E_2)$ = 6 वस्तुओं की सजावट के कुल तरीके $= {}^6P_6$

यदि E = अभीष्ट घटना, तो

$$n(E) = n(E_1) \times n(E_2)$$

$$= {}^7P_7 \times {}^6P_6 = \underline{|7} \times \underline{|6}$$

$$\therefore \quad P(E) = \frac{n(E)}{n(S)} = \frac{\underline{|7} \times \underline{|6}}{\underline{|12}} = \frac{1}{132}$$

(ii) यहाँ $n(S) = \underline{|12}$ तथा $n(E) = 2 \times \underline{|6} \times \underline{|6}$

अतः अभीष्ट प्रायिकता

$$= \frac{n(E)}{n(S)} = \frac{2 \times \underline{|6} \times \underline{|6}}{\underline{|12}} = \frac{1}{462}$$

उदाहरण 12. किसी समूह में से, जिसमें 3 पुरुष, 2 महिला तथा 4 बच्चे हैं, चार व्यक्तियों को चुनना है। इनमें ठीक दो बच्चे होने की क्या प्रायिकता है ?

हल : $n(S) = {}^9C_4 = 126$

फिर, यदि E_1 = दो बच्चे होने की घटना तथा

E_2 = शेष दो अन्य के चुने जाने की घटना।

तो $n(E_1) = {}^4C_2$ तथा $n(E_2) = {}^5C_2$

अतः यदि E = 2 बच्चे तथा 2 अन्य व्यक्ति होने की घटना, तो $n(E) = n(E_1) \times n(E_2) = {}^4C_2 \times {}^5C_2$

$= 6 \times 10 = 60$

$$\therefore \quad P(E) = \frac{n(E)}{n(S)} = \frac{60}{126} = \frac{10}{21}$$

उदाहरण 13. 5 महिला एवं 7 पुरुषों में से 4 की एक समिति बनती है, तो निम्नलिखित घटनाओं की प्रायिकताएँ निकालें।

(i) 3 महिलाएँ तथा 1 पुरुष हो,
(ii) 2 महिलाएँ तथा 2 पुरुष हो तथा
(iii) 4 महिलाएँ हों

हल : यहाँ व्यक्तियों की संख्या = $(5 + 7) = 12$

यदि S sample space हो, तो $n(S) = {}^{17}C_4 = 495$

(i) यदि 3 महिलाएँ होने की घटना = A

तो $n(A) = {}^5C_3 = 10$

फिर, यदि 1 पुरुष होने की घटना = B

तो $n(B) = {}^7C_1 = 7$

अतः यदि E = 3 महिलाएँ एवं 1 पुरुष होने की घटना

तो $n(E) = n(A) \times n(B) = 10 \times 7 = 70$

$$\therefore \quad P(E) = \frac{n(E)}{n(S)} = \frac{70}{495} = \frac{14}{99}$$

उसी प्रकार

(ii) अभीष्ट प्रायिकता

$$= \frac{{}^5C_2 \times {}^7C_2}{{}^{12}C_4} = \frac{10 \times 21}{495} = \frac{14}{33}$$

(iii) अभीष्ट प्रायिकता $= \frac{{}^5C_4}{{}^{12}C_4} = \frac{5}{495} = \frac{1}{99}$

उदाहरण 14. दो पासों के फेंकने के क्रम में दोनों में असमान अंक आने की क्या प्रायिकता है ?

हल : यदि दोनों में समान अंक की घटना = A,

तो $A = (1, 2), (2, 2). (3, 3), (4, 4), (5, 5), (6, 6)\}$

$\therefore \; n(A) = 6$

फिर, यदि S = sample space

तो $n(S) = 6 \times 6 = 36$

$$\therefore \; P(A) = \frac{6}{36} = \frac{1}{6}$$

$\therefore$ P(A) = दोनों में असमान अंक आने की प्रायिकता

$$= 1 - P(A) = 1 - \frac{1}{6} = \frac{5}{6}$$

उदाहरण 15. दो पासों को फेंकने पर ऊपर आई संख्याओं का योग 5 या 6 होने की क्या प्रायिकता है ?

हल : $n(S) = 6 \times 6 = 36$, जहाँ S = sample space

यदि योग 5 आने की घटना = A,

तो $A = \{(1, 4), (4, 1), (2, 3), (3, 2)\}$

$n(A) = 4$

फिर, यदि योग 6 आने की घटना = B

तो $B = \{(1, 5), (5, 1), (2, 4), (4, 2), (3, 3)\}$

$n(B) = 5$

अतः $P(A) = \frac{4}{36} = \frac{1}{9}$ तथा $P(B) = \frac{5}{36}$

चूँकि 5 या 6 का आना परस्पर अपवर्जी हैं, क्योंकि दोनों एक साथ नहीं आ सकते।

अतः अभीष्ट प्रायिकता

$= P(A \cup B) = P(A) + P(B)$

$$= \frac{1}{9} + \frac{5}{36} = \frac{1}{4}$$

उदाहरण 16. एक ताश की गड्डी से दो पत्ते यदृच्छया खींचे जाते हैं। दोनों के लाल रंग के या दोनों के बेगम होने की प्रायिकता मालूम करें।

हल : यदि sample space हो, तो $n(S) = {}^{52}C_2$

यदि A = दोनों पत्ते लाल होने की घटना,

तो $n(A) = {}^{26}C_2$ तथा

यदि B = दोनों पत्ते बेगम होने की घटना, तो

$n(B) = {}^4C_2$

फिर, दो पत्ते ऐसे हैं जो लाल रंग के हैं और बेगम भी है।

$\therefore \quad n(A \cap B) = {}^2C_2$

$\therefore$ अभीष्ट प्रायिकता $= P(A \cup B)$

$= P(A) + (P(B) - P(A \cap B)$

$$= \frac{{}^{26}C_2}{{}^{52}C_2} + \frac{{}^4C_2}{{}^{52}C_2} - \frac{{}^2C_2}{{}^{52}C_2}$$

$$= \frac{25 \times 13}{26 \times 51} + \frac{6}{26 \times 51} - \frac{1}{26 \times 51}$$

$$= \frac{330}{1326} = \frac{55}{221}$$

उदाहरण 17. एक परिवार में दो बच्चे हैं। उनके लड़का होने की क्या प्रायिकता है यदि यह मालूम हो कि उनमें एक लड़का है ?

हल : माना कि E_1 = एक लड़का होने की घटना

तो $E_1 = \{GB, BB\}; \; n(E_1) = 2$

Yousufmahboob

फिर, माना कि E_2 = दोनों के लड़का होने की घटना

तो $E_2 = \{BB\}$; $n(E_2) = 1$

$\therefore E_1 \cap E_2 = \{BB\}$; $n(E_1 \cap E_2) = 1$

अत: अभीष्ट प्रायिकता

$$= P(E_2/E_1) = \frac{n(E_1 \cap E_2)}{n(E_1)} = \frac{1}{2}$$

उदाहरण 18. ताश की एक गड्डी से तीन क्रमागत खींचान में एक्का, बादशाह और बेगम आने की प्रायिकता निकालें यदि खींचे गए पत्ते फिर लगा न दिए जाएँ।

हल : माना कि E_1 = पहली खींच में एक्का आने की घटना E_2 = दूसरी खींच में बादशाह आने की घटना तथा E_3 = तीसरी खींच में बेगम आने की घटना

$$\text{तो} \quad P(E_1) = \frac{{}^4C_1}{{}^{52}C_1}, P(E_2) = \frac{{}^4C_1}{{}^{51}C_1} \text{ तथा}$$

$$P(E_3) = \frac{{}^4C_1}{{}^{50}C_1}$$

दूसरी और तीसरी खींच में क्रमश: $n(S) = {}^{51}C_1$ तथा ${}^{50}C_1$ क्योंकि खींचे गए पत्ते वापस नहीं लौटाए जाते।

$$\text{अत: अभीष्ट प्रायिकता} = P(E_1 \cap E_2 \cap E_3)$$

$$= P(E_1) \times P(E_2) \times P(E_3)$$

($\because E_1, E_2$ तथा E_3 स्वतंत्र हैं)

$$= \frac{4}{52} \times \frac{4}{51} \times \frac{4}{50} = \frac{8}{16575}$$

उदाहरण 19. ताश की दो गड्डियों में प्रत्येक से एक पत्ता यदृच्छया खींचा जाता है। (i) दोनों के काला होने की, (ii) दोनों भिन्न रंग के होने की क्या प्रायिकता है ?

हल : (i) यदि A = पहली गड्डी से काला पत्ता निकलने की घटना तथा B = दूसरी गड्डी से काला पत्ता निकलने की घटना, तब $n(A) = {}^{26}C_1$ तथा $n(B) = {}^{26}C_1$

$$\therefore \quad P(A) = \frac{n(A)}{n(S)} = \frac{{}^{26}C_1}{{}^{52}C_1} = \frac{26}{52} = \frac{1}{2}$$

$$P(B) = \frac{n(B)}{n(S)} = \frac{26}{52} = \frac{1}{2}$$

$$\therefore \quad \text{अभीष्ट प्रायिकता} = P(A \cap B) = P(A) \times P(B)$$

$$= \frac{1}{2} \times \frac{1}{2} = \frac{1}{4}$$

चूँकि A और B स्वतंत्र हैं, क्योंकि पहली गड्डी से निकलनेवाले पत्ते पर दूसरी गड्डी से निकलने वाला पत्ता निर्भर नहीं करता।

(ii) पहली गड्डी से लाल और दूसरी से काला निकलने

$$\text{की प्रायिकता} = \frac{26}{52} \times \frac{26}{52} = \frac{1}{4} \quad [\text{(i) की तरह}]$$

फिर पहली गड्डी से काला और दूसरी से लाल निकालने

$$\text{की प्रायिकता} = \frac{26}{52} \times \frac{26}{52} = \frac{1}{4}$$

ये दोनों घटनाएँ परस्पर अपवर्जी हैं।

$$\text{अत: अभीष्ट प्रायिकता} = \frac{1}{4} + \frac{1}{4} = \frac{1}{2} \quad (\text{योग प्रमेय से})$$

उदाहरण 20. एक कक्षा में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों में से 7 महाराष्ट्र के, 5 कर्नाटक के तथा 3 गोवा के हैं। चार विद्यार्थियों को अक्रमिक रूप से चुनना है। कम से कम एक विद्यार्थी कर्नाटक का चुना जाए, इसकी संभावना क्या है ?

[BSRB Guwahati (P.O.), 1999]

हल : 15 विद्यार्थियों में 4 विद्यार्थी चुने जाने के कुल

$$\text{तरीके} = {}^{15}C_4 = \frac{\lfloor 15}{\lfloor 4 \lfloor 11} = 15 \times 13 \times 7$$

चार विद्यार्थियों में से एक भी कर्नाटक के नहीं होने के

$$\text{कुल तरीके} = {}^{10}C_4 = \frac{\lfloor 10}{\lfloor 4 \lfloor 6} = 210$$

कम से कम एक विद्यार्थी कर्नाटक के होने की संभावना

$$= 1 - \frac{210}{15 \times 13 \times 7} = \frac{11}{13}$$

उदाहरण 21 : एक दर्जन नारंगी ले जाने वाली पेटी में एक-तिहाई नारंगियाँ सड़ गईं। यदि पेटी में से तीन नारंगियाँ इधर-उधर से निकाल ली जाए तो क्या संभावना रहेगी कि उठाई गई तीन नारंगियों में से कम से कम एक अच्छी है ?

[SBI (P.O.), 1999]

हल : 12 नारंगियों में से 3 नारंगियाँ निकालने के कुल

$$\text{तरीके} = {}^{12}C_3 = \frac{\lfloor 12}{\lfloor 3 \lfloor 9} = 220$$

3 नारंगियाँ निकालने के कुल तरीके जिसमें एक भी

$$\text{अच्छी न हो} = {}^4C_3 = \frac{\lfloor 4}{\lfloor 3 \lfloor 1} = 4$$

एक भी अच्छी नारंगी न होने की संभावना $= \frac{4}{220}$ कम

से कम एक नारंगी अच्छी होने की संभावना $= 1 - \frac{4}{220} = \frac{54}{55}$

उदाहरण 22. कुल 12 आम में से एक-तिहाई खराब हो गए हैं। यदि यादृच्छिक चार आम निकाले जाएँ, तो एक भी आम खराब न होने की संभावना कितनी है ?

[Andhra Bank (P.O.), 2003]

हल : अभीष्ट प्रायिकता $= \frac{^8C_4}{^{12}C_4} = \frac{14}{99}$

उदाहरण 23. 3 लाल गंदे, 4 हरी गेंदे तथा 3 काली गेन्दों के समूह में से 2 गेंदे एक साथ निकाली जाती हैं। दोनों गेन्दें लाल न होने की प्रायिकता क्या है ?

[RBI (PO), 2003]

हल : अभीष्ट प्रायिकता $= \frac{^7C_2}{^{10}C_2} = \frac{21}{45} = \frac{7}{15}$

उदाहरण 24. एक टोकरी में 4 हरे और 2 नीले गेंद हैं। यदि दो यादृच्छिक निकालें जाएँ, तो उनके हरे होने की कितनी संभावना है ? **[Andhra Bank (S.O.), 2005]**

हल : अभीष्ट संभावना $= \frac{^4C_2}{^6C_2} = \frac{6}{15} = \frac{2}{5}$

उदाहरण 25. यदि किसी प्रतिदर्श में से एक व्यक्ति यादृच्छिक चुना जाता है तथा उसके स्मोकर होने की प्रायिकता $\frac{3}{5}$ है तथा वह पुरुष है इसकी प्रायिकता $\frac{1}{2}$ है, तो वह पुरुष भी हो और स्मोकर भी हो, इसकी प्रायिकता क्या होगी ?

[SBI (P.O.), 2005]

हल : $\because$ दोनों घटनाएँ स्वतंत्र हैं।

$\therefore$ अभीष्ट प्रायिकता $= \frac{3}{5} \times \frac{1}{2} = \frac{3}{10}$

उदाहरण 26. एक बुक शेल्फ पर प्रबन्धन की तीन, दर्शनशास्त्र की दो, चिकित्सा की तीन और मनोविज्ञान की एक पुस्तक है।

(i) तीन पुस्तकें बेतरतीब उठाई जाने पर कम से कम एक पुस्तक दर्शनशास्त्र की होने की सम्भावना क्या है ?

(ii) चार पुस्तकें बेतरतीब उठाई जाने पर इनमें प्रत्येक विषय की एक-एक पुस्तक होने की सम्भावना कितनी है ?

[UTI (Mumbai), 2005]

हल : (i) कुल तरीके $= {}^9C_3 = 84$

दर्शनशास्त्र की एक भी पुस्तक न होने पर कुल तरीके = ${}^7C_3 = 35$

$\therefore$ कम से कम एक पुस्तक दर्शनशास्त्र की होने की अभीष्ट संभावना $= 1 - \frac{35}{84} = \frac{7}{12}$

(ii) कुल तरीके $= {}^9C_4 = 126$

कुल तरीके जब प्रत्येक विषय पर एक-एक पुस्तक हो

$= {}^3C_1 \times {}^2C_1 \times {}^3C_1 \times {}^1C_1$

$= 3 \times 2 \times 3 \times 1 = 18$

$\therefore$ अभीष्ट प्रायिकता $= \frac{18}{126} = \frac{1}{7}$

उदाहरण 27. एक ही पद के दो रिक्त स्थानों के लिए एक पुरुष और उसकी पत्नी साक्षात्कार में उपस्थित होते हैं। यदि पति के चुने जाने की प्रायिकता $\frac{1}{7}$ तथा पत्नी के चुने जाने की प्रायिकता $\frac{1}{5}$ हो, तो उनमें से सिर्फ एक के चुने जाने की प्रायिकता क्या है ? **[MAT, 2005]**

हल : पति और पत्नी में से एक के चुने जाने की प्रायिकता $= P(A \cup B) - P(A \cap B)$

$\because$ $P(A) = \frac{1}{7}$ और $P(B) = \frac{1}{5}$

$\therefore$ $P(A \cap B) = P(A) \times P(B) = \frac{1}{7} \times \frac{1}{5} = \frac{1}{35}$

तथा $P(A \cup B) = P(A) + P(B) - P(A \cap B)$

$$= \frac{1}{7} + \frac{1}{5} - \frac{1}{35} = \frac{11}{35}$$

$\therefore$ अभीष्ट प्रायिकता $= \frac{11}{35} - \frac{1}{35} = \frac{2}{7}$

उदाहरण 28. एक क्रिकेट क्लब में 15 सदस्य हैं जिसमें से सिर्फ 5 गेन्द फेंक सकते हैं। यदि इन 15 में से 11 यदृच्छाया चुने जाते हैं, तो उन 11 में कम से कम 3 गेन्द फेंकने वालों की प्रायिकता क्या होगी ? **[MAT, 2005]**

हल : अभीष्ट प्रायिकता

$$= \frac{^5C_3 \times {}^{10}C_8}{^{15}C_{11}} + \frac{^5C_4 \times {}^{10}C_7}{^{15}C_{11}} + \frac{^5C_5 \times {}^{10}C_6}{^{15}C_{11}}$$

$$= \frac{12}{13}$$

उदाहरण 29. एक कलश में 4 हरी और 7 नीली गोलियाँ हैं। यदि बेतरतीब 3 गोलियाँ उठाई जाती हैं, तो इनमें किन्हीं दो के नीली होने की सम्भावना क्या है ?

[IDB (P.O.), 2005]

हल : अभीष्ट सम्भावना

$$= \frac{{}^7C_2 \times {}^4C_1}{{}^{11}C_3} = \frac{21 \times 4}{165} = \frac{28}{55}$$

उदाहरण 30. पाँच लड़के और चार लड़कियाँ एक पंक्ति में बैठे हैं। इसकी कितनी सम्भावना है कि सभी चार लड़कियाँ साथ-साथ बैठी हैं ? **[RBI, 2005]**

हल : अभीष्ट सम्भावना $= \frac{|\underline{6} \times |\underline{4}}{|\underline{9}} = \frac{1}{21}$

उदाहरण 31. एक कटोरे में 4 लाल, 3 हरे, 2 नीले और 5 काले मार्बल हैं।

(i) यदि चार मार्बल बेतरतीब ढंग से निकाले जाते हैं, तो उनमें दो के लाल और 2 के नीले मार्बल होने की कितनी संभाव्यता है ?

(ii) यदि दो मार्बल बेतरतीब ढंग से निकाले जाते हैं, तो उनके हरे मार्बल होने की कितनी संभाव्यता होगी ?

(iii) यदि तीन मार्बल बेतरतीब ढंग से निकाले जाते हैं, तो उनमें से किसी के भी काला मार्बल न होने की कितनी संभाव्यता है ?

(iv) यदि तीन मार्बल बेतरतीब ढंग से निकाले जाते हैं उनमें से कम से कम एक के लाल मार्बल होने की कितनी संभावना है ? **[Dena Bank (P.O.), 2006]**

हल : (i) कुल तरीके $= {}^{14}C_4 = 1001$

तथा अनुकूल तरीके $= {}^4C_2 \times {}^2C_2$

$\therefore$ अभीष्ट प्रायिकता $= \frac{6}{1001}$

(ii) अभीष्ट प्रायिकता $= \frac{{}^3C_2}{{}^{14}C_2} = \frac{3}{91}$

(iii) अभीष्ट प्रायिकता $= \frac{{}^9C_3}{{}^{14}C_3} = \frac{3}{13}$

(iv) कुल परिणाम $= {}^{14}C_3 = 364$

लाल मार्बल न होने के लिए अनुकूल परिणाम $= {}^{10}C_3 = 120$

$\therefore$ कम से कम 1 लाल मार्बल होने की प्रायिकता

$$= 1 - \frac{120}{364} = \frac{244}{364} = \frac{61}{91}$$

उदाहरण 32. एक बॉक्स में 4 नीले, 4 लाल, 4 सफेद और 4 काले बॉल हैं। सहसा चार बॉल उठाए जाते हैं। निम्नलिखित में से क्या घटित होने की सम्भावना है ? **[आन्ध्रा बैंक (P.O.), 2005]**

(i) चारों बॉल नीले होंगे,

(ii) चारों के चारों लाल नहीं हो सकते हैं अर्थात् कम से कम चार में से एक लाल नहीं है,

(iii) चार में से एक भी सफेद नहीं है तथा

(iv) चारों बॉल एक ही रंग के हैं

हल : (i) चारों बॉल नीले होने की अभीष्ट प्रायिकता

$$= \frac{{}^4C_4}{{}^{16}C_4} = \frac{1}{1820}$$

(ii) $\because$ चारों बॉल लाल होने की प्रायिकता $= \frac{1}{1820}$

$\therefore$ चारों बॉल लाल न हो सकने की अर्थात् कम से कम चार में एक बॉल लाल न होने की

अभीष्ट प्रायिकता $= 1 - \frac{1}{1820} = \frac{1819}{1820}$

(iii) अभीष्ट प्रायिकता $= \frac{{}^{12}C_4}{{}^{16}C_4} = \frac{99}{364}$

(iv) अभीष्ट प्रायिकता

$$= \frac{{}^4C_4}{{}^{16}C_4} + \frac{{}^4C_4}{{}^{16}C_4} + \frac{{}^4C_4}{{}^{16}C_4} + \frac{{}^4C_4}{{}^{16}C_4}$$

$$= \frac{4}{1820} = \frac{1}{455}$$

महत्वपूर्ण प्रश्न *(Important Questions)*

1. एक बॉक्स में 10 आम हैं, जिनमें 4 सड़ गए हैं। एक साथ 2 आम लिए गए हैं। यदि उनमें से एक अच्छा है, तो दूसरे के अच्छे होने की प्रायिकता क्या है ?

(1) 1/3 (2) 2/3
(3) 8/13 (4) 5/13

[RRB Bhuvneshwar, 2001]

2. यदि एक पासे को 18 बार फेंका जाए तो कितने बार 2 के आने की प्रायिकता है ?

(1) 2 बार (2) 3 बार
(3) 6 बार (4) 9 बार

[RRB Kolkata, A. Driver 2005]

3. एक पर्स में 5 चाँदी के एवं 2 सोने के सिक्के हैं। एक दूसरे पर्स में 4 चाँदी के और 3 सोने के सिक्के हैं। किसी एक पर्स से एक सिक्का निकाला गया। इसे चाँदी का सिक्का होने की क्या प्रायिकता है ?

(1) 9/6 (2) 20/49
(3) 1/18 (4) 9/14

[RRB Bangalore, ESM 2004]

4. 20 हरा और 15 लाल गेंद एक बर्तन में डाले जाते हैं। एक हरा गेंद को चुनने की संभावना कितनी हो सकती है ?

(1) 1/20 (2) 1/35
(3) 4/7 (4) 3/4

[RRB Bangalore ASM, 2004]

5. एक दर्जन संतरे वाले एक डिब्बे में एक तिहाई संतरे खराब हो गए हैं। यदि इस डिब्बे में से किसी भी तीन संतरों को बाहर निकाला जाता है, तो निकाले गए इन तीन संतरों में से कम-से-कम एक संतरा अच्छा होगा, इसकी संभावना कितनी है ?

(1) 1/55 (2) 54/55
(3) 45/55 (4) 3/55

[RRB Kolkata, Goods Guard, 2002]

6. 52 पत्तों की एक गड्डी में से दो पत्ते निकाले गए, तो निकाले गए पत्ते दो इक्के होंगे इसकी क्या संभावना है ?

(1) 2/245 (2) 1/218
(3) 4/1569 (4) 1/221

7. तीन सिक्के उछाले जाते हैं, कम से कम एक चित्त आने की क्या प्रायिकता है ?

(1) 1/8 (2) 1/2
(3) 7/8 (4) 1/3

[RRB Bhuneshwar, Chasing Inspector, 2005]

8. किसी थैले में 4 उजली और 5 काली गेंद है। उनमें से तीन गेंद निकाला जाता है, तो 1 उजला और 2 काला गेंद निकालने की प्रायिकता होगी।

(1) 21/10 (2) 10/21
(3) 10/31 (4) 10/51 **[RRB, 2001]**

9. A 75% मामलों में सच बोलता है तथा B 60% मामलों में सच बोलता है। दोनों का विरोधाभास होने की संभावना ज्ञात करें ?

(1) 25% (2) 45%
(3) 75% (4) 84% **[IB, 2003]**

10. एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट में भारत के भाग नहीं लेने की संभावना 25% है जबकि आस्ट्रेलिया के भाग नहीं लेने की संभावना 30% है दोनों में से किसी के भी भाग नहीं लेने की संभावना है—

(1) $\frac{22}{40}$ (2) $\frac{21}{40}$
(3) $\frac{28}{40}$ (4) $\frac{25}{40}$ **[CBI, 1998]**

11. किसी प्रतियोगिता में राम को पुरस्कार जीतने की संभावना $\frac{1}{5}$ है, जबकि मोहन के पुरस्कार जीतने की संभावना $\frac{3}{4}$ है, तो

(a) दोनों के पुरस्कार जीतने की संभावना ज्ञात करें।

(1) $\frac{3}{20}$ (2) $\frac{1}{5}$
(3) $\frac{7}{10}$ (4) $\frac{1}{12}$

(b) दोनों में से किसी के भी पुरस्कार नही जीतने की क्या संभावना है ?

(1) $\frac{1}{5}$ (2) $\frac{3}{5}$
(3) $\frac{4}{9}$ (4) $\frac{2}{7}$

12. एक कक्षा में 6 छात्र तथा 4 छात्राएँ हैं। इनमें से यादृच्छिक रूप ये यदि किसी चार विद्यार्थियों को चुन लिया जाय तो क्या संभावना रहेगी कि उनमें से कम से कम एक छात्रा जरूर हो ?

(1) $\frac{7}{12}$ (2) $\frac{13}{40}$
(3) $\frac{5}{12}$ (4) $\frac{9}{40}$

[Delhi Police, 2003]

13. 5 लड़के और 4 लड़कियाँ एक ही पंक्ति में बैठे हैं इसकी कितनी संभावना है कि सभी चार लड़कियाँ साथ-साथ बैठी हैं ?

(1) $\frac{3}{7}$ (2) $\frac{4}{13}$
(3) $\frac{1}{21}$ (4) $\frac{2}{7}$

[C.E.T., 1999, H.M., 2009]

14. एक कलश में 4 हरी और 7 नीली गोलियाँ हैं यदि बेतरतीब 3 गोलियाँ उठाई जाती हैं तो इनमें से किन्हीं दो के नीली होने की संभावना क्या है ?

(1) $\frac{2}{13}$ (2) $\frac{28}{55}$
(3) $\frac{27}{55}$ (4) $\frac{26}{55}$

[R.R.B. 1997, 2008]

15. एक बाक्स में 12 संतरे हैं जिनमें से 5 पके नहीं हैं। बॉक्स में से यदि 4 संतरे बेतरतीब उठाएँ जाते हैं तो कम से कम एक संतरा अधपका हो ऐसी संभावना कितनी है ?

(1) $\frac{92}{99}$ (2) $\frac{27}{98}$
(3) $\frac{93}{99}$ (4) $\frac{2}{7}$ **[S.S.C., 2003]**

16. कितने प्रकार से शब्द LEADING के अक्षर इस प्रकार समायोजित किए जा सकते हैं कि स्वर सदैव एक साथ हो ?
(1) 420 (2) 670
(3) 720 (4) 230 **[P.O., 2005]**

17. शब्द ADJUST के अक्षरों कितने विभिन्न प्रकारों से क्रमबद्ध किए जा सकते हैं ताकि स्वर एक साथ नहीं आ सकते हैं ?
(1) 290 (2) 480
(3) 520 (4) 250 **[P.O., 1998]**

18. LEADER शब्द के अक्षरों को कितने विविध प्रकार से व्यवस्थित किया जा सकता है ?
(1) 360 (2) 560
(3) 430 (4) 600**[C.B.I., 2001]**

19. स्वरों को हर बार साथ रखकर एवं व्यंजन को भी हर बार साथ रखकर ORGANISE शब्द को अलग-अलग कितने प्रकार से क्रमबद्ध किया जा सकता है ?
(1) 900 (2) 576
(3) 720 (4) 300 **[B.S.R.B., 2003]**

20. शब्द DESIGN के अक्षरों को अलग-अलग कितनी तरह से क्रमबद्ध किया जा सकता है कि कोई भी व्यंजन दो में से किसी भी छोर पर न हो ?
(1) 20 (2) 56
(3) 60 (4) 48 **[B.S.R.B., 2004]**

संक्षिप्त उत्तर
(*Short Answers*)

1. (1)	**2.** (2)	**3.** (2)	**4.** (3)	**5.** (2)
6. (4)	**7.** (3)	**8.** (2)	**9.** (2)	**10.** (2)
11. **(a)** (1)	**(b)** (1)	**12.** (2)	**13.** (3)	**14.** (2)
15. (1)	**16.** (3)	**17.** (2)	**18.** (1)	**19.** (2)
20. (4)				

उत्तर व्याख्यासहित
(*Answer with Explanation*)

1. (1) कुल आम $= 10 = 6 + 4$
↓ ↓
अक्षर सड़ा

चूँकि एक साथ 2 आम लिए गए, उनमें से एक अच्छा है, तो दोनों के अच्छे आम होने की संभावना/ प्रायिकता

$$=\frac{6C_2}{10C_2}=\frac{6\times5}{10\times9}=\frac{1}{3}$$

2. (2) ∵ पासे की एक फेंक में '2' अंक की प्रायिकता $=\frac{1}{6}$

∵ पासे की प्रत्येक फेंक परस्पर अपवर्जी है।

∵ 18 फेंकों में '2' आने की प्रायिकता

$$=\frac{1}{6}+\frac{1}{6}+\frac{1}{6}+\ldots18 \text{ बार}$$

$= 3$ बार

3. (2) पहले पर्स से 1 सिक्का निकालने पर चाँदी होने की संभावना $=\frac{5}{7}$

दूसरे पर्स से 1 सिक्के निकालने पर चाँदी होने की संभावना $=\frac{4}{7}$

= संयुक्त रूप से चाँदी होने की संभावना

$$=\frac{5}{7}\times\frac{4}{7}=\frac{20}{49}$$

4. (3) कुल गेंद $= 20 + 15$

∴ एक हरा गेंद चुनने की संभावना

$$=\frac{20C_1}{35C_1}=\frac{20}{35}=\frac{4}{7}$$

5. (2) तीन संतरे निकालने के कुल प्रकार

$$=12C_3=\frac{12\times11\times10}{3\times2\times1}=220$$

खराब संतरे $=12\times\frac{1}{3}=4$ संतरे

∴ एक भी अच्छा संतरा नहीं होने का कुल प्रकार

$$={}^4C_3=\frac{4\times3\times2}{3\times2}=4$$

∴ कम-से-कम एक अच्छा संतरा होने की प्रायिकता

$$=1-\frac{4}{220}=\frac{54}{55}$$

6. (4) 52 से 2 पत्ते निकालने के कुल प्रकार $={}^{52}C_2$

$$=\frac{52\times51}{2\times1}=1326$$

4 में से दो इक्के निकालने के कुल प्रकार $={}^4C_2$

$$=\frac{4\times3}{2\times1}=6$$

∴ दो इक्के होने की संभावना

$$=\frac{6}{1326}=\frac{1}{221}$$

7. (3) तीन सिक्के उछाले जाने पर कुल घटनाएँ
$= 2^3 = 8$
कम-से-कम 1 चित्त (Head) आने की अनुकूल घटनाएँ = {HTT, THT, TTH, HHT, HTH, TTH, HHH} = 7
∴ अभीष्ट प्रायिकता $= \frac{7}{8}$

8. (2) $n(S) = {}^9C_3 = \frac{9!}{6!3!} - \frac{9\times8\times7\times6!}{6!\times3\times2\times!} = 84$
$n(E) = {}^4C_1 \times {}^5C_2 = 4 \times 10 = 40$
$\therefore P(E) = \frac{n(E)}{n(S)} = \frac{40}{84} = \frac{10}{21}$

9. (2) A की सच बोलने की संभावना $= \frac{74}{100} = \frac{3}{4}$
∴ A के छूट बोलने की संभावना $= 1 - \frac{3}{4} = \frac{1}{4}$
B के सच बोलने की संभावना $= \frac{60}{100} = \frac{3}{5}$
∴ B के झूठ बोलने की संभावना $= 1 - \frac{3}{5} = \frac{2}{5}$
विरोधाभास तभी होगा जब एक बोलता हो तथा दूसरा झूठ अतः ऐसी संभावना
$= \frac{3}{4}\times\frac{2}{5} + \frac{1}{4}\times\frac{3}{4} = \frac{9}{20}\times100 = 45\%$

10. (2) अभीष्ट संभावना
$= \frac{75}{100}\times\frac{70}{100} = \frac{3}{4}\times\frac{7}{10} = \frac{21}{40}$

11. (a) (1) **TRICK :** $\frac{1}{5}\times\frac{3}{4} = \frac{3}{20}$

(b) (1) **TRICK :**
$\left(1-\frac{1}{5}\right)\times\left(1-\frac{3}{4}\right) = \frac{4}{5}\times\frac{1}{4} = \frac{1}{5}$

12. (2) $n(S) = {}^{10}C_4 = 210$
$n(E) = ({}^4C_1 \times {}^6C_3) + ({}^4C_2 \times {}^6C_2) + ({}^4C_3 \times {}^6C_1)$
$= 80 + 90 + 24 + 1 = 195$
∴ कम-से-कम छात्रा होने की संभावना
$= \frac{195}{210} = \frac{13}{14}$

13. (3) अभीष्ट प्रायिकता $= \frac{{}^6P_6 \times {}^4P_4}{{}^9P_4}$
$= \frac{6\times5\times4\times3\times2\times4\times3\times2}{9\times8\times7\times6\times5\times4\times3\times2}$
$= \frac{1}{21}$ **Ans.**

14. (2) अभीष्ट प्रायिकता $= \frac{{}^7C_2 \times {}^4C_1}{{}^{11}C_3}$
$= \frac{7\times\frac{6}{2}\times4}{\frac{11\times10\times9}{3\times2}} = \frac{28}{55}$ **Ans.**

15. (1) एक भी अधपका न होने की प्रायिकता $= \frac{{}^7C_4}{{}^{12}C_4}$
$= \frac{7\times6\times5}{3\times2}\times\frac{4\times3\times2}{12\times11\times10\times9} = \frac{7}{99}$
∴ कम-से-कम एक अधपका होने की प्रायिकता
$= 1 - \frac{7}{99} = \frac{92}{99}$ **Ans.**

16. (3) स्वर की सं० = 3, व्यंजक की सं० = 4
∴ स्वरों को एक साथ रखने पर एक अक्षर माना जाएगा तो कुल अक्षर = 1 + 4 = 5
तो सजाने का प्रकार $= {}^5P_5$
पुनः स्वरों को भी आपस में कुल ${}^3P_3$ प्रकार से सजा सकते हैं।
∴ कुल प्रकार $= {}^5P_3 \times {}^3P_3 = 720$ **Ans.**

17. (2) सभी अक्षरों को क्रमबद्ध करने के कुल तरीके
$= {}^6P_6 = 720$
स्वर साथ रहे तो क्रमबद्ध करने के कुल तरीके
$= {}^5P_5 \times {}^2P_2 = 240$
स्वर साथ नहीं रहे तो क्रमबद्ध करने के कुल तरीके
$= 720 - 240 = 480$

18. (1) अभीष्ट प्रकार $= \frac{\underline{|6}}{\underline{|2}} = 360$

19. (2) कुल शब्द = 8, स्वर = 4, व्यंजक = 4
अभीष्ट प्रकार $= \underline{|4}\times\underline{|4} = 576$

20. (4) कुल शब्द = 6, व्यंजक = 4
अभीष्ट प्रकार $= 2 \times \underline{|4} = 48$

□

CHAPTER 38

दौड़ तथा खेल

[RACES AND GAMES]

परिचय (*Introduction*)

महत्वपूर्ण बिंदु

1. दौड़ने, सवारी करने में गति की प्रतियोगिता को दौड़ कहते हैं।
2. मैदान या सड़क जहाँ दौड़ होती है, उसे रेस कोर्स कहते हैं।
3. **प्रस्थान बिन्दु**–जहाँ से दौड़ की शुरुआत होती है, उसे प्रस्थान बिन्दु कहते हैं।
4. **गोल**–दौड़ की तय हद को गोल कहते हैं।
5. **डेट हीट**–अगर किसी दौड़ में धावक गोल तक एक साथ इस प्रकार पहुँचे कि कोई भी विजेता न रहे, तो उसे डेड हीट कहते हैं।
6. अगर A, 100 अंक बनाए और B केवल 80, हो हम कहेंगे कि 100 अंक के खेल में A, B को 20 अंक दे सकता है।
7. 100 मीटर की दौड़ में A अगर B को 5 मीटर से पछाड़ता है, तो इसका मतलब यह हुआ कि जितनी देर में A, 100 मीटर दौड़ता है उतनी देर में B, 95 मीटर दौड़ता है।
8. क्रिकेट के खेल में गेन्दबाज का औसत प्रति विकेट पर दिए गए रनों के अनुसार होता है।

$$\text{यानि औसत} = \frac{\text{रन}}{\text{विकेट}}$$

महत्वपूर्ण प्रश्न (*Important Questions*)

1. एक किलोमीटर की दौड़ में A, B को 48 मीटर या 12 सेकेण्ड से पीछे छोड़ देता है। इस दौड़ में A का समय क्या है? **[S.S.C., 1992]**

(1) 3 मिनट 50 सेकेण्ड (2) 4 मिनट 50 सेकेण्ड
(3) 5 मिनट 50 सेकेण्ड (4) 2 मिनट 50 सेकेण्ड

2. एक किलोमीटर की दौड़ में A, B को 60 मीटर और C को 80 मीटर का स्टार्ट दे सकता है। एक किलोमीटर की दौड़ में B, C को कितने किलोमीटर का स्टार्ट दे सकता है?

(1) 21 मीटर (2) 21.28 मीटर
(3) 22 मीटर (4) 23 मीटर **[RRB, 2003]**

3. A एक किलोमीटर 5 मिनट 51 सेकेण्ड में दौड़ सकता है और B, 6 मिनट में। A, B को एक किलोमीटर की दौड़ में कितने मीटर का स्टार्ट दे सकता है कि दौड़ डेड हीट हो जाए?

(1) 25 मीटर (2) 26 मीटर
(3) 27 मीटर (4) 30 मीटर **[SSC, 2003]**

4. बिलियर्ड्स के एक खेल में A, B के लिए 60 में से 10 अंक छोड़ सकता है और वह C के लिए 60 में से 20 अंक छोड़ सकता है। 80 अंक के खेल में B, C के लिए कितने अंक छोड़ सकता है?

(1) 10 (2) 20
(3) 15 (4) 16 **[MAT, 2001]**

5. A, B के लिए 20 अंक और C के लिए 32 अंक छोड़ सकता है और B, C के लिए 15 अंक छोड़ सकता है। तो बताएँ कि खेल कितने अंक का है?

(1) 80 (2) 90
(3) 100 (4) 110 **[RRB, 2004]**

6. 12 किमी॰ लम्बे वृत्ताकार मार्ग पर तीन धावक A, B, C एक ही समय पर, एक ही बिन्दु से तथा एक ही दिशा में क्रमशः 3 किमी॰, 7 किमी॰ व 13 किमी॰ प्रति घण्टा की चाल से चलते हैं। कितने घण्टे उपरान्त वे एक साथ मिलेंगे?

(1) 16 घंटे (2) 12 घंटे
(3) 28 घंटे (4) इनमें से कोई नहीं

[B.S.R.B. 2002, R.R.B. 2008]

7. 100 मीटर की दौड़ में A, B को 10 मीटर का और C को 20 मीटर का स्टार्ट दे सकता है। इसी दौड़ में B, C को कितने मीटर का स्टार्ट दे सकता है ?

(1) $11\frac{2}{7}$ मी० (2) $13\frac{1}{3}$ मी०

(3) $11\frac{2}{9}$ मी० (4) $11\frac{1}{9}$ मी० **[LIC, 1997]**

8. एक किलोमीटर की दौड़ में A, B को 100 मीटर से और C को 200 मीटर से हरा देता है। 1440 मीटर की दौड़ में B, C को कितने मीटर से हराएगा ?

(1) 125 मीटर (2) 130 मीटर

(3) 160 मीटर (4) 165 मीटर **[IB, 1999]**

9. A, 40 सेकेण्ड में 90 मीटर दौड़ सकता है और B, 45 सेकेण्ड में। B को A कितनी दूरी से हराएगा ?

(1) 10 (2) 12 मीटर

(3) 15 मीटर (4) 13 मीटर **[RRB, 2001]**

10. 400 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में A, B को 40 मीटर से पराजित करता है। जबकि 500 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में B, C को 100 मीटर से पराजित करता है, तो 800 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में A, C को कितने मीटर से पराजित करेगा ?

(1) 324 (2) 224

(3) 424 (5) 200 **[MBA, 1998]**

11. 1 किमी० की दौड़ में A, B को 50 मीटर से तथा B, C को 60 मीटर से हरा सकता है। बताइए कि 500 मीटर लम्बी दौड़ में A, C को कितने मीटर से हराएगा ?

(1) 66.66 मीटर (2) 15.60 मीटर

(3) 53.5 मीटर (4) 107 मीटर **[SSC, 2005]**

12. A, 51 सेकेण्ड में 550 मीटर दौड़ सकता है और B, 55 सेकेण्ड में। अगर B को 50 मीटर का स्टार्ट मिल जाए, तों वह कितने सेकेण्ड से जीतेगा ?

(1) 1 सेकेण्ड (2) 2 सेकेण्ड

(3) 3 सेकेण्ड (4) 4 सेकेण्ड **[SSC, 1997]**

13. 880 मीटर की एक दौड़ में A, B को 50 मीटर और C को 91 मीटर का स्टार्ट दे सकता है जबकि B, C को 6 सेकेण्ड का, तो 820 मीटर दौड़ने में C को कितना समय लगेगा ?

(1) 1 मिनट (2) 2 मिनट

(3) $2\frac{1}{2}$ मिनट (4) 3 मिनट **[CBI, 2003]**

14. 100 अंकों के एक खेल में A, B को 30 अंक और C को 37 अंक का स्टार्ट दे सकता है। B, C को कितने अंक दे सकता है ?

(1) 12 (2) 13

(3) 10 (4) 9 **[Delhi Police, 2004]**

15. A, B को 30 अंक और C को 44 अंक तथा B, C को 20 अंक का स्टार्ट दे सकता है। खेल कितने अंकों का है ?

(1) 60 (2) 80

(3) 90 (4) 100 **[Clerk Grade, 2002]**

16. 1000 मीटर की दौड़ में A, B को 100 मीटर से पराजित किया। B इस पूरे दौड़ को $1\frac{1}{2}$ मिनट में पूरा किया। इस दौड़ में A की गति ज्ञात करें—

(1) 12.34 मी०/सेकेण्ड (2) 15 मी०/सेकेण्ड

(3) 13.39 मी०/सेकेण्ड (4) 14.29 मी०/सेकेण्ड **[M.B.A., 2001]**

17. एक किलोमीटर की दूरी को A, 4 मिनट 54 सेकेण्ड में तथा B, 5 मिनट में दौड़कर पार करते हैं। एक किमी० की दौड़ में B को A से कितना आगे खड़ा रहना चाहिए कि अन्तिम लक्ष्य पर दोनों एक साथ पहुँचे ?

(1) 20 मी० (2) 16 मी०

(3) 18 मी० (4) 14.5 मी० **[SSC, 1999]**

18. 100 मीटर की दूरी A तय करता है 27 सेकेण्ड में और B 30 सेकेण्ड में। B को A कितने अन्तर से पराजित करेगा ?

(1) 9 मी० (2) 10 मी०

(3) $11\frac{1}{9}$ मी० (4) 12 मी० **[I.B., 2001]**

19. एक तेज गेन्दबाज ने क्रिकेट के मैच में 30 रन देकर 8 विकेट लिए जिससे उसका औसत 0.5 कम हो गया। यदि गेन्दबाज अब तक 100 विकेट ले चुका है, तो उसका नया औसत ज्ञात करें—

(1) 11.5 (2) 8.5
(3) 9.5 (4) 10.5 **[S.S.C., 2006]**

20. क्रिकेट के फाइनल मुकाबले में एक गेन्दबाज 36 रन देकर 5 विकेट हासिल किए। इससे उसका औसत 12.4 से घटकर 12 हो गया। गेन्दबाज द्वारा अब तक कुल कितने विकेट लिए गए ?

(1) 65 (2) 70
(3) 55 (4) इनमें से कोई नहीं

[R.R.B., 2004]

21. एक क्रिकेट मैच में एक गेन्दबाज 20 रन देकर 5 विकेट ले लिया और इस तरह से उसका औसत 15.5 से घटकर 15 हो गया। उस मैच के पहले तक गेन्दबाज का कुल कितने विकेट हो गए थे ?

(1) 120 (2) 80
(3) 110 (4) तय नहीं कर सकते

[R.R.B., 2002]

संक्षिप्त उत्तर (Short Answers)

1. (1)	**2.** (2)	**3.** (1)	**4.** (4)	**5.** (3)
6. (2)	**7.** (4)	**8.** (3)	**9.** (1)	**10.** (2)
11. (3)	**12.** (1)	**13.** (2)	**14.** (3)	**15.** (4)
16. (1)	**17.** (1)	**18.** (2)	**19.** (3)	**20.** (1)
21. (3)				

उत्तर व्याख्यासहित (Answer with Explanation)

1. (1) B, 48 और 12 सेकेण्ड में दौड़ता है।

$\therefore$ B, 1000 मीटर दौड़ेगा $= \dfrac{12}{48} \times 1000$

$= 250$ सेकेण्ड

$\therefore$ दौड़ में A का समय $= (250 - 12)$ सेकेण्ड

$= 238$ सेकेण्ड

$= 3$ मिनट 50 सेकेण्ड

2. (2) A, 1000 मीटर दौड़ता है,

तब, $B\,(1000 - 60) = 940$ मीटर तथा

A, 1000 मीटर दौड़ता है,

तब, $C(1000 - 80) = 920$ मी०

अतः जब B, 940 मीटर दौड़ता है तब C, 920 मीटर दौड़ेगा।

$\therefore$ जब B, 1000 मीटर दौड़ता है,

तब, $C = \dfrac{920 \times 1000}{940} = 978.72$ मीटर

$\therefore$ B, C को $(1000 - 978.72)$

$= 21.28$ मी० का स्टार्ट देगा।

3. (1) A, B को (6 मीटर – 5 मिनट 51 सेकेण्ड)

= 9 सेकेण्ड का स्टार्ट दे सकता है।

अब, B, 6 मिनट में 1000 मीटर दौड़ता है।

$\therefore$ 9 सेकेण्ड में $= \dfrac{1000}{6 \times 60} \times 9 = 25$ मी०

$\therefore$ A, B को 25 मीटर का स्टार्ट दे सकता है।

4. (4) A, 60 अंक बनाता है जबकि B, 50 अंक और C 40 अंक बनाता है।

अब, B, 50 अंक बनाता है, तो C, 40 अंक बनाता है।

$\therefore$ B, 80 अंक बनाएगा, तो $C = \dfrac{40}{80} \times 80 = 64$

$\therefore$ B, C के लिए $(80 - 64) = 16$ अंक छोड़ सकता है।

5. (3) माना कि खेल x अंक का है, तो प्रश्नानुसार अगर A के x अंक है, तो $B\,(x - 20)$

फिर, B के x अंक हैं, तो C के $(x - 15)$

इसी तरह C के $(x - 32)$ अंक हैं, तो A के x अंक

$\therefore$ चेन नियम से,

$$x(x - 32) = (x - 20)\,(x - 15)$$

या, $x = 100$

6. (2) A, B, C द्वारा 12 किमी० दूरी तय करने में लगा समय क्रमशः 4 घंटे, $\dfrac{12}{7}$ घंटे तथा $\dfrac{12}{15}$ घंटे है।

$4, \dfrac{12}{7}$ तथा $\dfrac{12}{13}$ का ल० स० = 12 घंटे

अतः वे फिर 12 घंटे बाद मिलेंगे।

7. (4) यदि A 100 मीटर, तो B तथा C क्रमशः 90 तथा 80 मीटर दौड़ते हैं।

यानि 90 मीटर की दौड़ में B, C को 10 मीटर का स्टार्ट देता है।

∴ 100 मीटर की दौड़ में B, C को $\frac{10}{90}\times100$

$=11\frac{1}{9}$ मीटर का स्टार्ट देगा।

8. (3) यदि A, 1000 मीटर, तो B, 900 मी॰ तथा C, 800 मीटर दौड़ते हैं।

यानि 900 मीटर की दौड़ में B, C को 100 मीटर से हरा सकता है।

∴ 1440 मीटर की दौड़ में B, C को

$=\frac{100}{900}\times1440=160$ मीटर से हराएगा।

9. (1) B, 45 सेकेण्ड में 90 मीटर दौड़ता है।

∴ $B\ (45-40)=5$ सेकेण्ड में दौड़ेगा

$=\frac{90}{45}\times5=10$ मीटर

यानि B को A, 100 मीटर से हराएगा।

10. (2) $A:B=400:360=10:9$

$B:C=500:400=5:4$

$$\therefore\ A:B:C=\begin{array}{ccccc} 10 & : & 9 & & \\ & & 5 & : & 4 \\ \hline 50 & : & 45 & : & 36 \end{array}$$

$$\underbrace{50 \quad\quad\quad 36}_{-14}$$

अर्थात् 50 मीटर की दौड़ में A, C को 14 मीटर में पराजित करेगा।

∴ 800 मीटर की दौड़ में A, C को $\frac{14}{50}\times800$

$=224$ मीटर

11. (3)

A	B	C
1000 मी॰	950 मी॰	?

1000 मी॰ में B की C पर लीड $=60$ मी॰

∴ 950 मी॰ में B की C पर लीड

$=\frac{60\times950}{1000}=57$ मी॰

अतः

A	B	C
1000	950	$(950-57)=893$

अब, 1000 मी॰ में A की C पर लीड

$=(1000-893)=107$ मी॰

∴ 500 मी॰ में A की C पर लीड

$=\frac{107}{2}$ मी॰ $=53.5$ मी॰

12. (1) B, 550 मीटर दौड़ता है 55 सेकेण्ड में।

∴ $B, (550-50)=500$ मीटर दौड़ेगा

$=\frac{55}{550}\times500=50$ सेकेण्ड में

∴ $B, (51-50)=1$ सेकेण्ड से जीतेगा।

13. (2) यदि A दौड़ता है 880 मीटर तो B 830 मीटर और C, 789 मीटर दौड़ता है।

यानि $C\ (830-789)=41$ मीटर पूरा करेगा 6 सेकेण्ड में।

∴ 820 मीटर दौड़ेगा $=\frac{6}{41}\times820$

$=120$ सेकेण्ड $=2$ मिनट

14. (3) $A:B:C=100:70:63$

यानि 70 अंकों में 7 अंक दे सकता है।

∴ 100 अंकों में $\frac{7}{10}\times100=10$ अंक

15. (4) माना कि खेल 4 अंक का है।

∴ $A:B:C=x:(x-30):(x-44)$

यानि $(x-30)$ अंकों के खेल में B, C को $[(x-30)-(x-44)]=14$ अंक देता है।

∴ x अंकों के खेल में $\frac{14x}{(x-30)}$ देगा।

प्रश्नानुसार, $\frac{14x}{(x-30)}=20$

या, $x=100$

16. (1) B की गति $=\frac{1000}{\frac{3}{2}\times60}\times\frac{100}{9}$ मी॰/से॰

∴ 900 मीटर की दूरी तय करने में लगा समय

$$= \frac{900}{100} \times 9 = 81 \text{ सेकेण्ड}$$

∴ A की गति $= \frac{1000}{81} = 12.34$ मी॰/से॰

17. (1) ∵ 5 मिनट में B, 1000 मी॰ दौड़ता है।

∴ 4 मिनट 54 सेकेण्ड में B,

$$\frac{1000}{5} \times 4 \text{ मिनट 54 सेकेण्ड} = 980 \text{ मी॰}$$

∴ अभीष्ट दूरी = (1000 – 980) मी॰ = 20 मी॰

TRICK :

अभीष्ट दूरी $= \frac{1000}{5 \times 60} \times (5 - 4.54) = 20$ मी॰

18. (2) 27 सेकेण्ड में B द्वारा तय की गई दूरी

$$= \frac{100}{30} \times 27 = 90 \text{ मी॰}$$

∴ अभीष्ट दूरी = (100 – 90) मी॰

= 10 मी॰

TRICK : $\frac{100}{30} \times (30 - 27) = 10$ मी॰

19. (3) माना अंतिम मैच से पहले तक गेन्दबाज का औसत x था।

प्रश्नानुसार, $\frac{92x + 30}{100} = (x - 0.5)$

या, $x = 10$

अतः गेन्दबाज का नया औसत = (10 – 0.5)

= 9.5

20. (1) माना गेन्दबाज फाइनल के पहले x विकेट ले चुका था।

प्रश्नानुसार, $x = 12.4 + 36 = (x + 5) \times 12$

या, $x = 60$

अतः फाइनल तक लिए गए विकेट = 60 + 5

= 65

21. (3) माना उस मैच के पहले गेन्दबाज x विकेट ले चुका था।

प्रश्नानुसार, $15.5x + 20 = (x + 5) \times 15$

या, $x = 110$

□

CHAPTER 39

क्षेत्रमिति (क्षेत्रफल और परिमाप)

[MENSURATION (AREA AND PERIMETERS]

परिचय (Introduction)

क्षेत्रफल (AREA)

किसी आकृति का उसके सभी भुजाओं से घिरे हुए तल को उस आकृति का क्षेत्रफल कहते हैं । क्षेत्रफल की इकाई (Unit) वर्गमीटर, वर्ग सेन्टीमीटर, वर्ग किलोमीटर आदि होती है।

परिमाप/परिमिति (PERIMETER)

किसी आकृति का सभी भुजाओं की लम्बाईयारें का योग उस आकृति का परिमाप या परिमिति कहलाता है । परिमाप की इकाई (Unit) मीटर, सेन्टीमीटर, किलोमीटर आदि होती है ।

त्रिभुज (TRIANGLE)



तीन भुजाओं से घिरा समतल क्षेत्र त्रिभुज कहलाता है । त्रिभुज के लिए 'Δ' चिह्न का प्रयोग किया जाता है। किसी भी त्रिभुज में तीन भुजाएँ, तीन शीर्ष तथा तीन कोण होते हैं। त्रिभुज के तीनों कोणों का योग 180° होता है ।



1. समबाहु त्रिभुज (Equilateral Triangle)—जिस त्रिभुज की तीनों भुजाएँ बराबर हों, उसे समबाहु त्रिभुज कहते हैं समबाहु त्रिभुज के प्रत्येक कोण का मान 60° होता है ।

☐ समबाहु त्रिभुज का क्षेत्रफल $=\frac{\sqrt{3}}{4}\times \text{भुजा}^2$

☐ समबाहु त्रिभुज का परिमाप $= 3 \times$ भुजा

☐ शीर्ष बिन्दु से डाले गये लम्ब की लम्बाई $=\frac{\sqrt{3}}{4}\times$ भुजा



2. समद्विबाहु त्रिभुज (Isosceles Triangle)—जिस त्रिभुज की किन्हीं दो भुजाओं की लम्बाईयाँ बराबर हों, उसे समद्विबाहु त्रिभुज कहते हैं ।

☐ समद्विबाहु त्रिभुज का क्षेत्रफल $=\frac{b}{4}\sqrt{4a^2-b^2}$

☐ समद्विबाहु त्रिभुज का परिमाप $= a+a+c$

या $2a+b$

☐ शीर्ष बिन्दु A से डाले गये लम्ब की लम्बाई

$$AD=\frac{\sqrt{4a^2-b^2}}{2}$$



3. विषमबाहु त्रिभुज (Scalene Triangle)—जिस त्रिभुज की तीनों भुजाएँ असमान लम्बाई की हों, उसे विषमबाहु त्रिभुज (Scalene Triangle) कहते हैं ।

☐ विषमबाहु त्रिभुज का क्षेत्रफल $=\frac{1}{2}\times \text{आधार}\times \text{ऊँचाई}$

$$=\frac{1}{2}ah$$

☐ या, विषमबाहु त्रिभुज का क्षेत्रफल

$$=\sqrt{s(s-a)(s-b)(s-c)}$$

जहाँ $s=\frac{a+b+c}{2}$

☐ विषमबाहु त्रिभुज की परिमाप $= a+b+c$ अर्थात् तीनों भुजाओं का योग

4. समकोण त्रिभुज (Right-angle Triangle)—जिस त्रिभुज का एक कोण समकोण अर्थात् 90° का हो, उसे समकोण त्रिभुज कहते हैं ।



यदि समकोण त्रिभुज में ∠ABC के समकोण होने के साथ-साथ AB और BC की लम्बाईयाँ भी बराबर हों, तो त्रिभुज ABC को समद्विबाहु समकोण त्रिभुज (Isosceles right-angled triangle) कहते हैं ।

☐ समकोण त्रिभुज का क्षेत्रफल $= \frac{1}{2} \times \text{आधार} \times \text{लम्ब}$

$= \frac{1}{2} ac$

☐ समकोण त्रिभुज का परिमाप = लम्ब + आधार + कर्ण

$= a + b + c$

☐ समकोण त्रिभुज का कर्ण $= \sqrt{(\text{लम्ब})^2 + (\text{आधार})^2}$

☐ समकोण त्रिभुज का लम्ब $= \sqrt{(\text{कर्ण})^2 + (\text{आधार})^2}$

☐ समकोण त्रिभुज का आधार $= \sqrt{(\text{कर्ण})^2 + (\text{लम्ब})^2}$



5. न्यूनकोण त्रिभुज (Acute-angled Triangle)—जिस त्रिभुज के तीनों कोण न्यूनकोण अर्थात् 90° से कम हो, उसे न्यूनकोण त्रिभुज कहते हैं।

त्रिभुज ABC में प्रत्येक कोण की माप 90° से कम है।



6. अधिककोण त्रिभुज (Obtuse-angled Triangle)—जिस त्रिभुज का एक कोण अधिककोण अर्थात् 90° से अधिक हो, उसे अधिककोण त्रिभुज कहते हैं।

त्रिभुज ABC में ∠ABC की माप 90° से अधिक है।

चतुर्भुज (QUADRILATERAL)

चार भुजाओं से घिरे समतल क्षेत्र को चतुर्भुज कहते हैं। इसका प्रतीक चिह्न ▱ है। किसी भी चतुर्भुज में चार भुजाएँ तथा चार कोण होते हैं। चतुर्भुज के चारों कोणों का योगफल चार समकोण अर्थात् 360° का होता है।



रेखाखण्ड AC तथा BD को विकर्ण कहते हैं। चतुर्भुज की वे दो भुजाएँ, जिसका कोई उभयनिष्ठ बिन्दु न हो, सम्मुख भुजाएँ कहलाती है, AB, CD तथा AD, BC सम्मुख भुजाएँ हैं।

1. समानान्तर चतुर्भुज (Parallelogram)—चार भुजाओं से घिरी वह आकृति, जिसके आमने-सामने की भुजाएँ बराबर और समान्तर हों, समान्तर चतुर्भुज कहलाती है। इसमें सम्मुख कोण भी बराबर होते हैं।



ABCD एक समान्तर चतुर्भुज है, जिसमें भुजा AB, CD के और AD, BC के समान्तर तथा बराबर हैं। BD समान्तर चतुर्भुज का विकर्ण तथा AE इसकी ऊँचाई है।

यदि समान्तर चतुर्भुज ABCD की भुजाएँ *a*, *b* हो और A से BC पर डाले गये लम्ब AE की लम्बाई *h* हो, तो

☐ समान्तर चतुर्भुज का क्षेत्रफल = आधार × ऊँचाई = *ah*
या समान्तर चतुर्भुज का क्षेत्रफल = कर्ण × आमने-सामने के किसी शीर्ष से कर्ण की लम्बाई दूरी = BD × CF
या, समान्तर चतुर्भुज का क्षेत्रफल = 2 × त्रिभुज ABD या BCD का क्षेत्रफल

☐ समान्तर चतुर्भुज का परिमाप = भुजाओं का योगफल

$= 2 \times (a + b)$



2. आयत (Rectangle)—चार भुजाओं से घिरी वह आकृति, जिसमें आमने-सामने की भुजाएँ समान्तर और बराबर होती है तथा प्रत्येक कोण समकोण होता है, उसे आयत कहते हैं।

AC तथा BD को विकर्ण कहते हैं तथा ये आपस में बराबर होते हैं अर्थात् AC = BD

☐ आयत का क्षेत्रफल = लम्बाई × चौड़ाई

☐ आयत की परिमिति = 2 (लम्बाई + चौड़ाई)

☐ आयत का विकर्ण $= \sqrt{(\text{लम्बाई})^2 + (\text{चौड़ाई})^2}$

☐ किसी आयताकार मैदान के अन्दर या बाहर किनारे से सटे रास्ते का क्षेत्रफल $= L_1 \times B_1 - L_2B_2$



3. विषमकोण समचतुर्भुज (Rhombus)—चार भुजाओं से घिरी वह आकृति, जिसमें चारों भुजाएँ बराबर हों, लेकिन एक भी क्रोण समकोण न हो, उसे विषमकोण समचतुर्भुज या समचतुर्भुज कहते हैं।



☐ विषमकोण चतुर्भुज का क्षेत्रफल

$= \frac{1}{2} \times \text{दोनों विकर्णों का गुणनफल}$

☐ विषमकोण समचतुर्भुज की परिमाप

= 4 × एक भुजा

☐ समचतुर्भुज में $(AC)^2 + (BD)^2 = 4a^2$

☐ समचतुर्भुज के विकर्ण एक दूसरे को 90° पर दो बराबर भागों में विभाजित करते हैं ।

4. वर्ग (Square)—चार भुजाओं से घिरी वह आकृति जिसकी चारों भुजाएँ बराबर हों तथा प्रत्येक कोण समकोण अर्थात् 90° का हो, उसे वर्ग कहते हैं ।



AC तथा BD को विकर्ण कहते हैं तथा ये आपस में एक-दूसरे के बराबर होते हैं अर्थात् AC = BD

☐ वर्ग का क्षेत्रफल = (एक भुजा)^2 = $(a)^2$

☐ वर्ग का क्षेत्रफल $=\frac{1}{2}\times$ (विकर्णों का गुणनफल)

$$=\frac{1}{2}\times AC\times BD$$

☐ वर्ग की परिमिति = 4 × a

☐ वर्ग का विकर्ण = एक भुजा $\times\sqrt{2}=a\times\sqrt{2}$

☐ वर्ग का विकर्ण $=\sqrt{2\times \text{वर्ग का क्षेत्रफल}}$

5. समलम्ब चतुर्भुज (Trapezium)—चार भुजाओं से घिरी वह आकृति, जिसकी केवल दो भुजाएँ समान्तर हों, उसे समलम्ब चतुर्भुज कहते हैं ।



ABCD एक समलम्ब चतुर्भुज है, जिसमें सिर्फ AD तथा BC समान्तर भुजायें हैं । AB और CD आड़ी (oblique) भुजाएँ हैं । A से AE या D से DF लम्ब BC पर खींचा जाये तो AE या DF इसकी ऊँचाई होगी ।

☐ समलम्ब चतुर्भुज का क्षेत्रफल

$$=\frac{1}{2}\times \text{ऊँचाई} \times \text{समान्तर भुजाओं का योग}$$

$$=\frac{1}{2}\times h\times(AD+BC)$$

बहुभुज (POLYGON)

बहुभुज का क्षेत्रफल उसको कई त्रिभुजों या चतुर्भुजों या अन्य मानक आकृतियों में बाँटकर निकाला जाता है। यदि बहुभुज में पाँच, छः या दस भुजाएँ हों, तो उसको क्रमशः पंचभुज (Pentagon), षट्भुज (Hexagon), दशभुज (Decagon) कहा जाता है ।



☐ n भुजा वाले चतुर्भुज का अन्तःकोणों का योग $= 2\,(n-2)\times 90°$

☐ n भुजा वाले बहुभुज के बहिष्कोणों का योग = 360°

☐ n भुजा वाले समबहुभुज का प्रत्येक अन्तःकोण $=\frac{2(n-2)\times 90°}{n}$

☐ n भुजा वाले समबहुभुज का प्रत्येक बहिष्यकोण $=\frac{360°}{n}$

☐ बहुभुज की परिमिति = n × एक भुजा

☐ नियमित षट्भुज का क्षेत्रफल



$$=6\times\frac{\sqrt{3}}{4}(\text{भुजा})^2$$

$$=\frac{3\sqrt{3}}{2}(\text{भुजा})^2$$

☐ नियमित षट्भुज की परिमिति = 6 × भुजा

☐ समषट्भुज की भुजा = परिवृत्त की त्रिज्या

☐ n भुजा वाले नियमित बहुभुज के विकर्णों की संख्या $=\frac{n(n-3)}{2}$

वृत्त (CIRCLE)

वृत्त एक ऐसे बिन्दु का बिन्दुपथ (Locus) है, जो इस तरह घूमता है कि उसकी दूरी एक स्थिर बिन्दु से सदैव बराबर रहती है। स्थिर बिन्दु को वृत्त का केन्द्र (Centre), अचल दूरी (Constant distance) को वृत्त की त्रिज्या (Radius) या अर्द्धव्यास तथा बिन्दु पथ को परिधि (Circumference) कहते हैं ।

केन्द्र से गुजरने वाली वह सीधी रेखा जो वृत्त को दो बराबर खण्डों में विभक्त करती है, वृत्त का व्यास (Diameter) कहलाती है । वृत्त का व्यास उसकी त्रिज्या का दोगुना होता है । किसी वृत्त की परिधि की लम्बाई उसकी व्यास की लम्बाई की लगभग $3\frac{1}{7}$ अर्थात् $\frac{22}{7}$ गुनी होती है, इसे ग्रीक अक्षर 'π' द्वारा प्रदर्शित किया जाता है । अक्षर 'π' को 'पाई' पढ़ा जाता है, जहाँ $\pi=\frac{\text{परिधि}}{\text{व्यास}}=\frac{22}{7}=3.1428571$

परिधि पर स्थित किन्हीं दो बिन्दुओं को मिलाने वाली सीधी रेखा को वृत्त की जीवा या चाप कर्ण (chord) कहते हैं ।



☐ वृत्त का व्यास = 2 × त्रिज्या = $2r$

☐ वृत्त की परिधि $=2\pi$ त्रिज्या $=2\pi r$

☐ या, वृत्त की परिधि $=\pi\times$ व्यास $=\pi d$



☐ वृत्त का क्षेत्रफल $=\pi\times$ त्रिज्या$^2=\pi r^2$

☐ वृत्त की त्रिज्या $\sqrt{\dfrac{\text{वृत्त का क्षेत्रफल}}{\pi}}$

या, अर्द्धवृत्त की परिमिति $=(n+2)r=\dfrac{(\pi+2)d}{2}$

☐ अर्द्धवृत्त का क्षेत्रफल $=\dfrac{1}{2}\pi r^2=\dfrac{1}{8}\pi d^2$

☐ त्रिज्याखण्ड का क्षेत्रफल $=\dfrac{\theta}{360^\circ}\times$ वृत्त क्षेत्रफल

$$=\frac{\theta}{360^\circ}\times\pi r^2$$



☐ त्रिज्याखण्ड की परिमिति $=\left(2+\dfrac{\pi\theta}{180^\circ}\right)r$

☐ वृत्तखण्ड का क्षेत्रफल $=\left(\dfrac{\pi\theta}{360}-\dfrac{1}{2}\sin\theta\right)r^2$

☐ वृत्तखण्ड की परिमिति $=l+\dfrac{\pi r\theta}{180^\circ}$

जहाँ $l=$ जीवा की लम्बाई

☐ चाप की लम्बाई $=\dfrac{\theta}{360^\circ}\times$ वृत्त की परिधि

$$=\frac{\theta}{360^\circ}\times 2\pi r$$



☐ दो संकेन्द्रीय वृत्तों जिनकी त्रिज्याएँ R_1, R_2, $(R_1>R_2)$ हो, तो इन वृत्तों के बीच का क्षेत्रफल

$$=\pi\left[R_1^2-R_2^2\right]$$



महत्त्वपूर्ण जानकारियाँ
(Important Notes)

☐ किसी आयताकार मैदान के अन्दर किनारे से सटे x मीटर चौड़ाई के रास्ते का क्षेत्रफल

$=2x$ (लं॰ + चौ॰ $-\,2x$)

☐ किसी आयताकार मैदान के बाहर किनारे से सटे हुए x मीटर चौड़े रास्ते का क्षेत्रफल

$=2x$ (लं॰ + चौ॰ $+\,2x$)

☐ किसी वर्गाकार मैदान के चारों ओर बाहर की ओर किनारे से सटा हुआ x चौड़ाई का रास्ता हो तो रास्ते का क्षेत्रफल

$=4x$ (एक भुजा $+\,x$)

☐ यदि रास्ता एक वर्ग के भीतर किनारे से सटा हुआ हो, तो रास्ते का क्षेत्रफल $=4x$ (एक भुजा $-\,x$)

☐ भुजाओं में वृद्धि/कमी से क्षेत्रफल में होने वाले वृद्धि या कमी ज्ञात करने का विशिष्ट सूत्र :

$$x+y+\frac{xy}{100}$$

यदि भुजाओं में वृद्धि होगी तो x तथा y का मान (+ve) होगा और यदि भुजाओं में कमी होगी तो x तथा y का मान (–ve) होगा । यदि परिणाम (+ve) होता है तो क्षेत्रफल में वृद्धि होगी । यदि परिणाम (–ve) होता है तो क्षेत्रफल में कमी होगी ।

☐ यदि वर्ग, आयत या त्रिभुज की भुजाएँ दुगुनी कर दी जाए तो, इसका क्षेत्रफल चार गुणा हो जाता है अर्थात् 300% बढ़ जाता है ।

☐ यदि किसी वृत्त की त्रिज्या $x\%$ बढ़ा दी जाए तो उसका क्षेत्रफल $\left[2x+\dfrac{x^2}{100}\right]\%$ बढ़ जाता है ।

☐ यदि किसी वृत्त की त्रिज्या $x\%$ घटा दी जाए तो उसका क्षेत्रफल $\left[-2x+\dfrac{x^2}{100}\right]\%$ घट जाता है ।

☐ 'r' त्रिज्या वाले किसी वृत्त के अन्दर बने वर्ग का क्षेत्रफल $=2r^2$ तथा उस वर्ग की भुजा $=\sqrt{2x}$

☐ 'r' त्रिज्या वाले किसी अर्द्धवृत्त के अन्दर बने बड़े त्रिभुज का क्षेत्रफल $=r^2$

☐ कमरे के चारों दिवारों का क्षेत्रफल

$=2\times$ ऊँचाई $\times$ (लम्बाई + चौड़ाई)

☐ किसी कमरे में लगने वाली अधिकतम् लम्बाई की छड़

$$=\sqrt{(\text{लम्बाई})^2+(\text{ चौड़ाई })^2+(\text{ऊँचाई})^2}$$

☐ किसी त्रिभुज, आयत, समानान्तर चतुर्भुज, वर्ग, समलम्ब चतुर्भुज, विषमकोण चतुर्भुज इत्यादि की प्रत्येक भुजा को k गुणित करने पर परिमिति k गुणित तथा क्षेत्रफल k^2 गुना हो जाता है ।

महत्वपूर्ण प्रश्न (*Important Questions*)

1. एक त्रिभुज की भुजाएँ क्रमशः 3 सेमी॰, 4 सेमी॰ और 5 सेमी॰ है । त्रिभुज का क्षेत्रफल है—

(1) 6 वर्ग सेमी॰ (2) $\sqrt{23}$ वर्ग सेमी॰
(3) $\sqrt{12}$ वर्ग सेमी॰ (4) $\sqrt{32}$ सेमी॰
(5) इनमें से कोई नहीं **[RRB, 2005]**

2. एक समकोण त्रिभुज जिसका आधार 6 सेमी॰ तथा कर्ण 10 सेमी॰ है, तो क्षेत्रफल है—

(1) 24 सेमी॰^{2} (2) 30 सेमी॰^{2}
(3) 40 सेमी॰^{2} (4) 48 सेमी॰^{2}
(5) इनमें से कोई नहीं **[यू॰ पी॰ ओ॰, 1993]**

3. किसी त्रिभुज का परिमाप 30 सेमी॰ और उसका क्षेत्रफल 30 वर्ग सेमी॰ है । यदि त्रिभुज की सबसे बड़ी भुजा की लम्बाई 13 सेमी॰ है, तो उसकी सबसे छोटी भुजा की लम्बाई क्या है ?

(1) 3 सेमी॰ (2) 4 सेमी॰
(3) 5 सेमी॰ (4) 6 सेमी॰
[SSC स्नातक स्तर, 2003]

4. किसी त्रिभुज की भुजाएँ 3 सेमी॰, 4 सेमी॰ और 5 सेमी॰ है । इस त्रिभुज की भुजाओं के मध्य-बिन्दुओं को मिलाने से बने त्रिभुज का क्षेत्रफल (सेमी॰^{3} में) है—

(1) 6 (2) 3
(3) $\frac{3}{2}$ (4) $\frac{3}{4}$
[SSC स्नातक स्तर, 2003]

5. एक त्रिभुज की भुजाओं के मध्य बिन्दुओं को मिलाकर एक त्रिभुज बनाया गया । इस नए त्रिभुज के क्षेत्रफल और मूल त्रिभुज के शेष भाग के क्षेत्रफलों में अनुपात है—

(1) 1 : 2 (2) 1 : 3
(3) 1 : 5 (4) 1 : 4
(5) इनमें से कोई नहीं **[यू॰ पी॰ सी॰, 1992]**

6. एक त्रिभुज की भुजाएँ 5 : 4 : 3 के अनुपात में हैं । यदि त्रिभुज की परिमाप 24 सेमी॰ है, तो त्रिभुज का क्षेत्रफल क्या होगा ?

(1) 12 वर्ग सेमी॰ (2) 24 वर्ग सेमी॰
(3) 6 वर्ग सेमी॰ (4) 48 वर्ग सेमी॰
(5) इनमें से कोई नहीं **[असिस्टेंट ग्रेड, 1991]**

7. किसी त्रिभुज का क्षेत्रफल 216 सेमी॰^{2} है और उसकी भुजाएँ 3 : 4 : 5 के अनुपात में हैं । इस त्रिभुज का परिमाप है—

(1) 6 सेमी॰ (2) 12 सेमी॰
(3) 36 सेमी॰ (4) 72 सेमी॰
[SSC स्नातक स्तर, 2004]

8. किसी समकोण त्रिभुज का परिमाप उसकी सबसे छोटी भुजा का 6 गुना है । भुजाओं का अनुपात क्या होगा ?

(1) 5 : 3 : 1 (2) 7 : 6 : 1
(3) 11 : 10 : 4 (4) 13 : 12 : 5
(5) इनमें से कोई नहीं **[यू॰ पी॰ सी॰, 1993]**

9. यदि किसी त्रिभुज का आधार दूना तथा ऊँचाई आधी कर दी जाए, तो परिवर्तन से पूर्व तथा बाद के क्षेत्रफलों में क्या अनुपात होगा ?

(1) 3 : 2 (2) 1 : 1
(3) 2 : 1 (4) 3 : 1
(5) इनमें से कोई नहीं **[CBI 2001, H.M. 2005]**

10. यदि किसी समबाहु Δ की एक भुजा $4\sqrt{3}$ सेमी॰ है, तो उसका क्षेत्रफल होगा—

(1) $\frac{12}{\sqrt{3}}$ वर्ग सेमी॰ (2) $\frac{24}{\sqrt{3}}$ सेमी॰
(3) $\frac{12}{\sqrt{3}}$ सेमी॰ (4) $\frac{21}{\sqrt{3}}$ सेमी॰
(5) इनमें से कोई नहीं **[असिस्टेंट ग्रेड, 1955]**

11. यदि एक समबाहु त्रिभुज के शीर्ष का मान $\sqrt{6}$ सेमी॰ हो, तो इसका क्षेत्रफल होगा—

(1) $2\sqrt{2}$ सेमी॰^{2} (2) $2\sqrt{3}$ सेमी॰^{2}
(3) $3\sqrt{3}$ सेमी॰^{2} (4) $6\sqrt{2}$ सेमी॰^{2}
(5) इनमें से कोई नहीं **[UPC 1994, CET 2005]**

12. यदि किसी समबाहु त्रिभुज का क्षेत्रफल $\sqrt{3}$ सेमी॰^{2} हो, तो उसकी भुजा (सेमी॰ में)होगी—

(1) 1 (2) 2
(3) 3 (4) 4
(5) इनमें से कोई नहीं **[IB 2003, R.R.B. 2008]**

yousmahboob

13. किसी समबाहु त्रिभुज का क्षेत्रफल $400\sqrt{3}$ वर्ग मीटर है । इसका परिमाप है—

(1) 120 मीटर (2) 150 मीटर

(3) 90 मीटर (4) 135 मीटर

[SSC स्नातक स्तर, 2003]

14. एक समबाहु त्रिभुज जिसका क्षेत्रफल $4\sqrt{3}$ वर्ग सेमी॰ है, की भुजा है—

(1) 1 सेमी॰ (2) 2 सेमी॰

(3) 3 सेमी॰ (4) 4 सेमी॰

(5) इनमें से कोई नहीं **[असिस्टेंट ग्रेड, 1991]**

15. किसी समबाहु त्रिभुज के अभ्यंतर के किसी बिन्दु से तीनों भुजाओं की लाम्बिक दूरियाँ $\sqrt{3}$ सेमी॰, $2\sqrt{3}$ सेमी॰ और $5\sqrt{3}$ सेमी॰ है । इस त्रिभुज का परिमाप है (सेमी॰ में)—

(1) 64 (2) 34

(3) 48 (4) 24

[SSC स्नातक स्तर, 2003]

16. 42 सेमी॰ की भुजा वाले एक समबाहु त्रिभुज के अंतःवृत्त का क्षेत्रफल होगा $\left(\pi = \frac{22}{7} \text{ लीजिए}\right)$—

(1) 231 सेमी॰^{2} (2) 462 सेमी॰^{2}

(3) $22\sqrt{3}$ सेमी॰^{3} (4) 924 सेमी॰^{2}

[SSC स्नातक स्तर, 2004]

या, $\sin^2\theta=\frac{1}{4}$

$\therefore\ \tan^2\theta=\frac{\sin^2\theta}{1-\sin^2\theta}=\frac{\frac{1}{4}}{1-\frac{1}{4}}=\frac{1}{3}$

63. (2) $1+\cos x+\cos y+\cos z$

$=1+2\cos\frac{x+y}{2}\cos\frac{x-y}{2}+\cos z$

$=1+2\cos\frac{z}{2}\cos\frac{x-y}{2}+2\cos^2\frac{z}{2}-1$

$=2\cos\frac{z}{2}\left[\cos\frac{x-y}{2}+\cos\frac{x+y}{2}\right]$

$=2\cos\frac{z}{2}.2\cos\frac{x}{2}\cos\frac{y}{2}$

$=4\cos\frac{x}{2}\cos\frac{y}{2}\cos\frac{z}{2}$

64. (3) $x+y=\cos(A+B)\cos(A-B)+\sin(A+B)\sin(A-B)$

$=\cos(A+B-A+B)=\cos 2B$

यदि B = 15, तो $\cos 30=\frac{\sqrt{3}}{2}$

अत: $x+y$ परिमेय संख्या नहीं है ।

65. (2) $x=\frac{\sin 3\theta}{\sin\theta}-\frac{\cos 3\theta}{\cos\theta}$

$=\frac{3\sin\theta-4\sin^3\theta}{\sin\theta}-\frac{4\cos^3\theta-3\cos\theta}{\cos\theta}$

$=3-4\sin^2\theta-4\cos^2\theta+3$

$=6-4(\sin^2\theta+\cos^2\theta)=6-4=2$

फिर, $y=\frac{\cos 3\theta}{\cos\theta}+\frac{\sin 3\theta}{\sin\theta}$

$=\frac{4\cos^3\theta-3\cos\theta}{\cos\theta}+\frac{3\sin\theta-4\sin^3\theta}{\sin\theta}$

$=4\cos^2\theta-3+3-4\sin^2\theta$

$=4(\cos^2\theta-\sin^2\theta)$

$[\because\ \cos^2\theta-\sin^2\theta=\cos 2\theta]$

$=4\cos 2\theta$

अब, यदि $\theta=60°$

तो $y = 4\cos 120°$

$=4\times\left(-\frac{1}{2}\right)=-2$

$\therefore\ x=-y$

66. (3) $\cot^{-1}\left[\frac{\cos\frac{x}{2}-\sin\frac{x}{2}+\cos\frac{x}{2}+\sin\frac{x}{2}}{\cos\frac{x}{2}-\sin\frac{x}{2}-\cos\frac{x}{2}-\sin\frac{x}{2}}\right]$

$$=\cot^{-1}\left[-\frac{2\cos\frac{x}{2}}{2\sin\frac{x}{2}}\right]=-\cot^{-1}\cot\frac{x}{2}$$

$$=+\cot^{-1}\cot\left(\pi-\frac{x}{2}\right)=\pi-\frac{x}{2}$$

67. (2) $\tan^{-1}\left(\frac{\frac{1}{2}+\frac{1}{3}}{1-\frac{1}{6}}\right)=\tan^{-1}\frac{5/6}{5/6}$

$$=\tan^{-1}1=\frac{\pi}{4}$$

∴ $\tan^{-1}\frac{1}{2}+\tan^{-1}\frac{1}{3}+\tan^{-1}\frac{1}{4}$

$$=\tan^{-1}1+\tan^{-1}\frac{1}{4}=\tan^{-1}\frac{1+\frac{1}{4}}{1-\frac{1}{4}}$$

$$=\tan^{-1}\frac{5/4}{3/4}=\tan^{-1}\frac{5}{3}$$

68. (4) ∵ $\sec^2\theta-\tan^2\theta = 1$

या, $(\sec\theta+\tan\theta)(\sec\theta-\tan\theta)=1$

या, $(\sec\theta-\tan\theta)x=1$

या, $\sec\theta-\tan\theta=\frac{1}{x}$

तब, $(\sec\theta+\tan\theta)-(\sec\theta-\tan\theta)$

$$=x-\frac{1}{x}$$

या, $2\tan\theta=\frac{x^2-1}{x}$

∴ $\tan\theta=\frac{x^2-1}{2x}$

69. (5) $\tan\theta=\frac{4}{3}=\frac{\text{लम्ब}}{\text{आधार}}$

∴ $\text{कर्ण}=\sqrt{(\text{लम्ब})^2+(\text{आधार})^2}$

$$=\sqrt{(4)^2+(3)^2}$$

$$=\sqrt{16+9}=\sqrt{25}=5$$

तो $\sin\theta=\frac{\text{लम्ब}}{\text{कर्ण}}=\frac{4}{5}$

∴ $\sqrt{\frac{1-\sin\theta}{1+\sin\theta}}=\sqrt{\frac{1-\frac{4}{5}}{1+\frac{4}{5}}}=\sqrt{\frac{1}{9}}=\pm\frac{1}{3}$

70. (3) $x+\frac{1}{x}=2\cos\theta$

या, $\left(x+\frac{1}{x}\right)^3=(2\cos\theta)^3$

या, $x^3+\frac{1}{x^3}+3\left(x+\frac{1}{x}\right)=8\cos^3\theta$

या, $x^3+\frac{1}{x^3}=8\cos^3\theta-6\cos\theta$

$$=2\left[4\cos^3\theta-3\cos\theta\right]=2\cos3\theta$$

71. (2) $\tan 70^\circ = \tan(20^\circ+50^\circ)$

$$=\frac{\tan20^\circ+\tan50^\circ}{1-\tan20^\circ\tan50^\circ}$$

या, $\tan70^\circ-\tan70^\circ.\tan20^\circ\tan50^\circ$
$=\tan20^\circ+\tan50^\circ$

या, $\tan70^\circ=\tan20^\circ+\tan50^\circ+$
$\cot(20^\circ)\tan20^\circ\tan50^\circ$

$=\tan20^\circ+\tan50^\circ+\tan50^\circ$

$=2\tan50^\circ+\tan20^\circ$

72. (1) $\cos52^\circ+\cos68^\circ+\cos172^\circ$

$$=\cos68^\circ+2\cos\frac{(172^\circ+52^\circ)}{2}\cos\frac{(172^\circ-52^\circ)}{2}$$

$=\cos68^\circ+2\cos60^\circ\,.\,\cos112^\circ$

$$=\cos68^\circ+2\left(\frac{1}{2}\right)\cos112^\circ$$

$$=2\cos\frac{(112^\circ+68^\circ)}{2}\cos\frac{(112^\circ-68^\circ)}{2}$$

$=2\cos90^\circ\cos22^\circ$ [∵ $\cos90^\circ=0$]

$=0$

73. (3) $\sin\theta=\sqrt{1-\cos^2\theta}$

$$=\sqrt{1-\frac{1}{\sec^2\theta}}=\frac{\sqrt{\sec^2\theta-1}}{\sec\theta}$$

74. (2) $\sin^2\theta-2\cos\theta+\frac{1}{4}=0$

या, $1-\cos^2\theta-2\cos\theta+\frac{1}{4}=0$

या, $\cos^2\theta+2\cos\theta-\frac{5}{4}=0$

या, $4\cos^2\theta+8\cos\theta-5=0$

या, $(2\cos\theta+5)(2\cos\theta-1)=0$

∴ $\cos\theta=\frac{1}{2}$ या, $\theta=\frac{\pi}{3}$

75. (1) $(\cos\theta+\sec\theta)=2$

या, $(\cos\theta+\sec\theta)^2=4$

या, $\cos^2\theta+\sec^2\theta+2=4$

या, $\cos^2\theta+\sec^2\theta=0$

इसी प्रकार,

$\cos^4\theta+\sec^4\theta=2$

तथा $\cos^8\theta+\sec^8\theta=2$

76. (3) $\frac{\sin 9°}{\sin 48°}-\frac{\cos 81°}{\cos 42°}$

$=\frac{\sin 9°}{\sin 48°}-\frac{\sin(90°-81°)}{\sin(90°-42°)}$

$=\frac{\sin 9°}{\sin 48°}-\frac{\sin 9°}{\sin 48°}=0$

77. (2) $\tan(\alpha+\beta)=\frac{\tan\alpha+\tan\beta}{1-\tan\alpha\tan\beta}$

$=\frac{\frac{1}{2}+2}{1-\frac{1}{2}\times 2}=\propto$

∴ $(\alpha+\beta)=90°=\frac{\pi}{2}$

78. (1) $\operatorname{cos}ec^2\alpha+\operatorname{cos}ec^2\beta$

$=\frac{1}{\sin^2\alpha}+\frac{1}{\sin^2\beta}=\frac{\sin^2\beta+\sin^2\alpha}{\sin^2\alpha.\sin^2\beta}$

$=\frac{1-\cos 2\alpha+1-\cos 2\beta}{2\sin^2\alpha\sin^2\beta}$

$=\frac{2-(\cos 2\alpha+\cos 2\beta)}{2\sin^2\alpha\sin^2\beta}$

$=\frac{2-2\cos(\alpha+\beta)\cos(\alpha-\beta)}{2\sin^2\alpha\sin^2\beta}$

$=\frac{2-0}{2\sin^2\alpha\sin^2\beta}$ $[\because\ \alpha+\beta=90°]$

$=\operatorname{cos}ec^2\alpha\operatorname{cos}ec^2\beta$

79. (1) $\sin 2\theta=\cos 3\theta$

या, $\sin 2\theta=\sin(90°-3\theta)$

या, $2\theta=90°-3\theta$

या, $\theta=18°$

80. (1) $\sec 11\theta=\operatorname{cos}ec 7\theta$

या, $\frac{1}{\cos 11\theta}=\frac{1}{\sin 7\theta}$

या, $\sin 7\theta=\cos 11\theta=\sin(90°-11\theta)$

या, $7\theta+11\theta=90°$

∴ $\theta=5°$

81. (4) $(a\cos x-b\sin x)^2=c^2$

या, $a^2\cos^2 x+b^2\sin^2 x-2ab\cos x\sin x=c^2$

या, $a^2(1-\sin^2 x)+b^2(1-\cos^2 x)-2ab\cos x\sin x=c^2$

या, $a^2+b^2-(a^2\sin^2 x+b^2\cos^2 x+2ab\sin x\cos x)=c^2$

या, $a^2\sin^2 x+b^2\cos^2 x+2ab\sin x\cos x=a^2+b^2-c^2$

या, $(a\sin x+b\cos x)^2=a^2+b^2-c^2$

∴ $a\sin x+b\cos x=\sqrt{a^2+b^2-c^2}$

82. (2) $\sin\theta.\cos\theta=\frac{1}{2}\sin 2\theta=\frac{1}{2}(1)$

$\sin 2\theta$ का अधिकतम मान 1 होता है ।

अभीष्ट अधिकतम मान $=\frac{1}{2}$

83. (4) $\sin^3 15°-\cos^3 15°$

$=(\sin 15°-\cos 15°)$
$(\sin^2 15°+\cos^2 15°+\sin 15°\cos 15°)$

$=(\sin 15°-\cos 15°)\left(1+\frac{1}{2}\sin 30°\right)$

$=(\sin 15°-\cos 15°)\left(1+\frac{1}{4}\right)$

$$=\frac{5}{4}\ [\sin 15° - \sin (90° - 15°)]$$

$$=\frac{5}{4}\ (\sin 15° - \sin 75°)$$

$$=-\frac{5}{4}\times 2\cos\frac{90°}{2}.\sin 30°$$

$$=-\frac{5}{4}\times 2\times\frac{1}{\sqrt{2}}\times\frac{1}{2}=\frac{-5}{4\sqrt{2}}$$

84. (3) $\dfrac{3\tan 20°+\tan^3 20°}{1-3\tan^2 20°}$

$$=\tan 3.(20°)=\tan 60°=\sqrt{3}$$

85. (2) $2\cos^2\theta+11\sin\theta-7=0$

या, $2(1-\sin^2\theta)+11\sin\theta-7=0$

या, $-2\sin^2\theta+11\sin\theta-5=0$

या, $2\sin^2\theta-11\sin\theta+5=0$

$$\therefore\quad \sin\theta=\frac{11\pm\sqrt{121-40}}{4}$$

$$=\frac{11\pm 9}{4}=\frac{20}{4}\ \text{या,}\ \frac{2}{4}$$

$$= 5\ \text{या,}\ \frac{1}{2}=\frac{1}{2}$$

[∵ $\sin\theta$ का मान 1 से ज्यादा नहीं होता है]

86. (4) $\cot\theta=\dfrac{1}{\sqrt{3}}=\dfrac{\text{आधार}}{\text{लम्ब}}$

$$\therefore\quad \text{कर्ण}=\sqrt{(\text{लम्ब})^2+(\text{आधार})^2}$$

$$=\sqrt{\left(\sqrt{3}\right)^2+(1)^2}=2$$

तो $.\cos\theta=\dfrac{1}{2}$ तथा $\sin\theta=\dfrac{\sqrt{3}}{2}$ का मान रखने पर,

$$\frac{\left[1-\cos^2\theta\right]}{\left[2-\sin^2\theta\right]}=\frac{1-\frac{1}{4}}{2-\left(\frac{\sqrt{3}}{2}\right)^2}=\frac{3}{5}$$

87. (4) 8 tan x = 15

$$\therefore\quad \tan x=\frac{15}{8}=\frac{\text{लम्ब}}{\text{आधार}}$$

$$\therefore\quad \text{कर्ण}=\sqrt{(15)^2+(8)^2}=17$$

अत: $\cos x=\dfrac{8}{17}$ तथा $\sin x=\dfrac{15}{17}$

$$\therefore\quad (\sin x-\cos x)=\frac{15}{17}-\frac{8}{17}=\frac{7}{17}$$

88. (1) $(\operatorname{cos}ec\theta-\sin\theta)(\sec\theta-\cos\theta)(\tan\theta+\cot\theta)$

$$=\left(\frac{1}{\sin\theta}-\sin\theta\right)\left(\frac{1}{\cos\theta}-\cos\theta\right)\left(\frac{\sin\theta}{\cos\theta}+\frac{\cos\theta}{\sin\theta}\right)$$

$$=\left(\frac{1-\sin^2\theta}{\sin\theta}\right)\left(\frac{1-\cos^2\theta}{\cos\theta}\right)\left(\frac{\sin^2\theta+\cos^2\theta}{\cos\theta\sin\theta}\right)$$

$$=\frac{\cos^2\theta}{\sin\theta}\times\frac{\sin^2\theta}{\cos\theta}\times\frac{1}{\cos\theta.\sin\theta}=1$$

□

CHAPTER 42

ऊँचाई एवं दूरी
[HEIGHT & DISTANCE]

परिचय (*Introduction*)

उन्नयन कोण एवं अवनमन कोण

माना कि A कोई वस्तु है जिसको देखना है और देखनेवाले या देखनेवाले की आँख की स्थिति C है। AC रेखा को A बिन्दु की दृष्टि-रेखा कहते हैं।



C बिन्दु से खींची गई CB एक क्षैतिज रेखा है जो उस ऊर्ध्वाधर समतल में है जिसमें CA स्थित है। $\angle BCA$ जो दृष्टि-रेखा CA और क्षैतिज रेखा CB के बीच में है, A का उन्नयन कोण कहलाता है।

$\angle DAC$ जो दृष्टि-रेखा AC और क्षैतिज रेखा DA के बीच में है, C का अवनमन कोण कहलाता है।

ऊँचाई एवं दूरी से सम्बन्धित प्रश्नों को हल करने के लिए sin, cos, tan का मान अलग-अलग कोण के लिए मालूम रहना जरूरी है। इसके निम्नलिखित सारणी को याद कर लीजिए।

	0°	30°	45°	60°	90°
sin	0	$\frac{1}{2}$	$\frac{1}{\sqrt{2}}$	$\frac{\sqrt{3}}{2}$	1
cos	1	$\frac{\sqrt{3}}{2}$	$\frac{1}{\sqrt{2}}$	$\frac{1}{2}$	0
tan	0	$\frac{1}{\sqrt{3}}$	1	$\sqrt{3}$	∞

इन मानों को याद रखने का एक आसान तरीका है। 0, 1, 2, 3, 4 में 4 से भाग देकर प्राप्त संख्या $\frac{0}{4}, \frac{1}{4}, \frac{2}{4}, \frac{3}{4}, \frac{4}{4}$ का वर्गमूल लेने पर $0, \frac{1}{2}, \frac{1}{\sqrt{2}}, \frac{\sqrt{3}}{2}, 1$ होता है, जो क्रमश: 0°, 30°, 45°, 60°, 90° के sin के बराबर है। cos के मान के लिए sin के मानों के क्रम में को उलट देते हैं। इसी तरह tan के लिए sin के मान में cos के मान से भाग देते हैं।

महत्वपूर्ण प्रश्न (*Important Questions*)

1. सूर्य का उन्नयन कोण ज्ञात कीजिए जबकि एक छड़ी की छाया उसकी लम्बाई की $\sqrt{3}$ गुनी है–

(1) 45° (2) 60°
(3) 30° (4) 90°

[R.R.B. राँची, 2005]

2. एक सीढ़ी ऊर्ध्वाधर दीवार पर टिकी हुई है तथा भूमि के साथ 60° का कोण बनाती है। सीढ़ी का निचला सिरा दीवार से 4.5 मीटर दूर है। सीढ़ी की लम्बाई निर्धारित कीजिए–

(1) 8 मीटर (2) 9 मीटर
(3) 10 मीटर (4) 11 मीटर

[R.R.B., 2005]

3. एक डोरी की पतंग से भूमि के किसी बिन्दु तक दूरी 90 मीटर है। डोरी भूमितल के साथ 60° का कोण बनाती है। यह मानते हुए कि डोरी में कोई ढील नहीं है, पतंग की ऊँचाई निकालिए–

(1) $45\sqrt{3}$ मी॰ (2) $60\sqrt{3}$ मी॰
(3) 45 मी॰ (4) 60 मी॰ **[I.B., 2004]**

4. एक पतंग की डोरी 100 मीटर लम्बी है। यदि डोरी एक सरल रेखा के रूप में हो एवं भू-तल के साथ θ कोण इस प्रकार बनाती है कि $\sin\theta = \frac{8}{15}$, तो भू-तल से पतंग की ऊँचाई निकालें—

ourshahboob

(1) $53\frac{1}{2}$ मी॰ (2) 53 मी॰
(3) 54 मी॰ (4) $50\frac{1}{2}$ मी॰

[C.B.I., 2005]

5. 15 मीटर ऊँचे एक टॉवर का शीर्ष, एक बिजली के खम्भे के नीचे के साथ 60° के एक उन्नयन का तथा खम्भे के शीर्ष के साथ 30° के उन्नयन का एक कोण बनाता है । बिजली के खम्भे की ऊँचाई क्या है ?

(1) 5 मीटर (2) 8 मीटर
(3) 10 मीटर (4) 12 मीटर
(5) इनमें से कोई नहीं **[SBI (P.O.), 1999]**

6. नदी के तट पर खड़ा एक व्यक्ति विपरीत तट पर स्थित पेड़ के शीर्ष को 60° उन्नयन कोण पर देखता है । जब वह तट से 40 मीटर पीछें था तो उन्नयन कोण 30° था। पेड़ की ऊँचाई क्या होगी ?

(1) 36.64 मीटर (2) 38.64 मीटर
(3) 42.64 मीटर (4) 34.64 मीटर

[R.R.B. इलाहाबाद (ECRC), 2005]

7. एक पहाड़ी, जिसकी ऊँचाई 90 मीटर है, एक मीनार के शीर्ष और अधस्तल के नतिकोण क्रमशः 30° और 60° है, तो मीनार की ऊँचाई क्या है ?

(1) 45 मीटर (2) 60 मीटर
(3) 75 मीटर (4) 30 मीटर

[R.R.B. इलाहाबाद (ECRC), 2005]

8. एक मीनार की छाया, जब सूर्य का एल्टीट्यूड 45° है, तो उस छाया से 10 मीटर लम्बी पायी जाती है, जो 60° एल्टीट्यूड पर बनती है, तो मीनार की ऊँचाई बताइए—

(1) $5(\sqrt{3}+1)$ (2) $5(3-\sqrt{3})$
(3) $5(\sqrt{3}-1)$ (4) $5(3+\sqrt{3})$
(5) $\frac{5}{\sqrt{3}-1}$ **[R.R.B. भुवनेश्वर, 2005]**

9. 100 मीटर किमी॰ रस्सी को किसी टॉवर के शीर्ष और पृथ्वी पर बिन्दु के बीच बाँधा जाता है, यदि रस्सी बिना किसी तार के सहारे है और समतल के साथ 60° का कोण बनाती है, तो टॉवर की ऊँचाई क्या है ?

(1) 60 मी॰ (2) 50 मी॰
(3) 86.60 मी॰ (4) 66.7 मी॰

[R.R.B. अजमेर 2004, CPO 2007]

10. एक खम्भे का उन्नयन कोण, समतल जमीन के एक बिन्दु से 15° दिखाई देता है । खम्भे की ओर 10 मीटर चलने पर उन्नयन कोण बढ़कर 30° हो जाता है । खम्भे की ऊँचाई क्या है ?

(1) 12.5 मीटर (2) 10 मीटर
(3) 5 मीटर (4) 15 मीटर

[R.R.B. अजमेर 2004, I.B. 2008]

11. प्रकाश-गृह की चोटी से दो जहाजों का अवनमन कोण पूर्व की ओर 45° तथा 30° के हैं । यदि दोनों जहाज 200 मीटर की दूरी पर हैं, तो प्रकाश-गृह की ऊँचाई ज्ञात कीजिए—

(1) 200 मी॰ (2) 270 मी॰
(3) 273 मी॰ (4) 275 मी॰

[R.R.B. गोरखपुर, 2001]

12. एक बिन्दु *P* से एक टॉवर के शिखर पर तुंगता कोण 60° है और *P* से अभिलम्बीय 40 मीटर एक बिन्दु ऊपर 45° है । टॉवर की ऊँचाई क्या है ?

(1) 100 मीटर (2) 90 मीटर
(3) 95 मीटर (4) 85 मीटर
(5) इनमें से कोई नहीं **[R.R.B. भुवनेश्वर, 2001]**

13. दो खम्भों की ऊँचाई 80 मीटर और 62.5 मीटर है । यदि उनके सिरों को मिलाने वाली रेखा क्षैतिज से 45° का कोण बनाती है, तो दोनों खम्भों के बीच की दूरी है—

(1) 17.5 मीटर (2) 56.4 मीटर
(3) 12.33 मीटर (4) 44 मीटर

[BPSC 2003, RRB 2009]

14. यदि सीधी सड़क से ऊर्ध्वाधर स्थित वायुयान से सड़क के दो पत्थरों के निशान जिनके बीच की दूरी 100 मीटर है तथा वायुयान के एक ही ओर स्थित हैं, अवनमन कोण 45° और 60° हैं, तो वायुयान की ऊँचाई है—

(1) $100\sqrt{3}$ मीटर (2) $50(3-\sqrt{3})$ मीटर
(3) $50(3+\sqrt{3})$ मीटर
(4) $50\sqrt{3}$ मीटर **[CDS, 2008]**

15. जब सूर्य क्षितिज से 30° ऊपर हो, तो 50 मीटर ऊँचे किसी भवन द्वारा डाली गई परछाई की लम्बाई है—

(1) $50\sqrt{3}$ मीटर (2) 25 मीटर
(3) $25\sqrt{3}$ मीटर (4) $\frac{50}{\sqrt{3}}$ मीटर

[R.R.B. गोरखपुर, 2003, SSC 2009]

yourshahboob

16. 60 मीटर ऊँचे किसी भवन के आधार एवं चोटी से, किसी मीनार की चोटी के उन्नयन कोण क्रमशः 60° और 45° है । भवन के आधार और मीनार के आधार के बीच की दूरी कितनी है ?

(1) $30(\sqrt{3}-1)$ मीटर

(2) $30(3+\sqrt{3})$ मीटर

(3) $30(3-\sqrt{3})$ मीटर

(4) $30(\sqrt{3}+1)$ मीटर **[NDA, 2003]**

17. एक नदी के एक किनारे पर एक पेड़ है । इस पेड़ के शिखर का दूसरे किनारे से उन्नयन कोण 60° है तथा किनारे से 20 मीटर और आगे किसी बिन्दु से उन्नयन कोण 30° है । नदी की चौड़ाई है—

(1) 10 मीटर (2) $10\sqrt{3}$ मीटर

(3) 20 मीटर (4) $20\sqrt{3}$ मीटर

[NDA, 2003]

18. 10 मीटर ऊँचे खम्भे के शीर्ष पर तथा आधार पर बनाया गया एक मीनार के शीर्ष का उन्नयन कोण क्रमशः 30° तथा 60° है । मीनार की ऊँचाई है—

(1) 15 मीटर (2) 20 मीटर

(3) $10\sqrt{3}$ मीटर (4) $25\sqrt{3}$ मीटर

[R.R.B. गोरखपुर, 2004]

19. एक खम्भे की परछाई 6 फुट की दूरी पर पड़ती है । यदि खम्भे की ऊँचाई $6\sqrt{3}$ फुट है, तो सूर्य का उन्नयन कोण है—

(1) 45° (2) 60°

(3) 30° (4) इनमें से कोई नहीं

[BPSC, 2002]

20. 6 फुट ऊँचाई का एक पुरुष, 20 फुट ऊँचे एक लैम्प से 4 फुट प्रति सेकेण्ड की स्थिर दर से चलता है । उसकी छाया की लम्बाई बढ़ने की दर होगी—

(1) $\frac{12}{7}$ फुट/सेकेण्ड (2) $\frac{3}{7}$ सेकेण्ड/सेकेण्ड

(3) $\frac{6}{7}$ फुट/सेकेण्ड (4) $\frac{1}{7}$ फुट/सेकेण्ड

[R.R.B. चेन्नई, 2003]

21. प्रकाश स्तम्भ के शीर्ष से दो जहाजों का अवनमन कोण पूर्व की तरफ 45° व 30° है । यदि जहाज 100 मीटर पृथक् हों, तो प्रकाश स्तम्भ की ऊँचाई कितनी है ?

(1) $\frac{50}{\sqrt{3}+1}$ मीटर (2) $\frac{50}{\sqrt{3}-1}$

(3) $50(\sqrt{3}-1)$ मीटर

(4) $50(\sqrt{3}+1)$ मीटर

(5) उपर्युक्त में से कोई नहीं

[R.R.B. कोलकाता, 2003]

22. एक व्यक्ति एक पहाड़ी के शिखर से दो क्रमागत किलोमीटर के पत्थरों के अवनमन कोण 30° व 60° देखता है । यदि दोनों पत्थरों से जाने वाली सड़क पहाड़ी के तले से गुजरती है, तो पहाड़ी की ऊँचाई कितनी है?

(1) $\frac{\sqrt{3}}{2}$ किमी॰ (2) $\frac{\sqrt{5}}{2}$ किमी॰

(3) $\frac{\sqrt{6}}{2}$ किमी॰ (4) $\frac{\sqrt{7}}{2}$ किमी॰

[NDA 2003]

23. एक मीनार की छाया सूर्य का उन्नयन कोण 45° होने पर 60° उन्नयन कोण के समय से 10 मीटर लम्बी है, तो मीनार की ऊँचाई ज्ञात कीजिए—

(1) 26.3 मी॰ (2) 23.8 मी॰

(3) 26.36 मी॰ (4) 23.66 मी॰

[R.R.B. चेन्नई, 2001]

24. एक समतल मैदान पर बिन्दु *P* से एक टॉवर के शीर्ष के एलिवेशन का कोण 30° है । यदि टॉवर की ऊँचाई 100 मीटर है, तो बिन्दु *P* की टॉवर के पैरों से लगभग दूरी होगी—

(1) 200 मीटर (2) 173 मीटर

(3) 156 मीटर (4) 149 मीटर

[R.R.B. गोरखपुर, 2002]

25. एक व्यक्ति ऊर्ध्व निरीक्षण टॉवर से देखता है कि एक कार समान गति से टॉवर की तरफ आ रही है । यदि वह 30° से 45° डिप्रेशन कोण को बदलने में 12 मिनट लेती है, तो कितनी जल्दी वह कार निरीक्षण टॉवर पर पहुँच जाएगी ?

(1) 16 मिनट 23 सेकेण्ड

(2) 18 मिनट 5 सेकेण्ड

(3) 14 मिनट 35 सेकेण्ड

(4) 14 मिनट 49 सेकेण्ड **[R.R.B. गोरखपुर, 2002]**

26. एक वृक्ष के आधार से 15 मीटर दूर स्थित बिन्दु पर उसकी चोटी का उन्नयन कोण 30° है, तो वृक्ष की ऊँचाई होगी—

(1) 30 मीटर (2) $30\sqrt{3}$ मीटर

(3) $5\sqrt{3}$ मीटर (4) $15\sqrt{3}$ मीटर

[BPSC, 2002]

27. एक हवाई जहाज के ठीक दाएँ और बाएँ नदी में दो जहाजों के अवनमन कोण 45° और 60° है । यदि हवाई जहाज की ऊँचाई 900 मीटर हो, तो दोनों जहाजों के बीच की दूरी क्या है ?

(1) 1419 मीटर (2) 1420 मीटर

(3) 1400 मीटर (4) 1319 मीटर

[S.S.C., 2001]

28. एक वायुयान के ठीक दाएँ और बाएँ नदी में स्थित दो जहाजों के अवनमन कोण 60° और 45° हैं । वायुयान की ऊँचाई क्या होगी, यदि दोनों जहाजों के बीच की दूरी 100 मी॰ हो ?

(1) 64 मीटर (2) 62 मीटर

(3) 63.4 मीटर (4) 60 मीटर

[S.S.C., 2002]

29. हवा के झोंके से एक पेड़ का ऊपरी भाग टूटकर $2\sqrt{3}$ मीटर की दूरी पर 60° के कोण पर जमीन को छूता है, तो पेड़ की ऊँचाई क्या है ?

(1) 12.928 मी॰ (2) 11 मी॰

(3) 12 मी॰ (4) 10 मी॰

[MAT, 2003]

30. 1.35 मीटर लम्बा एक प्रेक्षक 30.35 मीटर ऊँची मीनार से 29 मीटर दूर है । उसकी आँख पर मीनार के शीर्ष का उन्नयन कोण क्या होगा ?

(1) 55° (2) 45°

(3) 35° (4) 30°

[Delhi Police, 2004]

31. नदी के किनारे $200\sqrt{3}$ मीटर की ऊँचाई के एक पहाड़ पर से एक व्यक्ति उसी दिशा में आते हुए एक जहाज का अवनमन कोण 30° पाता है । 2 मिनट के बाद उसका अवनमन कोण 60° हो जाता है, तो जहाज का वेग क्या है ?

(1) 100 मी॰/मिनट (2) 200 मी॰/मिनट

(3) 50 मी॰/मिनट (4) 75 मी॰/मिनट

[M.B.A., 2005]

32. भूमि के किसी बिन्दु से किसी मीनार की चोटी की उन्नतांश 45° है । मीनार की ओर 20 मीटर जाने पर उस बिन्दु से चोटी का उन्नतांश 60° हो जाता है । मीनार की ऊँचाई क्या है ?

(1) $20\sqrt{3}$ मीटर (2) $10(3-\sqrt{3})$ मीटर

(3) $10(3+\sqrt{3})$ मीटर (4) $10\sqrt{3}$ मीटर

[R.R.B. 2004]

33. एक क्षैतिज समतल पर खड़े बराबर ऊँचाई के दो स्तम्भों के बीच की दूरी 32 मीटर है । उस समतल पर स्तम्भों के बीच एक बिन्दु पर उनके सिरों के उन्नयन कोण क्रमश: 30° और 60° हैं । स्तम्भ की ऊँचाई क्या है ?

(1) $7\sqrt{3}$ मीटर (2) $\sqrt{3}$ मीटर

(3) $5\sqrt{3}$ मीटर (4) $8\sqrt{3}$ मीटर

[S.S.C., 1997]

34. एक घर पर सीढ़ी लगी हुई है और सीढ़ी के सिरे का उन्नयन कोण 60° है । सीढ़ी पलट दी जाती है, जिसमें वह गली के दूसरी किनारे के एक घर से जा लगती है और इस दशा में उन्नयन कोण 45° है । यदि सीढ़ी 26 मीटर लम्बी हो, तो गली की चौड़ाई क्या है ?

(1) $13\sqrt{2}$ मीटर (2) $13(1-\sqrt{2})$ मीटर

(3) $13(1+\sqrt{2})$ मीटर (4) $26\sqrt{2}$ मीटर

[M.B.A., 1998]

35. 20 मीटर ऊँची एक मीनार पर एक झंडा गड़ा है। जमीन पर स्थित एक बिन्दु से झंडे के खम्भे के पाद और शीर्ष के उन्नयन कोण क्रमश: 45° और 60° हैं, तो झंडे के खम्भे की लम्बाई क्या है ?

(1) $20(\sqrt{3}-1)$ मीटर (2) $20(3+\sqrt{3})$ मीटर

(3) $20(\sqrt{3}+1)$ मीटर (4) $20(3-\sqrt{3})$ मीटर

[C.E.T., 2004]

36. एक मीनार पर 10 मीटर लम्बा एक झंडा खड़ा है। जमीन पर स्थित एक बिन्दु से झंडे के पाद और शीर्ष के उन्नयन कोण क्रमश: 30° और 60° हैं, तो मीनार की ऊँचाई क्या है ?

(1) 10 मीटर (2) 5 मीटर

(3) 15 मीटर (4) 20 मीटर

[S.S.C., 1998]

37. एक मीनार पर ध्वजदण्ड खड़ा है । मीनार से 10 मीटर दूर जमीन पर मीनार और ध्वजदण्ड क्रमश: 45° और 15° के कोण बनाते हैं । ध्वजदण्ड की लम्बाई बताएँ—

(1) $10(\sqrt{3}-1)$ मीटर (2) $10(3+\sqrt{3})$ मीटर

(3) $10(3-\sqrt{3})$ मीटर (4) $10(\sqrt{3}+1)$ मीटर

[S.S.C., 1999]

38. 9 मीटर लम्बी सीढ़ी एक ऊर्ध्वाधर ध्वजदण्ड के शीर्ष से 9 मीटर नीचे तक पहुँचती है । ध्वजदण्ड के शीर्ष का, सीढ़ी के निचले सिरे के उन्नयन कोण 60° है। ध्वजदण्ड की ऊँचाई क्या है ?

(1) 12 मीटर (2) 13 मीटर

(3) 13.5 मीटर (4) 14 मीटर

[L.I.C., 2002]

39. किसी 100 मीटर ऊँचे पहाड़ के शिखर से एक मीनार के शिखर और जड़ के अवनमन कोण क्रमशः 30° और 60° दीखते हैं; तो मीनार की ऊँचाई क्या है ?

(1) $66\frac{1}{3}$ मीटर (2) $66\frac{2}{3}$ मीटर

(3) $33\frac{1}{3}$ मीटर (4) 66 मीटर **[I.B., 2005]**

40. एक ऊर्ध्वाधर दीवार तथा एक 50 मीटर ऊँची मीनार एक ही क्षैतिज तल पर स्थित हैं। मीनार के शीर्ष से दीवार के ऊपरी तथा निचले सिरों के अवनमन कोण क्रमशः 30° तथा 45° हैं । दीवार की ऊँचाई क्या है ?

(1) 50 मीटर (2) $50(\sqrt{3}-1)$ मीटर

(3) $50(\sqrt{3}+1)$ मीटर (4) $\frac{50(\sqrt{3}-1)}{\sqrt{3}}$ मीटर

[S.S.C., 2005]

संक्षिप्त उत्तर
(*Short Answers*)

1. (3)	**2.** (2)	**3.** (1)	**4.** (1)	**5.** (3)
6. (4)	**7.** (2)	**8.** (4)	**9.** (3)	**10.** (3)
11. (3)	**12.** (5)	**13.** (1)	**14.** (3)	**15.** (1)
16. (4)	**17.** (1)	**18.** (1)	**19.** (2)	**20.** (1)
21. (4)	**22.** (1)	**23.** (4)	**24.** (2)	**25.** (1)
26. (3)	**27.** (1)	**28.** (3)	**29.** (1)	**30.** (2)
31. (2)	**32.** (3)	**33.** (4)	**34.** (3)	**35.** (1)
36. (2)	**37.** (1)	**38.** (3)	**39.** (2)	**40.** (4)

उत्तर व्याख्यासहित
(*Answer with Explanation*)

1. (3)



माना उन्नयन कोण $=\theta$

प्रश्नानुसार, $BC=\sqrt{3}.AB$

अब, समकोण त्रिभुज ABC से,

$$\tan\theta=\frac{AB}{BC}=\frac{AB}{\sqrt{3}.AB}=\frac{1}{\sqrt{3}}=\tan 30°$$

$\therefore \quad \theta=30°$

2. (2) माना सीढ़ी की लम्बाई, $AC=l$ मी॰ ।

समकोण त्रिभुज ABC में,



$$\cos 60°=\frac{BC}{AC}$$

या, $\frac{1}{2}=\frac{4.5}{l}$

या, $l=9$

अतः सीढ़ी की लम्बाई = 9 मी॰

3. (1) माना पतंग की ऊँचाई, $BA=h$ मी॰

समकोण त्रिभुज ABC में,



$$\sin 60°=\frac{AB}{AC}$$

या, $\frac{\sqrt{3}}{2}=\frac{h}{90}$

या, $h=45\sqrt{3}$

अतः पतंग की ऊँचाई $=45\sqrt{3}$ मीटर

4. (1) समकोण त्रिभुज ABC में, $\sin\theta=\frac{AB}{AC}$

या, $\frac{8}{15}=\frac{AB}{100}$

या, $AB=\frac{160}{3}$ मी० ।

अत: भू-तल में पतंग की ऊँचाई $=53\frac{1}{2}$ मी० ।



5. (3)


A
15 मी०
B
y मी०
30°
E
x मी०
60°
C
D

ΔACD में, $\tan 60^\circ=\frac{15}{y}$

या, $\sqrt{3}=\frac{15}{y}$ या, $y=5\sqrt{3}$

ΔABE में, $\tan 30^\circ=\frac{15-x}{y}$

या, $\frac{1}{\sqrt{3}}=\frac{15-x}{5\sqrt{3}}$ या, $x = 10$ मी०

6. (4)


Q
h मी०
60°
30°
B
40 मी०
A
P

माना पेड़ (PQ) की ऊँचाई $= h$ मीटर

तब, $AP = h \cot 60^\circ$ तथा $BP = h \cot 30^\circ$

$\because \quad AB = BP - AP$

$= h(\cot 30^\circ - \cot 60^\circ)$

$$\therefore \quad h=\frac{AB}{(\cot 30^\circ-\cot 60^\circ)}=\frac{40}{\left(\sqrt{3}-\frac{1}{\sqrt{3}}\right)}$$

$=20\sqrt{3}=34.64$ मीटर

7. (2)


Q
60°
30°
(90–h) मी०
90 मी०
B
30°
M
h मी०
A
60°
P
x मी०

माना मीनार (AB) की ऊँचाई $= h$ मीटर और पहाड़ी तथा मीनार के बीच क्षैतिज दूरी $= x$ मीटर

तब, $\cot 60^\circ=\frac{AP}{PQ}$

या, $\frac{1}{\sqrt{3}}=\frac{x}{90}$ या, $x=30\sqrt{3}$ मीटर

फिर, $\cot 30^\circ=\frac{BM}{MQ}$

या, $\sqrt{3}=\frac{x}{(90-h)}$ या, $\sqrt{3}=\frac{30\sqrt{3}}{(90-h)}$

$\therefore \quad h = 60$ मीटर

8. (4)


P
h मी०
45°
60°
B
A
y
Q
x

माना मीनार PQ की ऊँचाई $= h$ मीटर

तथा $x = y + 10$

समकोण ΔBPQ में,

$$y=h\cot 60^\circ=h\left(\frac{1}{\sqrt{3}}\right)$$

समकोण Δ BPQ में, $x = h \cot 45^\circ = h$

$$\therefore \quad h=\frac{h}{\sqrt{3}}+10$$

$$\therefore \quad h=\frac{10\sqrt{3}}{(\sqrt{3}-1)}=5(3+\sqrt{3}) \text{ मीटर}$$

9. (3) माना टॉवर AB की ऊँचाई = h मीटर


A
100 मी॰
h मी॰
60°
B
C

तब, $\sin 60° = \frac{h}{100}$

या, $h = 100 \times \frac{\sqrt{3}}{2} = 86.60$ मी॰

10. (3)


A
h मी॰
30°
15°
B
x मी॰
D
10 मी॰
C

माना खम्भे AB की ऊँचाई = h मीटर

तथा $DB = x$

तब, $\tan 30° = \frac{h}{x}$ या, $x = \sqrt{3}.h$

फिर, $\tan 15° = \frac{h}{10+x}$

या, $\frac{\sqrt{3}-1}{\sqrt{3}+1} = \frac{h}{10+\sqrt{3}.h}$ या, $h = 5$ मीटर

11. (3)


P
45
30°
h मी॰
45°
30°
Q
x
R
200 मी॰
S

Δ PQR में, $\tan 45° = \frac{h}{x}$ या, $x = h$

अब, Δ PQS में, $\tan 30° = \frac{h}{(x+200)}$

या, $\frac{1}{\sqrt{3}} = \frac{h}{(h+200)}$

या, $h = \frac{200}{(\sqrt{3}-1)} = 273.2$ मी॰

अत: प्रकाश-गृह की ऊँचाई = 273 मी॰ (लगभग)

12. (5) $DC = PB$ तथा $PD = BC = 40$ मीटर


A
45°
D
C टॉवर
40 मी॰
60°
P
B

Δ ADC में,

$\tan 45° = \frac{AC}{DC}$ या, $AC = DC$

अब, Δ APB में, $\tan 60° = \frac{AB}{PB}$

या, $\sqrt{3} = \frac{BC+AC}{PB}$ या, $\sqrt{3} = \frac{40+AC}{AC}$

$$\therefore \quad AC = \frac{40}{(\sqrt{3}-1)}$$

$$\therefore \quad AB = 40 + \frac{40}{(\sqrt{3}-1)} = \frac{40\sqrt{3}}{\sqrt{3}-1}$$

$= 94.64$ मीटर

13. (1) Δ CED में,

$\tan 45° = \frac{ED}{CE} = \frac{62.5}{CE}$

या, $CE = 62.5$ मीटर

अब, Δ CBA में,

$\tan 45° = \frac{BA}{CB}$


A
D
80 मी॰
62.5 मी॰
45°
C
E
B

या, $1 = \frac{80}{CB}$

$\therefore \quad CB = 80$

$\therefore$ दो खम्भों के बीच की दूरी

$= EB = CB - CE$

$= 80 - 62.5 = 17.5$ मीटर

14. (3)


C
45°
60°
h मी॰
A
45°
100 मी॰
B
60°
x मी॰
D

ΔADC में, $\tan 45° = \dfrac{h}{100+x}$

या, $x = h - 100$ और

ΔBDC में, $\tan 60° = \dfrac{h}{x}$

या, $\sqrt{3} = \dfrac{h}{h-100}$

या, $h = \dfrac{100\sqrt{3}}{\sqrt{3}-1} = 50(3+\sqrt{3})$ मी॰

15. (1) ΔABC में,

$\cot 30° = \dfrac{x}{50}$

या, $\sqrt{3} = \dfrac{x}{50}$

या, $x = 50\sqrt{3}$ मीटर



16. (4)


A
x मी॰
D
45°
E
60 मी॰
C
60°
y मी॰
B

ΔABC में,

$\tan 60° = \dfrac{x+60}{y}$ ...(i)

तथा ΔAED में, $\tan 45° = \dfrac{x}{y}$ या, $x = y$

समी॰ (i) से, $\sqrt{3} = \dfrac{x+60}{x}$

$\therefore \quad x = 30(\sqrt{3}+1) = y$

17. (1)


A
h मी॰
B
60°
x मी॰
C
30°
20 मी॰
D

माना पेड़ की ऊँचाई = h मी॰

तथा नदी की चौड़ाई = x मी॰

$\therefore \quad \tan 60° = \dfrac{h}{x}$ या, $\sqrt{3}x = h$

फिर, $\tan 30° = \dfrac{h}{x+20}$

या, $\dfrac{1}{\sqrt{3}} = \dfrac{\sqrt{3}x}{x+20}$ या, $x = 10$ मीटर

18. (1) माना मीनार की ऊँचाई = h मीटर

तब, ΔABC में,

$\tan 60° = \dfrac{h}{x}$

या, $x = \dfrac{h}{\sqrt{3}}$


A
h मी॰
D
30°
E
10 मी॰
C
60°
x मी॰
B

फिर, ΔAED में, $\tan 30° = \dfrac{h-10}{x}$

या, $\frac{1}{\sqrt{3}}=\frac{h-10}{\frac{h}{\sqrt{3}}}$ या, $\sqrt{3}(h-10)=\frac{h}{\sqrt{3}}$

या, $h = 15$ मीटर

19. (2)



माना उन्नयन कोण $=\theta$

अब, ΔABC से, $\tan\theta=\frac{6\sqrt{3}}{6}=\sqrt{3}$

$= \tan 60°$

$\therefore\ \theta = 60°$

20. (1)



माना 1 सेकेण्ड के बाद पुरुष की छाया की लम्बाई $= x$ फुट

$\because$ पुरुष 4 फुट प्रति सेकेण्ड की दर से चलता है और छाया के सिरे से लैम्प का उन्नयन कोण है।

$\therefore\ \cot\theta=\frac{x}{6}=\frac{4}{(20-6)}$

या, $x=\frac{12}{7}$ फुट

$\therefore$ छाया की लम्बाई बढ़ने की दर

$=\frac{12}{7}$ फुट/सेकेण्ड

21. (4)



माना प्रकाश स्तम्भ की ऊँचाई $= h$ मीटर

तथा $BC = x$ मीटर

$\because\ \tan 45°=\frac{h}{x}\ \ \therefore\ x = h$

तथा $\tan 30°=\frac{h}{x+100}$

या, $\frac{1}{\sqrt{3}}=\frac{h}{h+100}$

या, $h=50(\sqrt{3}+1)$ मीटर

22. (1)



AB पहाड़ी है।

$\because\ CD = 1$ किमी॰ है।

$\therefore\ \tan 60°=\frac{AB}{BC}$ या, $BC=\frac{AB}{\sqrt{3}}$

और $\tan 30°=\frac{AB}{BC+CD}$

या, $\frac{1}{\sqrt{3}}=\frac{AB}{\frac{AB}{\sqrt{3}}+1}$

या, $AB=\frac{\sqrt{3}}{2}$ किमी॰

foursmahboob

23. (4)


A
मीनार
x
45°
60°
D
10मी॰
C
y मी॰
B

ΔABD में, $\tan 45° = \dfrac{x}{y+10}$

या, $1 = \dfrac{x}{y+10}$ या, $y = x - 10$

तथा ΔABC में, $\tan 60° = \dfrac{x}{y}$

या, $\sqrt{3} = \dfrac{x}{y}$ या, $x - 10 = \dfrac{x}{\sqrt{3}}$

या, $x = 23.66$ मीटर

24. (2)


A
100 मीटर
30°
B
P
x मीटर

माना बिन्दु P की टॉवर AB के पाद से दूरी = x मीटर

$\therefore \quad \cot 30° = \dfrac{x}{100}$

या, $x = 100\sqrt{3} = 173.2$ मीटर

= 173 मीटर (लगभग)

25. (1)


P
30°
45°
45°
30°
Q
B
A

$\because \quad AQ = PQ.\cot 30°$

तथा $BQ = PQ.\cot 45°$

$\therefore \quad AB = AQ - BQ = PQ\left(\sqrt{3}-1\right)$

AB दूरी कार तय करती है = 12 मिनट में

$\therefore \quad BQ$ दूरी कार तय करेगी $= \dfrac{12}{AB} \times BQ$

$= \dfrac{12 \times PQ}{PQ(\sqrt{3}-1)}$

= 16.392 मिनट = 16 मिनट 23 सेकेण्ड

26. (3)


A
h मी॰
30°
B
C
15 मी॰

माना वृक्ष की ऊँचाई = h मीटर

अब, $\tan 30° = \dfrac{h}{15}$

या, $\dfrac{1}{\sqrt{3}} = \dfrac{h}{15}$

या, $h = 5\sqrt{3}$ मीटर

27. (1)


A
900 मी॰
60°
45°
B
x मी॰
D
y मी॰
C

माना जहाजों के बीच की दूरी

= $BC = (x+y)$ मीटर

ΔADC में,

$\tan 45° = \dfrac{900}{y}$ या, $y = 900$

फिर, Δ ADB में, $\tan 60° = \frac{900}{x}$

या, $\sqrt{3} = \frac{900}{x}$ या, $x = 300\sqrt{3}$

अतः जहाजों के बीच की दूरी

$= (300\sqrt{3} + 900)$ मीटर

= 1419 मीटर (लगभग)

28. (3)


A
60°
45°
h
मी॰
60°
45°
C
B
D
100 मी॰

माना वायुयान की ऊँचाई AB = h मी॰

Δ ABC में, $\tan 60° = \frac{h}{BC}$

या, $BC = \frac{h}{\sqrt{3}}$ मी॰

फिर Δ ABD में, $\tan 45° = \frac{h}{BD}$

या, $BD = h$ मी॰

अतः दोनों जहाजों के बीच की दूरी $= BC + BD$

या, $100 = \frac{h}{\sqrt{3}} + h$

या, $h = \frac{100\sqrt{3}}{1+\sqrt{3}} = 63.4$ (लगभग)

29. (1)


A
C
60°
B
D
$2\sqrt{3}$

Δ CBD में, $\cos 60° = \frac{2\sqrt{3}}{CD}$

या, $\frac{1}{2} = \frac{2\sqrt{3}}{CD}$ या, $CD = 4\sqrt{3} = AC$

$\tan 60° = \frac{BC}{2\sqrt{3}}$

या, $\sqrt{3} = \frac{BC}{2\sqrt{3}}$ या, $BC = 6$ मी॰

$\therefore$ पेड़ की ऊँचाई $= (4\sqrt{3} + 6)$ मी॰

= 12.928 मी॰

30. (2)


D
30.35 मी॰
A
θ
E
1.35मी॰
B
C
29 मी॰

माना उन्नयन कोण $= \theta$

$AB = 1.35$ मी॰, $DC = 30.35$ मी॰,

$BC = 29$ मी॰ $= AE$

$\therefore$ $DE = (30.35 - 1.35)$ मी॰ $= 29$ मी॰

Δ DEA में, $\tan\theta = \frac{DE}{AE} = \frac{29}{29} = 1$

$\therefore$ $\theta = 45°$

31. (2)


A
30°
60°
60°
30°
B
y
C
x
D

Δ ABC में, $\tan 60° = \frac{200\sqrt{3}}{y}$

या, $\sqrt{3}=\frac{200\sqrt{3}}{y}$ या, $y=200$

ΔABD में, $\tan 30°=\frac{200\sqrt{3}}{x+y}$

या, $\frac{1}{\sqrt{3}}=200\sqrt{3}/x+y$ या, $x=400$

∴ वेग $=\frac{400}{2}$ मीटर/मिनट $=200$ मीटर/मिनट

32. (3)


A
h मी०
B
60°
45°
D 20मी०
C

AB मीनार की चोटी A का C से उन्नतांश $=45°$

$CD=20$ मीटर एवं $\angle ADB=60°$

माना मीनार की ऊँचाई $AB=h$ मीटर, तो

ΔABC से,

$\frac{h}{BC}=\tan 45°=1$ ∴ $BC=h$

फिर, ΔABD से, $\frac{h}{BD}=\tan 60°=\sqrt{3}$

∴ $BD=\frac{h}{\sqrt{3}}$ लेकिन $BC-BD=20$

या, $h-\left(\frac{h}{\sqrt{3}}\right)=20$

या, $h=10(3+\sqrt{3})$ मीटर

33. (4)


A
h मी०
B
30°
P
60°
C
h मी०
D
x मी०
32 मी०

माना स्तम्भ AB = स्तम्भ $CD=h$ मीटर,

$BP=x$

∴ $PD=32-x$

अब, समकोण ΔABP से, $\tan 30°=\frac{h}{x}$

या, $\frac{1}{\sqrt{3}}=\frac{h}{x}$ या, $x=\sqrt{3}h$

फिर, समकोण ΔCDP से,

$\tan 60°=\frac{h}{32-x}$

या, $\sqrt{3}=\frac{h}{32-\sqrt{3}h}$ या, $h=8\sqrt{3}$ मीटर

34. (3)


A
26 मी०
C
26 मी०
60°
45°
B
P
D

माना AB और CD दो घर हैं तथा BD गली है ।

$AP=CP=26$ मीटर

ΔABP से,

$\cos 60°=\frac{BP}{26}$ या, $\frac{1}{2}=\frac{BP}{26}$

∴ $BP=13$ मीटर

फिर, ΔCDP से, $\cos 45°=\frac{PD}{26}$

या, $\frac{1}{\sqrt{2}}=\frac{PD}{26}$ या, $PD=13\sqrt{2}$

∴ $BD=(13+13\sqrt{2})$ मी०

$=13(1+\sqrt{2})$ मीटर

35. (1)


C
h मी०
A
20मी०
60°
45°
B
D
x मी०

coursmahboob

माना झंडे के खम्भे AC की लम्बाई $= h$ मी॰

तथा $BD = x$ मी॰

ΔABD में, $\frac{20}{x} = \tan 45° = 1$

या, $x = 20$

फिर, ΔCBD में,

$\frac{20+h}{20} = \tan 60° = \sqrt{3}$

या, $h = 20(\sqrt{3}-1)$ मीटर

36. (2) माना मीनार AB की ऊँचाई $= h$ मीटर तथा $AP = x$ मीटर । झंडा $BC = 10$ मी॰


C
10मी॰
B
h मी॰
A
60°
30°
P
x मी॰

अब, ΔPAB में,

$\tan 30° = \frac{h}{x}$ या, $x = \sqrt{3}h$

फिर, ΔPAC में,

$\tan 60° = \frac{h+10}{x} = \frac{h+10}{\sqrt{3}h}$

या, $h = 5$ मीटर

37. (1)


C
x मी॰
A
h मी॰
15°
45°
B
D
10मी॰

माना मीनार $AB = h$ मी॰

तथा ध्वजदण्ड $AC = x$ मी॰

अब, ΔABD में, $\tan 45° = \frac{h}{10}$

या, $h = 10$ मीटर

फिर, ΔCBD में, $\tan 60° = \frac{h+x}{10}$

या, $\sqrt{3} = \frac{10+x}{10}$

या, $x = 10(\sqrt{3}-1)$ मीटर

38. (3)



$\angle A = 90° - 60° = 30°$

$\because$ $AC = CD$

$\therefore$ $\angle A = \angle CDA = 30°$

$\therefore$ $\angle CDB = 60° - 30° = 30°$

अब, $\angle CDB$ में, $\sin 30° = \frac{CB}{CD}$

या, $\frac{1}{2} = \frac{CB}{9}$ या, $CB = \frac{9}{2}$ मी॰

अतः ध्वजदण्ड की ऊँचाई $= AB = \left(9 + \frac{9}{2}\right)$ मी॰

$= 13.5$ मी॰

39. (2)


A
60°
30°
F
E
30°
C
100मी॰
h मी॰
B
60°
D
x मी॰

माना मीनार CD की ऊँचाई $= h$ मीटर ।

अब, Δ ABD में, $\tan 60° = \frac{100}{x}$

या, $\sqrt{3} = \frac{100}{x}$ $\therefore$ $x = \frac{100}{\sqrt{3}}$

फिर, Δ AEC में,

$$\tan 30° = \frac{AE}{EC} = \frac{AB-EB}{BD} = \frac{AB-CD}{BD}$$

या, $\frac{1}{\sqrt{3}} = \frac{100-h}{x} = \frac{100-h}{\frac{100}{\sqrt{3}}}$

या $h = \frac{200}{3} = 66\frac{2}{3}$ मीटर

40. (4)



माना दीवार AB की ऊँचाई = h मी०।

अब Δ CBF में,

$\tan 45° = \frac{50}{x}$

या, $x = 50$

फिर, ΔDFA में,

$\tan 30° = \frac{DF}{AD}$

या, $\frac{1}{\sqrt{3}} = \frac{CF-CD}{BC} = \frac{50-h}{50}$

या, $h = \frac{50(\sqrt{3}-1)}{\sqrt{3}}$ मीटर

□

Take the advantage of No. 1
&
JOIN TODAY
SAGIR AHMAD'S TEACHING CENTRE
For Success Oriented Preparation in
Math & Reasoning
Bank, SSC, Railway, Insurance, Defence,
Law, CSAT & Other Competitive Exams
3rd Floor, Gulab Place, Arya Kumar Road, Patna–4
Mob. : 09334593034, 09386443422

CHAPTER 43

ज्यामिति

[GEOMETRY]

परिचय (*Introduction*)

महत्वपूर्ण बिन्दु

1. **कोण (Angle) :**
   - ❑ **समकोण (Right angle) :** किसी कोण की माप 90° होने पर उसे समकोण कहते हैं।
   - ❑ **न्यूनकोण (Acute angle) :** जिस कोण की माप 90° से कम होती है, उसे न्यूनकोण कहते हैं।
   - ❑ **अधिक कोण (Obtuse angle) :** किसी कोण की माप 90° से अधिक किन्तु 180° से कम होती है, उसे अधिक कोण कहते हैं।
   - ❑ **पुनर्युक्त कोण (Reflex angle) :** जो कोण दो समकोण से बड़ा किन्तु चार समकोण से छोटा होता है, उसे पुनर्युक्त कोण कहते हैं।
   - ❑ **ऋजुकोण (Straight angle) :** जिस कोण की माप 180° के बराबर है, उसे ऋजुकोण कहते हैं।
   - ❑ **कोटिपूरक कोण (Complementary angle) :** यदि दो कोणों की मापों का जोड़ 90° हो तो वे परस्पर पूरक या कोटिपूरक कोण कहलाते हैं।
   - ❑ **सम्पूरक कोण (Supplementary angle) :** यदि दो कोणों की मापों का जोड़ 180° हो तो वे परस्पर सम्पूरक कोण कहलाते हैं।
2. यदि कोई किरण किसी रेखा पर आधारित हो, तो इस प्रकार बने दो आसन्न कोणों का योग 180° होता है।
3. किसी त्रिभुज के तीनों कोणों का योग 180° होता है।
4. किसी चतुर्भुज के चारों कोणों का योग 360° होता है।
5. n भुजाओं के समबहुभुज का प्रत्येक अन्तः कोण $= \frac{(2n-4)}{n}$ समकोण होता है।
6. n भुजाओं के समबहुभुज का प्रत्येक बहिष्कोण $= \frac{4}{n}$ समकोण होता है।
7. यदि किसी त्रिभुज की एक भुजा बढ़ाई जाए तो इस प्रकार बना बहिष्कोण दो अभिमुख अन्तः कोणों के योग के बराबर होता है।
8. **सर्वांगसमता (Congruence) :**
   - ❑ **S-A-S अभिगृहीत**—दो त्रिभुज सर्वांगसम होते हैं यदि और केवल यदि एक त्रिभुज की दो भुजाएँ तथा उनके अन्तर्गत कोण, दूसरे त्रिभुज की तदनुरूपी दोनों भुजाओं तथा उनके अन्तर्गत कोण के बराबर हों। इसे भुजा-कोण-भुजा (side-angle-side) या S-A-S अभिगृहीत कहते हैं।
   - ❑ **A.S.A अभिगृहीत**—दो त्रिभुज सर्वांगसम होते हैं यदि और केवल यदि एक त्रिभुज के दो कोण तथा उनके बीच की भुजा दूसरे त्रिभुज के तदनुरूपी कोणों तथा उनके बीच की भुजा के बराबर हों। इसे कोण-भुजा-कोण (angle-side-angle) या A-S-A अभिगृहीत कहते हैं।
   - ❑ **S-S-S अभिगृहीत**—दो त्रिभुज सर्वांगसम होते हैं यदि और केवल यदि एक त्रिभुज की तीनों भुजाएँ दूसरे त्रिभुज की तदनुरूपी भुजाओं के बराबर हों। इसे भुजा-भुजा-भुजा (side-side-side) या S-S-S अभिगृहीत कहते हैं।
   - ❑ **R-H-S अभिगृहीत**— दो समकोण त्रिभुज सर्वांगसम होते हैं यदि और केवल यदि एक त्रिभुज का कर्ण और एक भुजा दूसरे त्रिभुज के तदनुरूपी कर्ण और भुजा के बराबर हों। इसे समकोण-कर्ण-भुजा (right angle-hypotenuse-side) या R-H-S अभिगृहीत कहते हैं।
9. किसी त्रिभुज की समान भुजाओं के सम्मुख कोण समान होते हैं।
10. किसी चाप द्वारा केन्द्र पर बनाया गया कापेण उस चाप द्वारा वृत्त के शेष भाग पर स्थित किसी बिन्दु पर बनाए गए कोण का दुगुना होता है।

11. एक ही वृत्तखंड के कोण समान होते हैं।

12. किसी चक्रीय चतुर्भुज के सम्मुख कोणों का योग 180° होता है।

13. एक ही आधार पर तथा एक ही समांतर रेखाओं के मध्य बने समान्तर चतुर्भुजों के क्षेत्रफल बराबर होते हैं।

14. किसी त्रिभुज की माध्यिकाएँ एक ही बिन्दु से होकर जाती हैं और यह बिन्दु प्रत्येक माध्यिका को 2 : 1 के अनुपात में बाँटता है।



Δ ABC में,

BD = DC, CE = EA, AF = FB :

तो माध्यिकाएँ AD, BE और CF एक ही बिन्दु G से गुजरती हैं और

$$\frac{AG}{GD}=\frac{BG}{GE}=\frac{CG}{GF}=\frac{2}{1}$$

G, Δ ABC का गुरुत्वकेन्द्र या मध्यकेन्द्र कहलाता है।

15. एक समकोण त्रिभुज में कर्ण का वर्ग अन्य दो भुजाओं के वर्गों के योग के बराबर होता है।

16. एक ही आधार पर तथा एक ही समान्तर रेखाओं के मध्य बने त्रिभुज क्षेत्रफल में समान होते हैं।

17. यदि एक त्रिभुज का कोण दूसरे त्रिभुज के कोण के बराबर हो और ये भुजाएँ, जिनके अन्तर्गत ये कोण हैं, एक ही अनुपात में हों तो त्रिभुज समरूप होते हैं।

18. त्रिभुज की माध्यिकाओं के कटान-बिन्दु को त्रिभुज का मध्य केन्द्र (centroid) कहते हैं।

19. किसी त्रिभुज की भुजाओं के लम्ब-समद्विभाजक जिस बिन्दु से होकर जाते हैं, उसे परिकेन्द्र (Circumcentre) कहते हैं।

20. त्रिभुज के कोणों में समद्विभाजक जिस बिन्दु पर मिलते हैं, उसे त्रिभुज का अन्तः केन्द्र (incentre) कहते हैं।

21. किसी त्रिभुज में शीर्ष बिन्दुओं से सम्मुख भुजाओं पर डाले गए लम्बों के कटान-बिन्दु को त्रिभुज का लम्ब-केन्द्र (orthocentre) कहते हैं।

22. यदि कोई रेखा किसी वृत्त को स्पर्श करें और यदि स्पर्श-बिन्दु से एक जीवा खींची जाए, तो यह जीवा दी हुई रेखा के साथ जो कोण बनाती है वे क्रमशः तदनुरूपी एकान्तर वृत्तखडों में बने कोणों के बराबर होते हैं।



वृत्त के बिन्दु P पर की स्पर्श-रेखा AB है। P से जीवा PQ खींची गयी है, तो

∠ BPQ = एकान्तर वृत्तखंड का ∠ PLQ तथा

∠ APQ = एकान्तर वृत्तखंड का ∠ PMQ

23. यदि किसी वृत्त की दो जीवाएँ परस्पर वृत्त के अन्दर काटें तो एक जीवा के भागों द्वारा निर्मित आयत, क्षेत्रफल में दूसरी जीवा के भागों द्वारा निर्मित आयत के बराबर होता है।



PA × PB = PC × PD

24. यदि किसी वृत्त की दो जीवाएँ, परस्पर बढ़ाने पर काटें, तो दो भागों, जिसमें एक जीवा बाह्यतः विभाजित होती है, द्वारा निर्मित आयत, क्षेत्रफल में दूसरी जीवा के दो भागों द्वारा निर्मित आयत के बराबर होता है।



PA × PB = PC × PD

24. अर्द्ध वृत्त का कोण समकोण होता है।

महत्त्वपूर्ण प्रश्न (Important Question)

1. निम्नलिखित में कौन उस कोण की माप है जो अपने सम्पूरक का पाँच गुणा है ?
(1) 36° (2) 30°
(3) 150° (4) 180° **[R.R.B., 2001]**

2. उस कोण की माप क्या है जो अपने पूरक कोण का चार गुना है ?
(1) 72° (2) 36°
(3) 108° (4) 90° **[S.S.C., 1998]**

3. उस कोण की माप क्या है जो अपने पूरक कोण की माप से 20° अधिक है ?
(1) 50° (2) 55°
(3) 60° (4) 75° **(L.I.C., 2001]**

4. उस कोण की माप क्या है जिसका सम्पूरक कोण, उसके पूरक कोण का छः गुणा है ?
(1) 57° (2) 60°
(3) 65° (4) 72° **[R.R.B., 1997]**

5. उस कोण की माप क्या है जिसका पूरक कोण और सम्पूरक कोण का योग 120° है ?
(1) 75° (2) 80°
(3) 85° (4) 90° **[R.R.B., 2001]**

6. किसी बहुभुज के अन्त: कोणों का जोड़ 8 समकोण है, तो बहुभुज में भुजाओं की संख्या क्या है ?
(1) 5 (2) 6
(3) 7 (4) 8 **[I.B. 2003]**

7. एक समबहुभुज के एक अन्त: कोण की माप 135° हो, तो उसकी भुजाओं की संख्या क्या है ?
(1) 4 (2) 5
(3) 8 (4) 10 **[S.S.C., 2004]**

8. किसी समबहुभुज का एक बहिष्कोण 72° है, तो उसकी भुजाओं की संख्या क्या है ?
(1) 7 (2) 5
(3) 9 (4) 6 **[R.R.B., 2005]**

9. दिए गए चित्र में 'z' का मान डिग्री में होगा—



(1) 40° (2) 10°
(3) 20° (4) 30°
[RRB अजमेर, 2001]

10. एक समतल में एक Δ ABC है। त्रिभुज के अंदर एक बिन्दु O इस प्रकार है कि रेखाएँ OB और OC क्रमश: ∠B और ∠C को समद्विभाजित करती हैं। यदि ∠BAC = 60° हो तो ∠BOC है—
(1) 120° (2) 145°
(3) 150° (4) 155° **[NDA, 2001]**

11. सरल रेखाएँ AB और CD एक-दूसरे को बिन्दु O पर काटती हैं। यदि ∠AOC, ∠COB तथा ∠BOD का योग 274° हो, तो O पर चारों कोण हैं—
(1) 94°, 86°, 94°, 86°
(2) 93°, 87°, 93°, 87°
(3) 95°, 85°, 95°, 85°
(4) 96°, 84°, 96°, 84° **[NDA, 2001]**

12. दी हुई आकृति में AB और CD रेखाओं को EF तिर्यक रेखा काटती है।



सूची-I व सूची-II का मिलान करके सही उत्तर ज्ञात करो—

सूची-I
(a) ∠1, ∠5 तथा ∠2, ∠6
(b) ∠3, ∠5 तथा ∠4, ∠6
(c) ∠1, ∠2 तथा ∠7, ∠8
(d) ∠3, ∠4 तथा ∠5, ∠6

सूची-II
A. अन्त: कोण
B. बहिष्कोण
C. तिर्यक रेखा के एक ही ओर के अन्त: कोणों का जोड़ा
D. संगत कोणों का जोड़ा
E. एकान्तर अन्त: कोण

कूट :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(1)	C	B	D	A
(2)	D	A	B	E
(3)	D	C	B	A
(4)	E	C	A	B

[NDA, 2001]

13. एक ही धरातल में समान्तर रेखाओं के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करो।

A. यदि दी रेखाएँ L_2 और L_3 तीसरी रेखा L_1 के समान्तर हैं, तो L_2 और L_3 परस्पर समान्तर होगी।

B. यदि दो रेखाएँ L_2 और L_3 तीसरी रेखा L_1 पर लम्ब हैं, तो L_2 और L_3 परस्पर समान्तर होंगी।

C. यदि L_1 और L_2 के बीच का न्यूनकोण L_1 और L_3 के बीच के न्यूनकोण के बराबर है, तो L_2 और L_3 परस्पर समान्तर होंगी।

उपर्युक्त दिए हुए कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(1) A, B, और C (2) A और B

(3) A और C (4) B और C

[NDA, 2001]

14. ABC एक Δ है और AB पर P एक ऐसा बिन्दु है कि ∠ACP = ∠ABC। यदि AC = 9 सेमी., CP = 12 सेमी. तथा BC = 15 सेमी. हो, तो AP की लम्बाई होगी—

(1) 11.2 सेमी. (2) 10.2 सेमी.

(3) 8.0 सेमी. (4) 7.2 सेमी.

[NDA, 2001]

15. यदि आकृति में PR || AB, PQ || BC तथा QR || CA हो, तो AC और QR में संबंध है—



(1) $AC = \frac{1}{2}QR$ (2) $2AC^2 = QR^2$

(3) $AC = BQ . QR$ (4) $AC.QR = 1$

(NDA, 2001]

16. ABCD एक वर्ग है। AB, BC और CD में क्रमश: M, N और R बिन्दु इस प्रकार है कि AM = BN = CR। यदि ∠MNR = 90^0 हो, तो ∠MRN = ?

(1) 30° (2) 45°

(3) 60° (4) 75° **[NDA, 2001]**

17. यदि Δ ABC की भुजा AB पर स्थित एक बिन्दु D से BC के समान्तर एक रेखा खींची है जो AC को E पर काटती है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है ?

(1) AD : DE = AB : BC

(2) $\frac{AD}{DB} = \frac{AE}{EC}$

(3) Δ ABC का क्षेत्रफल : Δ ADE का क्षेत्रफल = 2 AB : AD

(4) $\frac{AD}{AE} = \frac{AD+AB}{AE+AC}$ **[NDA, 2001]**

18. ABC एक त्रिभुज है जिसका क्षेत्रफल 16 वर्ग सेमी. है। BC के समान्तर XY एक रेखा खींची है जो AB को 3 : 5 के अनुपात में काटती है। यदि BY को मिला दिया जाए, तो ΔBXY का क्षेत्रफल होगा—

(1) 3.5 वर्ग सेमी. (2) 3.7 वर्ग सेमी.

(3) 3.75 वर्ग सेमी. (4) 4 वर्ग सेमी.

[NDA, 2001]

19. एक न्यूनकोण Δ ABC में ∠ABC = 60^0 है। यदि O बिन्दु Δ ABC का लम्ब केन्द्र है, तो ∠QAC + ∠OCA का मान है—

(1) 150° (2) 120°

(3) 60° (4) 30° **[NDA, 2001]**

20. ABCD का समान्तर चतुर्भुज है। AB भुजा पर P कोई बिन्दु है। यदि DP और CP को इस प्रकार मिलाया गया कि वे क्रमश: ∠ADC और ∠BCD को समद्विभाजित करें, तो DC किसके बराबर है ?

(1) CB (2) 2 CB

(3) 3 CB (4) 4 CB **[NDA, 2001]**

21. Δ PQR की भुजाओं QR और QS के मध्य बिन्दु क्रमश: S और T हैं। यदि PT का मध्य बिन्दु O हो, तो Δ QOT का क्षेत्रफल है—

(1) Δ PQR के क्षेत्रफल का $\frac{1}{2}$

(2) Δ PQR के क्षेत्रफल का $\frac{1}{4}$

(3) Δ PQR के क्षेत्रफल का $\frac{1}{6}$

(4) Δ PQR के क्षेत्रफल का $\frac{1}{8}$ **[NDA, 2001]**

22. सूची-I व सूची-II की तुलना करके सही उत्तर ज्ञात करो—

सूची-I

(a) चतुर्भुज जिसकी सम्मुख भुजाएँ समान्तर हों।

(b) कोई चक्रीय समान्तर चतुर्भुज ।

(c) कोई समान्तर चतुर्भुज जिसके विकर्ण समकोण पर काटते हैं।

(d) कोई चतुर्भुज जिसके विकर्ण समकोण पर समद्विभाजित होते हैं।

सूची-II

A. वर्ग B. सम चतुर्भुज

C. आयत D. समान्तर चतुर्भुज

कूट :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(1)	D	C	A	B
(2)	D	C	B	A
(3)	C	D	B	A
(4)	C	D	A	B **[NDA, 2001]**

23. यदि दो जीवाएँ AB और AC वृत्त के केन्द्र पर क्रमशः 90° और 150° के कोण बनाएँ, तो ∠BAC किसके बराबर है ?

(1) 120° (2) 60°

(3) 90° (4) 75° **[NDA, 2001]**

24. एक छात्र मोटे कागज की शीट में r_1 और r_2 त्रिज्याओं के दो वृत्त काटता है। वह इन दोनों को ऊर्ध्वाधर स्थिति में एक-दूसरे को P बिन्दु से सटा कर रखता है फिर वह इन दोनों वृत्तों के शीर्षों A व B पर एक साधारण मोटाई की एक छड़ को रखता है। यदि $r_1 \neq r_2$ तो r_1 और r_2 के किन्हीं मानों के लिए ∠APB का मान है —

(1) 30° (2) 60°

(3) 90° (4) 120° **[NDA, 2001]**

25. A, B और C तीन बिन्दु इस प्रकार हैं कि $AB^2 = AC^2 + BC^2$। यदि A और B बिन्दु स्थिर हों, तो बिन्दु C का विन्दु पथ होगा—

(1) एक सरल रेखा (2) AB व्यास का वृत्त

(3) एक दीर्घ वृत्त (4) इनमें से कोई नहीं

[NDA 2001, CET 2008]

26. नीचे दी गई आकृति में O वृत्त का केन्द्र है, BC, AD के समान्तर है, OA = 5, CB = 8, $\frac{AB}{AD} = ?$



(1) $\frac{3}{4}$ (2) $\frac{4}{5}$

(3) $\frac{5}{4}$ (4) $\frac{4}{3}$

[RRB Mumbai, 2001]

27. Δ ABC का बिन्दु H ऑर्थो केन्द्र है और AH, BH, CH का मध्य बिन्दु है X, Y, Z तो H बिन्दु है—

(1) Δ XYZ का ऑर्थोकेन्द्र

(2) Δ XYZ का केन्द्रक

(3) Δ XYZ का अन्तः केन्द्र

(4) Δ XYZ का परिकेन्द्र

(5) इनमें से कोई नहीं

[RRB Bhuvaneshwar, 2001]

28. एक त्रिभुज का एक कोण 82° है। अन्य दो कोण 2 : 5 के अनुपात में हैं। त्रिभुज का सबसे छोटा कोण है—

(1) 14° (2) 25°

(3) 28° (4) 32°

[RRB Guwahati, 2001]

29. एक 5 सेमी॰ की त्रिज्या वाले वृत्त में AB व CD दो समान्तर जीवाओं की लंबाईयाँ क्रमशः 8 सेमी॰ व 6 सेमी॰ हैं, तो जीवाओं के बीच की दूरी होगी, यदि वे केन्द्र के विपरीत हं—

(1) 8 सेमी॰ (2) 7 सेमी॰

(3) 9 सेमी॰ (4) 6 सेमी॰

[RRB Gorakhpur, 2002]

30. यदि एक वृत्त की जीवा उसके त्रिज्या के बराबर है, तो जीवा द्वारा वृत्त के एक बिन्दु पर बनने वाला कोण होगा—

(1) 90° (2) 30°
(3) 45° (4) 60°

[RRB Gorakhpur, 2002]

31. किसी चतुर्भुज के कोणों का योग होगा—

(1) 360° (2) 180°
(3) 100° (4) 90° **[BPSC, 2002]**

32. किसी त्रिभुज ABC में भुजा AC भुजा AB से बड़ी है, तो निम्नलिखित में से क्या सत्य होगा ?

(1) $\angle B > \angle C$ (2) $\angle B < \angle C$
(3) $\angle B = \angle C$ (4) $\angle B \neq \angle C$

[SSC, 2002]

33. निम्नलिखित में से किसमें कर्ण आपस में समद्विभाजित नहीं करते हैं?

(1) समलम्ब (2) समान्तर चतुर्भुज
(3) समचतुर्भुज (4) आयत **[C.E.T., 2003]**

34. निम्नलिखित में से किसमें कर्ण आपस में लम्बवत् होंगे ?

(1) समलम्ब (2) समान्तर चतुर्भुज
(3) समचतुर्भुज (4) आयत

[Clerk Grade, 2003]

35. निम्नलिखित में से किसमें कर्ण सदैव बराबर होंगे ?

(1) समलम्ब (2) समान्तर चतुर्भुज
(3) समचतुर्भुज (4) आयत **(BPSC, 2002]**

36. तीन समान्तर रेखाओं पर एक तिर्यक रेखा खींचा गया जो समान्तर रेखाओं को A, B तथा C पर काटता है और AB = BC । एक दूसरी तिर्यक रेखा इनको D, E तथा F पर काटती है, तो—

(1) DE = EF (2) DE > EF
(3) DE < EF (4) DE $\neq$ EF

[J.B., 2002]

37. किसी समलम्ब ABCD की असमान्तर भुजाएँ AD तथा BC के मध्य-बिन्दु क्रमशः E तथा F हैं, तो—

(1) $EF = \frac{AB+CD}{2}$ (2) $EF = \frac{AB-CD}{2}$

(3) $EF = \frac{AB+CD}{3}$ (4) $EF = \frac{AB+CD}{4}$

[MAT, 2002]

38. A से माध्यिका AD है, E, AD का मध्य बिन्दु है तथा BE भुजा AC को F पर काटती है, तो—



(1) $AF > \frac{AC}{3}$

(2) $AF = \frac{AC}{3}$

(3) $AF < \frac{AC}{3}$

(4) $AF \neq \frac{AC}{3}$

[MAT, 1999]

39. निम्नलिखित में से कौन चार भुजाओं वाला नहीं है ?

(1) समलम्ब (2) समचतुर्भुज
(3) चतुर्भुज (4) पंचभुज

[RRB, 2002]

40. किसी वृत्त के सेक्टर का क्षेत्रफल A माना तथा चाप की लम्बाई l मानी, तो वृत्त की त्रिज्या होगी—

(1) $\frac{A}{l}$ (2) $\frac{A}{2l}$

(3) $\frac{2A}{l}$ (4) $\frac{3A}{2l}$ **[RRB, 2002]**

41. किसी वृत्त के केन्द्र O से जीवा AB पर लम्ब डाला गया जो कि M पर मिलता है, तो AM : BM होगा—

(1) 1 : 2 (2) 1 : 1
(3) 2 : 1 (4) 2 : 3 **[SSC, 2002]**

42. दिए हुए चित्र में OC = 4 सेमी॰ तथा वृत्त की त्रिज्या 5 सेमी॰ है, तो AB होगी—



(1) 3 सेमी॰ (2) 4 सेमी॰
(3) 5 सेमी॰ (4) 6 सेमी॰

[MBA, 2002]

43. यदि दिए हुए वृत्त OC = 5 सेमी. तथा AB = 24 सेमी॰ हो, तो व्यास होगा—



(1) 10 सेमी॰ (2) 13 सेमी॰
(3) 18 सेमी॰ (4) 26 सेमी॰
[BPSC, 2002]

44. किसी त्रिभुज ABC में BC की समान्तर रेखा AB तथा AC को क्रमशः $3 : x + 1$ और $x : 4$ के अनुपात में काटती है, तो x का मान होगा—

(1) – 1 (2) 1
(3) 2 (4) 3 **[RRB, 2002]**

45. त्रिभुजों ABC तथा PQR में $\frac{AB}{PQ} = \frac{BC}{QR} = \frac{AC}{PR}$ तथा ∠B = 30° हो, तो ∠Q होगा—

(1) 60° (2) 30°
(3) 90° (5) इनमें से कोई नहीं
[LIC, 2002]

46. यदि त्रिभुजों ABC तथा PQR में $\frac{AB}{PQ} = \frac{BC}{QR} = \frac{1}{2}$ तथा ∠B = ∠Q = 60° हो, तो $\frac{PR}{AC}$ होगा—

(1) $\frac{\sqrt{3}}{2}$ (2) $\frac{1}{2}$
(3) 2 (4) 1 **[MBA, 2002]**

47. किसी त्रिभुज ABC में BC के समान्तर रेखा AB को 1 : 3 के अनुपात में विभाजित करती है, तो वह AC को किस अनुपात में विभाजित करेगी ?

(1) 1 : 1 (2) 1 : 2
(3) 2 : 3 (4) इनमें से कोई नहीं
[I.B., 2004]

48. यदि वृत्त में जीवा AB पर 120° का कोण बनाती है, तो ∠OAB होगा—

(1) 30° (2) 60°
(3) 90° (4) 120°
[Delhi Police, 2002]

49. किसी वृत्त के AB तथा BC दो जीवाएँ हैं और दोनों केन्द्र O से 3 सेमी॰ की दूरी पर हैं । यदि AB = 8 सेमी॰ हो, तो BC होगा—

(1) 8 सेमी॰ (2) 6 सेमी॰
(3) 5 सेमी॰ (4) 4 सेमी॰ **[RRB, 2005]**

50. किसी वृत्त के दो जीवा AB तथा CD एक दूसरे को E पर काटती है और AE = 5, EB = 6, CE = 15 है, तो ED होगा—

(1) 2 (2) 4
(3) 7 (4) 11 **[CBI, 2001]**

51. चित्र में ∠D होगा—



(1) 105° (2) 120°
(3) 75° (4) 60° **[MAT, 1999]**

52. दिया है कि वृत्त का केन्द्र O पर है, BD, B पर एक स्पर्श रेखा है । ∠CBD = 40° तो ∠x होगा—



(1) 40° (2) 50°
(3) 55° (4) 60° **[CPO, 1993]**

53. दिए हुए चित्र में वृत्त का केन्द्र O पर है तथा ∠ADB = 40° है, तो ∠ACB क्या होगा ?



(1) 30° (2) 35°
(3) 40° (4) 60° **[SSC, 2003]**

54. किसी वृत्त में जिसका केन्द्र O पर है, एक समबाहु त्रिभुज ABC है, तो ∠BOC होगा—



(1) 30° (2) 60°
(3) 90° (4) 120°
[Clerk Grade, 2001]

55. 6 सेमी॰ त्रिज्या वाले वृत्त पर केन्द्र से 8 सेमी॰ दूरी वाले बिन्दु में स्पर्श रेखा खींची गई, तो स्पर्श रेखा की लम्बाई होगी—
(1) $\sqrt{28}$ (2) 7 सेमी॰
(3) 10 सेमी॰ (4) 15 सेमी॰ **[I.B. 2005]**

56. किसी त्रिभुज में एक कोण सबसे छोटा कोण का दोगुना तथा दूसरा कोण सबसे छोटा कोण का तीन गुना है, तो सबसे छोटा कोण होगा—
(1) 20° (2) 30°
(3) 35° (4) 45° **[BPSC, 2002]**

57. यदि किसी त्रिभुज के कोणों का अनुपात $2x : 3x : 4x$ है, तो x होगा—
(1) 15° (2) 20°
(3) 35° (4) 45° **[RRB, 2006]**

58. किसी त्रिभुज के लिए निम्नलिखित में से क्या सत्य होगा ?
(1) इसमें दो समकोण हो सकते हैं।
(2) इसमें दो अधिक कोण हो सकते हैं।
(3) इसमें दो न्यूनकोण हो सकते हैं।
(4) सभी कोण 60° से अधिक हो सकते हैं।
[CET, 2003]

59. दिए हुए त्रिभुज PS, ∠QPR का समद्विभाजक है तथा QR पर PT लम्ब है, तो ∠TPS होगा—



(1) ∠Q – ∠R (2) ∠Q + ∠R
(3) $\frac{\angle Q - \angle R}{2}$ (4) $\frac{\angle Q + \angle R}{2}$
[I.B. 1993]

60. दो समरूप त्रिभुजों के क्षेत्रफल 81 वर्ग मीटर तथा 49 वर्गमीटर है, तो उनकी संगत भुजाओं का अनुपात होगा—
(1) 81 : 49 (2) 9 : 7
(3) 6 : 7 (4) 11 : 13
[Clerk Grade, 2004]

61. एक समकोण त्रिभुज में, यदि कर्ण का वर्ग बाकी दोनों भुजाओं के गुणनफल का दोगुना है, तो त्रिभुज का एक कोण होगा—
(1) 15° (2) 30°
(3) 45° (4) 60° **[BPSC, 1998]**

62. एक वृत्त की त्रिज्या 6 सेमी॰ तथा उसके जीवा की लम्बाई 6 सेमी॰ है, तो जीवा की केन्द्र से दूरी होगी—
(1) $\sqrt{27}$ सेमी॰ (2) $\sqrt{29}$ सेमी॰
(3) 5.5. सेमी॰ (4) 3.7 सेमी॰
[Delhi Police, 2004]

63. किसी 5 सेमी॰ त्रिज्या वाले वृत्त में दिया है कि दो जीवा PQ = PR = 6 सेमी॰ है, तो जीवा QR की लम्बाई होगी—
(1) 10 सेमी॰ (2) 9.6 सेमी॰
(3) 8.0 सेमी॰ (4) 7.2 सेमी॰
[MAT, 1996]

64. एक 6 सेमी॰ त्रिज्या वाले वृत्त में केन्द्र से 8 सेमी. वाली जीवा पर डाले गए लम्ब की दूरी होगी—
(1) $\sqrt{5}$ सेमी॰ (2) $2\sqrt{5}$ सेमी॰
(3) $2\sqrt{7}$ सेमी॰ (4) $\sqrt{7}$ सेमी॰
[BPSC, 2002]

65. किसी वृत्त में जीवा की लम्बाई 16 सेमी॰ है और इस पर केन्द्र से डाले गए लम्ब की लम्बाई 15 सेमी॰ है, तो वृत्त की त्रिज्या होगी—
(1) 15 सेमी॰ (2) 16 सेमी॰
(3) 17 सेमी॰ (4) 19 सेमी॰
[RRB. 2004]

kursmahboob

66. r त्रिज्या वाले दो एक समान वृत्त इस प्रकार प्रतिच्छेद करते हैं, जिससे कि दोनों एक-दूसरे के केन्द्र से होकर गुजरते हैं। सार्व जीवा की लम्बाई—

(1) $r\sqrt{3}$ (2) $\frac{1}{2}r\sqrt{3}$

(3) $\sqrt{r}$ (4) $r\sqrt{2}$

[BPSC, 2003], (RRB Allahabad, 2002]

67. चित्र में $\angle CAB = 90°$ तथा $AD \perp BC$। यदि $AC = 75$ सेमी॰, $AB = 100$ सेमी॰ तथा $BC = 125$ सेमी॰ है, तो CD की लम्बाई ज्ञात कीजिए—



(1) 45 सेमी॰ (2) 35 सेमी॰

(3) 51 सेमी॰ (4) 41 सेमी॰

(RRB Ranchi, 2003]

68. इस चित्र में AC ॥ BD, $\angle CAF = 25°$, $\angle DBG = 75°$ व $BF = BA$ है। $\angle BFE$ किसके बराबर है?



25° (2) 155°

0° (4) 165°

से कोई नहीं

[RRB Bhuvaneshwar, 2003]

त्रिभुज ABC में यदि $AD \perp BC$ हो,

AD^2

D^2

D^2

2

ें **[RRB Kolkata, 2003]**

70. नीचे दिए गए चित्र में $\angle QSR$ ज्ञात कीजिए—



(1) 50° (2) 65°

(3) 70° (4) 75°

[RRB Gorakhpur, 2003]

71. नीचे दिए गए त्रिभुज ABC में $AB = BC$, $\angle B = x$ और $\angle A = 2x - 20°$ है, तो $\angle B$ का मान क्या होगा ?



(1) 30° (2) 40°

(3) 44° (4) 64°

[RRB Mumbai, 2003]

72. एक समकोणीय समद्विबाहु त्रिभुज के एक वृत्त में अन्तर्वृत्त है, के क्षेत्रफल से उस वृत्त का क्षेत्रफल जिसमें वह अन्तर्वृत्त है, का अनुपात होगा—

(1) π (2) $\frac{\pi}{2}$

(3) $\frac{\pi}{4}$ (4) $\frac{3\pi}{4}$

[Metro Railway, 2003]

73. वृत्त पर एक स्पर्श रेखा 'AB' है। वृत्त की त्रिज्या 2 सेमी॰ है, तो छायांकित भाग का क्षेत्रफल होगा—



(1) $2 - \frac{\pi}{2}$ (2) $\frac{\pi}{2} - 2$

(3) $4-\frac{\pi}{2}$ (4) $\frac{\pi}{2}-4$

[Delhi Metro, 2003]

74. Δ ABC, क्रमानुसार Δ DEF का समरूप है। यदि ∠A = 60° तथा ∠B = 45° हो, तो ∠F = ?

(1) 60° (2) 45°

(3) 75° (4) इनमें से कोई नहीं

[RRB Chandigarh, 2004]

